Marking Scheme links are on each paper

# Pre-Board Sample Papers

# CBSE EXAM 2024 30 Sets

## Class : 10th

## Sub : Hindi B

### Disclaimer :

1. These papers are based on the SQP released by CBSE and published by a private organization just for the practice of the students.
2. CBSE has not released these papers and CBSE is not related to these papers in any manner.
3. Publisher of these papers clearly state that these papers are only for practice of students and questions may not be come in main exam.
4. Please do not spread any rumors that any one paper will be coming in main exam.

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 1

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

विद्या + अर्थी अर्थात् विद्या के हेतु जिसका जन्म हो वो है विद्यार्थी। लेकिन नित्य बढ़ती अनुशासनहीनता के कारण आजकल के विद्यार्थियों में उसका अर्थ बदल दिया है। वो इस प्रकार है जो विद्या की अर्थी निकाल दे वही विद्यार्थी है। विद्यार्थियों में बढ़ती अनुशासनहीनता के कारणों में संभवतः सर्वाधिक मुख्य कारण यह भी है कि प्रायः विद्यार्थी अनुशासन के लाभो से अपरिचित होते हैं। उन्हे ज्ञान नही होता कि अनुशासन से जीवन सुखी एवं शांत बन जाता है। अनुशासनहीनता का दूसरा कारण यह है कि आज कि शिक्षा–प्रणाली में आचरण को केवल व्यक्तिगत विषय समझ लिया गया है। विद्यार्थी को आचरण सम्बंधी शिक्षा नही दी जाती है तथा पुस्तकीय ज्ञान को ही सब कुछ मान लिया जाता है। फलतः विद्यार्थी की चंचल मानसिक प्रवृति निरंतर उद्दंडता की ओर उन्मुख होती चली जा रही है; अतः यह आवश्यक है कि हम अपनी शिक्षा–पद्धति में सुधार करें तथा आचारशास्त्र को ही आरंभिक कक्षाओं में अनिवार्य तथा उच्च कक्षाओं में वैकल्पिक विषय के रूप में स्थान दें। इसके साथ ही हमें विद्यार्थियों को यह बताना चाहिए कि अनुशासन किस प्रकार से उनके भावी जीवन के विकास में सहायक बन सकता हैं। हमें विद्यार्थियों को इस बात की शिक्षा देनी चाहिए कि अनुशासन के माध्यम से मन पर नियंत्रण करने की कला भी आती हैं। मन को अपने वश में रखने की कला भी आती है। मन को अपने वश में रखने की कला सीख लेने से यह लाभ होता है कि जीवन में प्रगति के पथ पर बढ़ते समय कोई रुकावट नहीं आतीं, लेकिन जो व्यक्ति अपने मन पर शासन करने की कला में प्रवीण नही हो पाते, उनहे सदैव परमुखापेक्षी रहना पड़ता है।

(1) विद्यार्थियों में बढ़ती अनुशासनहीनता का मुख्य कारण है–

(क) खेल में अत्यधिक रुचि होना (ख) अनुशासन के लाभो से परिचित न होना

(ग) मन का अत्यधिक चंचल होना (घ) परिपक्वता का अभाव

(2) विद्यार्थियों को अनुशासन के लाभों से परिचित कराना आवश्यक है, क्योंकि–

(क) इससे उनका जीवन सुखी एवं शांत बनता है (ख) वे पढ़ाई में रुचि लेने लगते है

(ग) इससे उन्हे अनुशासन का महत्व ज्ञात होता है (घ) वे आदर्श विद्यार्थी बन जाते है

(3) अनुशासनहीनता का दूसरा कारण है–

(क) अच्छी पुस्तकों का अभाव (ख) अच्छे शिक्षको की कमी

(ग) शिक्षा–प्रणाली में आचरण की शिक्षा का अभाव (घ) शिक्षण साधनों का अभाव

(4) मन को वश में रखने की कला सीखने का क्या कारण है?

(क) जीवन मे प्रगति–पथ निर्बाध हो जाता है (ख) कार्य–कुशलता का विकास होता है

(ग) शिक्षा–प्रणाली में आचरण की शिक्षा का अभाव (घ) शिक्षण साधनो का अभाव

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन (A)** : विद्यार्थियों में अनुशासनहीनता का प्रमुख कारण आज की शिक्षा–प्रणाली में आचरण को केवल व्यक्तिगत विषय समझ लिया जाता है।

**कारण (R)** : विद्यार्थियों को आचरण–संबंधी शिक्षा नही दी जाती तथा पुस्तकीय ज्ञान को ही सब कुछ मान लिया जाता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

कोई भी बाधा प्रतिभा को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती हैं। इसके आगे सारी समस्याएँ बौनी हैं, लेकिन समस्या एक प्रतिभा को खुद दूसरी प्रतिभा से होती है। बहुमुखी प्रतिभा का होना, अपने भीतर एक प्रतिभा के बजाय दूसरी प्रतिभा को खड़ा करना हैं। इससे हमारा नुकसान होता है। कितना और कैसे?

एक मनोवैज्ञानिक कहती हैं कि बहुमुखी होना आसान है, बजाय एक खास विषय के विशेषज्ञ होने की तुलना में। बहुमुखी लोग स्पर्धा से घबराते हैं। कई विषयों पर उनकी पकड़ इसलिए होती है कि वे एक स्पर्धा होने पर दूसरे की ओर भागते हैं। वे आलोचना से भी ड़रते हैं और अपने काम में तारीफ सुनना चाहते हैं। बहुमुखी लोगों में सबसे महान माने जाने वाले माइकल एंजेलो से लेकर अपने यहाँ रवींद्रनाथ टैगोर जैसे कई लोग। लेकिन आज ऐसे लोगो की पूछ–परख कम होती है। ऐसे लोग प्रतिभाशाली आज भी माने जाते हैं, लेकिन असफल होने की आशंका उनके लिए अधिक होती है। आज वे लोग 'विंची सिंड्रोम' से पीड़ित माने जाते हैं, जिनकी पकड़ दो–तीन या इससे ज्यादा क्षेत्रों में हो, लेकिन हर क्षेत्र मे उनसे बेहतर उम्मीदवार मौजूद हों।

बहुमुखी प्रतिभा वाले लोगो के भीतर कई कामों को साकार करने की इच्छा बहुत तीव्र होती है। उनकी उत्सुकता उन्हें एक–से–दूसरे क्षेत्र में हाथ आज़माने को बाध्य करती है। समस्या तब होती है, जब यह हाथ आज़माना दखल करने जैसा हो जाता है। वे न इधर के रह जाते हैं और न उधर के। प्रबंधन की दुनिया में– 'एक के साधे सब सधे, सब साधे सब जाए' का मंत्र ही शुरू से प्रभावी हैं। यहाँ उस पर ज्यादा फोकस नहीं किया जाता, जो सारे अंडे एक टोकरी में न रखने की बात करता है। हम दूसरे क्षेत्रों में हाथ आज़मा सकते हैं, पर एक क्षेत्र के महारथी होने मे ब्रेकर की भूमिका न अदा करें।

(1) गद्यांश के अनुसार, सारी समस्याएँ बौनी हैं–

(क) धन के आगे (ख) बल के आगे

(ग) प्रतिभा के आगे (घ) साधन के आगे

(2) बहुमुखी प्रतिभा क्या है?

(क) बहुत से मुख वाली प्रतिभा (ख) बोलने वाली प्रतिभा

(ग) अनेक मुखों से प्रतिभा का बखान करना (घ) अपने भीतर अनेक प्रतिभाएँ खड़ी करना

(3) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

(i) प्रतिभा के आगे सारी समस्याएँ बौनी होती हैं

(ii) बहुमुखी लोग स्पर्धा से घबराते हैं

(iii) बहुमुखी प्रतिभा के धनी लोग अपने कामों की आलोचना सुनना पसंद करते हैं

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/कौन–से कथन सही है/हैं–

(क) केवल (i) (ख) केवल (ii)

(ग) केवल (iii) (घ) (i) और (ii)

(4) बहुमुखी प्रतिभा वालों में किसे महान माना गया है?

(क) रवींद्रनाथ टैगोर को (ख) न्यूटन को

(ग) माइकल एंजेलो को (घ) गांधी जी को

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन (A)** : प्रबंधन के क्षेत्र में बहुमुखी प्रतिभा वाले लोगों की आवश्यकता होती है।

**कारण (R)** : एक प्रतिभा को दूसरी प्रतिभा से हमेशा समस्या होती है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत हैं लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (1 × 4 = 4)**

(1) 'विचारमग्न तताँरा समुद्री बालू पर बैठकर सूरज की अंतिम रंग–बिरंगी किरणों को समुद्र पर निहारने लगा।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है–

(क) अंतिम रंग–बिरंगी (ख) विचारमग्न ततँारा

(ग) निहारने लगा (घ) बालू पर बैठकर

(2) 'वे बहुत जल्दी घबरा जाते हैं।' वाक्य में रेखांकित पदबंध है–

(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(3) 'ऐसी एक घटना का जिक्र सिंधी भाषा के महाकवि शेख अयाज ने अपनी आत्मकथा में किया है।' रेखांकित पदबंध का भेद है–

(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(4) क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटिए–

(क) भाई साहब फेल हो गए, मैं पास हो गया। (ख) उसके चरित्र से तुमने कौनसा उपदेश लिया?

(ग) कोई अजनबी युवक उसे निःशब्द ताके जा रहा है। (घ) वे फिर से चलने–फिरने के काबिल नहीं हो सकें।

(5) भाई साहब स्वभाव से बड़े अध्ययनशील थे। रेखांकित पदबंध का भेद है–

(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

**4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (1 × 4 = 4)**

(1) 'मै सफल हुआ और कक्षा में प्रथम स्थान पर आया।' वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण होगा–

(क) मै सफल होकर कक्षा मे प्रथम स्थान पर आया (ख) मैं सफल हुआ, इसलिए कक्षा मे प्रथम आया

(ग) यदि मैं सफल होता तो कक्षा मे प्रथम स्थान पर आता (घ) क्योंकि मैं सफल हुआ, इसलिए प्रथम स्थान पर आया

(2) 'लोग टोलियाँ बनाकर मैदान में घूमने लगे।' वाक्य का भेद है–

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य (घ) प्रधान वाक्य

(3) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | ततँारा की आँखों में व्याकुलता थी और वे वामीरो को ढूँढ़ने में व्यस्त थीं। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | ततँारा की व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढ़ने में व्यस्त थीं। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | ततँारा की आँखें व्याकुल थी क्योंकि वे वामीरो को ढूँढ़ने में व्यस्त थीं। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

**विकल्प**

(क) 1-iii, 2-i, 3-ii (ख) 1-ii, 2-iii, 3-i

(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii (घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(4) निम्नलिखित वाक्यों मे संयुक्त वाक्य है–

(क) गाड़ी रूकने की जगह खडे रहो (ख) हम स्टेशन पहुँचे और गाड़ी चल दी

(ग) जो लोग परिश्रम करते हैं, वे निराशा से बचे रहते हैं (घ) वह कपड़े खरीदने बाजार गई है

(5) 'मोनुमेंट के नीचे झंडा फहराया जाएगा और स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ी जाएगी।' वाक्य का भेद है–

(क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य (घ) इनमे से कोई नही

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** (1 × 4 = 4)

(1) 'हवन–सामग्री' मे समास है–

(क) कर्मधारय समास (ख) अव्ययीभाव समास

(ग) तत्पुरूष समास (घ) द्वंद्व समास

(2) 'भयभीत' का समास–विग्रह है–

(क) भय से भीत (ख) भय के लिए गीत

(ग) भय का भीत (घ) भय और भीत

(3) निम्नलिखित युग्मो पर विचार कीजिए–

| | **समस्त पद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | राजा–रानी | (i) | द्विगु समास |
| (ii) | गजानन | (ii) | बहुव्रीहि समास |
| (iii) | स्त्रीरत्न | (iii) | कर्मधारय समास |
| (iv) | मुख्यमंत्री | (iv) | अव्ययीभाव समास |

उपर्युक्त युग्मों मे से कौन–से सही सुमेलित हैं–

(क) (i) और (iv) (ख) (ii) और (iv)

(ग) (i) और (iii) (घ) (ii) और (iii)

(4) 'अकालपीड़ित' शब्द के लिए सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए–

(क) अकाल का पीड़ित – द्विगु समास (ख) अकाल से पीड़ित – तत्पुरूष समास

(ग) अकाल के लिए पीड़ित – कर्मधारय समास (घ) अकाल की पीड़ित – बहुव्रीहि समास

(5) 'जेबकतरा' का समास–विग्रह एवं भेद होगा–

(क) जेब को काटने वाला – तत्पुरूष समास (ख) जेब की काट – द्विगु समास

(ग) जेब और काट – द्वंद्व समास (घ) जेब मे काट – कर्मधारय समास

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** (1 × 4 = 4)

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए–

(क) बाट जोहना – राह देखना (ख) गाँठ बाँध लेना – खतरा उठाना

(ग) हँसी खेल – हँसते रहना (घ) सुध–बुध खोना – मदद करना

(2) 'लाछन लगाना' अर्थ के लिए उचित मुहावरा है–

(क) काम तमाम करना (ख) चार चाँद लगाना

(ग) कीचड़ उछालना (घ) आड़े हाथो लेना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(3) गणित का गृहकार्य करना मुझे .................. जैसा प्रतीत होता है। रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उपयुक्त मुहावरा चुनिए
(क) फूलो की सेज
(ख) लोहे के चने चबाना
(ग) गड़े मुर्दे उखाड़ना
(घ) अंधे की लकड़ी

(4) मालिक ने नौकर को चोरी करते .................. लिया। रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उचित विकल्प चुनिए
(क) रंगे हाथो पकड़
(ख) नौ दो ग्यारह कर
(ग) लकीर का फकीर कर
(घ) ईद का चाँद कर

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?
संतों की बातों को <u>हमेशा याद रखना</u> चाहिए।
(क) कलेजे से लगाना
(ख) उंगली पर नचाना
(ग) गाँठ बाँध लेना
(घ) अंक में समेटना

(6) 'अंधे के हाथ बटेर लगना' का अर्थ है–
(क) अच्छा समय
(ख) अच्छी वस्तु प्राप्त होना
(ग) भाग्यवश अच्छी वस्तु प्राप्त होना
(घ) अंधे व्यक्ति को बटेर प्राप्त होना

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

स्याम म्हाने चाखर राखो जी,
गिरधारी लाला म्हाँने चाकर राखोजी।
चाकर रहस्यूँ बाग लगास्यूँ नित उठ दरसण पास्यूँ
बिन्दरावन री कुंज गली मे, गोंविन्द लीला गास्यूँ
चाकरी में दरसण पास्यूँ, सुमरण पास्यूँ खरची
भाव भगती जागीरी पास्यूँ, तीनूं बाताँ सरसी।
मोर मुकुट पीताम्बर सौहे, गल वैजन्ती माला।
बिन्दरावन में धेनू चरावे, मोहन मुरली वाला।
ऊँचा–ऊँचा महल बणावं बिच बिच राखूँ बारी।
साँवरिया रा दरसण पास्यूँ, पहर कुसुम्बी साडी।
आधी रात प्रभू दरसण, दीज्यो जमनाजी रो तीरा।
मीराँ रा प्रभू गिरधर नागर, हिवडो घणों अधीरा

(1) मीरा कृष्ण से क्या प्रार्थना कर रही है?
(क) उनकी पीड़ा दूर करने की
(ख) सेविका के रूप मे स्वीकार करने की
(ग) प्रेमिका के रूप मे स्वीकार करने की
(घ) उन्हें अपने से दूर रखने की

(2) कृष्ण की सेविका बनकर मीरा क्या करना चाहती है?
(क) बाग सजाना, दर्शन करना, गीत गाना
(ख) प्रशंसा के गीत गाना और गोकूल मे रहना
(ग) रोज उठकर उनके दर्शन करना और रोना
(घ) उनकी याद मे रोना, दर्शन करना गीत गाना

(3) मीरा वृंदावन की गलियों में
(क) कृष्ण से मिलना चाहती है
(ख) कृष्ण का गुणगान करना चाहती है
(ग) कृष्ण को उलाहना देना चाहती है
(घ) कृष्ण की प्रतीक्षा करना चाहती हैं

(4) कृष्ण की भाव भक्ति में डूबना किसके समान है?
(क) सुख और वैभव के समान
(ख) मान–सम्मान के समान
(ग) धन–दौलत के समान
(घ) धन और सम्मान के समान

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) निम्नलिखित वाक्यो को ध्यानपूर्वक पढ़िए
(i) मीरा श्याम को नौकर बनाना चाहती है।
(ii) मीरा श्रीकृष्ण की सेविका बनकर रहना चाहती है।
(iii) मीरा प्रतिदिन प्रातः उठकर श्रीकृष्ण के दर्शन करना चाहती है।
(iv) श्रीकृष्ण के गले में वैजयंती माला सुशोभित है
(v) श्रीकृष्ण वृंदावन में खेती का कार्य करते हैं
(क) (i), (ii) और (v)
(ख) (i), (iii), और (iv)
(ग) (iii), (iv), और (v)
(घ) (ii), (iii), और (iv)

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) कबीर की साखियों का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(क) जीवन जीने के सही ढंग का ज्ञान देना
(ख) क्षत्रिय ज्ञान
(ग) शास्त्रीय ज्ञान
(घ) सही ढंग का ज्ञान

(2) विरासत में मिली वस्तुओं की सँभाल क्यों की जाती है–
(क) पूर्वजों की याद दिलाती है
(ख) पूर्वजो का आर्शीवाद होती हैं
(ग) पूर्वजो के जीवन के बारे मे बताती है
(घ) उपर्युक्त सभी

**9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

ऐसा नही हैं कि शैलेंन्द्र बीस सालों तक फिल्म इंडस्ट्री में रहते हुए भी वहाँ के तौर–तरीकों से नावाकिफ थे, परंतु उनमें उलझकर वे अपनी आदमियत नहीं खो सके। श्री 420 का एक लोकप्रिय गीत है– प्यार हुआ, इकरार हुआ है, प्यार से फिर क्यूँ डरता है दिल। इसके अंतरे की एक पंक्ति– रातें दसों दिशाओं से कहेंगी अपनी कहानियाँ पर संगीतकार जयकिशन ने आपत्ति की। उनका खयाल था कि दर्शक चार दिशाएँ तो समझ सकते हैं– दस दिखाएँ नहीं। लेकिन शैलेंद्र परिवर्तन के लिए तैयार नहीं हुए। उनका दृढ़ मंतव्य था कि दर्शकों की रूचि की आड़ में हमें उथलेपन को उन पर नहीं थोपना चाहिए। कलाकार का यह कर्त्तव्य भी है कि वह उपभोक्ता की रूचियों का परिष्कार करने का प्रयत्न करें। और उनका यकीन गलत नहीं था। यही नहीं, वे बहुत अच्छे गीत भी जो उन्होने लिखे बेहद लोकप्रिय हुए। शैलेंद्र ने झूठे अभिजात्य को कभी नहीं अपनाया। उनके गीत भाव–प्रवण थे– दुरूह नहीं। मेरा जूता है जापानी, ये पतलून इंगलिस्तानी, सर पे लाल टोपी रूसी, फिर भी दिल है 'हिंदुस्तानी' – यह गीत शैलेंद्र ही लिख सकते थे। शांत नदी का प्रवाह और समुद्र की गहराई लिए हुए। यही विशेषता उनकी जिंदगी की थी और यही उन्होंने अपनी फिल्म के द्वारा भी साबित किया था।

(1) श्री 420 का एक लोकप्रिय गीत है– प्यार हुआ, इकरार हुआ है, प्यार से फिर क्यूँ डरता है दिल। इसके अंतरे की एक पंक्ति– रातें दसों दिशाओं से कहेंगी अपनी कहानियाँ पर संगीतकार जयकिशन द्वारा आपत्ति करने के कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) उनका खयाल था कि दर्शक चार दिशाएँ तो समझ सकते हैं– दस दिखाएँ नहीं।
(ii) उनका दृढ़ मंतव्य था कि दर्शकों की रूचि की आड़ में हमें उथलेपन को उन पर नहीं थोपना चाहिए।
(iii) उनके अनुसार कलाकार का यह कर्त्तव्य भी है कि वह उपभोक्ता की रूचियों का परिष्कार करने का प्रयत्न करें।
(iv) उनका दृढ़ मंतव्य था कि दर्शकों की रूचि की आड़ में हमें उथलेपन को उन पर थोपना चाहिए।
(क) केवल (i)
(ख) (i) और (ii)
(ग) केवल (iii)
(घ) केवल (iv)

(2) फिल्म इंडस्ट्री के तौर–तरीकों में उलझकर शैलेंद्र क्या नहीं खोना चाहते थे?
(क) अपनी इज्जत
(ख) अपनी आदमियत
(ग) अपनी पहचान
(घ) अपनी दौलत

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन (A)** : संगीतकार जयकिशन को गीत की एक पंक्ति पर आपत्ति थी।
**कारण (R)** : जयकिशन के अनुसार वह पंक्ति गीत से मेल नहीं खाती थी।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(4) कलाकार का कर्तव्य है कि
(क) वह उपभोक्ता की रूचियों का परिष्कार करें
(ख) वह उपभोक्ता की रूचियों की चिंता न करें
(ग) वह अधिक–से–अधिक धन कमाए
(घ) वह उपभोक्ता की रूचियों को बढ़ाए

(5) गद्यांश से मेल खाते वाक्यों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(क) एक कलाकार को उसकी मेहनत के लिए पैसे नहीं मिलते बल्कि उसकी दूरदृष्टि के लिए मिलते हैं।
(ख) ऐसे कलाकार जो हर चीज में पूर्णता चाहते हैं वो इसे किसी भी चीज में नहीं पा पाते।
(ग) कला या तो साहित्यिक चोरी है या फिर क्रांति।
(घ) सभी कलाकार पहले नौसिखिया थे।

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) 'पतझर में टूटी की पत्तियाँ' पाठ के दोनो प्रसंग प्रेरणा देते हैं–
(i) शिष्ट और सभ्य बनने की
(ii) आदर्शवादी बनने की
(iii) जागरूक और सक्रिय नागरिक बनने की
(iv) व्यवहारवादी बनने की
कूट–
(क) केवल (i)
(ख) (i) और (ii)
(ग) केवल (iii)
(घ) केवल (iv)

(2) कर्नल कालिंज का खेमा जंगल में क्यों लगा हुआ था?
(क) वजीर अली को पकड़ने के लिए
(ख) शेर को पकड़ने के लिए
(ग) आजादी की जंग के लिए
(घ) उपर्युक्त में से कोई नही

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) बड़े भाई साहब को स्वभाव से अध्ययनशील बताने के पीछे लेखक का क्या तात्पर्य है?
(2) 'शायव पुलिस अपना रंग न दिखलावे पर वह कब रुकने वाली थी'–इस पक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।
(3) गाँव वालों की तताँरा–वामीरो के प्रति क्या प्रतिक्रिया थी?

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने सबको एक होकर चलने की प्रेरणा क्यों दी है? इसके क्या लाभ हैं? स्पष्ट कीजिए।
(2) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में वर्णित प्रकृति में दृश्यों का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए।
(3) ''कर चले हम फिदा''– कविता में कवि ने किस काफिले को आगे बढ़ाते रहने के लिए कहा है? क्यों?

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) हरिहर काका के जीवन के अनुभवों से हमें क्या सीख मिलती है? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर लिखिए।
(2) गरीब घरों के लड़कों का स्कूल जाना क्यों कठिन था? 'सपनों के–से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए।
(3) टोपी पढ़ने में बहुत तेज़ था, फिर भी वह दो बार फ़ेल हो गया। उसकी पढ़ाई में क्या बाधाएँ आ जाती थीं? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर लिखिए।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

**(1) कोरोना वायरस**

- कोरोना वायरस का संक्रमण
- लॉकडाउन के सकारात्मक प्रभाव
- बचाव के उपाय

**(2) संघर्ष की परिणति विजय**

- संघर्षशील जीवन
- चुनौती और संघर्ष
- विजय की खुशी

**(3) याद आता है विद्यालय का प्रांगण**

- विद्यालय की मस्ती
- मित्रों का साथ
- कक्षा की पढ़ाई

**15. (1) बिजली की अनियमित आपूर्ति की शिकायत करते हुए जयपुर विद्युत बोर्ड के अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) अपने विद्यालय में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।**

**16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $(4 \times 1 = 4)$

(1) आपके विद्यालय में नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है। प्रधानाचार्य की ओर से छात्रों को इसकी सूचना लगभग 60 शब्दों में जारी करें।

**अथवा**

(2) शिक्षक-दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन करने के लिए आपको संयोजक बनाया गया है। कार्यक्रम के बारे में विद्यार्थियों की सभा के लिए एक सूचना लगभग लगभग 60 शब्दों में जारी करें।

**17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए–** $(3 \times 1 = 3)$

(1) विद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हस्तकला की वस्तुओं की प्रदर्शनी के प्रचार हेतु लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए।

**अथवा**

(2) इस बरसात में आपने कुछ पौध तैयार की हैं। जिन्हें आप निःशुल्क वितरित करना चाहते हैं। सोसायटी सचिव की तरफ से लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**18. (1) 'छोटी भूल का बड़ा दुष्परिणाम' विषय पर लघुकथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) आपके विद्यालय का नया सत्र आरंभ हो गया है लेकिन बाजार में अभी तक आपकी हिंदी की पाठ्यपुस्तक उपलब्ध नहीं है। इस संदर्भ में एनसीईआरटी के व्यापार प्रबंधक को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।**

□□□□□□□

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions

SOLUTIONS

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

भारत के प्राचीन विचारकों ने अच्छा नागरिक बनने के लिए कुछ नियमों का प्रावधान किया है। इन नियमों में वाणी और व्यवहार की शुद्धि, कर्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह, शुद्धतम पारस्परिक सद्भाव और सेवा की भावना आदि नियम बहुत महत्वपूर्ण माने गए हैं। ये सभी नियम यदि एक व्यक्ति के चारित्रिक गुणों के रूप में भी अनिवार्य माने जाएँ तो उसका अपना जीवन सुखी और आनंदमय हो सकता है। सभी गुणों का विकास एक बालक में यदि उसकी बाल्यावस्था से ही किया जाए तो वह अपने देश का श्रेष्ठ नागरिक बन सकता है। इन गुणों के कारण वह अपने परिवार, आस–पड़ोस, विद्यालय में अपने सहपाठियों एवं अध्यापकों के प्रति यथोचित व्यवहार कर सकेगा। वाणी एवं व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है, समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि करती है, किंतु अहंकारहीन व्यक्ति ही स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार का प्रयोग कर सकता है। अहंकारी और दंभी व्यक्ति सदा अशिष्ट वाणी और व्यवहार का अभ्यासी होता है जिसका परिणाम यह होता है कि ऐसे आदमी के व्यवहार से समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण नहीं बनता।

जिस प्रकार एक व्यक्ति समाज में रहकर अपने व्यवहार से कर्तव्य और अधिकार के प्रति सजग रहता है, उसी तरह देश के प्रति भी उसका व्यवहार कर्तव्य और अधिकार की भावना से भावित रहना चाहिए। उसका कर्तव्य हो जाता है कि न तो वह स्वयं कोई ऐसा काम करें और न ही दूसरों को करने दें, जिसमें देश के सम्मान, संपत्ति और स्वाभिमान को ठेस लगे।

समाज एवं देश में शांति बनाए रखने के लिए धार्मिक सहिष्णुता भी बहुत आवश्यक है। यह वृत्ति तभी आ सकती है जब व्यक्ति संतुलित व्यक्तित्व का हो। वह आंतरिक व बाहरी संघर्ष से परे सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तित्व होना चाहिए।

(1) गद्यांश के संदर्भ में अच्छा नागरिक बनने के लिए नियमों का प्रावधान आवश्यक है, क्योंकि यह–
- (क) स्वतंत्रता को बढ़ावा देता है जिससे वातावरण को शांति से परिपूर्ण करता है
- (ख) व्यक्तित्व को निखारकर जीवन को आमोद–प्रमोद से परिपूर्ण करता है
- (ग) व्यक्तित्व को निखारकर जीवन को सुख और मंगलकामना से परिपूर्ण करता है
- (घ) व्यक्ति को अहंकार, स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार से परिपूर्ण करता है

(2) वाणी एवं व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है।
इस कथन के लिए उपयुक्त तर्क है–
- (क) देश के सम्मान, संपत्ति और स्वाभिमान को ठेस पहुँचती है
- (ख) देश व समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण नहीं बनता
- (ग) कर्त्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह बहुत आवश्यक है
- (घ) समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि और सुख की प्रतिष्ठा होती है।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(3) अहंकारी और दंभी व्यक्ति सदा अभ्यासी होता है–
(क) अशिष्ट वाणी और व्यवहार का
(ख) मधुर एवं अशिष्ट व्यवहार का
(ग) अशिष्ट वाणी एवं व्यवहार की शुद्धि का
(घ) स्निग्ध वाणी और अशिष्ट व्यवहार का

(4) संतुलित व्यक्तित्व से तात्पर्य है–
(क) आंतरिक व बाहरी संघर्ष से संपूर्ण सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तित्व
(ख) देश में पूर्णतः आदर्श नागरिक का व्यवहार करने वाला सुखदायक व्यक्तित्व
(ग) आंतरिक व बाहरी संघर्ष से रहित संपूर्ण सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तित्व
(घ) कर्त्तव्य और अधिकार के प्रति सजग रहने वाला भावुक प्रवृत्ति से परिपूर्ण व्यक्तित्व

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन (A)** : देश में धार्मिक सहिष्णुता की आवश्यकता है।
**कारण (R)** : समाज एवं देश में शांति बनी रहेगी।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

ईर्ष्या में प्रयत्नोत्पादिनी शक्ति बहुत कम होती है। उसमें वह वेग नहीं होता जो क्रोध आदि में होता है क्योंकि आलस्य और नैराश्य के आश्रय से तो उसकी उत्पत्ति ही होती है। जब आलस्य और नैराश्य के कारण अपनी उन्नति के हेतु प्रयत्न करना तो दूर रहा, हम अपनी उन्नति का ध्यान तक अपने मन में नहीं ला सकते, तभी हम हारकर दूसरे की स्थिति की ओर बार–बार देखते हैं और सोचते हैं कि यदि उसकी स्थिति ऐसी न होती तो हमारी स्थिति जैसी है वैसी रहने पर भी बुरी न दिखाई देती। अपनी स्थिति को ज्यों–की–त्यों रख सापेक्षिकता द्वारा सन्तोष–लाभ करने का ढीला यत्न आलस्य और नैराश्य नहीं तो और क्या है? जो वस्तु उज्जवल नहीं है उसे मैली वस्तु के पास रखकर हम उसकी उज्जवलता से कब तक और कहाँ तक संतोष कर सकते हैं? जो अपनी उन्नति के प्रयत्न में बराबर लगा रहता है उसे न तो नैराश्य होता है और न हर घड़ी दूसरे की स्थिति से अपनी स्थिति के मिलान करते रहने की फुरसत। ईर्ष्या की सबसे अच्छी दवा है उद्योग और आशा। जिस वस्तु के लिए उद्योग और आशा निष्फल हो, उस पर से अपना ध्यान हटाकर दृष्टि की अनन्तता से लाभ उठाना चाहिए।

जिससे ईर्ष्या की जाती है उस पर उस ईर्ष्या का प्रभाव क्या पड़ता है यह भी देख लेना चाहिए। ईर्ष्या अप्रेष्य मनोविकार है। यह पहले ही कहा जा चुका है कि किसी मनुष्य को अपने से ईर्ष्या करते देख हम भी बदले में उससे ईर्ष्या नहीं करने लगते। दूसरे को ईर्ष्या करते देख हम उससे घृणा करते हैं। दूसरे की ईर्ष्या का फल भोग कर हम उस पर क्रोध करते हैं, जिसमें अधिक अनिष्टकारिणी शक्ति होती है। अतः ईर्ष्या ऐसी बुराई है, जिसका बदला यदि मिलता है तो कुछ अधिक ही मिलता है। इससे इस बात का आभास मिलता है कि प्रकृति के कानून में ईर्ष्या एक पाप या जुर्म है। अपराधी को भी केवल उतना ही कष्ट पहुँचाना सामाजिक न्याय नहीं है, अधिक कष्ट पहुँचाना न्याय है, क्योंकि निरपराध व्यक्ति की स्थिति को अपराधी की स्थिति से अच्छा दिखलाना न्याय का काम है।

(1) जो अपनी उन्नति के प्रयास में लगा रहता है, उसे
(क) इतनी फुरसत नहीं रहती कि हर दम वह दूसरे की स्थिति से अपनी स्थिति की तुलना करता रहे।
(ख) निराश होने का समय नहीं मिलता।
(ग) क्रोध करने से बचे रहने का अवसर मिलता है।
(घ) किसी से ईर्ष्या करने की जरूरत नहीं होती।

(2) किसी को अपने से ईर्ष्या करते देख बदले में हम
(क) उससे ईर्ष्या करने लगते हैं।
(ख) उस पर क्रोध नहीं करते हैं।
(ग) उससे बदला लेने की भावना को जन्म देने लगते हैं।
(घ) उससे घृणा करने लगते हैं।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(3) ईर्ष्या का सबसे अच्छा उपचार है कि
(क) ईर्ष्यालु व्यक्ति से ईर्ष्या की जाए।
(ख) ईर्ष्यालु को दण्डित किया जाए।
(ग) आशापूर्ण ढंग से अपना उद्योग किया जाए।
(घ) ईर्ष्यालु को उसके हाल पर छोड़ दिया जाए।

(4) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
(i) जो वेग क्रोध में होता है वह ईर्ष्या में नहीं होता।
(ii) दूसरे को ईर्ष्या करते देख हम उससे प्रेम करते हैं।
(iii) क्रोध और ईर्ष्या में बराबर वेग होता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/कौनसे कथन सही हैं?
(क) केवल (i)
(ख) केवल (ii)
(ग) (i) और (iii)
(घ) (ii) और (iii)

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–
**कथन (A)** : ईर्ष्या में प्रयत्नोत्पादिनी शक्ति बहुत कम होती है।
**कारण (R)** : ईर्ष्या की उत्पत्ति आलस्य और नैराश्य से होती है।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत हैं लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'तताँरा को मानो कुछ होश आया।' वाक्य में रेखांकित पदबंध है–
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) विशेषण पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध
(घ) क्रिया विशेषण पदबंध

(2) 'आप तो बहुत बड़े धार्मिक आदमी हैं।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है–
(क) आप तो
(ख) बहुत बड़े धार्मिक
(ग) आदमी हैं
(घ) पूरा वाक्य

(3) क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटिए–
(क) यह काम तो हमेशा आदर्शवादी लोगों ने ही किया है।
(ख) बिल्ली ने उचककर दो में से एक अंडा तोड़ दिया।
(ग) शैलेंद्र तो फिल्म–निर्माता बनने के लिए सर्वथा अयोग्य थे।
(घ) दोनों कबूतर रातभर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।

(4) 'निर्भीक और साहसी वज़ीर अली अपने अधिकार के लिए लड़ रहा था।' वाक्य में रेखांकित पदबंध है–
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) विशेषण पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध
(घ) सर्वनाम पदबंध

(5) 'वह इधर–उधर देखता हुआ चल रहा था।' वाक्य में रेखांकित पदबंध है–
(क) क्रिया पदबंध
(ख) क्रिया विशेषण पदबंध
(ग) समुच्चयबोधक पदबंध
(घ) विशेषण पदबंध

4. **निर्देशानुसार 'रचना' के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'जब उसने तताँरा को देखा तो वह फूटकर रोने लगी।' इस वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण होगा–
(क) जैसे ही वामीरो ने तताँरा को देखा और वह फूटकर रोने लगी।
(ख) तताँरा को देखते ही वह फूटकर रोने लगी।
(ग) तताँरा को देखकर वामीरो फूटकर रोने लगी।
(घ) वामीरो ने तताँरा को देखा और फूटकर रोने लगी।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(2) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| (1) | जब अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा तब पुलिस ने उनको पकड़ लिया। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | वह स्वभाव से बड़े अध्ययनशील थे। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | अभिमान किया और दीन–दुनिया दोनों से गया। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**

(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(3) 'स्वावलंबी व्यक्ति सदा सुखी रहते हैं।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण होगा–
(क) जो व्यक्ति स्वावलंबी होते हैं वे सदा खुख रहते हैं।
(ख) व्यक्ति स्वावलंबी होते हैं और खुश रहते हैं।
(ग) व्यक्ति स्वावलंबी होते हैं इसलिए खुश रहते हैं।
(घ) स्वावलंबी व्यक्ति हमेशा खुश रहते हैं।

(4) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य है–
(क) दूसरे गाँव के युवक के साथ संबंध परंपरा के विरुद्ध था।
(ख) भाई साहब ने उछलकर पतंग की डोर पकड़ ली और बेतहाशा होस्टल की तरफ दौड़े।
(ग) भोजन आज मुझे निस्वाद लग रहा था।
(घ) भाई साहब सालाना इम्तहान में फेल हो गए।

(5) 'मैंने बहुत चेष्टा की कि इस पहेली का कोई अर्थ निकालूँ लेकिन असफल रहा।' इस वाक्य का भेद है–
(क) सरल वाक्य
(ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) प्रधान वाक्य

**5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– $(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'पाठशाला' समस्तपद में कौन–सा समास है?
(क) तत्पुरुष
(ख) कर्मधारय
(ग) द्विगु
(घ) अव्ययीभाव

(2) 'ध्यानमग्न' का समास–विग्रह होगा–
(क) ध्यान से मग्न
(ख) ध्यान पर मग्न
(ग) ध्यान में मग्न
(घ) ध्यान को मग्न

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | **समस्त पद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | सुमृत्यु | (i) | कर्मधारय समास |
| (ii) | दीनबंधु | (ii) | द्विगु समास |
| (iii) | प्रतिदिन | (iii) | अव्ययीभाव समास |
| (iv) | स्नेहहीन | (iv) | बहुव्रीहि समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं–
(क) (i) और (iii)
(ख) (i) और (ii)
(ग) (ii) और (iii)
(घ) (iii) और (iv)

(4) 'सुबह–शाम' के लिए समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए–
(क) सुबह से शाम – तत्पुरुष समास
(ख) सुबह से शाम तक – अव्ययीभाव समास
(ग) सुबह और शाम – द्वंद्व समास
(घ) सुबह या शाम – द्विगु समास

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) 'त्रिदेव' का समास–विग्रह एवं भेद होगा–
(क) तीन देवों का समूह – द्विगु समास
(ख) तीन दानवों का समूह – द्वंद्व समास
(ग) तीन देवियों का समूह – द्विगु समास
(घ) तीनों देवों का घर – अव्ययीभाव समास

**6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए–
(क) खेत रहना – खेती करना
(ख) गुस्सा पीना – क्रोध को रोकना
(ग) घुटने टेकना – बैठ जाना
(घ) चिकना घड़ा होना – चिकनी मिट्टी का घड़ा

(2) 'चुगली करना' अर्थ के लिए उचित मुहावरा है–
(क) प्राण सूखना
(ख) आँखें खुलना
(ग) इधर–उधर की लगाना
(घ) सुध–बुध खोना

(3) आज तो मैंने तुम्हारी ................... अगर कल भी तुमने काम से जी चुराया तो खैर नहीं। रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उचित मुहावरा चुनिए
(क) हवा निकालना
(ख) ईंट बजाना
(ग) जान बख्श देना
(घ) बाल की खाल निकालना

(4) पति की मृत्यु के पश्चात् तो उसका पुत्र ही उसके लिए ................... है। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित विकल्प चुनिए
(क) आँख का तारा
(ख) अंधे की लकड़ी
(ग) घर की खेती
(घ) आँख का काँटा

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा–
वैसे तो इतनी बातें करते हो परंतु वास्तव में तुम पुरानी परंपराओं का ही अनुसरण करते हो।
(क) छक्के छुड़ाना
(ख) कोल्हू का बैल
(ग) लकीर का फकीर
(घ) गली का भिखारी

(6) 'उदास होना' अर्थ के लिए उचित मुहावरा है–
(क) बाट जोहना
(ख) मुँह की खाना
(ग) पहाड़ होना
(घ) चेहरा उतरना

**7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

कंपनी बाग के मुहाने पर
धर रखी गई है यह 1857 की तोप
इसकी होती है बड़ी सम्हाल, विरासत में मिले
कंपनी बाग की तरह
साल में चमकाई जाती है दो बार।
सुबह–शाम कंपनी बाग में आते हैं बहुत–से सैलानी
उन्हें बताती है यह तोप
कि मैं बड़ी जबर
उड़ा दिए थे मैंने
अच्छे–अच्छे सूरमाओं के धज्जे
अपने जमाने में।

(1) तोप को कहाँ रखा गया है?
(क) नगर के चौराहे पर
(ख) कंपनी बाग के मुहाने पर
(ग) छावनी के मुख्य द्वार पर
(घ) नेशनल पार्क में

(2) कंपनी बाग के मुहाने पर रखी तोप किस समय की है?
(क) सन् 1800 की
(ख) सन् 1820 की
(ग) सन् 1857 की
(घ) सन् 1890 की

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(3) तोप को साल में कितनी बार चमकाया जाता है?
(क) चार बार
(ख) दो बार
(ग) तीन बार
(घ) एक बार

(4) तोप अपने जमाने में कैसी थी?
(क) बहुत कमजोर
(ख) बहुत कीमती
(ग) बहुत शक्तिशाली
(घ) बहुत सुंदर

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए–
(i) तोप कंपनी बाग के मुख्य द्वार पर रखी थी
(ii) यह तोप सन् 1947 में प्रयोग की गई थी
(iii) इसे साल में दो बार खूब चमकाया जाता था
(iv) कंपनी बाग में सुबह–शाम पशु चरने आते थे
(v) तोप के अनुसार वह बहुत जबरदस्त थी
पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए–
(क) (i), (ii) और (iv)
(ख) (ii), (iv) और (v)
(ग) (i), (iii) और (v)
(घ) (iii), (iv) और (v)

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) 'आत्मत्राण' का क्या अर्थ है?
(क) आपत्ति
(ख) अपना रक्षण स्वयं करना
(ग) आत्मा का उत्थान
(घ) आत्मा का पतन

(2) 'जिंदगी मौत से मिल रही है गले' पंक्ति का क्या भाव है?
(क) आत्मबलिदान देना
(ख) मित्रों से गले मिलना
(ग) शत्रुओं को पराजित करना
(घ) अपनी हार स्वीकार करना

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

मगर टाइम–टेबिल बना लेना एक बात है, उस पर अमल करना दूसरी बात। पहले ही दिन उसकी अवहेलना शुरू हो जाती। मैदान की वह सुखद हरियाली, हवा के हलके–हलके झोंके, फुटबॉल की वह उछल–कूद, कबड्डी के वह दाँव–घात, वॉलीवाल की वह तेजी और फुरती, मुझे अज्ञात और अनिवार्य रूप से खींच ले जाती और वहाँ जाते ही मैं सब कुछ भूल जाता। वह जानलेवा टाइम–टेबिल, वह आँखफोड़ पुस्तकें, किसी की याद न रहती और भाई साहब को नसीहत और फजीहत का अवसर मिल जाता। मैं उनके साये से भागता, उनकी आँखों से दूर रहने की चेष्टा करता, कमरे में इस तरह दबे पाँव आता कि उन्हें खबर न हो। उनकी नजर मेरी ओर उठी और मेरे प्राण निकले। हमेशा सिर पर एक नंगी तलवार–सी लटकती मालूम होती। फिर भी जैसे मौत और विपत्ति के बीच भी आदमी मोह और माया के बंधन में जकड़ा रहता है, मैं फटकार और घुड़कियाँ खाकर भी खेल–कूद का तिरस्कार न कर सकता था।

(1) टाइम–टेबिल बनाने के पहले ही दिन से क्या शुरू हो जाता था?
(क) टाइम–टेबिल पर अमल का काम
(ख) टाइम–टेबिल की अवहेलना का काम
(ग) मौज–मस्ती करने का काम
(घ) मित्रों के साथ खेलने–कूदने का काम

(2) लेखक कहाँ जाते ही सब कुछ भूल जाता था?
(क) घर पर
(ख) विद्यालय में
(ग) खेल के मैदान में
(घ) छात्रावास में

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन (A)** : टाइम–टेबिल बना लेना एक बात है लेकिन उस पर अमल करना दूसरी बात है।
**कारण (R)** : बच्चे खेल के आगे सब कुछ भूल जाते हैं।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) लेखक बड़े भाई के डर से क्या कार्य करता था?
(क) उनके साये से दूर भागता था
(ख) उनकी आँखों से दूर रहने की चेष्टा करता था
(ग) कमरे में दबे पाँव आता था
(घ) उपर्युक्त सभी

(5) लेखक द्वारा टाइम–टेबिल की अवहेलना करने के कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) लेखक को घर पर रहना पसन्द था।
(ii) लेखक को खेलकूद पसन्द था।
(iii) लेखक को पढ़ना पसन्द नहीं था।
(iv) लेखक को घर पर रहना पसन्द था।
(क) केवल (i)
(ख) (i) और (iv)
(ग) (iii) और (iv)
(घ) केवल (ii)

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **($1 \times 2 = 2$)**

(1) निम्नलिखित वाक्यों में से कौन–से वाक्य तताँरा के चरित्र को प्रदर्शित करते हैं?
(i) तताँरा एक सुंदर और शक्तिशाली युवक था।
(ii) तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था।
(iii) वह अपने गाँव की ही नहीं, बल्कि समूचे द्वीपवासियों की मदद करता था।
(iv) वह अद्‌भुत दैवीय शक्ति का स्वामी था।
विकल्प
(क) केवल (i)
(ख) (i) और (iv)
(ग) (ii) और (iv)
(घ) (i), (ii) और (iii)

(2) 'डायरी का पन्ना' में जुलूस और ध्वजारोहण को रोकने के लिए पुलिस ने क्या किया?
(क) हुडदंग मचाया
(ख) गोरखे और सारजेंट तैनात कर दिए
(ग) गवर्नर जनरल कोलकाता पहुँचे
(घ) इनमें से कोई नहीं

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **($3 \times 2 = 6$)**

(1) 'कारतूस' एकांकी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि सहादत अली जैसे लोगों ने सदैव देश का अहित ही किया है।

(2) आदर्श और व्यावहारिकता में क्या अंतर है? शुद्ध आदर्श और व्यावहारिकता की तुलना लेखक ने सोने और ताँबे से क्यों की है?

(3) "व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।" 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के आधार पर कथन का मूल्यांकन करते हुए अपने विचार लिखिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **($3 \times 2 = 6$)**

(1) 'साँस थमती गई, नब्ज जमती गई
फिर भी बढ़ते कदम, को न रुकने दिया।'
उपर्युक्त पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए।

(2) संत कबीर ने मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता प्रदान होने की बात कही है। स्पष्ट करें।

(3) मीरा के पदों की विशेषताएँ बताइए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **($3 \times 2 = 6$)**

(1) 'हरिहर काका' कहानी अंध भक्ति और ठाकुरबारी के चरित्र को उजागर करती है सोदाहरण स्पष्ट करें।

(2) 'सपनों के से दिन' कहानी के आधार पर लिखिए कि स्काउट परेड करते समय लेखक स्वयं को फ़ौजी जवान क्यों समझता था?

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(3) 'टोपी शुक्ला' पाठ में ठाकुर हरिनाम सिंह कौन था? उसके लड़कों ने टोपी से दोस्ती क्यों नहीं की? यह उनकी किस भावना का व्यंजक है?

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** **$(5 \times 1 = 5)$**

(1) **नारी और नौकरी**

- दोगुना कार्य
- घर और बाहर में संतुलन
- व्यक्तित्व निर्माण में सहायक कार्य

(2) **ग्लोबल वार्मिंग**

- धरती पर बढ़ता तापमान
- बदलता मौसम
- समस्या के कारण
- समाधान

(3) **परीक्षा से पहले मेरी मनोदशा**

- परीक्षा नाम से भय
- पर्याप्त तैयारी
- प्रश्नपत्र देखकर भय दूर हुआ

**15. (1) आपके क्षेत्र में डेंगू के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। इससे बचाव के लिए नगर-निगम के अध्यक्ष के नाम एक पत्र लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** **$(5 \times 1 = 5)$**

**अथवा**

**(2) नगर में कल-कारखानों से प्रदूषण में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

**16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** **$(4 \times 1 = 4)$**

(1) आपके विद्यालय में निःशुल्क 'दंत चिकित्सा शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। सूचना पट्ट पर विद्यालय के सचिव की ओर से लगभग 60 शब्दों में सूचना जारी करें।

**अथवा**

(2) विद्यालय के बाहर खड़े खोमचे वालों से कोई छात्र कुछ न खरीदे। यह हिदायत देने के लिए प्रधानाचार्य की ओर से सूचना लगभग 60 शब्दों में जारी करें।

**17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए–** **$(3 \times 1 = 3)$**

(1) आपके नगर में आयोजित होने वाली भारत की सांस्कृतिक एकता प्रदर्शनी को देखने के लिए लोगों को आमंत्रित करते हुए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) देश की जनता को 'मतदान अधिकार' के प्रति जागरूक करने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय की ओर से लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**18. (1) 'राष्ट्र का सेवक' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** **$(5 \times 1 = 5)$**

**अथवा**

**(2) आपने यात्रा के दौरान एक उपरगामी पुल को जर्जर हालत में देखा है। वह पुल कभी भी किसी दुर्घटना का कारण बन सकता है। आपने वहाँ रुककर अपने मोबाइल से उसका चित्र भी लिया है। उस चित्र सहित अधिशासी अभियंता (लोक निर्माण विभाग) को पुल की मरम्मत के संदर्भ में लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए**

□□□□□□□

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 3

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

जब कोई युवा पुरुष अपने घर से बाहर निकलकर बाहरी संसार में अपनी स्थिति जमाता है, तब पहली कठिनता उसे मित्र चुनने में पड़ती हैं। यदि उसकी स्थिति बिल्कुल एकान्त और निराली नहीं रहती तो उसकी जान–पहचान के लोग धड़ाधड़ बढते जाते हैं और थोड़े ही दिनों में कुछ लोगों से उसका हेलमेल हो जाता है। यही हेलमेल बढ़ते बढ़ते मित्रता के रूप में परिणत हो जाता है। मित्रों के चुनाव की उपयुक्तता पर उसके जीवन की सफलता निर्भर हो जाती है; क्योंकि संगत का गुप्त प्रभाव हमारे आचरण पर बड़ा भारी पड़ता है। हम लोग ऐसे समय में समाज के प्रवेश करके अपना कार्य आरम्भ करते हैं जब कि हमारा चित्त कोमल और हर तरह से संस्कार ग्रहण करने योग्य रहता है, हमारे भाव अपरिमार्जित और हमारी प्रवृत्ति अपरिपक्व रहती है। अपने मनोवेगों की शक्ति और अपनी प्रकृति की कोमलता का पता हमीं को नहीं रहता। हम लोग कच्ची मिट्टी की मूर्ति के समान रहते हैं जिसे जिस रूप का चाहे, उस रूप का करे–चाहे राक्षस बनावे चाहे देवता। ऐसे लोगों का साथ हमारे लिए बुरा हैं, जो हमसे अधिक दृढ़–संकल्प के हैं, क्योंकि हमें उनकी हर बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है, पर ऐसे लोगों का साथ और भी बुरा हैं, जो हमारी ही बात को ऊपर रखते हैं, क्योंकि ऐसी दशा में न तो हमारे ऊपर कोई नियंत्रण रहता है और न हमारे लिए कोई सहारा रहता है। दोनों अवस्थाओं में जिस बात का भय रहता है, उसका पता युवकों को प्रायः बहुत कम रहता है। यदि विवेक से काम लिया जाए तो भय नहीं रहता, पर युवापुरूष प्रायः विवेक से कम काम लेते हैं। कैसे आश्चर्य की बात है कि लोग घोड़ा लेते हैं तो उसके सौ गुण–दोष को परखकर लेते हैं, पर किसी को मित्र बनाने में उसके पूर्व आचरण और स्वभाव आदि का कुछ भी विचार और अनुसंधान नहीं करते। वे उसमें सब बातें अच्छी ही अच्छी मानकर अपना पूरा विश्वास जमा देते हैं।

(1) गद्यांश के अनुसार, युवा पुरुष के जीवन की सफलता किस पर निर्भर हो जाती है?
(क) मित्रों के चुनाव की उपयुक्तता पर
(ख) प्रकृति और पर्यावरण पर
(ग) भौतिक साधनों की उपलब्धता पर
(घ) संगति के गुप्त प्रभाव पर

(2) कैसे लोगों के साथ रहने पर हमारे ऊपर कोई नियंत्रण नहीं रहता?
(क) जो हमारी कोई बात नहीं मानते हैं
(ख) जो हमारी ही बात को ऊपर रखते हैं
(ग) जो हमारा विरोध करते हैं
(घ) जो दूसरों की निंदा करते हैं

(3) युवा पुरूषों की क्या कमजोरी है?
(क) वे घमंड में रहते हैं
(ख) किसी की बात नहीं सुनते
(ग) विवेक से काम नहीं लेते
(घ) काम से जी चुराते हैं

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) मित्र बनाते समय क्या करना चाहिए?
(क) व्यक्ति के पूर्व आचरण और स्वभाव पर विचार चाहिए
(ख) उसके कुल की जानकारी करनी चाहिए
(ग) उसकी परीक्षा लेनी चाहिए
(घ) उसकी शिक्षा और व्यवसाय के बारे में जानना चाहिए

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन (A)** : ऐसे लोगों का साथ अच्छा है जो हमसे अधिक दृढ़ संकल्प है।
**कथन (R)** : हमें उनकी बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

मनुष्यों को बड़ा बनने के लिए विशाल काम करने की जरूरत नहीं होती, बल्कि प्रत्येक काम में विशालता के चिह्न खोजने पड़ते हैं। अपने अंतर्मन में सदैव जिज्ञासा को जन्म देना होता है। दुनिया में ज्ञान का जो बोलबाला है, उसमें हमारे कौतूहल की केंद्रीय भूमिका है। अल्बर्ट आइंस्टीन ने एक बार अपने साक्षात्कार में कहा था कि हमारी जिज्ञासा ही हमारे अस्तित्व का आधार है। बिना प्रश्न के हमारे जीवन में न गति जाएगी और न कोई रस होगा जब हम चिंतन करते हैं, तब नई बातें सामने आती हैं। सवाल करने का ही परिणाम है कि नई तकनीक ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी चीजें आज दुनिया में आ रही हैं। जब हम कहते हैं– क्यों, कैसे, क्या, तब हमारे अंदर की स्नायु प्राण ऊर्जा और संकल्प एक नई गति और उत्साह के साथ नवीनता की यात्रा करने लगते हैं। हमें इस दुनिया की इतनी आदत पड़ चुकी है कि लीक से हटकर सोचना नहीं चाहते। कोई विभिन्नता नहीं, न ही कोई नवीनता है। यह कैसा जीवन है, जिसमें कोई कौतूहल नहीं, कोई आश्चर्य नहीं है? इस जगत में हमारी स्थिति एक कीटाणु या विषाणु की तरह है, जो अपनी सुखमयी व्यवस्था में पड़े रहते हैं, वे हृदय की आवाज सुनते हैं। जो बड़ा होना चाहते हैं, इस दुनिया और इसकी प्रत्येक घटना, वस्तु एवं स्थिति पर अपना आश्चर्य प्रकट करते हैं। प्रत्येक घटना और वस्तु से परे हटकर सोचने और उसको देखने की कोशिश जो करते हैं, वही बड़ा बनते हैं। जिज्ञासु मन और बुद्धि ही दर्शन और विज्ञान की दुनिया बनाते हैं।

(1) प्रत्येक काम में विशालता के चिह्न खोजने से लेखक का अभिप्राय है–
(क) बड़ी सोच व्यक्ति को बड़ा बनने की प्रेरणा देती है
(ख) प्रत्येक काम को महत्तव देकर गहराई से समझें
(ग) प्रत्येक काम को करने के लिए सदैव तत्पर रहें
(घ) प्रत्येक काम का आयोजन बड़े पैमाने पर करें

(2) 'अस्तित्व' शब्द का अर्थ है–
(क) विद्यमानता
(ख) जिज्ञासु प्रवृत्ति
(ग) गतिमान
(घ) नवीनता

(3) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
(i) हमारी मानसिक स्थिति एक कीटाणु या विषाणु की तरह है।
(ii) नवीनता हमारे शारीरिक, मानसिक, चारित्रिक व राष्ट्रीय विकास के लिए हैं।
(iii) जो स्वतंत्र मानसिकता वाले होते हैं, वे दूसरों की आवाज सुनते हैं।
(क) केवल (i)
(ख) केवल (iii)
(ग) (i) और (ii)
(घ) (ii) और (iii)

(4) लीक से हटकर सोच को विकसित करने के लिए आवश्यक है–
(क) सुखमय व्यवस्था
(ख) हृदय की आवाज सुनना
(ग) अंतर्मन में सदैव जिज्ञासा
(घ) दर्शन और विज्ञान की दुनिया

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन (A)** : जिज्ञासा ही हमारे अस्तित्व के आधार की परिचालक है।
**कारण (R)** : जिज्ञासा व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक रूप से क्रियाशील रखती है।

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions
SOLUTIONS

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'चाजीन ने चाय तैयार करके हमारे सामने रख दी।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रिया विशेषण पदबंध

(2) 'उड़ती हुई चिड़िया अचानक गिर गई।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है–

(क) चिड़िया (ख) अचानक

(ग) गिर गई (घ) उड़ती हुई

(3) क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटिए–

(क) दिन–रात परिश्रम करने वाले सफल हो जाते हैं।

(ख) उसने अंगीठी सुलगाकर चायदानी उस पर रख दी।

(ग) सदा सच बोलने वाला वह आज किस कारण झूठ बोलने पर मजबूर हो गया है।

(घ) वे स्वभाव से बड़े अध्ययनशील थे।

(4) "फैलते हुए प्रदूषण ने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया" रेखांकित पदबंध का भेद है–

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

(5) 'कबूतर परेशानी में इधर–उधर फड़फड़ा रहे थे।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है–

(क) सर्वनाम पदबंध (ख) क्रिया पदबंध

(ग) क्रिया विशेषण पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

4. **निर्देशानुसार 'रचना' के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'जापान में चाय पीने की एक विधि है, जिसे चा–नो–यू कहते हैं।' वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण होगा–

(क) जापान में चाय पीने की विधि को चा–नो–यू कहते हैं

(ख) जापान में चाय पीने की विधि है और उसे चा–नो–यू कहते हैं।

(ग) जापान में जो चाय पीने की विधि है, उसे चा–नो–यू कहते हैं

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(2) 'बात करने में सब एक–से–एक बढ़कर हैं, लेकिन सही बात कोई नहीं बताता।' वाक्य का भेद है–

(क) मिश्र वाक्य (ख) सरल वाक्य

(ग) सयुंक्त वाक्य (घ) प्रधान वाक्य

(3) पढ़ने की इच्छा होने पर ही तुम यहाँ से जाओ। 'वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण होगा–

(क) पढ़ने की इच्छा हो तो यहाँ से जाओ (ख) जब पढ़ने की इच्छा हो तभी तुम यहाँ से जाओ

(ग) पढ़ने की इच्छा होगी तो यहाँ से जाना (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(4) निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य है–

(क) जैसे ही उसने मुझे देखा, वह खिसक गया (ख) जब उसने मुझे देखा तो वह खिसक गया

(ग) उसने मुझे देखा और वह खिसक गया (घ) मुझे देखते ही वह खिसक गया

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| (1) | तताँरा ने प्रश्न किया और वामीरो ने बेरुखी से जवाब दिया। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | जब तताँरा ने प्रश्न किया तब वामीरो ने बेरुखी से जवाब दिया। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | तताँरा के प्रश्नों का जवाब वामीरो ने बेरुखी के साथ दिया। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**

(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'जगन्नाथ' में समास है–
(क) बहुव्रीहि समास
(ख) कर्मधारय समास
(ग) तत्पुरूष समास
(घ) द्वंद्व समास

(2) 'प्रतिदिन' का समास–विग्रह है–
(क) प्रति और दिन
(ख) प्रत्येक के लिए दिन
(ग) दिन के अनुसार
(घ) दिन–दिन

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | सद्धर्म | (i) | कर्मधारय समास |
| (ii) | दोपहर | (ii) | अव्ययीभाव समास |
| (iii) | माता–पिता | (iii) | द्वंद्व समास |
| (iv) | दशानन | (iv) | तत्पुरूष समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं–
(क) (i) और (ii)
(ख) (i) और (iii)
(ग) (ii) और (iv)
(घ) (iii) और (iv)

(4) 'वनवास' शब्द के लिए सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए–
(क) वन और वास – द्वंद्व समास
(ख) वन के लिए वास – तत्पुरूष समास
(ग) वन में वास – तत्पुरूष समास
(घ) वन का वास – अव्ययीभाव समास

(5) 'गिरिधर' का समास विग्रह और भेद होगा–
(क) गिरि को धारण किया है जिसने अर्थात् श्रीकृष्ण – बहुव्रीहि समास
(ख) गिरि के लिए धारणा – तत्पुरूष समास
(ग) गिरि को धारण करना – अव्ययीभाव समास
(घ) गिरि और धारण करने वाला – द्वंद्व समास

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए–
(क) अंबर के तारे गिनना – गिनती सीखना
(ख) अक्ल का अंधा – मूर्ख
(ग) आँख मिलाना – छिप जाना
(घ) ईमान बेचना – चुगली करना

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions
SOLUTIONS

(2) 'समझ आना' के लिए उचित मुहावरा है–
(क) आँख मूँद लेना
(ख) आँखें खुलना
(ग) हाथ मिलाना
(घ) हिम्मत टूटना

(3) शहीद बेटे को तिरंगे में लिपटे हुए देखकर माँ का ............... । रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उचित मुहावरा चुनिए–
(क) कलेजा ठंडा होना
(ख) मुँह काला होना
(ग) कलेजा मुँह को आना
(घ) अन्न न लगना

(4) चोर ने ............... घर में घुसकर सभी गहने चुरा लिए। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित विकल्प चुनिए–
(क) दबे पाँव
(ख) बगलें झाँकते हुए
(ग) आगे–पीछे फिरते हुए
(घ) आँखों में धूल झोंककर

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित होगा–
छोटी–छोटी बातों पर <u>अत्यंत क्रोधित होना</u> तुम्हारी स्वभावगत कमजोरी है।
(क) आग–बबूला होना
(ख) आँख चुराना
(ग) पत्थर दिल होना
(घ) अँगूठा दिखाना

(6) 'बहुत दिनों बाद दिखाई देना।' अर्थ के लिए उचित मुहावरा है–
(क) चार चाँद लगाना
(ख) खाक छानना
(ग) ईद का चाँद होना
(घ) आकाश के तारे तोड़ना

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी।
हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
वही पशु–प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(1) कवि के अनुसार मनुष्य कौन है?
(क) जो अपने लिए जीता है
(ख) जो अपने परिवार के लिए मरता है
(ग) जो मनुष्य के लिए जीता–मरता है
(घ) जो किसी के लिए कुछ नहीं करता

(2) पशु–प्रवृत्ति क्या है?
(क) दूसरों के लिए जीना मरना
(ख) हमेशा परोपकार करना
(ग) जंगलों में घूमना–फिरना
(घ) केवल अपने लिए ही जीना

(3) कौन अमर हो जाता है?
(क) जो दूसरों के लिए जीता–मरता है
(ख) जो केवल अपने लिए जीता है
(ग) जो कठोर तपस्या करता है
(घ) जो पशुओं जैसा जीवन जीता है

(4) कैसी मृत्यु सुमृत्यु होती है?
(क) जिसमें कष्ट होता है
(ख) जिसमें कष्ट नहीं होता
(ग) जिसमें मरने के बाद भी लोग याद करते हैं
(घ) जिसमें मरने के बाद कोई याद नहीं करता

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए–
(i) मृत्यु निश्चित है।
(ii) हमें उससे डरना चाहिए।
(iii) मृत्यु ऐसे हो कि मरने के बाद सभी याद रखें।
(iv) परोपकारी अमर हो जाता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**
SOLUTIONS

(v) दूसरों के लिए जीना पशुओं का स्वभाव है।

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए–

(क) (i), (ii) और (v)
(ख) (i), (iii) और (v)
(ग) (i), (iii) और (iv)
(घ) (i), (ii) और (iv)

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) बादलों के छा जाने से क्या होता है?
(क) झरने बहने लगते हैं
(ख) अंधकार छा जाता है
(ग) मौसम अच्छा लगता है
(घ) पर्वत अदृश्य हो जाते हैं

(2) जो जवानी खून में 'नहीं' बहती वह किसे बदनाम करती है?
(क) माता–पिता को
(ख) हुस्न और इश्क को
(ग) देश और समाज को
(घ) इनमें से कोई नहीं

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

ग्वालियर में हमारा एक मकान था, उस मकान के दालान में दो रोशनदान थे। उसमें कबूतर के एक जोड़े ने घोंसला बना लिया था। एक बार बिल्ली ने उचककर दो में से एक अंडा तोड़ दिया। मेरी माँ ने देखा तो उसे दुःख हुआ। उसने स्टूल पर चढ़कर दूसरे अंडे को बचाने की कोशिका की। लेकिन इस कोशिश में दूसरा अंडा उसी के हाथ से गिरकर टूट गया। कबूतर परेशानी में इधर–उधर फड़फड़ा रहे थे। उनकी आँखों में दुःख देखकर मेरी माँ की आँखों में आँसू आ गए। इस गुनाह को खुदा से मुआफ कराने के लिए उसने पूरा दिन रोजा रखा। दिन–भर कुछ खाया–पिया नहीं। सिर्फ रोती रही और बार–बार नमाज पढ़–पढ़कर खुदा से इस गलती को मुआफ करने की दुआ माँगती रही।

(1) लेखक की माँ किस बात से दुःखी थी?
(क) घर में कबूतरों ने घोंसला बना लिया था
(ख) कबूतर के दोनों अंडे टूट गए थे
(ग) कबूतर अंडों को छोड़कर चले गए थे
(घ) बिल्ली अंडों को खा गई थी

(2) लेखक की माँ खुदा से किस गुनाह को माफ करना चाहती थी?
(क) पहला अंडा तोड़ने का गुनाह
(ख) बिल्ली को मारने का गुनाह
(ग) दूसरा अंडा टूट जाने का गुनाह
(घ) कबूतर का घोंसला तोड़ने का गुनाह

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए।
उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन** (A) : माँ ने अपना गुनाह खुदा से मुआफ कराने के लिए पूरे दिन रोजा रखा।
**कारण** (R) : कबूतर का अंडा बचाने की कोशिश में अंडा उनके हाथ से गिरकर टूट गया।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(4) गद्यांश में प्रयुक्त निम्नलिखित शब्दों में से कौन–सा शब्द प्रत्यय के मेल से नहीं बना है?
(क) गुनाह
(ख) परेशानी
(ग) रोशनदान
(घ) दिनभर

(5) लेखक की माँ की आँखों में आँसू आने के कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) कबूतर का अंडा बिल्ली ने तोड़ दिया था।
(ii) कबूतर का अंडा लेखक से टूट गया था।
(iii) लेखक की पत्नी ने कबूतर का अंडा तोड़ दिया था।
(iv) कबूतर की आँखों में दुःख देखकर व्यथित हो गई थी।
(क) केवल (i)
(ख) (i) और (iii)
(ग) केवल (iv)
(घ) (i) और (ii)

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **($1 \times 2 = 2$)**

(1) निम्नलिखित में से कौन–सा वाक्य शिक्षा के संदर्भ में भाई साहब के काम करने का तरीका दर्शाता है?

(i) वे कल का काम आज ही कर लेते थे

(ii) वे आज का काम कल पर टालते रहते थे

(iii) वे एक साल का काम एक महीने में कर डालते थे

(iv) वे एक साल का काम दो–तीन साल में करते थे

कूट–

(क) केवल (i)

(ख) (i) और (iii)

(ग) केवल (iv)

(घ) (i) और (iii)

(2) 'गतवर्ष' अपना हिस्सा बहुत साधारण था'–वाक्य में 'अपना' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया?

(क) मुबंई वासियों के लिए

(ख) दिल्ली वासियों के लिए

(ग) कोलकाता वासियों के लिए

(घ) लखनऊ वासियों के लिए

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **($3 \times 2 = 6$)**

(1) पढ़ाई और परीक्षा के प्रति बड़े भाई साहब और छोटे भाई के दृष्टिकोण में क्या मौलिक अंतर है? आपके विचार से दोनों में सामंजस्य किस प्रकार बैठाया जा सकता है?

(2) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर सुभाषबाबू के जुलूस और उनके साथ पुलिस के व्यवहार की चर्चा कीजिए।

(3) 'कारतूस' पाठ के अंत में जब लेफ़्टीनेंट कर्नल से आने वाले सवार का नाम पूछता है तो नाम न बताकर कर्नल उसे 'जाँबाज सिपाही' क्यों कहता है?

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **($3 \times 2 = 6$)**

(1) 'तोप' कविता में तोप अपने आकार से सहमाती (भयभीत करती) है परंतु बच्चे और चिड़ियाँ उसके साथ क्या करते हैं? इस उदाहरण से कवि क्या सिद्ध करना चाहता है?

(2) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में वर्णित प्रकृति के दृश्यों का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(3) 'कर चले हम फिदा' कविता के आधार पर बताइए कि एक सच्चे सैनिक को बलिदान के समय भी दु:ख का अनुभव क्यों नहीं होता?

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **($3 \times 2 = 6$)**

(1) समाज में रिश्तों की क्या अहमियत रह गई है? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए कि आप परिवार में किस प्रकार के रिश्तों को उपयुक्त मानते हैं और क्यों ?

(2) 'सपनों के–से दिन' पाठ में खुशी से जाने की जगह न होने पर भी, लेखक को कब और क्यों स्कूल जाना अच्छा लगने लगा?

(3) किन बातों से पता चलता है कि टोपी को इफ़्फ़न की दादी बहुत प्रिय थी? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** **($5 \times 1 = 5$)**

(1) **जंक फूड**

- जंक फूड क्या होता है?
- युवा पीढ़ी और जंक फूड
- जंक फूड खाने के दुष्परिणाम

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

**(2) महानगरीय भीडभाड़ और मेट्रो**

- यातायात और भीड़भाड़
- प्रदूषण की समस्या
- मेट्रो रेल की भूमिका
- मेट्रो के लाभ

**(3) स्वच्छ भारत अभियान**

- आरंभ
- उद्देश्य
- छात्रों और सरकारी कर्मचारियों का सहयोग
- जन साधारण को प्रेरित करना
- वेस्ट मैनेजमेंट तकनीकों को बढ़ावा

15. **(1) पीतमपुरा, दिल्ली डाकघर से ट्रांस कॉलोनी, कानपुर को भेजा गया मनीऑर्डर अपने गंतव्य तक नहीं पहुँचा। इसकी शिकायत करते हुए प्रेषक की ओर से डाकपाल को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) किसी प्रख्यात समाचारपत्र के संपादक के नाम लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर रेल आरक्षण व्यवस्था में हुए सुधार की प्रशंसा कीजिए।**

16. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $(4 \times 1 = 4)$

(1) आप जयपुर स्थित सरस्वती उच्च विद्यालय की बाल–कल्याण परिषद् के सचिव हैं। आपने पास स्थित झुग्गी–झोंपड़ी के बच्चों की सहायता के लिए कक्षाएँ लगाने का निर्णय किया है। जो विद्यार्थी इस पुण्य कार्य में अपना सहयोग देना चाहते हैं, उनके नाम 6 जून तक खेल परिषद् के कार्यालय में जमा कराने के लिए लगभग 60 शब्दों में सूचना तैयार करें।

**अथवा**

(2) मुखर्जी कॉलेज, दिल्ली में छात्र संघ के अध्यक्ष, सचिव व खजांची के पद का चुनाव होगा। सलाहकार होने के नाते छात्राओं से नामांकन पत्र जमा करवाने के लिए सूचना–पत्र लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए।

17. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए–** $(3 \times 1 = 3)$

(1) अतिवृष्टि के कारण कुछ शहर बाढ़ से ग्रस्त है। वहाँ के निवासियों की सहायतार्थ सामग्री एकत्र करने हेतु एक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) आपके शहर में एक नया वाटर पार्क खुला है, जिसमें पानी के खेल, रोमांचक झूलों, मनोरंजक खेलों और खान–पान की व्यवस्था है। इसके लिए एक विज्ञापन का आलेख लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

18. **(1) 'बुरा करने का फल बुरा ही होता है' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) आपके क्षेत्र में कोई भी टेलीविजन सहजता से दूरदर्शन के कार्यक्रम नहीं पकड़ पाता। बहुत संभव है यह केबल ऑपरेटरों की कारस्तानी हो। दूरदर्शन के महानिदेशक को लगभग 100 शब्दों में एक ई–मेल लिखकर इस ओर उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए।**

□□□□□□□

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 4

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

चाहे दुनिया कितनी भी मॉर्डन क्यों न हो जाए, लेकिन शिक्षक का स्थान कोई रोबोट नहीं ले सकता। आज से कुछ दशक पहले यदि कोई हमसे यह प्रश्न करता कि क्या रोबोट्स अच्छे अध्यापक साबित होंगें तो निश्चित रूप से हमें प्रश्न करने वाले की बुद्धि पर तरस आता, लेकिन आज के इस वैज्ञानिक युग में यह प्रश्न हमें कुछ सोचने को बाध्य करता है। मेरी दृष्टि से इसका उत्तर होगा– नहीं, ऐसा इसलिए कि शिक्षण का काम सिर्फ शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक भी हैं और उसके साथ–साथ मनोवैज्ञानिक भी।

रोबोट एक मशीन है, जो मनुष्य के संकेत व निर्देश का अनुपालन करने में समर्थ है, उसमें भावनाओं का आरोह व अवरोह संभव नही है। जबकि एक शिक्षक में भावनाओं का होना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य भी है। आज से नहीं, अपितु पुरातनकाल से ही हमारे देश में गुरु शिष्य की लंबी परंपरा रही है। क्या रोबोट के साथ यह परंपरा कायम रहेगी? गुरु और शिष्य के स्नेह में श्रृद्धा व आदर का भाव होता है, लेकिन मशीनी मानव के प्रति शिष्य के हृदय मे आदर और श्रृद्धा के भाव नहीं पनप सकते, तब यह रोबोट द्वारा अध्यापन किए जाने पर अपने आपको संतुष्ट नहीं कर सकता।

एक सरल अध्यापन के दौरान मनोवैज्ञानिक पद्धति का सहारा लेना होता है, लेकिन क्या रोबोट द्वारा अध्यापन में मनोवैज्ञानिक–पद्धत्ति का सहारा लेना संभव है? वर्ग के वातावरण व छात्रों के मूड के अनुरूप शिक्षक अपनी पूर्व–निर्धारित अध्यापन पद्धत्ति में बदलाव करते हैं। क्या रोबोट ऐसा कर सकता है?

(1) आज से कुछ दशक पहले रोबोट्स के बारे में क्या धारणा थी?
 (क) वे अच्छे अध्यापक साबित होंगें (ख) वे अच्छे सैनिक सिद्ध होंगें
 (ग) वे अच्छे सेवक सिद्ध होंगें (घ) वे अच्छे वैज्ञानिक सिद्ध होंगें

(2) शिक्षण किस प्रकार का कार्य है?
 (क) शारीरिक (ख) मानसिक
 (ग) मनोवैज्ञानिक (घ) ये सभी

(3) पुरातन काल से ही हमारे देश में कौनसी परंपरा रही है?
 (क) मशीन–छात्र (ख) गुरु–शिष्य
 (ग) रोबोट–शिक्षक (घ) मनुष्य–शिक्षक

(4) रोबोट में क्या संभव नही है?
 (क) भावनाओं का आरोह–अवरोह (ख) अच्छे सेवक के गुणों का विकास
 (ग) मानवीय कर्मठता का उद्‌भव (घ) आज्ञाकारी शिष्य के गुण

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions
SOLUTIONS

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन (A)** : शिक्षण का कार्य सिर्फ शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक होने के साथ–साथ मनोवैज्ञानिक भी है

**कारण (R)** : रोबोट एक मशीन है जो मनुष्य के संकेत व निर्देश का अनुपालन करने में समर्थ है

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत हैं लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

ईश्वर पर विश्वास बड़ी ही शानदार चीज है। अबोध बालक माँ की गोद में पहुँचकर या पिता की उंगली पकड़ लेने पर पूरी तरह से आश्वस्त हो जाता है। उसे अपने माता–पिता पर विश्वास है और यह विश्वास ही उसे भयमुक्त कर देता है। इसी प्रकार, ईश्वर का नाम लेकर उस पर विश्वास कर हम मन में शक्ति का एकीकरण कर कार्यरत होते हैं। हमारा विश्वास मजबूत होता हैं कि हमारे साथ ईश्वर हैं और हम इस कार्य में सफल होंगे। आत्मविश्वास को दृढ़ बनाने के लिए ईश्वर का अस्तित्व बनाया गया हैं। इसके साथ–साथ 'ईश्वर' की कल्पना मनुष्य को भयभीत भी करती हैं। एकांत में भी मनुष्य कोई पाप या गलत काम न कर सके, इसी आधार पर उसे सर्वव्यापी, सर्वद्रष्टा बतलाया गया है। कण–कण में उसका निवास माना गया है। मनुष्य पर नियंत्रण रखने के लिए किसी–न–किसी शक्ति की आवश्यकता तो है ही। इसी आधार पर ईश्वर की संकल्पना की गई और इसी प्रकार असफलताओं को रोकने के लिए, अपने दोष पर परदा डालने के लिए 'भाग्य' की भी कल्पना की गई। हम स्वयं अपने भाग्य विधाता हैं। जैसा कार्य करेंगें, वैसा फल पाएँगें। अतएव भाग्य को आप दोष न दें। चींटी को देखें। वह कितनी बार चढ़ती–गिरती हैं। अगर वह भाग्यवादी होती तो फिर चढ़ ही नही पाती। निरंतर प्रयास करके ही वह सफल होती हैं। वह भाग्य पर निर्भर नही, कर्म करके दिखलाती हैं। इस कारण बराबर कार्य में लगे रहे। सफलता हाथ आए या फिर असफलता, सफलता पर प्रसन्न होकर अपनी प्रगति धीमी न करें। असफलता पर घबराकर या निराश होकर मैदान छोड़कर न भागें। अपना कार्य बराबर आगें बढ़ाते रहे। जो उद्यम करते है, परिश्रमरत रहते है, निरंतर अपने कदम का ध्यान रखते है, वे अवश्य ही जो भी इच्छा करते हैं, पा जाया करते हैं।

(1) अकर्मण्य अपनी सफलता का कारण किसे मानते है?

(क) ईश्वर कों (ख) दुर्भाग्य को

(ग) सौभाग्य को (घ) परिश्रम कों

(2) मनुष्य का भाग्य विधाता कौन हैं?

(क) उसके अपने कर्म (ख) उसका अपना भाग्य

(ग) उसकी अपनी शिक्षा (घ) उसका अपना ज्ञान

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन (A)** : ईश्वर की संकल्पना हमें पुण्य करने का महत्त्व समझाने के लिए की गई है।

**कारण (R)** : ईश्वर की संकल्पना हमें भाग्य में विश्वास करना सिखाने के लिए की गई है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) चींटी हमें क्या संदेश देती है?

(क) उठने के लिए गिरना आवश्यक है (ख) सफलता बार–बार गिरने से मिलती है

(ग) सफलता हेतु सतत् प्रयास आवश्यक है (घ) गिरने के लिए उठना आवश्यक है

(5) गद्यांश में समर्थन किया गया है–

(क) धर्मवाद का (ख) ईश्वरवाद का

(ग) भाग्यवाद का (घ) कर्मवाद का

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का प्रकार है–
(क) विशेषण पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध (घ) संज्ञा पदबंध

(2) 'ड़टकर संघर्ष करने वाले आप अवश्य सफल होंगें।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है–
(क) आप अवश्य (ख) डटकर संघर्ष करने वाले
(ग) सफल होंगें (घ) अवश्य सफल होंगें

(3) क्रिया पदबंध का उदाहरण छांटिए–
(क) लकड़ी के संदूक में सामान रख दो (ख) आदेश मिलते ही वह बाहर जाकर खड़ा हो गया।
(ग) उसने प्रतीक्षा नहीं की और शीघ्र ही लौट गया। (घ) मैनें उसकी सुबह से रात तक प्रतीक्षा की

(4) 'वह तलवार को अपनी तरफ खींचते–खींचते दूर तक पहुँच गया। 'इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद छाँटिए
(क) क्रिया विशेषण पदबंध (ख) विशेषण पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(5) 'तताँरा दिनभर के अथक परिश्रम के बाद समुद्र किनारे टहलने निकल पड़ा।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है–
(क) क्रिया विशेषण पदबंध (ख) विशेषण पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध (घ) संज्ञा पदबंध

4. **निर्देशानुसार 'रचना' के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'रात हुई, किंतु चाँद नहीं निकला।' इस वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण होगा–
(क) रात हो गई और चाँद नहीं निकला (ख) यद्यपि रात हो गईं, लेकिन चाँद नही निकला
(ग) रात हो जाती हैं, फिर भी चाँद नहीं निकलता (घ) रात होने पर भी चाँद नही निकला

(2) 'यद्यपि वह परिश्रमी है, तथापि प्रथम न आ सका।' इस वाक्य का भेद हैं–
(क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य (घ) प्रधान वाक्य

(3) 'अधिक पढ़ने पर अधिक लाभ होगा।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण होगा–
(क) अधिक पढ़ो तो अधिक लाभ होगा। (ख) अधिक पढ़कर अधिक लाभ प्राप्त करों
(ग) यदि अधिक पढ़ोगे तो अधिक लाभ होगा (घ) अधिक पढ़ने से अधिक लाभ होता है

(4) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | जब चाय तैयार हुई तब उसने उसे प्यालों में भर दिया। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | चाय तैयार होते ही उसने उसे प्यालों में भर दिया। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | चाय तैयार हुई और उसने उसे प्यालों में भर दिया। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii (ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii (घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(5) 'खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर रात–भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।' रचना की दृष्टि से वाक्य है–
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) संकेतवाचक वाक्य

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'गगनचुंबी' में समास है–
(क) द्विगु समास (ख) कर्मधारय समास
(ग) तत्पुरूष समास (घ) द्वंद्व समास

(2) 'विद्यारत्न' का समास विग्रह हैं–
(क) विद्या का रत्न (ख) विद्या के लिए रत्न
(ग) विद्यारूपी रत्न (घ) विद्या और रत्न

(3) निम्नलिखित युग्मो पर विचार कीजिए–

| | **समस्त पद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | राजदूत | (i) | तत्पुरूष समास |
| (ii) | नीलकंठ | (ii) | अव्ययीभाव समास |
| (iii) | चौराहा | (iii) | द्विगु समास |
| (iv) | एकदंत | (iv) | द्वंद्व समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेंलित हैं–
(क) (i) और (iii) (ख) (ii) और (iv)
(ग) (i) और (ii) (घ) (iii) और (iv)

(4) 'बाकायदा' शब्द के लिए सही समास–विग्रह और भेद का चयन कीजिए–
(क) कायदे के अनुसार – अव्ययीभाव समास (ख) कायदे के बिना – अव्ययीभाव समास
(ग) कायदे ही कायदे – अव्ययीभाव समास (घ) कायदे के द्वारा कृत – तत्पुरूष समास

(5) 'शब्दहीन' शब्द के लिए सही समास–विग्रह और भेद का चयन कीजिए–
(क) शब्द है जो हीन – कर्मधारय (ख) हीन है जो शब्द – तत्पुरूष
(ग) शब्द से हीन – कर्मधारय (घ) शब्द से हीन – तत्पुरूष समास

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए।
(क) चिकना घड़ा – अलभ्य वस्तु होना (ख) चंपत होना – भाग जाना
(ग) घाव हरा होना – नष्ट करना (घ) छाती पर मूँग दलना – अत्यंत प्रिय होना

(2) 'अत्यधिक प्रसन्न होना' अर्थ के लिए उचित मुहावरा हैं–
(क) आँखे खुलना (ख) मन पसीजना
(ग) दिल बाग–बाग होना (घ) घी के दीये जलाना

(3) माली को देखते ही अमरूद तोड़ते बच्चे बगीचे से ....................। रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उपयुक्त मुहावरा चुनिए
(क) खिल्ली उड़ाना (ख) नौ दो ग्यारह होना
(ग) बगले झाँकना (घ) भाग जाना

(4) वह रात–दिन .................... रहता हैं, परंतु उसके लिए कभी परिश्रम नही करता। रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु सटीक विकल्प चुनिए
(क) आवाज उठाता (ख) आकाश–पाताल एक करता
(ग) सपनों के महल बनाता (घ) टाँग अड़ाता।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा–
सड़क पर ट्रैफिक रूल तोड़ने पर पुलिस ने पवन का चालान काटना चाहा तो उसने ट्रैफिक पुलिस को रिश्वत देकर मामला खत्म किया।

(क) दाँत काटी रोटी (ख) काठ का उल्लू
(ग) जूता (घ) तैली का बैल

(6) 'व्यंग्य करना' वाक्यांश के लिए उपयुक्त मुहावरा हैं–

(क) सूक्ति बाण चलाना (ख) आड़े हाथो लेना
(ग) दाँतो पसीना आना (घ) बहुत फज़ीहत करना

**7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

कर चले हम फिदा जानो–तन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों
साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई
फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया
कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं
सर हिमालय का हम ने ना झुकने दिया
मरते–मरते रहा बाँकपन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों!

(1) 'साथियों' संबोधन किसके लिए प्रयोग किया गया है?

(क) सैनिकों के लिए (ख) राजनेताओं के लिए
(ग) देशवासियों के लिए (घ) किसानों के लिए

(2) सैनिकों की स्थिति में सम्मिलित है–

(क) साँस का थम जाना (ख) नब्ज़ का जम जाना
(ग) बढ़ते कदमों का न रुकना (घ) ये सभी

(3) 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया' में 'सर' किसका प्रतीक है?

(क) घमंड़ का (ख) स्वाभिमान का
(ग) शक्ति का (घ) ध्वजा का

(4) 'बाँकपन का अर्थ हैं–

(क) गर्व का भाव (ख) दीनता का भाव
(ग) हीनता का भाव (घ) डर का भाव

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए

(i) सिपाही ने अपना जीवन न्योछावर कर दिया गया है।
(ii) अब देश पड़ोसी देश के हवाले है।
(iii) उसे ही इसकी रक्षा करनी हैं
(iv) सिपाहियों ने हिमालय का सिर झुकने नही दिया।
(v) मरते समय भी सिपाहियों का उत्साह और जोश बना रहा।

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए–

(क) (i), (ii), और (iii) (ख) (i), (iv), और (v)
(ग) (ii), (iii), और (iv) (घ) (ii), (iv), और (v)

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) 'मीठी वाणी का औरो पर क्या प्रभाव पड़ता है?
(क) दूसरे क्रोधित हो जाते है
(ख) दूसरे सुख और संतोष का अनुभव करते हैं
(ग) दूसरे मीठी वाणी सुनकर दुखी हो जाते है
(घ) उपर्युक्त सभी

(2) अपनी इच्छाओ की पूर्ति के लिए प्रार्थना के अलावा हम और क्या करते है?
(क) मेहनत करते हैं
(ख) दूसरो से प्रेरणा लेते हैं
(ग) आत्मविश्वास पर भरोसा करते हैं
(घ) उपर्युक्त सभी

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

ऐसी एक घटना का ज़िक्र सिंधी भाषा के महाकवि शेख आयाज ने अपनी आत्मकथा में किया है। उन्होने लिखा हैं– एक दिन उनके पिता कुएँ से नहाकर लौटे। माँ ने भोजन परोसा। उन्होने जैसे ही रोटी का कौर तोड़ा उनकी नजर अपनी बाजू पर पड़ी। वहा एक काला च्योंटा रेंग रहा था। वह भोजन छोडकर उठ खडे हुए। 'माँ ने पूछा, क्या बात है? भोजन अच्छा नही लगा?' शेख अयाज़ के पिता बोले, 'नही, यह बात नही है। मैने एक घर वाले को बेघर कर दिया है। उस बेघर को कुएँ पर उसके घर छोडने जा रहा हूँ।

(1) शेख अयाज़ किस भाषा के महाकवि थे?
(क) हिंदी के
(ख) अंग्रेजी के
(ग) सिंधी के
(घ) मराठी के

(2) शेख अयाज़ के पिता कहाँ से नहाकर लौटे थें?
(क) तालाब से
(ख) नदी से
(ग) कुएँ से
(घ) स्नानघर से

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन (A)** : शेख अयाज़ के पिता भोजन छोड़कर उठ खड़े हुए

**कारण (R)** : एक काला च्योंटा उनकी रोटी पर रेंग रहा था

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो गलत हैं।
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता हैं।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता हैं।

(4) शेख अयाज़ के पिता भोजन छोड़कर खड़े हो गए। इसके कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) भोजन अच्छा नही बना था
(ii) उन्हे भूख नही थीं
(iii) वे नाराज हो गए थें
(iv) उन्हे च्योंटें को कुएँ पर छोड़ने जाना था
(क) केवल (i)
(ख) (ii) और (iv)
(ग) केवल (iv)
(घ) (i) और (iii)

(5) गद्यांश के अनुसार शेख अयाज़ के पिता जींवों के प्रति थे
(क) संवेदनहीन
(ख) संवेदनशील
(ग) उदासीन
(घ) निर्दयी

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions

SOLUTIONS

10. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) निम्नलिखित में से किस वाक्य के अनुसार बड़ें भाई साहब को लगता है कि छोटा भाई दादा की गाढ़ी कमाई बर्बाद कर रहा है–
(i) बडे भाई को सम्मान न देने के कारण
(ii) खाने–पीनेम में अधिक खर्च्र करके के कारण
(iii) खेल–कूद में समय बर्बाद करने के कारण
(iv) अध्यापकों का आदर न करने के कारण
(क) केवल (i)
(ख) (ii) और (iv)
(ग) केवल (iii)
(घ) (i) और (ii)

(2) ऐसी उड़ती हुई धुल से प्रतीत होता है जैसे की एक पूरा काफिला चला आ रहा है........यह कथन किसका है?
(क) कर्नल कालिज का
(ख) कर्नल रोज का
(ग) किसी का नहीं
(घ) वजीर अली का

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) ‘ड़ायरी का एक पन्ना’ पाठ आपको देश की आजादी के इतिहास को पढ़ने के लिए किस प्रकार प्रेरित करता है?

(2) ‘प्रेम संबंध किसी धर्म, जाति और सीमा के पाबंद नहीं होते’। ‘तताँरा–वामीरो कथा’ पाठ के आधार पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

(3) ‘झेन की देन’ प्रसंग में ‘सारा इंजन टूट जाता है’ का क्या आशय है?

12. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) कवि ने दधीचि, कर्ण आदि महान व्यक्तियों का उदाहरण देकर ‘मनुष्यता’ के लिए क्या संदेश दिया है?

(2) ‘पर्वत प्रदेश में पावस’ कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए?

(3) मीरा अपने हृदय की अधीरता को कैसे दूर करना चाहती हैं?

13. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) टोपी और इफ़्फ़न की परंपराएँ, सोच अलग–अलग थीं फिर भी उन दोनों में इतना मेल क्यों था? कारण देते हुए स्पष्ट कीजिए।

(2) वर्तमान समय में हरिहर काका जैसे वृद्ध व्यक्तियों के प्रति युवा पीढ़ी का क्या कर्तव्य है? पाठ के आधार पर अपने विचार लिखिए।

(3) ‘कोई भी भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं डालती।’ ‘सपनों के से दिन’ पाठ के आधार पर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

14. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **कमरतोड़ महँगाई**
- बढ़ती महँगाई
- कारण
- मुक्ति के उपाय

(2) **महानगरों में महिलाओं की सुरक्षा**
- महानगरों की समस्या और सुरक्षा की स्थिति
- महिलाओं की असुरक्षा
- कारण, प्रभाव और समाधान

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(3) मित्र की परख संकट में
- मित्रता का महत्व
- अच्छे मित्र बुरे मित्र की पहचान
- मित्रता सौभाग्य से

15. (1) नगर की सफाई-दुर्व्यवस्था की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए स्वास्थ्य मंत्री को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) दैनिक जागरण समाचार-पत्र संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए, जिसमें दिल्ली में बढ़ती हुई अपराध-वृत्ति की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया हो।

16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए- $(4 \times 1 = 4)$

(1) प्रधानाचार्य की ओर से विद्यालय में स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने जा रही खेल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

(2) आप इस वर्ष दशहरे के अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में मेले का आयोजन करना चाहते हैं। इसी से संबंधित सूचना लगभग 60 शब्दों में विद्यालय के सूचना पट्ट के लिए लिखिए।

17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए- $(3 \times 1 = 3)$

(1) आपकी बड़ी बहन ने एक संगीत सिखाने की संस्था खोली है। इसके लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) एक साइकिल कंपनी किशोरों के लिए नया उत्पाद बाजार में लाना चाहती है। उसके लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

18. (1) 'धन यहाँ न सही कहीं और सही' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) हिंदी शैक्षिक भ्रमण के रूप में इस बार आपकी कक्षा किसी गाँव में एक सप्ताह तक प्रौढ़ शिक्षा का कार्यक्रम करने की इच्छा रखती है। इसके लिए अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**
- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App

Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 5

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

प्रत्येक व्यक्ति का जीवन संघर्षों से भरा होता है। जीवन का कोई भी रास्ता सफल अथवा निर्बाध नहीं होता। कामयाबी के हर रास्ते में कई मुश्किलों का आना तय है। हर बड़ी सफलता के पीछे अनेक छोटी–छोटी असफलताएँ छिपी रहती हैं। किसी बड़े पत्थर के टुकड़े करने के लिए हमें उस पर असंख्य प्रहार करने पड़ते हैं। अंत में एक प्रहार ऐसा होता है कि वह पत्थर को दो टुकड़ों में बाँट देता है। लेकिन क्या अंतिम प्रहार से पहले किए गए सारे प्रहार निरर्थक थे? नहीं। ऊपर से बेशक पहले का हर प्रहार निरर्थक लगता हो, लेकिन हर प्रहार पूरी तरह सार्थक था, क्योंकि उन प्रहारों में ही अंतिम प्रहार की सफलता छिपी हुई थी। हर चोट ने निरंतर उस पत्थर को टूटने के अधिकाधिक निकट ला दिया था। वास्तव में थोड़ी–बहुत असफलताओं के बिना सफलता संभव ही नहीं। व्यक्ति अपनी सफलताओं की बजाय असफलताओं से सीखता है। हर सफलता से उसे पुनर्मूल्यांकन का अवसर मिलता है। हर असफलता से उसे पुर्नूल्यांकन का अवसर मिलता है। सफलता के बाद हम कभी अपना पुनर्मूल्यांकन नहीं करते। समस्या आए बगैर हम रास्ता नहीं खोजते। समस्याएँ ही हमें उपाय खोजने के लिए प्रेरित करती हैं, हमें चिंतनशील बनाती हैं, हम में धैर्य का विकास करती हैं। ठोकर खाने के बाद ही हम अपनी असफलता का कारण जानने का प्रयास करते हैं। उसके बाद ही नए सिरे से आगे बढ़ने के लिए अपनी क्षमता का विकास करते हैं। जीवन की हर असफलता किसी बड़ी सफलता का आधार बनती हैं।

(1) जीवन का कोई भी रास्ता नहीं होता–

(क) बाधा रहित (ख) बाधायुक्त

(ग) दुखद (घ) बहुत लंबा

(2) हर बड़ी सफलता के पीछे क्या छिपा रहता हैं–

(क) धन–दौलत (ख) छोटी–छोटी असफलता

(ग) एक सुनहरा भविष्य (घ) एक बड़ा इतिहास

(3) बड़े पत्थर के टुकड़े को तोड़ने में उस पर पड़ने वाले किस प्रहार का अधिक महत्त्व हैं–

(क) पहले प्रहार का (ख) दूसरे प्रहार का

(ग) प्रत्येक प्रहार का (घ) अंतिम प्रहार का

(4) व्यक्ति अपनी सफलताओं की अपेक्षा असफलताओं से अधिक क्यों सीखता हैं–

(क) असफलता उसे बलवान बनाती है (ख) असफलता उसकी बुद्धि को बढ़ाती है

(ग) असफलता उसे ज्ञानी बनाती है। (घ) असफलता उसे पुनर्मूल्यांकन का अवसर देती है।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन (A)** : हर बड़ी सफलता के पीछे अनेक छोटी–छोटी असफलताएँ छिपी रहती हैं।

**कारण (R)** : वास्तव में थोड़ी बहुत असफलताओं के बिना सफलता संभव ही नहीं हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

साहित्य की शाश्वतता का तात्पर्य है– हर काल एवं परिस्थिति में अपनी उपयोगिता बनाए रखना एवं प्रासंगिकता को कम न होने देना। साहित्य की शाश्वतता का प्रश्न एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न है। क्या साहित्य शाश्वत होता है? यदि हाँ, तो किस मायने में? क्या कोई साहित्य अपने रचनाकाल के सौ वर्ष बीत जाने पर भी उतना ही प्रासंगिक रहता है, जितना वह अपनी रचना के समय था? अपने समय या युग का निर्माता साहित्यकार क्या सौ वर्ष की परिस्थितियों का भी युग–निर्माता हो सकता है। समय बदलता रहता है, परिथितियाँ और भावबोध बदलते हैं, साहित्य बदलता है और इसी के समानांतर पाठक की मानसिकता और अभिरूचि भी बदलती है। अतः कोई भी कविता अपने सामयिक परिवेश के बदल जाने पर ठीक वही उत्तेजना पैदा नहीं कर सकती, जो उसने अपने रचनाकाल के दौरान की होगी। कहने का तात्पर्य यह है कि एक विशेष प्रकार के साहित्य के श्रेष्ठ अस्तित्व मात्र से वह साहित्य हर युग के लिए उतना ही विशेष आकर्षण रखे, यह आवश्यक नहीं है। यही कारण है कि वर्तमान युग में इंगला–पिंगला, सुषुन्मा, अनहद, नाद आदि पारिभाषिक शब्दावली मन में विशेष भावोत्तेजन नहीं करती। साहित्य की श्रेष्ठता मात्र ही उसके नित्य आकर्षण का आधार नहीं है। उसकी श्रेष्ठता का युगयुगीन आधार हैं, वे जीवन–मूल्य तथा उनकी अत्यंत कलात्मक अभिव्यक्तियों जो मनुष्य की स्वतंत्रता तथा उच्चतर मानव–विकास के लिए पथ–प्रदर्शक का काम करती है। पुराने साहित्य का केवल वहीं श्री–सौंदर्य हमारे लिए ग्राह्य होगा, जो नवीन जीवन–मूल्यों के विकास में सक्रिय सहयोग दे अथवा स्थिति रक्षा में सहायक हो। कुछ लोग साहित्य की सामाजिक प्रतिबद्धता को अस्वीकार करते हैं। वे मानते हैं कि साहित्यकार निरपेक्ष होता है और उस पर कोई भी दबाव आरोपित नहीं होना चाहिए, किंतु वे भूल जाते हैं कि साहित्य के निर्माण की मूल प्रेरणा मानव–जीवन में ही विद्यमान रहती है। जीवन के लिए ही उसकी सृष्टि होती है। तुलसीदास जब स्वांतः सुखाय काव्य–रचना करते हैं, तब अभिप्राय यह नहीं रहता कि मानव–समाज के लिए इस रचना का कोई उपयोग नही हैं, बल्कि उनके अंतः करण में संपूर्ण संसार की सुख भावना एवं हित कामना सन्निहित रहती है, जो साहित्यकार अपने संपूर्ण व्यक्तित्व को व्यापक लोक जीवन में सन्निविष्ट कर देता हैं, उसी के हाथों स्थायी एवं प्रेरणाप्रद साहित्य का सृजन हो सकता है।

(1) साहित्य की श्रेष्ठता का निर्धारण सुनिश्चित करता है

(क) व्यक्ति को बहुमुखी प्रतिभा का धनी बनाना

(ख) लोक व्यवहार की पराकष्ठा पर प्रतिक्रिया देना

(ग) सांस्कृतिक व ऐतिहासिक विरासत को बाधित करना

(घ) पथ–प्रशस्त कर मूल्यों का समावेशन करके कला भाव जगाना

(2) नवीन जीवन–मूल्यों के विकास में सक्रिय सहयोग से आशय है–

(क) स्वांत–सुखाय की कामना कर आगे बढ़ना

(ख) श्री–सौंदर्य को प्राथमिकता देकर आगे बढ़ना

(ग) नवाचार व मूल्यों को आत्मसात कर आगे बढ़ना

(घ) वर्तमान में साहित्य के माध्यम से आगे बढ़ना

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन (A)** : साहित्य की श्रेष्ठता मात्र ही उसके आकर्षण का आधार है।

**कारण (R)** : कुछ लोग साहित्य की सामाजिक प्रतिबद्धता को स्वीकार करते हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) 'कोई साहित्य अपने रचनाकाल के सौ वर्ष बीत जाने पर भी उतना ही प्रासंगिक रहता है। 'कथन के आधार पर उचित तर्क हैं–
(क) साहित्य की श्रेष्ठता मात्र ही उनके नित्य आकर्षण का आधार नहीं है
(ख) संपूर्ण साहित्य का स्थायी व स्पष्ट आधार नहीं है
(ग) लोक कल्याणकारी, स्थायी एवं प्रेरणाप्रद साहित्य होने की दशा में
(घ) पारिभाषिक शब्दावली द्वारा स्पष्टीकरण करने की दशा में

(5) 'साहित्यकार निरपेक्ष होता हैं और उस पर कोई भी दबाव आरोपित नहीं होना चाहिए। 'कथन किस मनोवृत्ति को प्रकट करता है–
(क) सामाजिक कार्यकर्ताओं की विचारधारा
(ख) साहित्य की शाश्वत क्रियाशील विचारधारा
(ग) समाज के प्रति वचनबद्धता का अभाव
(घ) निरपेक्ष व्यक्तियों की सकारात्मकता।

**3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'उसने तताँरा को तरह–तरह से अपमानित किया।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का प्रकार है–
(क) विशेषण पदबंध
(ख) क्रिया विशेषण पदबंध
(ग) सर्वनाम पदबंध
(घ) क्रिया पदबंध

(2) 'बादशाह सुलेमान मानव जाति के साथ–साथ पशु–पक्षियों के भी राजा हैं।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रिया पदबंध

(3) 'आप तो बहुत मालदार है।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है–
(क) आप तो
(ख) बहुत मालदार
(ग) तो बहुत
(घ) मालदार है

(4) क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटिए–
(क) अभागी वह करती भी तो क्या करती?
(ख) घर के चारों ओर पेड़ लगे हैं।
(ग) राम के भाई से चला नहीं जाता।
(घ) मुझे सब सुनाई दे रहा है।

(5) 'हरिहर काका धीरे–धीरे चलते हुए आँगन तक पहुँचे।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध
(घ) क्रिया विशेषण पदबंध

**4. निर्देशानुसार 'रचना' के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'नूह ने उसकी बात सुनी और दु:खी हो मुद्दत एक रोते रहें। इस वाक्य का सरल वाक्य के रूप में रूपांतरित वाक्य है–
(क) जब नूह ने उसकी बात सुनी तब वे दु:खी हो गए और मुद्दत तक रोते रहे।
(ख) नूह उसकी बात सुनकर दु:खी हो मुद्दत तक रोते रहे।
(ग) नूह ने दु:खी होकर उसकी बात सुनी और मुद्दत तक होते रहे।
(घ) चूँकि नूह ने उसकी बात सुनी इसलिए वे दु:खी हो मुद्दत तक रोते रहे।

(2) 'जब असफल हो गए तो शोक करना व्यर्थ है।'' इस वाक्य का भेद हैं–
(क) मिश्र वाक्य
(ख) प्रधान वाक्य
(ग) सरल वाक्य
(घ) संयुक्त वाक्य

(3) तताँरा को देखकर वामीरो फूट–फूटकर रोने लगी।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण होगा–
(क) तताँरा को देखा और वामीरो फूट–फूटकर रोने लगी।
(ख) जैसे ही तताँरा को देखा, वीमोरा फूट–फूटकर रोने लगी।
(ग) वीमोरो ने तताँरा को देखा, इसलिए फूट–फूटकर रोने लगी।
(घ) तताँरा को देखते ही वीमारो ने फूट–फूटकर रोना आरंभ कर दिया।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य है–

(क) संसार में रचना कैसे भी हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं है।

(ख) सहसा नारियल के झुरमटों में उसे एक आकृति कुछ साफ हुई।

(ग) बार–बार तताँरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता था।

(घ) मेरे जीवन में यह पहली बार है मैं इस तरह से विचलित हुआ हूँ।

(5) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| (1) | आपने मुझे कारतूस दिए इसलिए आपकी जान बख़्शी करता हूँ। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | उसके अफसाने सुन के रॉबिनहुड के कारनामे याद आ जाते हैं। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | हम जब अकेले पड़ते हैं तब अपने आप से लगातार बडबड़ाते हैं। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**

(क) 1-iii, 2-i, 3-ii

(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i

(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii

(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'शुभदिन' में कौनसा समास है?

(क) तत्पुरूष समास

(ख) कर्मधारय समास

(ग) द्विगु समास

(घ) द्वंद्व समास

(2) 'घुड़साल' का समास विग्रह है–

(क) घोड़े की साल

(ख) घोड़ों के लिए शाला

(ग) घोड़ों को शाला

(घ) घोड़ों से शाला

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | वनवास | (i) | बहुव्रीहि समास |
| (ii) | आटा–दाल | (ii) | द्वंद्व समास |
| (iii) | महर्षि | (iii) | कर्मधारय समास |
| (iv) | घनश्याम | (iv) | तत्पुरूष समास |

उपयुक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं–

(क) (i) और (iv)

(ख) (i) और (iii)

(ग) (ii) और (iii)

(घ) (ii) और (iv)

(4) 'गुरूदक्षिणा 'शब्द के सही समास विग्रह और समास का चयन कीजिए–

(क) गुरू से दक्षिणा – तत्पुरूष समास

(ख) गुरू का दक्षिणा – तत्पुरूष समास

(ग) गुरू की दक्षिणा – तत्पुरूष समास

(घ) गुरू के लिए दक्षिणा – तत्पुरूष समास

(5) 'अष्टाध्यायी 'शब्द के लिए सही समास विग्रह और समास का चयन कीजिए–

(क) आठ अध्यायों का समाहार – द्विगु समास

(ख) आठ हैं जो अध्याय – बहुव्रीहि समास

(ग) अष्ट और अध्याय – द्वंद्व समास

(घ) अष्ट के अध्याय – तत्पुरूष समास

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions

SOLUTIONS

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए–
(क) घुड़कियाँ खाना – साहस प्राप्त होना
(ख) तलवार खींचना – सब कुछ नष्ट करना
(ग) पन्ने रँगना – व्यर्थ में लिखना
(घ) आग– बूबला होना – अपने वश में रहना

(2) 'होश में न रहना' अर्थ के लिए उचित मुहावरा है–
(क) आँख लगना
(ख) साँप सूँघना
(ग) आपे से बाहर होना
(घ) सुध–बुध खोना

(3) सड़क पर गाड़ी तेज चलाने का मतलब है ........... कब दुर्घटना हो जाए भरोसा नहीं। रिक्त स्थान के लिए उचित मुहावरा चुनिए
(क) घड़ों पानी पड़ना
(ख) सिर पर तलवार लटकना
(ग) आकाश से तारे तोड़ना
(घ) तीन–तेरह होना

(4) परीक्षा के दिनों में छात्र पढ़ते–पढ़ते .........। उपयुक्त विकल्प से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए
(क) आड़े हाथों लेते हैं
(ख) आँखें फोड़ लेते हैं
(ग) आँखों में धूल झोंकते हैं
(घ) दाँतों तले उँगली दबा लेते हैं

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा–
जबसे रमेश ने नौकरी छोड़ व्यापार शुरू किया है वह तो बहुत अधिक परिश्रमी बन गया है।
(क) कोल्हू का बैल
(ख) ठन–ठन गोपाल
(ग) अड़ियल टट्टू
(घ) गोबर गणेश

(6) 'स्वार्थ सिद्ध करना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है–
(क) अपना राग अलापना
(ख) आँखे चुराना
(ग) पीठ दिखाना
(घ) अपना उल्लू सीधा करना

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश,
अवलोक रहा है बार–बार
पल–पल परिवर्तित प्रकृति–वेश।
नीचे जल में निज महाकार,
मेखलाकार पर्वत अपार
जिसके चरणों में पला ताल
अपने सहस्त्र दृग–सुमन फाड़,
दर्पण–सा फैला है विशाल है!

(1) पद्यांश में किस ऋतु का वर्णन किया गया है?
(क) शरद ऋतु का
(ख) ग्रीष्म ऋतु का
(ग) वर्षा ऋतु का
(घ) वसंत ऋतु का

(2) पर्वत किस आकार का है?
(क) माला के आकार का
(ख) करधनी के आकार का
(ग) त्रिशूल के आकार का
(घ) सूरज के आकार का

(3) पर्वत के चरणों में स्थित ताल की तुलना किससे की है?
(क) सूर्य से
(ख) रेगिस्तान से
(ग) दर्पण से
(घ) समुद्र से

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) 'दृग–सुमन' में कौन–सा अंलकार है?

(क) रूपक अलंकार (ख) उपमा अलंकार

(ग) श्लेष अलंकार (घ) यमक अलंकार

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए–

(i) पर्वतीय क्षेत्र है और गरमी की ऋतु है।

(ii) प्रकृति पल–पल में अपना रूप बदल रही है।

(iii) पर्वत पर फूल नहीं खिले हैं।

(iv) पर्वत की तलहटी में एक तालाब है।

(v) पर्वतमाला दूर–दूर तक फैली है।

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए

(क) (i), (ii) और (iv) (ख) (ii), (iv) और (v)

(ग) (i), (iv) और (v) (घ) (ii), (iii) और (iv)

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) कवि मनुष्य का आहवान करता है–

(क) एक–दूसरे का सहारा लेकर उठने के लिए (ख) आगे बढ़ने के लिए

(ग) देवों की गोद में आरूढ़ होने के लिए (घ) उपर्युक्त सभी

(2) "तव मुख पहचानूँ छिन–छिन में" से कवि का क्या भाव है?

(क) दुख के दिनों में पल–पल ईश्वर को याद करता रहूँ। (ख) विपत्ति आने पर पल–पल ईश्वर का मुँह ताकूँ।

(ग) सुख के दिनों में भी सदा ईश्वर को याद करता रहूँ। (घ) सुख के दिनों में ईश्वर को भूल जाया करूँ।

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

वह एक छः मंजिला इमारत थी जिसकी छत पर दफ़्ती की दीवारोवाली और तातामी (चटाई) की ज़मीनवाली एक सुंदर पर्णकुटी थी। बाहर बेढ़ब–सा एक मिट्टी का बरतन था। उसमें पानी भरा हुआ था। हमने अपने हाथ पाँव इस पानी से धोए। तौलिए से पोंछे और अंदर आ गए। अंदर 'चाजीन' बैठा था। हमें देखकर वह खड़ा हुआ। कमर झुकाकर उसने हमें प्रणाम किया। दो.....झो.....(आइए, तशरीफ लाइए) कहकर स्वागत किया। बैठने की जगह हमें दिखाई। अँगीठी सुलगाई। उस पर चायदानी रखी। बगल के कमरे में जाकर कुछ बर्तन ले आया। तौलिए से बर्तन साफ किए सभी क्रियाएँ इतनी गरिमापूर्ण ढंग से कीं कि उसकी हर भंगिमा से लगता था मानों जयजयवंती के सुर गूँज रहे हों। वहाँ का वातावरण इतना शांत था कि चायदानी के पानी का खदबदाना भी सुनाई दे रहा था।

(1) इमारत मे मंजिले थी–

(क) पाँच (ख) छः

(ग) सात (घ) आठ

(2) पर्णकुटी की दीवारे थी–

(क) ईंटो की (ख) पत्थर की

(ग) काँच की (घ) दफ़्ती की

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों मे से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन (A)** चायदानी के पानी का खदबदाना सुनाई दे रहा था

**कारण (R)** आस–पास का वातावरण बहुत शांत था।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो ही गलत है

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(4) चाय बनाने की प्रक्रिया में सम्मिलित चरणों पर विचार कीजिए और उस चरण का चयन कीजिए जो इस प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं है–

(i) अँगीठी सुलगाना
(ii) अँगीठी पर चायदानी रखना
(iii) तौलिए से बर्तन साफ़ करना
(iv) दूध उबालना

(क) केवल (iv)
(ख) (i) और (ii)
(ग) (ii) और (iii)
(घ) (i), (ii) (iii) व (iv)

(5) 'चाजीन' ने सभी क्रियाएँ की थी–

(क) गरिमापूर्ण ढंग से
(ख) असभ्यतापूर्वक
(ग) अनमने ढंग से
(घ) जल्दबाजी से

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) निम्नलिखित में से कौन–सा वाक्य कलकत्तावासियों के लिए 26 जनवरी, 1931 के दिन की महत्ता को दर्शाता हैं?

(i)लोगों ने अग्रेंजी सरकार का डटकर विरोध किया
(ii) स्वतंत्रता दिवस सभी स्त्री–पुरूषों ने मिलकर मनाया
(iii) स्वतंत्रता की घोषणा पढ़ डाली
(iv) कलकत्ता के प्रत्येक भाग में झंडे लगाए गए।

(क) केवल (iv)
(ख) (i) और (ii)
(ग) (ii) और (iii)
(घ) (i), (ii) (iii) व (iv)

(2) वजीर अली का मकसद क्या था?

(क) वह अवध को फैलाना चाहता था
(ख) वह अवध को अंग्रेजों से मुक्त कराना चाहता था
(ग) वह अवध को बर्बाद करना चाहता था
(घ) इनमें से कोई नहीं

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताएँ बताइए।

(2) लेखक ने ऐसा क्यों लिखा है कि तीसरी कसम ने साहित्य–रचना के साथ शत–प्रतिशत न्याय किया है?

(3) सुलेमान, शेख अयाज के पिता और नूह के स्वभाव की उन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए, जो उन्हें आज के मनुष्यों से अलग करती है।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) संसार में सुखी व्यक्ति कौन है और दुःखी कौन? कबीर की साखी में 'सोना' और 'जगाना' किसके प्रतीक हैं? इनका प्रयोग यहाँ क्यों किया गया हैं? स्पष्ट कीजिए।

(2) मीराबाई ने हीरे से स्वंय का कष्ट दूर करने की जो विनती की हैं, उसमें स्वंय का कौन–सा संबंध बताया हैं? जिन भक्तों के उदाहरण दिए गए हैं, उनमें से एक पर की गई कृष्ण–कृपा को संक्षेप में लिखिए।

(3) 'कर चले हम फिदा' कविता में देशवासियों से क्या अपेक्षाएँ की गई हैं? क्या हम उन अपेक्षाओं को पूरा कर रहे हैं? तर्कसहित उत्तर दीजिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(2) 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि बच्चों की रुचि पढ़ाई में क्यों नहीं थी? माँ–बाप को उनकी पढ़ाई व्यर्थ क्यों लगती थी?

(3) 'अम्मी' शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई और क्यों?

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

**(1) समय का महत्त्व**

- समय का महत्त्व
- समय नियोजन
- समय गवाने की हानियाँ

**(2) पर्वों का बदलता स्वरूप**

- तात्पर्य
- परंपरागत तरीके
- बाजार का बढ़ता प्रभाव

**(3) महानगरीय जीवन**

- विकास की अँधी दौड
- संबंधों का ह्यस
- दिखावा

**15. (1) रेलयात्रा के दौरान रेल में मिलने वाले भोजन के आपत्तिजनक, न्यून स्तर की शिकायत करते हुए रेलवे पुलिस अधीक्षक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को अपने क्षेत्र में चल रही बिजली की कटौती में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करने के लिए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

**16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $(4 \times 1 = 4)$

(1) विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए योजनाबद्ध कार्यक्रम के निर्धारण हेतु सभी कक्षाओं के प्रतिनिधियों की बैठक के लिए समय, स्थान आदि के विवरण सहित सूचना लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) बाढ़ पीड़ितों को सहायता देने के लिए प्रधानाचार्य की ओर से सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए।

**17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए–** $(3 \times 1 = 3)$

(1) नाखूनों की सुंदरता बढ़ाने के लिए नेलपॉलिश का विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) आपके विद्यालय में श्रेया घोषाल की गायकी का कार्यक्रम है। इस संदर्भ में किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र में देने योग्य विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

**18. (1) 'बुद्धि ही बल है' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) अपने क्षेत्र में पार्क का निर्माण करवाने हेतु उद्यान विभाग के सचिव को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।**

□□□□□□□

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions

SOLUTIONS

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 6

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

मनुष्य के जीवन में हास्य का विशेष महत्त्व हैं। हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है। जीवन की सबसे प्यारी और उत्तम–से–उत्तम वस्तु एक बार हँस लेना तथा शरीर को अच्छा रखने की अच्छी–से–अच्छी दवा एक बार खिलखिला उठना है। पुराने लोग कह गए हैं कि हँसो और पेट फुलाओ। हँसी कितने ही कला–कौशलों से भली है। जितना ही अधिक आनंद से हँसोगे, उतनी ही आयु बढ़ेगी। एक यूनानी विद्वान कहता है कि सदा अपने कर्मों पर खीझने वाला हेरीक्लेस बहुम कम जिया, पर प्रसन्न मन डेमाक्रीट्स 109 वर्ष तक जिया। हँसी–खुशी का नाम जीवन है। जो रोते हैं, उनका जीवन व्यर्थ है। कवि कहता है– 'जिंदगी जिंदादिली का नाम है, मुर्दा दिल क्या खाक जिया करते हैं।' मनुष्य के शरीर के वर्णन पर एक विलायती विद्वान ने पुस्तक लिखी है। उसमें वह कहता है कि उत्तम सुअवसर की हँसी उदास–से–उदास मनुष्य के चित्त को प्रफुल्लित कर देती है। आनंद एक ऐसा प्रबल इंजन है कि उससे शोक और दुःख की दीवारों को ढा सकते हैं। प्राण–रक्षा के लिए सदा सब देशों में उत्तम–से–उत्तम उपाय मनुष्य के चित्त को प्रसन्न रखना है। सुयोग्य वैद्य अपने रोगी के कानों में आनंदरूपी मंत्र सुनाता है। एक अंग्रेज डॉक्टर कहता है कि किसी नगर में दवाई लदे हुए बीस गधे ले जाने से एक हँसोड़ आदमी को ले जाना अधिक लाभकारी है। डॉक्टर हस्फलेंड ने एक पुस्तक में आयु बढ़ाने का उपाय लिखा है। वह लिखता है कि हँसी बहुत उत्तम चीज़ पाचन के लिए है, इससे अच्छी औषधि और नहीं है। एक रोगी ही नहीं, सबके लिए हँसी बहुत काम की वस्तु है।

(1) गद्यांश के अनुसार, हँसी क्या है?
(क) एक पागलपन है
(ख) भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है
(ग) दुःख की अभिव्यक्ति है
(घ) दूसरों का उपहास है

(2) शरीर को स्वस्थ रखने की सबसे अच्छी दवा क्या है?
(क) व्यायाम
(ख) अच्छा भोजन
(ग) खिलखिला कर हँसना
(घ) ताजी हवा का सेवन

(3) पुराने समय में लोगों ने हँसी को महत्त्व क्यों दिया?
(क) हँसी से धन–दौलत प्राप्त होती है
(ख) हँसी से यश–प्रतिष्ठा की प्राप्ति होती है
(ग) हँसी से आयु बढ़ती है
(घ) हँसी से सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं

(4) हँसी को एक शक्तिशाली इंजन के समान क्यों कहा गया है?
(क) इससे कठिन–से–कठिन कार्य किया जा सकता है
(ख) इससे शोक और दुःख की दीवारों को ढा सकते हैं
(ग) इससे हम आत्मरक्षा कर सकते हैं
(घ) इससे शत्रुओं पर विजय प्राप्त की जा सकती है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन (A)** पुराने लोग कह गए हैं कि हँसो और पेट फुलाओ।

**कारण (R)** हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

वर्तमान युग कंप्यूटर युग है। यदि भारतवर्ष पर नजर दौड़ाकर देखें तो हम पाएँगे कि जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में कंप्यूटर का प्रवेश हो गया है। बैंक, रेलवे–स्टेशन, हवाई–अड्डे, डाकखाने, बड़े–बड़े उद्योग–कारखाने, व्यवसाय, हिसाब–किताब, रुपये गिनने तक की मशीनें कंप्यूटरीकृत हो गई हैं। अब भी यह कंप्यूटर का प्रारंभिक प्रयोग है। आने वाला समय इसके विस्तृत फैलाव का संकेत दे रहा है। प्रश्न उठता है कि क्या कंप्यूटर आज की जरूरत है? इसका उत्तर है– कंप्यूटर जीवन की मूलभूत अनिवार्य वस्तु तो नहीं है, किंतु इसके बिना आज की दुनिया अधूरी जान पड़ती है। सांसारिक गतिविधियाँ, परिवहन और संचार उपकरणों आदि का ऐसा विस्तार हो गया है कि उन्हें सुचारु रूप से चलाना अत्यंत कठिन होता जा रहा है। पहले मनुष्य जीवन–भर में अगर सौ लोगों के संपर्क में आता था तो आज वह दो–हजार लोगों के संपर्क में आता है। पहले दिन में पाँच–दस लोगों से मिलता था तो आज पचास–सौ लोगों से मिलता है। पहले वह दिन में काम करता था तो आज रातें भी व्यस्त रहती हैं। आज व्यक्ति के संपर्क बढ़ रहे हैं, व्यापार बढ़ रहे हैं, गतिविधियाँ बढ़ रही हैं, आकांक्षाएँ बढ़ रही हैं, साधन बढ़ रहे हैं। इस अनियंत्रित गति को सुव्यवस्था देने की समस्या आज की प्रमुख समस्या है। कहते हैं आवश्यकता आविष्कार की जननी है। इस आवश्यकता ने अपने अनुसार निदान ढूँढ लिया है। कंप्यूटर एक ऐसी स्वचालित प्रणाली है जो कैसी भी अव्यवस्था को व्यवस्था में बदल सकती है। हड़बड़ी में होने वाली मानवीय भूलों के लिए कंप्यूटर रामबाण औषधि है। क्रिकेट के मैदान में अंपायर की निर्णायक भूमिका हो या लाखों–करोड़ों की लंबी–लंबी गणनाएँ कंप्यूटर पलक झपकते ही आपकी समस्या हल कर सकता है। पहले इन कामों को करने वाले कर्मचारी हड़बड़ाकर काम करते थे, एक भूल से घबराकर और अधिक गड़बड़ी करते थे। परिणामस्वरूप काम कम, तनाव अधिक होता था। अब कंप्यूटर की सहायता से काफी सुविधा हो गई है।

(1) वर्तमान युग कंप्यूटर का युग है, क्योंकि–

(क) कंप्यूटर के बिना जीवन की कल्पना असंभव सी हो गई है

(ख) कंप्यूटर ने पूरे विश्व के लोगों को जोड़ दिया है

(ग) कंप्यूटर जीवन की अनिवार्य मूलभूत वस्तु बन गया है

(घ) कंप्यूटर मानव सभ्यता के सभी अंगों का अभिन्न अवयव बन चुका है

(2) निम्नलिखित में से कंप्यूटर के महत्त्व के विषय में कौन–सा कथन सही है–

(क) कंप्यूटर काम के तनाव को समाप्त करने का उपाय है

(ख) कंप्यूटर कई मानवीय भूलों को निर्णायक रूप से सुधार देता है

(ग) कंप्यूटर के आने से सारी हड़बड़ाहट दूर हो गई है

(घ) मानव की सारी समस्याओं का हल कंप्यूटर से संभव है

(3) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

(i) वर्तमान युग कंप्यूटर का युग है

(ii) आने वाला समय कंप्यूटर के विस्तृत फैलाव का संकेत दे रहा है

(iii) कंप्यूटर हड़बड़ाहट में काम करता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/कौन–से कथन सही है/हैं–

(क) केवल (i)
(ख) (i) और (ii)
(ग) (i) और (iii)
(घ) (ii) और (iii)

(4) कंप्यूटर के प्रयोग से पहले अधिक तनाव क्यों होता था?

(क) लंबी–लंबी गणनाएँ करनी पड़ती थीं
(ख) गलतियों के डर से कर्मचारी घबराए रहते थे
(ग) क्रिकेट मैचों में गलत निर्णय का खतरा रहता था
(घ) मानवीय भूलों के कारण बड़ी दुर्घटनाएँ होती थीं

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन (A)** कंप्यूटर के बिना आज की दुनिया अधूरी है।

**कारण (R)** सारी व्यवस्था, उपकरण और मशीनें कंप्यूटरीकृत हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'कमरे में आते ही भाई साह का वह रौद्र रूप देखकर प्राण सूख जाते।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–

(क) सर्वनाम पदबंध (ख) विशेषण पदबंध

(ग) संज्ञा पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(2) 'पूरी लगने से काम करने वाला मैं असफल नहीं हो सकता।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–

(क) विशेषण पदबंध (ख) क्रियाविशेषण पदबंध

(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(3) 'दिन–रात मेहनत करने वाले मजदूरों को दो वक्त का खाना भी नहीं मिलता।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है–

(क) दिन–रात मेहनत करने वाले (ख) मजदूरों को

(ग) नहीं मिलता (घ) दो वक्त का खाना भी

(4) क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटिए–

(क) अचानक जोरों से आँधी आ गई (ख) कोई एक लाख व्यक्ति मैदान में जमा थे

(ग) वह अब तक सो चुका होगा (घ) मथुरा का राजा कंस बहुत क्रूर था

(5) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों के जीवन से आदर्श धीरे–धीरे पीछे हटने लग जाते हैं।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–

(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध

(ग) क्रिया विशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'जापान में चाय पीने की एक विधि है, जिसे 'चा–नो–यू' कहते हैं।' वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण होगा–

(क) जापान में चाय पीने की विधि को 'चा–नो–यू' कहते हैं।

(ख) जापान में चाय पीने की एक विधि है और उसे 'चा–नो–यू' कहते हैं।

(ग) जापान में चाय पीने की एक विधि है, उसे 'चा–नो–यू' कहते हैं।

(घ) जापान में 'चा–नो–यू' उसे कहते हैं, जो चाय पीने की एक विधि है।

(2) 'ग्वालियर से बंबई की दूरी ने संसार को काफी कुछ बदल दिया था।' वाक्य का भेद है–

(क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य (घ) इनमें से कोई नहीं

(3) 'इनमें से दो कबूतरों ने मेरे फ्लैट के एक मचान में घोंसला बना लिया है।' वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण होगा–

(क) मेरे फ्लैट के एक मचान में घोंसला बना लिया है क्योंकि इनमें से दो कबूतर हैं।

(ख) इनमें दो कबूतर हैं इसलिए मेरे फ्लैट के एक मचान में घोंसला बना लिया है।

(ग) इनमें दो कबूतर, जो मेरे फ्लैट के एक मचान में घोंसला बना लिए हैं।

(घ) इनमें से दो कबूतर हैं और मेरे फ्लैट के एक मचान में घोंसला बना लिया है।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(4) निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य है–
(क) भाई साहब सालाना इम्तहान में फ़ेल हो गए।
(ख) जैसे ही पुलिस आई, गली में सन्नाटा छा गया
(ग) वह केवल ईमानदार ही नहीं बल्कि विनम्र भी है
(घ) ऐसा काम करो, जिसमें कुछ भलाई हो

(5) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | ठीक चार बजकर दस मिनट पर सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | जब ठीक चार बजकर दस मिनट हुए तब सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | ठीक चार बजकर दस मिनट हुए और सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-i, 2-iii, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'माता–पिता' में समास है–
(क) द्वंद्व समास
(ख) द्विगु समास
(ग) बहुव्रीहि समास
(घ) तत्पुरुष समास

(2) 'यथार्थ' का समास–विग्रह है–
(क) अर्थ के विपरीत
(ख) अर्थ के अनुसार
(ग) अर्थ से अधिक
(घ) सार्थक शब्द

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | समस्त पद | | समास |
|---|---|---|---|
| (i) | पति–पत्नी | (i) | द्वंद्व समास |
| (ii) | आजीवन | (ii) | अव्ययीभाव समास |
| (iii) | जलद | (iii) | द्विगु समास |
| (iv) | कापुरुष | (iv) | तत्पुरुष समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं–
(क) (i) और (iii)
(ख) (ii) और (iv)
(ग) (i) और (iv)
(घ) (i) और (ii)

(4) 'हवन–सामग्री' शब्द के लिए सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए–
(क) हवन की सामग्री – कर्मधारय समास
(ख) हवन के लिए सामग्री – तत्पुरुष समास
(ग) हवन और सामग्री – द्वंद्व समास
(घ) हवन के समान सामग्री – द्विगु समास

(5) 'साभार' का समास विग्रह एवं भेद होगा–
(क) आभार सहित – अव्ययीभाव समास
(ख) आभार रहित – द्विगु समास
(ग) आभार और सहित – द्वंद्व समास
(घ) आभार के बिना – कर्मधारय समास

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए–
(क) ठंडा पड़ना – ठंड लगना
(ख) टूट जाना – खराब हो जाना
(ग) सिर फिरना – घूम जाना
(घ) उँगली उठाना – आरोप लगाना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(2) 'किसी बात का असर होना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है–
(क) आग–बबूला होना
(ख) चिकना घड़ा
(ग) छक्के छुड़ाना
(घ) अक्ल का दुश्मन

(3) पुलिस ने रिश्वत लेकर मामले को ............. दिया। रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उचित विकल्प चुनिए।
(क) रफा–दफा कर
(ख) अगर–मगर कर
(ग) आकाश–पाताल एक कर
(घ) टेढ़ी–खीर कर

(4) वह मेरा धन नहीं दे रहा, लगता है ............. । रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उपयुक्त मुहावरा चुनिए।
(क) दाल में कुछ काला होना
(ख) सीधी उँगली से घी न निकलना
(ग) गिरगिट की तरह रंग बदलना
(घ) आड़े हाथों लेना

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?
वह लड़का तो <u>मूर्ख</u> है, उसे कितना ही समझाओ, मानता ही नहीं है।
(क) गुदड़ी का लाल
(ख) गुरु घंटाल
(ग) अक्ल का अंधा
(घ) अँगूठी का नगीना

(6) 'अत्यंत प्रिय होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है–
(क) चार चाँद लगाना
(ख) तूती बोलना
(ग) अंधे की लाठी
(घ) आँखों का तारा होना

**7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

उड़ गया, अचानक लो, भूधर
फड़का अपार पारद के पर!
रव–शेष रह गए हैं निर्झर!
है टूट पड़ा भू पर अंबर!
धँस गए धरा में सभय शाल!
उठ रहा धुआँ, जल गया ताल!
–यों जलद–यान में विचर–विचर
था इंद्र खेलता इंद्रजाल

(1) पद्यांश के अनुसार, अचानक कौन उड़ गया?
(क) हंस
(ख) पर्वत
(ग) मोर
(घ) बादल

(2) अंबर कहाँ टूट पड़ा?
(क) पर्वत पर
(ख) समुद्र पर
(ग) धरती पर
(घ) वृक्षों पर

(3) शाल के वृक्ष किससे भयभीत होकर धरा में धँस गए हैं?
(क) तेज हवा से
(ख) प्रकृति का भयानक रूप देखकर
(ग) भूकंप से
(घ) बाढ़ से

(4) 'इंद्रजाल' कौन खेल रहा है?
(क) बादल
(ख) सूरज
(ग) इंद्र
(घ) वरुण

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए–
(i) बादल पर्वत को ढक लेते हैं।
(ii) नदी कल–कल करती हुई बह रही है।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(iii) झरनों की केवल आवाज सुनाई दे रही है
(iv) बादलों ने पीपल के वृक्षों को ढक लिया है
(v) पर्वत प्रदेश में इंद्र देवता बादल रूपी यान पर सवार होकर इंद्रजाल का खेल खेल रहे हैं

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए–

(क) (i), (iii), (v) (ख) (ii), (iii), (v)
(ग) (ii), (iv), (v) (घ) (i), (iii), (iv)

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) आखिरकार तोप का मुँह एक दिन बंद क्यों हो जाता है–
(क) क्योंकि तोप कुछ समय बाद पुरानी हो जाती है
(ख) क्योंकि तोप कुछ समय बाद खराब हो जाती है
(ग) क्योंकि तोप समस्या का अंतिम समाधान नहीं है
(घ) क्योंकि तोप प्रयोग करने योग्य नहीं रहती है

(2) 'आत्मत्राण' कविता का केंद्रीय भाव है–
(क) प्रार्थना और अनुनय
(ख) दीनता और याचना
(ग) दया और करुणा
(घ) स्वाभिमान और आत्मविश्वास

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

इस प्रकार करीब पौन घंटे के बाद पुलिस की लारी आई और उनको लालबाजार से ले जाया गया। और भी कई आदमियों को पकड़ा गया। बृजलाल गोयनका जो कई दिन से अपने साथ काम कर रहा था और दमदम जेल में भी अपने साथ था, पकड़ा गया। पहले तो वह झंडा लेकर वंदे मातरम् बोलता हुआ मोनुमेंट की ओर इतने जोर से दौड़ा कि अपने आप ही गिर पड़ा और उसे एक अंग्रेजी घुड़सवार ने लाठी मारी फिर पकड़कर कुछ दूर ले जाने के बाद छोड़ दिया। इस पर वह स्त्रियों के जुलूस में शामिल हो गया और वहाँ पर भी उसको छोड़ दिया तब वह दो सौ आदमियों का जुलूस बनाकर लालबाजार गया और वहाँ पर गिरफ्तार हो गया। मदालसा भी पकड़ी गई थी। उससे मालूम हुआ कि उसको थाने में भी मारा था। सब मिलाकर 105 स्त्रियाँ पकड़ी गई थीं। बाद में रात को नौ बजे सबको छोड़ दिया गया। कलकत्ता में आज तक इतनी स्त्रियाँ एक साथ गिरफ्तार नहीं की गई थीं। करीब आठ बजे खादी भंडार आए तो कांग्रेस ऑफिस से फोन आया कि यहाँ बहुत आदमी चोट खाकर आए हैं और कई की हालत संगीन है उनके लिए गाड़ी चाहिए। जानकीदेवी के साथ वहाँ गए, बहुत लोगों को चोट लगी हुई थी। डॉक्टर दासगुप्ता उनकी देख–रेख तथा फोटो उतरवा रहे थे। उस समय तक 67 आदमी वहाँ आ चुके थे। बाद में तो 103 तक आ पहुँचे।

(1) लेखक के साथ कई दिन से कौन काम कर रहा था?
(क) पूर्णोदास (ख) पुरुषोत्तम
(ग) बृजलाल गोयनका (घ) क्षितीश चटर्जी

(2) घायलों का फोटो उतारे जाने के कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) ताकि प्रमाण रहे कि किन–किन लोगों ने जुलूस में भाग लिया
(ii) अंग्रेज सरकार को दिखाने के लिए
(iii) सुभाष बाबू को दिखाने के लिए
(iv) उन्हें सज़ा दिलाने के लिए

(क) केवल (i) (ख) (ii) और (iii)
(ग) केवल (iii) (घ) (i), (ii) और (iv)

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन (A)** : कांग्रेस ऑफिस से फोन आया।
**कारण (R)** : जुलुस में घायल हुए लोगों के लिए गाड़ी की ज़रूरत थी।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत हैं लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(4) पुलिस द्वारा जुलूस निकाल रही कितनी स्त्रियों को गिरफ्तार किया गया?
(क) सड़सठ (ख) एक सौ तीन
(ग) एक सौ पाँच (घ) दो सौ

(5) घायलों की देख–रेख कौन कर रहा था?
(क) डॉक्टर दासगुप्ता (ख) डॉक्टर जतिनघोष
(ग) डॉक्टर नलिन गुप्ता (घ) डॉक्टर कमलनाथ

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) निम्नलिखित में से कौन–से वाक्य दर्शाते हैं कि 'शैलेंद्र गीतकार नहीं कवि थे'
(i) गीतकार पेसे के लिए गीत लिखता है जबकि कवि आत्म–संतुष्टि के लिए
(ii) शैलेंद्र सिनेमा की चकाचौंध में रहते हुए भी यश और धन की लिप्सा से दूर रहे
(iii) शैलेंद्र फिल्म निर्माता की इच्छानुसार गीत लिखते थे
(iv) शैलेंद्र के गीतों पर उनकी व्यक्तिगत छाप होती थी
विकल्प
(क) केवल (i) (ख) (ii) और (iii)
(ग) केवल (iii) (घ) (i), (ii) और (iv)

(2) माँ ने मुर्गे को परेशान न करने के लिए कहा क्योंकि–
(क) वह हजरत मुहम्मद को अजीज है
(ख) वह मुल्ला को अजीज है
(ग) वह लेखक की माँ को अजीज है
(घ) वह मुल्ला से पहले अजान देकर सबको सवेरे जगाता है

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) 'गांधीजी में नेतृत्व की अद्‌भुत क्षमता थी।' उदाहरण सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए।

(2) 'अगर मैं बीमार हो जाऊँ तो तुम्हारे हाथ–पाँव फूल जाएँगे।' बड़े भाई साहब ने छोटे भाई को यह क्यों कहा?

(3) 'कारतूस' नाटिका में सवार कर्नल से एकांत में बात क्यों करना चाहता था?

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) पोथी पढ़ने से वह ज्ञान क्यों नहीं प्राप्त होता जो प्रेम की भाषा बोलने से प्राप्त हो जाता है?

(2) 'कर चले हम फ़िदा' गीत में कवि ने वीरों के प्राण छोड़ते समय का मार्मिक वर्णन किस प्रकार किया है? अपने शब्दों में लिखिए।

(3) 'मनुष्यता' कविता के द्वारा कवि ने क्या प्रतिपादित करना चाहा है? विस्तार से स्पष्ट कीजिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) हरिहर काका के साथ उनके भाइयों तथा ठाकुरबारी के महंत ने कैसा व्यवहार किया? क्या आप उसे उचित मानते हैं? कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

(2) लेखक को स्कूल जाने के नाम से उदासी क्यों आती थी? 'सपनों के–से दिन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। आपको स्कूल जाना कैसा लगता है और क्यों?

(3) 'इफ़्फ़न की दादी मुस्लिम विचाराधारा की तरह हिंदू विचाराधारा से भी प्रभावित थीं।' 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** $(5 \times 1 = 5)$

**(1) आज का युवा वर्ग**

- भौतिकता की ओर आकर्षण
- भारतीय संस्कृति के प्रति घटती आस्था
- कुछ कर गुजरने की हिम्मत

**(2) लोकतंत्र और चुनाव**

- लोकतंत्र में लोक का महत्त्व
- जनता की आवाज : चुने हुए प्रतिनिधि
- प्रतिनिधि चुनने से लोकतंत्र की रक्षा
- सही प्रतिनिधि कैसे चुनें

**(3) करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान**

- अभ्यास का अर्थ
- अभ्यास के आवश्यक तत्व
- सच्चे कर्मवीर के लक्षण

**15. (1) किसी कम्पनी में क्लर्क के रिक्त पद की पूर्ति के लिए लगभग 100 शब्दों में एक आवेदन पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) दूरदर्शन निदेशालय को लगभग 100 शब्दों मे पत्र लिखकर अनुरोध कीजिए कि किशोरों के लिए देशभक्ति की प्रेरणा देने वाले अधिकाधिक कार्यक्रमों को प्रसारित करने की ओर ध्यान दिया जाए।**

**16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-** $(4 \times 1 = 4)$

(1) प्रधानाचार्य हैप्पी पब्लिक स्कूल, दरियागंज की ओर से गरीब व अनाथ बच्चों के दाखिले की सूचना लगभग 60 शब्दों में पर्याप्त जानकारी (उम्र, सुविधाएँ आदि) सहित दीजिए।

**अथवा**

(2) आपकी सोसायटी में मरम्मत का कार्य होने जा रहा है। सचिव होने के नाते सभी सदस्यों को इसकी जानकारी देने व कार्य में सहयोग देने का अनुरोध करते हुए लगभग 60 शब्दों में सूचना जारी करें।

**17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-** $(3 \times 1 = 3)$

(1) गर्मियों की छुट्टियों में आपने नृत्य संस्थान खोला है। उससे संबंधित लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खिलौने बनाने वाली एक कम्पनी 'खिलता बचपन' के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

**18. (1) 'कुत्ते की स्वामी भक्ति' विषय पर लघुकथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) आपके शहर में बढ़ रहे संचारी रोगों के कारण नगरवासी बीमार हैं। इस पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।**

□□□□□□□

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 7

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

पर्यावरण का हमारे जीवन में बहुत महत्त्व है। मनुष्य एक पल भी इसके बगैर नहीं रह सकता। इसके समृद्ध और स्वस्थ होने से ही हमारा जीवन भी समृद्ध और सुखी होता है। हमारे पूर्वज प्रकृति की दैवीशक्ति के रूप में उपासना करते थे, उसे 'परमेश्वरी' भी कहते थे। उन्होंने पर्यावरण पर बहुत गहन चिंतन किया। जो कुछ पर्यावरण के लिए हानिकारक था, उसे आसुरी प्रवृत्ति कहा और जो हितकर था, उसे दैवी प्रवृत्ति माना। भारत के पुराने ग्रंथों में वृक्षों और वनों का चित्रण पृथ्वी के रक्षकवस्त्रों के रूप में किया गया है। उनको संतान की तरह पाला जाता था और हरे–भरे पेड़ों को अपने किसी स्वार्थ के लिए काटना पाप कहा जाता था। अनावश्यक रूप से पेड़ों को काटने पर दंड का विधान भी था। मनुष्य यह समझता है कि समस्त प्राकृतिक संपदा पर केवल उसी का आधिपत्य है। हम जैसा चाहें इसका उपभोग करें। इसी भोगवादी प्रवृत्ति के कारण मानव ने इसका इस हद तक शोषण कर लिया है कि अब उसका अस्तित्व ही संकट में पड़ गया है। वैज्ञानिक बार–बार चेतावनी दे रहे हैं कि प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करो, अन्यथा मानव जाति नहीं बच पाएगी। भारतीय संस्कृति में वृक्षों की रक्षा के महत्व को 'तुलसी और पीपल' के उदाहरणों से समझा जा सकता है। इन जीवनोपयोगी वृक्षों की देवी–देवता के समान ही पूजा की जाती है। पर्यावरण की दृष्टि से वृक्ष को परमरक्षक और मित्र बताया गया है। यह हमें अमृत प्रदान करता है, दूषित वायु को स्वयं ग्रहण करके हमें प्राणवायु देता है, मरुस्थल का नियंत्रक होता है, नदियों की बाढ़ को रोकता है और जलवायु को स्वच्छ बनाता है; इसलिए हमें वृक्षमित्र होकर जीवनयापन करना चाहिए।

(1) पूर्वजों ने आसुरी प्रवृत्ति किसे माना है?
(क) जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है
(ख) जो पर्यावरण के लिए हितकर है
(ग) जो जन–कल्याणकारी है
(घ) जो देवताओं के विरुद्ध है

(2) भारत के प्राचीन ग्रंथों में वृक्षों और वनों का चित्रण किस रूप में किया गया है?
(क) रमणीय स्थलों के रूप में
(ख) पृथ्वी के रक्षक वस्त्रों के रूप में
(ग) आश्रमों के रूप में
(घ) जीवन–रक्षकों के रूप में

(3) वैज्ञानिक बार–बार क्या चेतावनी देते हैं?
(क) भूकंप आने की
(ख) बाढ़ के आने की
(ग) प्रलय के आने की
(घ) मानव जाति के विनाश की

(4) भारतीय संस्कृति में वृक्षों की रक्षा के महत्व को किसके उदाहरण से समझा जा सकता है?
(क) नीम और जामुन के
(ख) आम और अमरूद के
(ग) तुलसी और पीपल के
(घ) अदरक और हल्दी के

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions

SOLUTIONS

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन (A) :** हमारे पूर्वज प्रकृति को विज्ञान के रूप में मान्यता देते थे।

**कारण (R) :** उन्होंने पर्यावरण का दोहन अपने लाभ के लिए किया।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

दैनिक जीवन में हम अनेक लोगों से मिलते हैं जो विभिन्न प्रकार के काम करते हैं– सड़क पर ठेला लगाने वाला, दूध वाला, नगर–निगम का सफाईकर्मी, बस कंडक्टर, स्कूल अध्यापक, हमारा सहपाठी और ऐसे ही कई अन्य लोग। शिक्षा, वेतन, परंपरागत चलन और व्यवसाय के स्तर पर कुछ लोग निम्न स्तर पर कार्य करते हैं तो कुछ उच्च स्तर पर। एक माली के कार्य को सरकारी कार्यालय के किसी सचिव के कार्य से अतिनिम्न स्तर का माना जाता है, किंतु यदि यही अपने कार्य को कुशलतापूर्वक करता है और उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करता है तो उसका कार्य उस सचिव के कार्य से कहीं बेहतर है, जो अपने काम में ढिलाई बरतता है तथा अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह नहीं करता। क्या आप ऐसे सचिव को एक आदर्श अधिकारी कह सकते हैं? वास्तव में पद महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण होता है कार्य के प्रति समर्पण–भाव और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता। इस संदर्भ में गाँधीजी से उत्कृष्ट उदाहरण और किसका दिया जा सकता है, जिन्होंने अपने हर कार्य को गरिमामय मानते हुए किया। वे अपने सहयोगियों को श्रम की गरिमा की सीख दिया करते थे। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय लोगों के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने सफाई करने जैसे कार्य को भी कभी नीचा नहीं समझा और इसी कारण स्वयं उनकी पत्नी कस्तूरबा से भी उनके मतभेद हो गए थे।

बाबा आमटे ने समाज द्वारा तिरस्कृत कुष्ठ रोगियों की सेवा में अपना समस्त जीवन समर्पित कर दिया। सुंदरलाल बहुगुणा ने अपने प्रसिद्ध 'चिपको आंदोलन' के माध्यम से पेड़ों को संरक्षण प्रदान किया। फ़ादर डेमियन ऑफ मोलाकाई, मार्टिन लूथर किंग और मदर टेरेसा जैसी महान आत्माओं ने इसी सत्य को ग्रहण किया। इनमें से किसी ने भी कोई सत्ता प्राप्त नहीं की, बल्कि अपने जनकल्याणकारी कार्यों से लोगों के दिलों पर शासन किया। गांधीजी का स्वतंत्रता के लिए संघर्ष उनके जीवन का एक पहलू है, किन्तु उनका मानसिक क्षितिज वास्तव में एक राष्ट्र की सीमाओं में बँधा हुआ नहीं था। उन्होंने सभी लोगों में ईश्वर के दर्शन किए। यही कारण था कि कभी किसी पंचायत तक के सदस्य नहीं बनने वाले गांधी जी की जब मृत्यु हुई तो अमेरिका का राष्ट्रध्वज भी झुका दिया गया था।

(1) कार्यप्रणाली में पारदर्शिता का तात्पर्य है–

(क) काम करने के ढंग में बरती गई चालाकी

(ख) काम करने के ढंग में बरती गई ईमानदारी

(ग) काम करने के ढंग में बरती गई दृढ़ता

(घ) काम करने के ढंग में बरती गई सोच

(2) समाज में व्यक्ति का स्तर किस आधार पर निश्चित होता है?

(क) शिक्षा के आधार पर

(ख) वेतन और परंपरागत चलन के आधार पर

(ग) व्यवसाय के आधार पर

(घ) उपर्युक्त सभी

(3) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

(i) कर्तव्य के प्रति समर्पण व्यक्ति के स्तर को निम्न बनाता है

(ii) कम आय वाले कार्य निम्न स्तर के होते हैं

(iii) पद से अधिक महत्वपूर्ण कार्य के प्रति समर्पण भाव और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/कौन–से कथन सही है/हैं–

(क) (i) और (ii)

(ख) (ii) और (iii)

(ग) केवल (i)

(घ) केवल (ii)

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions

SOLUTIONS

(4) एक माली का कार्य सरकारी सचिव के कार्य से भी बेहतर है, यदि–
(क) माली को अधिक वेतन मिले
(ख) सचिव अपने काम को कुशलता पूर्वक से न करे
(ग) माली अपने काम को कुशलतापूर्वक करे, किंतु सचिव ढिलाई बरते
(घ) दोनों का वेतन बराबर हो

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–
**कथन (A) :** कभी किसी पंचायत तक के सदस्य नहीं बनने वाले गाँधीजी की जब मृत्यु हुई तो अमेरिका का राष्ट्र ध्वज झुका दिया गया था।
**कारण (R) :** गाँधीजी सभी लोगों में ईश्वर के दर्शन करते थे।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) 'भोजन आज मुझे निस्वाद लग रहा था।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–
(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रियाविशेषण पदबंध
(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(2) निम्नलिखित में से विशेषण पदबंध का उदाहरण है–
(क) चाजीन ने चाय तैयार करके हमारे सामने रख दी। (ख) रात–दिन मेहनत करने वाला छात्र प्रथम आया है।
(ग) मैं इधर–उधर भटक रहा था (घ) उसके बाल सुंदर हैं

(3) 'अपने आत्मीय स्वभाव के कारण वह पूरे गाँव में चर्चित था।' इस वाक्य में सर्वनाम पदबंध है–
(क) अपने आत्मीय स्वभाव (ख) पूरे गाँव में चर्चित था
(ग) अपने आत्मीय स्वभाव के कारण वह (घ) इनमें से कोई नहीं

(4) 'उसने अंगीठी सुलगाकर चाय उस पर रख दी।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–
(क) विशेषण पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध
(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया विशेषण पदबंध

(5) 'तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–
(क) विशेषण पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) 'वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ दौड़ी।' इस संयुक्त वाक्य को परिवर्तित करने पर सरल वाक्य होगा–
(क) जैसे ही वामीरो सचेत हुई वैसे ही वह घर की तरफ दौड़ी
(ख) वामीरो कुछ सचेत हुई और वह घर की तरफ दौड़ी
(ग) वामीरो कुछ सचेत होने पर घर की तरफ दौड़ी
(घ) सचेत वामीरो हुई तथा घर की तरफ दौड़ी

(2) 'एक जमाना था कि लोग आठवाँ दरजा पास करके नायब तहसीलदार हो जाते थे।' रचना की दृष्टि से वाक्य है–
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) सामान्य वाक्य

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(3) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य है–
(क) मेरे और भाई साहब के बीच अब केवल एक दरजे का अंतर और रह गया
(ख) आखिर आदमी को कुछ तो अपनी पोजीशन का खयाल रखना चाहिए
(ग) जब भाई साहब ने पढ़ाई का एक भयंकर चित्र खींचा तब लेखक ने झटपट एक योजना तैयार की
(घ) मेरे रहते तुम बेराह न चलने पाओगे

(4) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | जब वामीरो तेज कदमों से चलती हुई आई तब तताँरा के सामने आकर ठिठक गई। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | तेज कदमों से चलके आती हुई वामीरो तताँरा के सामने आकर ठिठक गई। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | वामीरो तेज कदमों से चलती हुई आई और तताँरा के सामने आकर ठिठक गई। | (iii) | मिश्र वाक्य |

विकल्प
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(5) 'तताँरा के लिए मानो पूरे जीवन की अकेली प्रतीक्षा थी।' रचना की दृष्टि से यह वाक्य है–
(क) सरल वाक्य
(ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) इनमें से कोई नहीं

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– $(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'लोकप्रिय' समस्तपद में कौन–सा समास है?
(क) तत्पुरुष समास
(ख) कर्मधारय समास
(ग) अव्ययीभाव समास
(घ) द्वंद्व समास

(2) 'सज्जन' समस्तपद का समास–विग्रह होगा
(क) सद् है जो जन
(ख) सत् है जो जन
(ग) अच्छा है जो पुरुष
(घ) सत् के समान जन

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | समस्त पद | | समास |
|---|---|---|---|
| (i) | देशभक्ति | (i) | तत्पुरुष समास |
| (ii) | वनवास | (ii) | द्विगु समास |
| (iii) | कालीमिर्च | (iii) | कर्मधारय समास |
| (iv) | चौमासा | (iv) | द्वंद्व समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं–
(क) (i) और (iii)
(ख) (ii) और (iii)
(ग) (iii) और (iv)
(घ) (i) और (iv)

(4) 'शब्दहीन' शब्द के लिए सही समास विग्रह और भेद का चयन कीजिए–
(क) शब्द है जो हीन – कर्मधारय समास
(ख) हीन है जो शब्द – तत्पुरुष समास
(ग) शब्द से हीन – कर्मधारय समास
(घ) शब्द से हीन – तत्पुरुष समास

(5) 'चिंतामग्न' समस्तपद के लिए सही समास–विग्रह और भेद चुनिए–
(क) चिंता से युक्त – तत्पुरूष समास
(ख) चिंता से ग्रस्त – तत्पुरूष समास
(ग) चिंता में मग्न – तत्पुरूष समास
(घ) चिंता से निश्चिंत – तत्पुरूष समास

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions
SOLUTIONS

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प चयन कीजिए–
(क) घुड़कियाँ खाना – साहस प्राप्त होना
(ख) तलवार खींचना – सब कुछ नष्ट करना
(ग) पन्ने रँगना – समय नष्ट करना
(घ) आग–बबूला होना – अपने वश में रहना

(2) 'अत्यधिक प्रसन्न होना' अर्थ के लिए उचित मुहावरा है–
(क) आँखे खुलना
(ख) मन पसीजना
(ग) दिल बाग–बाग होना
(घ) घी के दीये जलाना

(3) 'सच्चे शूरवीर देश की रक्षा में प्राणों की ............।' रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उचित विकल्प चुनिए–
(क) बाजी लगा देते हैं
(ख) जान लगा देते हैं
(ग) ताकत लगा देते हैं
(घ) सुरक्षा लगा देते हैं

(4) 'अपने वश में न रहना' अर्थ के लिए उचित मुहावरा है–
(क) आँखों में तैरना
(ख) राह न सूझना
(ग) गिरह बाँधना
(घ) सुध–बुध खोना

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित होगा–
मित्र मैं तुम्हें सचेत कर रहा हूँ कि उससे दोस्ती करना हितकर नहीं है। वह <u>धोखा देने वाला साथी</u> है।
(क) आस्तीन का साँप
(ख) ईद का चाँद
(ग) गुदड़ी का लाल
(घ) थाली का बैंगन

(6) विशेषज्ञ विद्वान को समझाना ऐसा ही है, जैसे ............। रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उचित मुहावरा चुनिए–
(क) अपना उल्लू सीधा करना
(ख) जले पर नमक छिड़कना
(ग) सूरज को दीपक दिखाना
(घ) ऊँट के मुँह में जीरा होना

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

विपदाओं से मुझे बचाओ, यह मेरी प्रार्थना नहीं
केवल इतना हो (करुणामय)
कभी न विपदा में पाऊँ भय।
दुःख–ताप से, व्यथित चित्त को न दो सांत्वना नहीं सही
पर इतना होवे (करुणामय)
दुःख को मैं कर सकूँ सदा जय।
कोई कहीं सहायक न मिले
तो अपना बल पौरुष न हिले;
हानि उठानी पड़े जगत् में लाभ अगर वंचना रही
तो भी मन मैं ना मानूँ क्षय।।

(1) पद्यांश में कौन ईश्वर से प्रार्थना कर रहा है?
(क) एक बालक
(ख) एक भक्त
(ग) स्वयं कवि
(घ) एक किसान

(2) विपदा के विषय में कवि ईश्वर से क्या प्रार्थना करता है?
(क) मुझे विपदा से बचा लेना
(ख) विपदा में मेरी सहायता करना
(ग) मैं विपदा में कभी भयभीत न होऊँ
(घ) विपक्ष मेरे लिए वरदान बन जाए

(3) कवि किस पर विजय पाने की प्रार्थना करता है?
(क) शत्रुओं पर
(ख) मित्रों पर
(ग) इंद्रियों पर
(घ) दुःखों पर

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) कवि कैसी स्थिति में बल–पौरुष न हिलने की प्रार्थना करता है?
(क) जब सामने शत्रु खड़ा हो (ख) जब कोई सहायक न मिले
(ग) जब हानि हो जाए (घ) जब सफलता न मिले

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए–
(i) कवि विपत्तियों से बचाने के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहा है
(ii) विपत्तियों से भयभीत न होने का आशीर्वाद माँग रहा है
(iii) वह स्वयं दुःख पर विजय प्राप्त करना चाहता है
(iv) जीवन में सहायक चाहता है।
(v) हिम्मत न हारने का आशीर्वाद चाहता है
पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए–
(क) (i), (ii) और (iv) (ख) (ii), (iii) और (v)
(ग) (i), (iv) और (v) (घ) (ii), (iii) और (iv)

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) 'बूढ़तो गजराज राख्यो, काटी कुंजर पीर' पंक्ति का भाव है–
(क) जैसे आपने ऐरावत को मगरमच्छ से बचाया (ख) जैसे आपने इंद्र को मगरमच्छ से बचाया
(ग) जैसे आपने प्रहलाद को मगरमच्छ से बचाया (घ) जैसे आपने द्रौपदी को मगरमच्छ से बचाया

(2) ब्रिटिश सेना ने तोप का प्रयोग क्यों किया?
(क) भारतीय देशभक्तों का दमन करने के लिए (ख) अपनी हुकूमत चलाने के लिए
(ग) खुद को शक्तिशाली बनाने के लिए (घ) बातचीत बंद करने के लिए

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

हमारी फिल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी होती है, लोक तत्व का अभाव। वे जिंदगी से दूर होती है यदि त्रासद स्थितियों का चित्रांकन होता है तो उन्हें ग्लोरिफाई किया जाता है। दुःख का ऐसा वीभत्स रूप प्रस्तुत होता है जो दर्शकों का भावनात्मक शोषण कर सके और 'तीसरी कसम' की यह खास बात थी कि वह दुःख को भी सहज स्थिति में, जीवन–सापेक्ष प्रस्तुत करती है।

मैंने शैलेंद्र को गीतकार नहीं, कवि कहा है। वे सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए यश और धन–लिप्सा से कोसों दूर थे। जो बात उनकी जिंदगी में थी वही उनके गीतों में भी। उनके गीतों में सिर्फ करुणा नहीं, जूझने का संकेत भी था और वह प्रक्रिया भी मौजूद थी जिसके तहत अपनी मंजिल तक पहुँचा जाता है। व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।

(1) हमारी फिल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी है–
(क) कलात्मकता का अभाव (ख) अच्छे संगीत का अभाव
(ग) लोक–तत्व का अभाव (घ) हिंसा की अधिकता

(2) भारतीय फिल्मों में किसे ग्लोरिफाई किया जाता है?
(क) श्रृंगारिक दृश्यों को (ख) त्रासद स्थितियों के चित्रांकन को
(ग) अपराध और हिंसा को (घ) भोग–विलास को

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–
**कथन (A) :** लेखक ने शैलेंद्र को गीतकार नहीं, कवि कहा है
**कारण (R) :** शैलेंद्र सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए यश और धन–लिप्सा से कोसों दूर थे।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**
SOLUTIONS

(4) शैलेंद्र के गीतों की विशेषताओं पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) करुणा का भाव
(ii) जूझने का संकेत
(iii) अपनी मंजिल तक पहुँचने की प्रक्रिया
(iv) दुःख का वीभत्स रूप
(क) (i) और (iii)
(ख) (ii) और (iii)
(ग) (i), (ii) और (iv)
(घ) (i), (ii) और (iii)

(5) व्यथा आदमी को करती है–
(क) पराजित
(ख) आगे बढ़ने के लिए प्रेरित
(ग) निराश
(घ) हतोत्साहित

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) निम्नलिखित में से कौन–से वाक्य स्पष्ट करते हैं कि जापानी लोगों को मानसिक बीमारियाँ अधिक होती हैं–
(i) जापानियों के जीवन की रफ्तार बढ़ गई है
(ii) वे एक महीने का काम एक दिन में करने का प्रयास करते हैं
(iii) ज्यादातर समय मोबाइल पर बिताते हैं
(iv) चाय पीना बहुत पसंद करते हैं
विकल्प
(क) (i) और (iii)
(ख) (ii) और (iii)
(ग) (i) और (iv)
(घ) (i) और (ii)

(2) कंपनी के वकील का कत्ल करके वजीर अली किधर भाग गया–
(क) इलाहाबाद की तरफ
(ख) हैदराबाद की तरफ
(ग) आजमगढ़ की तरफ
(घ) बनारस की तरफ

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़े गए पाठ में वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर व्यंग्य किया गया है। कथन का मूल्यांकन करते हुए अपने विचार लिखिए।

(2) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ देश की युवा पीढ़ी को किस प्रकार प्रभावित करता है?

(3) 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ में लेखक 'मिट्टी से मिट्टी मिले खो के सभी निशान' पंक्ति के माध्यम से क्या कहना चाहता है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) कबीर की साखियों में कौन–कौन से जीवन मूल्य उभरते हैं?

(2) 'कर चले हम फ़िदा' कविता में किस प्रकार की मृत्यु को अच्छा कहा गया है और क्यों? इससे कवि क्या संदेश देना चाहता है?

(3) पर्वतीय प्रदेश में वर्षा के सौन्दर्य का वर्णन 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर अपने शब्दों में कीजिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) अपने जीते जी ही अपनी धन–संपत्ति को हड़पने के लिए रचे जा रहे षड्यंत्र और दाँव–पेच देखकर हरिहर काका पर क्या बीती होगी? कल्पना के आधार पर लिखिए।

(2) लेखक अपने छात्र जीवन में स्कूल से छुट्टियों में मिले काम को पूरा करने के लिए क्या–क्या योजनाएं बनाया करते थे और उसे पूरा न कर पाने की स्थिति में किसकी भांति 'बहादुर' बनने की कल्पना किया करते थे?

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(3) टोपी ने इफ़्फन से दादी बदलने की बात क्यों कही? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

14. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **स्वावलंबन**
- स्वावलंबन का अर्थ
- आत्मविश्वास की सीढ़ी
- स्वावलम्बी समाज राष्ट्र का हितैषी

(2) **परहित सरिस धर्म नहिं भाई**
- मनुष्यता की कसौटी
- जीवन की सार्थकता
- परोपकार से आनंद की अनुभूति

(3) **मेक इन इण्डिया**
- वस्तुओं का भारत में निर्माण
- आरम्भ और लक्ष्य
- लाभ और क्षेत्र
- उज्ज्वल औद्योगिक भविष्य

15. (1) **आपका पानी का मीटर खराब पड़ा है और इस कारण सही भुगतान नहीं हो पा रहा है। कार्यपालक अभियंता को इस संबंध में लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **अपने क्षेत्र में पेड़-पौधों के अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए जिलाधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

16. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-** $(4 \times 1 = 4)$

(1) विद्यालय में छुट्टी के दिनों में प्रातःकाल योग की अभ्यास कक्षाएँ चलने की सूचना देते हुए इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा अपना नाम देने हेतु सूचना पट्ट के लिए लगभग 60 शब्दों में सूचना जारी करें।

**अथवा**

(2) आप एन. के. विद्यालय के प्रधानाचार्य हैं। दिल्ली में लगी व्यावसायिक प्रदर्शनी (ट्रेड फेयर) देखने के इच्छुक विद्यार्थियों को वहाँ ले जाने की सूचना लगभग 60 शब्दों में जारी करें।

17. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-** $(3 \times 1 = 3)$

(1) 'सोलर कुकर' बनाने वाली एक कम्पनी के लिए विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) राष्ट्रीय पुस्तक मेले में पुस्तक प्रदर्शनी हेतु लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

18. (1) **'ईमानदारी का फल' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **आपने यात्रा के दौरान एक उपरगामी पुल को जर्जर हालत में देखा है। वह पुल कभी भी किसी दुर्घटना का कारण बन सकता है। आपने वहाँ रुककर अपने मोबाइल से उसका चित्र भी लिया है। उस चित्र सहित लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पुल की मरम्मत के संदर्भ में लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।**

□□□□□□□

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 8

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

प्रेमचंद कहते हैं कि जानवरों में गधा सबसे बुद्धिहीन समझा जाता है। हम जब किसी आदमी को पहले दर्जे का बेवकूफ कहना चाहते हैं तो उसे गधा कहते हैं। गधा सचमुच बेवकूफ है या उसके सीधेपन, उसकी निरापद सहिष्णुता ने उसे यह पदवी दे दी है, इसका निश्चय नहीं किया जा सकता। गायें सींग मारती हैं, ब्याई हुई गाय तो अनायास ही सिंहनी का रूप धारण कर लेती है। कुत्ता भी बहुत गरीब जानवर है, लेकिन कभी–कभी उसे भी क्रोध आ ही जाता है, लेकिन गधे को कभी क्रोध करते नहीं सुना, न देखा। जितना चाहे उसे मारो, चाहे जैसी खराब सड़ी हुई घास सामने डाल दो, उसके चेहरे पर कभी असंतोष की छाया भी न दिखाई देगी। वैशाख में चाहे एकाध बार कुलेल कर लेता हो; पर हमने तो उसे कभी खुश होते नहीं देखा। उसके चेहरे पर एक स्थायी विषाद छाया रहता है। सुख–दुख, हानि–लाभ किसी दशा में भी उसे बदलते नहीं देखा। ऋषि–मुनियों के जितने गुण हैं, वह सभी उसमें पराकाष्ठा को पहुँच गए हैं, पर आदमी उसे बेवकूफ कहता है। सद्‌गुणों का इतना अनादर कहीं नहीं देखा। कदाचित सीधापन संसार के लिए उपयुक्त नहीं है। देखिए न, भारतवासियों की अफ्रीका में क्या दुर्दशा हो रही है। क्यों अमरीका में उन्हें घुसने नहीं दिया जाता? बेचारे शराब नहीं पीते, चार पैसे कुसमय के लिए बचाकर रखते हैं, जी तोड़कर काम करते हैं, किसी से लड़ाई–झगड़ा नहीं करते, चार बातें सुनकर गम खा जाते हैं फिर भी बदनाम हैं। कहा जाता है, वे जीवन के आदर्श को नीचा करते हैं। अगर वे ईंट का जवाब पत्थर से देना सीख जाते तो शायद सभ्य कहलाने लगते।

(1) लेखक यह निश्चय क्यों नहीं कर पाता कि गधा बेवकूफ है या सीधा?
   (क) गधा अपने–पराये की भावना से परे है
   (ख) गधा क्रोध व कुलेल नहीं करता है
   (ग) गधा सीधा व सहिष्णु होता है
   (घ) गधे के चेहरे पर हर्ष व विषाद होता है

(2) गधे में ऋषि–मुनियों का कौन–सा गुण देखने को मिलता है?
   (क) जप–तप करना
   (ख) समानता का भाव
   (ग) असंतोष की भावना
   (घ) कुलेल करना

(3) 'उसके चेहरे पर एक स्थायी विषाद छाया रहता है' का आशय है–
   (क) गधा सदैव चुप रहता है, उसे खुश होते हुए कभी नहीं देखा गया
   (ख) गधे को बहुत बोझ ढोना पड़ता है, इसी कारण वह थक जाता है
   (ग) आदमी द्वारा दुर्व्यवहार करने व बेवकूफ कहने के कारण गधा दुःखी है
   (घ) गधे के प्रसन्न मुख पर सदा स्थिर संतोष छाया रहता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) गद्यांश के अनुसार, भारतवासी कब सभ्य कहलाने लगेंगे?
(क) जब वे चुपचाप सबकुछ सहन करेंगे
(ख) जब वे ईंट का जवाब पत्थर से देंगे
(ग) जब वे अपने देश वापस लौट आएँगे
(घ) जब वे गधे का लालन–पालन ठीक से करेंगे

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन** (A) : सीधापन संसार के लिए उपयुक्त नहीं है।
**कारण** (R) : इस संसार में सद्गुणों को यथोचित सम्मान नहीं मिलता।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

पशु को बाँधकर रखना पड़ता है, क्योंकि वह निरंकुश है। चाहे जहाँ–तहाँ चला जाता है, इधर–उधर मुँह मार देता है। क्या मनुष्य को भी इसी प्रकार दूसरों का बंधन स्वीकार करना चाहिए? क्या इससे उसमें मनुष्यत्व रह पाएगा। पशु के गले की रस्सी को एक हाथ में पकड़कर और दूसरे हाथ में एक लकड़ी लेकर जहाँ चाहो हाँककर ले जाओ। जिन, लोगों को इसी प्रकार हाँके जाने का स्वभाव पड़ गया है, जिन्हें कोई भी जिधर चाहे ले जा सकता है, काम में लगा सकता है, उन्हें भी पशु ही कहा जाएगा। पशु को चाहे कितना मारो, चाहे कितना उसका अपमान करो, बाद में खाने को दे दो, वह पूँछ और कान हिलाने लगेगा। ऐसे नर पशु भी बहुत से मिलेंगे जो कुचले जाने और अपमानित होने पर भी जरा–सी वस्तु मिलने पर चट संतुष्ट और प्रसन्न हो जाते हैं। कुत्ते को कितना ही ताड़ना देने के बाद उसके सामने एक टुकड़ा डाल दो, वह झट से मार–पीट को भूलकर उसे खाने लगेगा। यदि हम भी ऐसे ही हैं तो हम कौन हैं, इसे स्पष्ट कहने की आवश्यकता नहीं। पशुओं में भी कई पशु मार–पीट और अपमान को नहीं सहते। वे कई दिन तक निराहार रहते हैं, कई पशुओं ने तो प्राण त्याग दिए, ऐसा सुना जाता है। पर इस प्रकार के पशु मनुष्य–कोटि के हैं, उनमें मनुष्यत्व का समावेश है, यदि ऐसा कहा जाए तो काई अत्युक्ति न होगी।

(1) बंधन स्वीकार करने से मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा?
(क) मनुष्य सामाजिक और व्यक्तिगत रूप से कम स्वतंत्र हो जाएगा
(ख) मनुष्यत्व में व्यक्तिगत इच्छा व निर्णय का तत्व समाप्त हो जाएगा
(ग) मनुष्य बँधे हुए पशु समान हो जाएगा
(घ) मनुष्य की निरंकुशता में परिवर्तन हो जाएगा

(2) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
(i) पशुओं को उनकी निरंकुशता के कारण बाँधकर रखना पड़ता है
(ii) मनुष्य को बंधन स्वीकार्य है
(iii) सभी पशु अपमान और मार–पीट सह लेते हैं
उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/कौन–से कथन सही है/हैं–
(क) केवल (i)
(ख) केवल (ii)
(ग) (i) और (ii)
(घ) (ii) और (iii)

(3) गद्यांश के अनुसार कौन–सी उद्घोषणा की जा सकती है?
(क) सभी पशुओं में मनुष्यत्व है
(ख) सभी मनुष्यों में पशुत्व है
(ग) मानव के लिए बंधन आवश्यक नहीं है
(घ) मान–अपमान की भावना केवल मानव ही समझता है

(4) गद्यांश में नर और पशु की तुलना किन बातों को लेकर की गई है?
(क) पिटने की क्षमता
(ख) पूँछ–कान आदि को हिलाना
(ग) बंधन स्वीकार करना
(घ) लकड़ी द्वारा हाँके जाना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन** (A) : ऐसा सुना जाता है कि कई पशुओं ने प्राण त्याग दिए।

**कारण** (R) : उन्हें तिरस्कृत हो जीवन जीना उचित नहीं लगा।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'पास में एक सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–

(क) विशेषण पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध

(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(2) क्रिया पदबंध का उदाहरण छाटिएँ–

(क) वामीरो फटती हुई धरती के किनारे चीखती हुई दौड़ रही थी।

(ख) हमेशा सिर पर एक नंगी तलवार–सी लटकती मालूम होती है।

(ग) जापान में चाय पीने की विधि को चा–नो–यू कहते हैं।

(घ) बादशाह सुलेमान मानव जाति के साथ–साथ पशु पक्षियों के भी राजा हैं।

(3) 'बड़े भाई साहब उपदेश देने की कला में निपुण थे।' इस वाक्य में संज्ञा पदबंध है–

(क) बड़े भाई साहब (ख) उपदेश देने की कला

(ग) निपुण थे (घ) कला में निपुण थे

(4) 'उसने तताँरा को तरह–तरह से अपमानित किया।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–

(क) विशेषण पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध

(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया विशेषण पदबंध

(5) 'दोनों कबूतर रातभर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–

(क) विशेषण पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध

(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) निम्नलिखित में से सरल वाक्य छाँटिए–

(क) जो कुछ पढ़ो, उसका अभिप्राय समझो (ख) भाई साहब उपदेश देने की कला में निपुण थे

(ग) मैं उनकी लताड़ सुनता और आँसू बहाने लगता (घ) वे तो वही देखते हैं जो पुस्तक में लिखा है

(2) 'बड़े भाई साहब ने भी उसी उम्र में पढ़ना शुरू किया था, जब मैंने शुरू किया था।' रचना के आधार पर वाक्य है–

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्रित वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य

(3) 'सालाना इम्तिहान में मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया।' रूपांतरित करने पर इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा–

(क) सालाना इम्तिहान में मैं पास होकर दरजे में प्रथम आया

(ख) सालाना इम्तिहान हुआ, मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया

(ग) मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया क्योंकि सालाना इम्तिहान हुआ

(घ) जब सालाना इम्तिहान हुआ तो मैं उसमें पास हो गया और दरजे में प्रथम आया

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य है–
(क) संसार में रचना कैसे भी हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं है
(ख) सहसा नारियल के झुरमुटों में उसे एक आकृति कुछ साफ हुई
(ग) बार–बार तताँरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता था
(घ) मेरे जीवन में यह पहली बार है मैं इस तरह से विचलित हुआ हूँ

(5) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| (1) | चाय तैयार हुई और उसने वह प्यालों में भरी। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | चाय तैयार करके उसने प्यालों में भरी। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | जब चाय तैयार हुई तब उसने वह प्यालों में भरी। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'महाराजा' शब्द/समस्तपद कौन–से समास का उदाहरण है?
(क) बहुव्रीहि समास
(ख) द्वंद्व समास
(ग) कर्मधारय समास
(घ) अव्ययीभाव समास

(2) 'नीलकमल' समस्तपद का विग्रह होगा–
(क) नीला है जो कमल
(ख) नीला और कमल
(ग) नीले कमल वाला
(घ) नीले कमल पर

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | **समस्त पद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | चवन्नी | (i) | द्विगु समास |
| (ii) | प्राणप्रिय | (ii) | कर्मधारय समास |
| (iii) | नदी–नाले | (iii) | अव्ययीभाव समास |
| (iv) | प्रतिवर्ष | (iv) | तत्पुरुष समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं–
(क) (i) और (ii)
(ख) (ii) और (iii)
(ग) (iii) और (iv)
(घ) (i) और (iii)

(4) 'अष्टाध्यायी' शब्द के लिए सही समास विग्रह और समास का चयन कीजिए–
(क) आठ अध्यायों का समाहार – द्विगु समास
(ख) आठ है जो अध्याय – कर्मधारय समास
(ग) अष्ट और अध्याय – द्वंद्व समास
(घ) अष्ट के अध्याय – तत्पुरूष समास

(5) 'दशानन' का समास विग्रह एवं भेद होगा–
(क) दस है मुख जिसके अर्थात् रावण – बहुव्रीहि समास
(ख) दस मुखों का समाहार – द्विगु समास
(ग) राजा दक्ष का पुत्र अर्थात् वारि – बहुव्रीहि समास
(घ) दशा खराब है जिसकी – कर्मधारय समास

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए–
(क) तिनके का सहारा – विपत्ति आना
(ख) अंधी सरकार – नेत्रहीन लोगों का शासन
(ग) आँख मिलाना – सामना करना
(घ) खरी–खोटी सुनाना – बेस्वाद भोजन

(2) 'थोड़े में बहुत कुछ कह देना' अर्थ के लिए उचित मुहावरा है–
(क) पन्ने रँगना
(ख) गागर में सागर भरना
(ग) दाँतों तले उँगली दबाना
(घ) कदम उठाना

(3) ईश्वर को पाने के लिए .................. ही पड़ता है। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त मुहावरे का चयन कीजिए–
(क) बेराह चलना
(ख) आपा खोना
(ग) मुँह की खाना
(घ) लोहा मानना

(4) वह स्वभाव से इतना उग्र है कि बात–बात पर .................. है। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(क) तलवार खींच लेता
(ख) खिल्ली उड़ाने लगता
(ग) आँखे चुरा लेता
(घ) इधर–उधर की हाँकने लगता

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?
उसे तुम अपनी पार्टी का विश्वस्त कार्यकर्ता मत मानो। वह सिद्धांतहीन व्यक्ति है। जिधर दो पैसे मिलेंगे उधर ही दौड़ पड़ेगा।
(क) अड़ियल टट्टू
(ख) थाली का बैंगन
(ग) दूध की मक्खी
(घ) गूलर का फूल

(6) 'कठिनाइयों का ज्ञान होना' अर्थ के लिए उचित मुहावरा होगा–
(क) सुध–बुध खोना
(ख) जमीन पर पाँव न रखना
(ग) आटे–दाल का भाव मालूम होना
(घ) पैसे–पैसे को मुहताज होना

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

जिंदा रहने के मौसम बहुत है मगर
जान देने की रुत रोज आती नहीं
हुस्न और इश्क दोनों को रुस्वा करे
वो जवानी जो खूँ में नहाती नहीं
आज धरती बनी है दुलहन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों।

(1) पद्यांश के कवि का क्या नाम है?
(क) वीरेन डंगवाल
(ख) माखनलाल चतुर्वेदी
(ग) कैफी आजमी
(घ) नीरज

(2) 'जान देने की रुत' से तात्पर्य है–
(क) प्राकृतिक आपदा को
(ख) मृत्यु के समय को
(ग) देश पर बलिदान होने के अवसर को
(घ) जवानी के समय को

(3) देश की धरती क्या बनी हुई है?
(क) दुलहन
(ख) माता
(ग) बहन
(घ) फुलवारी

(4) 'खूँ में नहाना' का आशय है–
(क) खून बहाना
(ख) खून उबलना
(ग) देश के लिए मर मिटना
(घ) खून में स्नान करना

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions
SOLUTIONS

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए
(i) जिंदगी जीने के अवसर बहुत मिलते हैं
(ii) देश पर बलिदान होने का पवित्र अवसर कभी–कभी आता है
(iii) इस समय हर नौजवान को गीत गाना है
(iv) ऐसे जवानों का देशप्रेम धन्य है
(v) देश की रक्षा के लिए बलिदान–मार्ग पर बढ़ चलो
पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए–
(क) (i), (ii) और (v) (ख) (ii), (iii) और (iv)
(ग) (ii), (iv) और (v) (घ) (ii), (iv) और (v)

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) कवि ईश्वर से किस अनामय शक्ति की याचना करता है?
(क) शत्रु पर विजय प्राप्त करने की (ख) कविता रचने की
(ग) धन अर्जित करने की (घ) कष्टों से पार उतरने की

(2) बाग में रखी तोप हमें क्या सीख देती है?
(क) पूर्वजों की गलतियों का अहसास करवाती है (ख) पुरानी गलतियों को न दोहराने की सीख देती है
(ग) दोबारा किसी विदेशी पर भरोसा न करने की सीख देती है (घ) उपर्युक्त सभी

**9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

सदियों पूर्व, जब लिटिल अंडमान और कार–निकोबार आपस में जुड़े हुए थे तब वहाँ एक सुंदर–सा गाँव था। पास में एक सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था। उसका नाम था–तताँरा। निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे। तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था। सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता। अपने गाँववालों को ही नहीं, अपितु समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था। उसके इस त्याग की वजह से वह चर्चित था। सभी उसका आदर करते। वक्त मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह भागा–भागा वहाँ पहुँच जाता। दूसरे गाँवों में भी पर्व–त्योहारों के समय उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता। उसका व्यक्तित्व तो आकर्षक था ही, साथ ही आत्मीय स्वभाव की वजह से लोग उसके करीब रहना चाहते। पारंपरिक पोशाक के साथ वह अपनी कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता। लोगों का मत था, बावजूद लकड़ी की होने पर, उस तलवार में अद्भुत दैवीय शक्ति थी। तताँरा अपनी तलवार को कभी अलग न होने देता। उसका दूसरों के सामने उपयोग भी न करता। किंतु उसके चर्चित साहसिक कारनामों के कारण लोग–बाग तलवार में अद्भुत शक्ति का होना मानते थे। तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।

(1) सदियों पूर्व लिटिल अंदमान और कार–निकोबार की क्या स्थिति थी?
(क) दोनों अलग–अलग थे (ख) दोनों आपस में जुड़े थे
(ग) दोनों सुनसान और निर्जन थे (घ) दोनों घनी आबादी वाले थे

(2) निकोबारियों का तताँरा के प्रति कैसा व्यवहार था?
(क) वे उससे घृणा करते थे (ख) वे उसे बेहद प्रेम करते थे
(ग) वे उससे भयभीत रहते थे (घ) वे उसे अपना शत्रु मानते थे

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन** (A) निकोबारी तँतारा से बेहद प्यार करते थे।
**कारण** (R) तताँरा सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता था।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) ततँारा अपनी कमर पर क्या बाँधे रहता है?

(क) तरकस (ख) तलवार

(ग) मुरली (घ) करधनी

(5) ततँारा की तलवार की विशेषताओं पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(i) वह लकड़ी की थी

(ii) वह तलवार एक विलक्षण रहस्य थी

(iii) उसमें अद्‌भुत दैवीय शक्ति थी

(iv) वह लोहे की थी

(क) केवल (i) (ख) (i) और (ii)

(ग) (i), (ii) और (iii) (घ) केवल (iv)

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **($1 \times 2 = 2$)**

(1) निम्नलिखित में से कौन–से वाक्य अंडे टूट जाने पर कबूतरों की स्थिति को दर्शा रहे हैं–

(i) वे चुपचाप बैठे थे

(ii) वे जोर–जोर से चिल्ला रहे थे

(iii) वे अंडे तोड़ने वाले पर हमला कर रहे थे

(iv) वे परेशानी में इधर–उधर फड़फड़ा रहे थे

उपर्युक्त वाक्यों में से कौन–सा/कौन–से वाक्य सही है/हैं–

(क) केवल (i) (ख) (i) और (ii)

(ग) (ii) और (iii) (घ) केवल (iv)

(2) जापान में चाय पीने की विधि को क्या कहते हैं?

(क) जलपान (ख) चा–नो–यू

(ग) चाय–पान (घ) नवजीवन

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **($3 \times 2 = 6$)**

(1) बड़े भाई साहब की डांट–फटकार अगर न मिलती, तो क्या छोटा भाई कक्षा में अव्वल आता? अपने विचार प्रकट कीजिए।

(2) 'कारतूस' पाठ के आधार पर सोदाहरण सिद्ध कीजिए कि वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था।

(3) 'तीसरी कसम' में राजकपूर का महिमामय व्यक्तित्व किस तरह हीरामन की आत्मा में उतर गया है? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **($3 \times 2 = 6$)**

(1) कबीर जी के अनुसार निंदक को निकट रखने के क्या–क्या लाभ हैं?

(2) कवि ने दधीचि, कर्ण आदि महान व्यक्तियों का उदाहरण देकर 'मनुष्यता' के लिए क्या संदेश दिया है?

(3) पावस ऋतु में प्रकृति में कौन–कौन से परिवर्तन होते हैं? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **($3 \times 2 = 6$)**

(1) अपने जीते जी ही अपनी धन–संपत्ति को हड़पने के लिए रचे जा रहे षड्‌यंत्र और दाँव–पेच देखकर हरिहर काका पर क्या बीती होगी? कल्पना के आधार पर लिखिए।

(2) विद्यार्थियो को अनुशासन में रखने के लिए 'सपनों के–से दिन' पाठ में अपनाई गई युक्तियों और वर्तमान में स्वीकृत मान्यताओं के संबंध में अपने विचार प्रकट कीजिए।

(3) वर्तमान में कुछ लोग विपरीत धर्म के होते हुए भी एक–दूसरे से अटूट रिश्ते से जुड़ जाते हैं। क्या आप विपरीत धर्मों के रिश्ते को उचित मानते हैं? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions

SOLUTIONS

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** $(5 \times 1 = 5)$

**(1) भारत में बाढ़ की समस्या**

- बाढ़ के कारण
- जन-जीवन पर प्रभाव
- इससे बचने के उपाय

**(2) जीएसटी**

- परिचय
- पुरानी कर व्यवस्था
- परिवर्तित कर व्यवस्था

**(3) मधुर वाणी**

- मधुर वाणी : एक वरदान
- प्रभाव और प्रयोग
- जीवन में महत्त्व

**15. (1) आप दिल्ली के निवासी है। अपने क्षेत्र में एक पार्क विकसित कराने के लिए सचिव, दिल्ली विकास प्राधिकरण को लगभग 100 शब्दों में एक अनुरोध पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) आपको हिंदी की कुछ पुस्तकों की आवश्यकता है। नागरी पुस्तक भंडार, बिहार के विक्रय प्रबंधक को इन पुस्तकों को भिजवाने के लिये लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

**16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-** $(4 \times 1 = 4)$

(1) 'आकांक्षा' सोसायटी के सचिव होने के नाते पानी की सप्लाई में होने वाली कटौती के लिए लगभग 60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) आप बाल विद्यालय दिल्ली के सांस्कृतिक संघ के अध्यक्ष हैं। विद्यालय द्वारा उत्तराखण्ड की एक सप्ताह की यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए जिससे छात्र-छात्राओं को जानकारी दी जाए।

**17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-** $(3 \times 1 = 3)$

(1) आप एक अच्छे चित्रकार हैं। अपने चित्रों की प्रदर्शनी के लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) विद्यार्थियों की जरूरत के हर सामान के लिए उपलब्ध 'कामधेनु भंडार' का लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**18. (1) 'बुरी संगति से दुर्गति' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) आपके क्षेत्र में कोई भी टेलीविजन सहजता से दूरदर्शन के कार्यक्रम नहीं पकड़ पाता। बहुत संभव है यह केबल ऑपरेटरों की कारस्तानी हो। दूरदर्शन के महानिदेशक को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखकर इस ओर उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए।**

□□□□□□□

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 9

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

सज्ज्न और दुर्जन दोनों प्रकार के जीव संसार में हैं। दुर्जन दूसरों के राई के समान मामूली दोषों को पहाड़ के समान बड़ा बनाकर देखता है और अपने पहाड़ के समान बड़े पापों को देखते हुए भी नहीं देखता। सज्जन या महात्मा ठीक इससे विपरीत होते हैं। उनका ध्यान दूसरों की बजाय केवल अपने दोषों पर जाता है। अधिकांश व्यक्तियों में कोई–न–कोई बुराई अवश्य होती है। कोई भी बुराई न होने पर व्यक्ति देवता की कोटि में आ जाता है। मनुष्य को अपनी बुराइयों को दूर करने का प्रयत्न करना चाहिए, न कि दूसरों की कमियों को लेकर छींटाकशी करने या टीका–टिप्पणी करने का। अपने मन की परख मन को पवित्र करने का सबसे उत्तम साधन है। आत्मनिरीक्षण आत्मा की उन्नति का सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। महात्मा कबीर ने कई बार स्पष्ट रूप से कहा था कि मैंने जीवन में हिमालय जैसी बड़ी भूल की है। अपनी भूलों को ध्यान देना था उन्हें स्वीकार करना आत्मबल का चिह्न है। जो लोग दूसरों के सामने अपनी भूल नहीं मानते और न ही अपने को दोषी स्वीकार करते हैं, वे सबसे बड़े कायर हैं, जिसका अंतःकरण शीशे के समान उजला है, उसे झट अपनी भूल महसूस हो जाती है। मन तो दर्पण है। मन में पाप है तो जग में पाप दिखाई देता है। पवित्र आचरण वाले मन को देखते हैं तो उन्हें लगता है कि अभी इसमें कोई कमी रह गई है। इसलिए वे अपने को बुरा कहते है। यही उनकी नम्रता व साधना है।

(1) गद्यांश के अनुसार, सज्जन के चरित्र की क्या विशेषता है?
   (क) वह दूसरों के दोष देखता है
   (ख) वह अपने दोषों पर ध्यान देता है
   (ग) वह दूसरों को सुधारना चाहता है
   (घ) वह केवल अपना भला चाहता है

(2) कोई भी बुराई न होने पर मनुष्य किस श्रेणी में आ जाता है?
   (क) महात्मा की
   (ख) राक्षस की
   (ग) देवता की
   (घ) दुर्जन की

(3) आत्मा की उन्नति का सर्वश्रेष्ठ मार्ग क्या है?
   (क) आत्मनिरीक्षण
   (ख) परछिद्रान्वेषण
   (ग) भजन–पूजन
   (घ) दान–दक्षिणा

(4) गद्यांश के अनुसार, सबसे बड़ा कायर कौन है?
   (क) जो युद्ध से भाग जाता है
   (ख) जो अपनी भूल स्वीकार करता है
   (ग) जो अपनी भूल स्वीकार नहीं करता है
   (घ) जिसका मन कलुषित होता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन** (A) : दुर्जन लोग अपने दोषों को सार्वजनिक कर देते हैं।

**कारण** (R) : सज्जन लोगों का ध्यान दूसरों की बजाय अपने दोषों पर जाता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

अपनी सभ्यता का जब मैं अवलोकन करता हूँ, तब लोगों के काम के संबंध की उनकी विचारधारा के अनुसार उन्हें विभाजित करने लगता हूँ। एक वर्ग में वे लोग आते हैं, जो काम को उस घृणित आवश्यकता के रूप में देखते हैं, जिसकी उनके लिए उपयोगिता केवल धन अर्जित करना है। वे अनुभव करते हैं कि जब दिनभर का श्रम समाप्त हो जाता है, तब वे जीना सचमुच शुरू करते हैं और अपने आप में होते है। जब वे काम में लगे होते हैं, तब उनका मन भटकता रहता है। काम को वे उतना महत्व देने का कभी विचार नहीं करते, क्योंकि केवल आमदनी के लिए ही उन्हें काम की आवश्यकता है। दूसरे वर्ग के लोग अपने काम को आनंद और आत्मपरितोष पाने के एक सुयोग के रूप में देखते हैं। वे धन इसलिए कमाना चाहते हैं ताकि अपने काम में अधिक एकनिष्ठता के साथ समर्पित हो सके। जिस काम में वे संलग्न होते हैं, उसकी पूजा करते हैं।

पहले वर्ग में केवल वे लोग ही नहीं आते हैं, जो बहुत कठिन और अरुचिकर काम करते हैं। उसमें बहुत–से संपन्न लोग भी सम्मिलित हैं, जो वास्तव में कोई काम नहीं करते हैं। ये सभी धन को ऐसा कुछ समझते हैं, जो उन्हें काम करने के अभिशाप से बचाता है। इसके सिवाय कि उनका भाग्य अच्छा रहा है, वे अन्यथा उन कारखानों के मजदूरों की तरह ही है, जो अपने दैनिक काम को जीवन का सबसे बड़ा अभिशाप समझते हैं उनके लिए काम कोई घृणित वस्तु है और धन वांछनीय, क्योंकि काम से छुटकारा पाने के साधन का प्रतिनिधित्व यही धन करता है। यदि काम को वे टाल सकें और फिर भी धन प्राप्त हो जाए, तो खुशी से यही करेंगे।

जो लोग काम में अनुरक्त हैं तथा उसके प्रति समर्पित हैं, ऐसे कलाकार, विद्वान और वैज्ञानिक दूसरे वर्ग में सम्मिलित है। वस्तुओं को बनाने और खोजने में वे हमशा दिलचस्पी रखते हैं। इसके अंतर्गत परंपरागत कारीगर भी आते हैं, जो किसी वस्तु को रूप देने में गर्व और आनंद का वास्तविक अनुभव करते हैं। अपनी मशीनों को ममत्वभरी सावधानी से चलाने और उनका रख–रखाव करने वाले कुशल मिस्त्री और इंजीनियर इसी वर्ग से संबंधित है।

(1) लेखक ने लोगों का विभाजन किस आधार पर किया है?

(क) धर्म के आधार पर

(ख) जाति के आधार पर

(ग) भाषा क आधार पर

(घ) काम के संबंध में उनकी विचारधारा के आधार पर

(2) लेखक ने लोगों को कितने वर्गों में विभाजित किया है?

(क) दो वर्गों में

(ख) तीन वर्गों में

(ग) चार वर्गों में

(घ) पाँच वर्गों में

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन** (A) : पहले वर्ग के लोग आनंद और आत्मपरितोष पाने के लिए कार्य करते हैं।

**कारण** (R) : दूसरे वर्ग के लोग केवल धन अर्जित करने के लिए कार्य करते हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) दूसरे वर्ग के लोगों का कार्य के विषय में क्या दृष्टिकोण है?
(क) वे कार्य को बोझ समझते हैं
(ख) वे कार्य को तुच्छ मानते हैं
(ग) वे कार्य को अपना शोषण समझते हैं
(घ) वे कार्य को आनंद और आत्मपरितोष का सुयोग मानते हैं

(5) काम के प्रति अनुरक्त और समर्पित लोगों के वर्ग में सम्मिलित हैं–
(क) कलाकार, विद्वान और वैज्ञानिक
(ख) परंपरागत कारीगर
(ग) कुशल मिस्त्री और इंजीनियर
(घ) उपर्युक्त सभी

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'ततँारा एक <u>नेक और ईमानदार</u> व्यक्ति था।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रिया पदबंध

(2) '<u>फूल की तरह खिली रहने वाली</u> वामीरो आज चुप थी।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–
(क) क्रिया पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) संज्ञा पदबंध

(3) 'सुंदर बलिष्ठ ततँारा भीतर ही भीतर कुछ बेचैनी महसूस कर रहा था।' इस वाक्य में संज्ञा पदबंध है–
(क) बेचैनी महसूस कर रहा था
(ख) सुंदर बलिष्ठ ततँारा
(ग) भीतर ही भीतर कुछ
(घ) इनमें से कोई नहीं

(4) क्रिया विशेषण पदबंध का उदाहरण है–
(क) शैलेंद्र <u>आदर्शवादी भावुक</u> व्यक्ति थे।
(ख) वह <u>बड़ी तेजी से</u> आया
(ग) वामीरो ध्यानपूर्वक <u>देख रही थी।</u>
(घ) <u>बंगलुरु जाने वाली</u> गाड़ी दो घंटे से जाएगी

(5) '<u>सदैव सबका साथ देने वाले तुम</u> आज स्वयं अकेले पड़ गए हो।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रिया पदबंध

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'जो एक नौकर रख लिया है, वही बनाता–खिलाता है।' वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण होगा–
(क) बनाने–खिलाने के लिए एक नौकर रख लिया है
(ख) एक नौकर रख लिया है और वही बनाता–खिलाता है
(ग) क्योंकि एक नौकर रख लिया है, वही बनाता–खिलाता है
(घ) उपर्युक्त में से कोई नही

(2) 'जब सालाना इम्तिहान हुआ तो मैं उसमें पास हो गया और दरजे में प्रथम आया।' इस वाक्य का रचना के आधार पर भेद है–
(क) विधानवाचक वाक्य
(ख) सरल वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य
(घ) मिश्र वाक्य

(3) 'थोड़ा सा ताँबा मिला होता है इसलिए गिन्नी का सोना ज्यादा चमकता है।' इस वाक्य का रचना के आधार पर भेद है–
(क) संयुक्त वाक्य
(ख) मिश्रित वाक्य
(ग) दीर्घ वाक्य
(घ) साधारण वाक्य

(4) 'बात करने में सब एक–से–एक बढ़कर हैं, लेकिन सही बात कोई नहीं बताता।' इस वाक्य का रचना के आधार पर भेद है–
(क) मिश्र वाक्य
(ख) सरल वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य
(घ) प्रधान वाक्य

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| (1) | दो सौ आदमियों का जुलूस लाल बाजार गया। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | उसने तताँरा को देखा और फूटकर रोने लगी। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | ऐसी रीति थी कि दोनों एक ही गाँव के हो। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**

(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-i, 2-ii, 3-iii
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'यथासंभव' समस्तपद में कौन–सा समास है?
(क) कर्मधारय समास
(ख) तत्पुरुष समास
(ग) द्विगु समास
(घ) अव्ययीभाव समास

(2) 'राहखर्च' समस्तपद का समास–विग्रह है–
(क) राह में खर्च
(ख) राह से खर्च
(ग) राह का खर्च
(घ) राह के लिए खर्च

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | प्रतिदिन | (i) | तत्पुरुष समास |
| (ii) | भरपूर | (ii) | द्विगु समास |
| (iii) | नीलकंठ | (iii) | बहुव्रीहि समास |
| (iv) | सुख–दुःख | (iv) | द्वंद्व समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं–
(क) (i) और (ii)
(ख) (iii) और (iv)
(ग) (i) और (iv)
(घ) (ii) और (iii)

(4) 'देशभक्ति' शब्द/समस्तपद के लिए सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए–
(क) देश की भक्ति – तत्पुरूष समास
(ख) देश के लिए भक्ति – तत्पुरुष समास
(ग) देश और भक्ति – द्वंद्व समास
(घ) भक्ति है जिस देश में – कर्मधारय समास

(5) 'चरणकमल' समस्तपद का सही समास–विग्रह और भेद चुनिए–
(क) चरणों के लिए कमल – तत्पुरूष समास
(ख) चरण और कमल – द्विगु समास
(ग) कमल के चरण – तत्पुरुष समास
(घ) कमल के समान चरण – कर्मधारय समास

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए–
(क) कान भरना – सुनाई न देना
(ख) अँगूठा दिखाना – पास बुलाना
(ग) हाथ मलना – विवशता प्रकट करना
(घ) दाँत खट्टे करना – खट्टा खाना खिलाना

(2) 'खुशियाँ मनाना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है–
(क) घोड़े बेचकर सोना
(ख) घी के दीये जलाना
(ग) चाँदी काटना
(घ) जी–जान लड़ाना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(3) परीक्षा में प्रथम श्रेणी के अंक प्राप्त करना ............. है। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित मुहावरा चुनिए–
(क) टेढ़ी खीर
(ख) थाली का बैंगन
(ग) दाँत खट्टे करना
(घ) अक्ल का दुश्मन

(4) नाविक ने मोहन को उमड़ती हुई नदी पार कराने की ............ ली। रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उपयुक्त विकल्प चुनिए–
(क) कमर कस
(ख) लौ लगा
(ग) खाक छान
(घ) लीक पकड़

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित होगा?
बहाने बनाना छोड़ दो, नहीं तो मारे जाओगे।
(क) तीन–पाँच करना
(ख) तीन–तेरह करना
(ग) नौ–दो ग्यारह होना
(घ) पौ बारह होना

(6) 'दुःखी होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है–
(क) पौ बारह होना
(ख) पानी–पानी होना
(ग) दिल भर आना
(घ) नजर लग जाना

**7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

रहो न भूल के कभी मदांध तुच्छ वित्त में,
सनाथ जान आपको करो न गर्व चित्त में
अनाथ कौन है यहाँ, त्रिलोकनाथ साथ है,
दयालु दीनबंधु के बड़े विशाल हाथ हैं।
अतीव भाग्यहीन हैं अधीर भाव जो करे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(1) पद्यांश में कवि ने धन को कैसा बताया है?
(क) महत्वपूर्ण
(ख) अनावश्यक
(ग) आवश्यक
(घ) तुच्छ

(2) संसार में कोई भी अनाथ नहीं है; क्योंकि–
(क) सबके माता–पिता हैं
(ख) सबके पास धन है
(ग) सबके साथ त्रिलोकनाथ हैं
(घ) सब स्वतंत्र हैं

(3) पद्यांश के अनुसार, अतीव भाग्यहीन कौन है?
(क) जो धनहीन है
(ख) जो निडर रहता है
(ग) जो अधीरता का भाव धारण करता है
(घ) जो धैर्यवान है

(4) विशाल हाथ किसके हैं?
(क) राजा के
(ख) ईश्वर के
(ग) राक्षसों के
(घ) देवताओं के

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए–
(i) धन की उपलब्धि बहुत तुच्छ है
(ii) मनुष्य को भूलकर भी धन का घमंड नहीं करना चाहिए
(iii) शक्ति पाकर मनुष्य विधाता बन सकता है
(iv) ईश्वर के होते कोई अनाथ नहीं हो सकता
(v) मनुष्य को स्वयं के लिए जीना चाहिए
पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए–
(क) (i), (ii) और (iv)
(ख) (ii), (iii) और (v)
(ग) (i), (iii) और (iv)
(घ) (iii), (iv) और (v)

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) कबीर के अनुसार, संसार में सुखी कौन है?
(क) जो भजन करता है
(ख) जो पैसा कमाता है
(ग) जो खाता और सोता है
(घ) जो पढ़ता–लिखता है

(2) 'हिबड़ो घणों अधीराँ' का आशय है–
(क) ह्रदय अत्यधिक कठोर है
(ख) ह्रदय धन के समान भावुक है
(ग) ह्रदय अत्यधिक धैर्यशाली है
(घ) ह्रदय अत्यधिक व्याकुल है

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

वामीरो घर पहुँचकर भीतर–ही–भीतर कुछ बेचैनी महसूस करने लगी। उसके भीतर तताँरा से मुक्त होने की एक झूठी छटपटाहट थी। एक झल्लाहट में उसने दरवाजा बंद किया और मन को किसी और दिशा में ले जाने का प्रयास किया। बार–बार तताँरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता। उसने तताँरा के बारे में कई कहानियाँ सुन रखी थीं। उसकी कल्पना में वह एक अद्‌भुत साहसी युवक था। किंतु वही तताँरा उसके सम्मुख एक अलग रूप में आया। सुंदर, बलिष्ठ किंतु बेहद शांत, सभ्य और भोला। उसका व्यक्तित्व कदाचित वैसा ही था जैसा वह अपने जीवन–साथी के बारे में सोचती रही थी। 'किंतु एक दूसरे गाँव के युवक के साथ यह संबंध परंपरा के विरुद्ध था। अतएव उसने उसे भूल जाना ही श्रेयस्कर समझा। किंतु यह असंभव जान पड़ा। तताँरा बार–बार उसकी आँखों के सामने था। निर्निमेष याचक की तरह प्रतीक्षा में डूबा हुआ।

(1) 'वामीरो घर पहुँचकर कैसा महसूस कर रही थी?
(क) आह्‌लादित
(ख) संयत
(ग) संकुचित
(घ) असहज

(2) वामीरो द्वारा तताँरा को भूल जाना ही श्रेयस्कर समझने के कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) तताँरा का व्यवहार अच्छा नहीं था।
(ii) तताँरा एक अहंकारी व्यक्ति था।
(iii) तताँरा वामीरो को पसन्द नहीं करता था।
(iv) एक गाँव से दूसरे गाँव में विवाह संबंध परंपरा के विरूद्ध था।
(क) केवल (i)
(ख) (i) और (ii)
(ग) केवल (iv)
(घ) (ii) और (iv)

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन** (A) : वामीरो घर पहुँचकर एक अजीब सी खुशी महसूस कर रही थी।
**कारण** (R) : वामीरो तताँरा के व्यक्तित्व से अत्यधिक प्रभावित नहीं थी।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) 'वामीरो की कल्पना वाला तताँरा कैसा था?
(क) अद्‌भुत–साहसी
(ख) सभ्य–भोला
(ग) भोला–शांत
(घ) सुंदर–सभ्य

(5) गाँव की क्या परंपरा थी?
(क) अपने गाँव के युवक से संबंध–निषेध की
(ख) दूसरे गाँव के युवक से संबंध–निषेध की
(ग) तताँरा जैसे युवक के साथ संबंध–निषेध की
(घ) याचक जैसे युवक के साथ संबंध–निषेध की

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions

SOLUTIONS

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) निम्नलिखित में से कौन–से वाक्य 'गिन्नी का सोना' पाठ से प्राप्त प्रेरणा को दर्शाते हैं–

(i) दूसरों के सुख–दुःख से सरोकार रखना चाहिए।

(ii) व्यवहार और आदर्श दोनों का संतुलन व्यक्तित्व के लिए आवश्यक है।

(iii) सत्य केवल वर्तमान है, उसी में जीना चाहिए।

(iv) सत्य और अहिंसा के बिना राष्ट्र का कल्याण नहीं हो सकता।

(क) केवल (i)
(ख) (i) और (ii)
(ग) केवल (iii)
(घ) (ii) और (iv)

(2) कर्नल कालिंज का खेमा जंगल में क्यों लगा हुआ था?

(क) वजीर अली को पकड़ने के लिए
(ख) शेर को पकड़ने के लिए
(ग) आजादी की जंग के लिए
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) "हमारी फिल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी होती है, लोक–तत्त्व का अभाव। वे जिंदगी से दूर होती है। यदि त्रासद स्थितियों का चित्रांकन होता है तो उन्हें ग्लोरीफाई किया जाता है।"
अधिकांश फिल्मों में त्रासद स्थितियों का क्या रूप दिखाई देता है? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(2) आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़े गए पाठ 'बड़े भाई साहब' में छोटे भाई की सफलता पर बड़े भाई ने क्या टिप्पणी की?

(3) "आज तो जो कुछ हुआ वह अपूर्व हुआ है। बंगाल के नाम या कलकला के नाम पर कलंक था कि यहाँ काम नहीं हो रहा है वह आज बहुत अंश में धुल गया।"
कथन का मूल्यांकन करते हुए अपने विचार लिखिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) 'तोप' अंग्रेजों द्वारा प्रदत्त एक धरोहर है। 'तोप' कविता के आधार?पर लिखिए।

(2) 'कर चले हम फ़िदा' कविता में कवि ने 'साथियों' संबोधन किसके लिए किया है और किस काफ़िले को आगे बढ़ाते रहने को कहा है?

(3) 'आत्मत्राण' कविता द्वारा कवि जो संदेश देना चाहते हैं उसे अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) 'हरिहर काका' कहानी में हरिहर काका और उनके परिवार के बारे में क्या बताया गया है? विस्तारपूर्वक लिखिए।

(2) पी. टी. मास्टर और हेड मास्टर के क्रोध में आप क्या अंतर देखते हैं? 'सपनों के–से दिन' पाठ के आधार पर अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

(3) घरवालों के मना करने पर भी टोपी का लगाव इफ़्फ़न के घर और उसकी दादी से क्यों था? दोनों के अनजान, अटूट रिश्ते के बारे में अपने विचार लिखिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** **$(5 \times 1 = 5)$**

(1) **डिजिटल इण्डिया**

- क्षेत्र
- गठबंधन
- देश का विकास

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions
SOLUTIONS

(2) **ग्रामीण जीवन और भारत**
- गाँव और शहर
- दोनों प्रकार के जीवन में भेद
- सुविधा, असुविधा

(3) **भारत में सूखे की समस्या**
- सूखे के कारण
- प्रभाव
- बचने के उपाय

15. (1) **अपने क्षेत्र में सार्वजनिक पुस्तकालय एवं वाचनालय खोलने की प्रार्थना करते हुए शिक्षा विभाग के सचिव को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **बस में यात्रा करते समय आपका मोबाइल फोन गुम हो गया। अपने क्षेत्र के पुलिस अधिकारी को इसकी सूचना देते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

16. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $(4 \times 1 = 4)$

(1) आपके विद्यालय में तुलसी जयंती के अवसर पर अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इच्छुक छात्र हिंदी शिक्षक को नामांकन दें। इसकी सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

(2) अमृत सोसायटी के सचिव होने के नाते सभी सदस्यों से सफाई बनाए रखने की अपील करते हुए लगभग 60 शब्दों में सूचना जारी करें।

17. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए–** $(3 \times 1 = 3)$

(1) कीर्ति ज्वैलर्स द्वारा डायमंड ज्वैलरी की खरीद पर और अन्य प्रकार की ज्वैलरी की बनवाई पर 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) आप किसी कम्पनी के मैनेजर हैं। आपको अपनी कम्पनी के लिए प्रतिनिधि की आवश्यकता है। इसके लिए लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए।

18. (1) **'बीमारियों पर श्राप' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **ध्वनि प्रदूषण की समस्या से अवगत कराते हुए नगर योजना अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।**

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**
- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App

Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 10

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

सतत और समावेशी विकास में विज्ञान की अहम भूमिका के दृष्टिगत विज्ञान को औद्योगिक विकास से जोड़ने का समय आ गया है। वैज्ञानिक और औद्योगिक विकास के उद्दंड परिणामों से अपने को सुरक्षित रखकर हम उनका उपयोग अपनी रीति से किस प्रकार करें– इस बारे में दो बातों का हमें बराबर ध्यान रखना है। पहली बात तो यह है कि हर प्रकार की प्रकृतिजन्य और मानवकृत विपदाओं के पड़ने पर भी हम लोगों की सृजनात्मक शक्ति कम नहीं हुई। हमारे देश में साम्राज्य बने और मिटे, विभिन्न संप्रदायों का उत्थान–पतन हुआ, हम विदेशियों से आक्रांत और पद–दलित हुए, हम पर प्रकृति और मानवों ने अनेक बार मुसीबतों के पहाड़ ढा दिए, पर फिर भी हम लोग बने रहे, हमारी संस्कृति बनी रही और हमारा जीवन एवं सृजनात्मक शक्ति बनी रही। हम अपने दुर्दिनों में से ऐसे मनीषियों और कर्मयोगियों को पैदा कर सके, जो संसार को इतिहास के किसी युग के अत्यंत उच्च आसन के अधिकारी होते। अपनी दासता के दिनों में हमने गांधी जैसे कर्मठ, धर्मनिष्ठ क्रांतिकारी को, रवींद्र जैसे मनीषी कवि को और अरविंद तथा रमण महर्षि जैसे योगियों को पैदा किया और उन्हीं दिनों में हमने ऐसे अनेक उद्‌भट विद्वान ओर वैज्ञानिक पैदा किए, जिनका सिक्का संसार मानता है। हमारी सामूहिक चेतना ऐसे नैतिक आधार पर ठहरी हुई है, जो पहाड़ों से भी मजबूत, समुद्रों से भी गहरी और आकाश से भी अधिक व्यापक होने के कारण ही हम अपने आध्यात्मिक ओर बौद्धिक गौरव को बनाए रख सके। दूसरे, संस्कृति अथवा सामूहिक चेतना ही हमारे देश का प्राण है। इसी नैतिक चेतना के सूत्र से हमारे नगर और ग्राम, हमारे देश और संप्रदाय, हमारे विभिन्न वर्ग और जातियाँ आपस में बँधी हुई हैं। बापू ने जन–साधारण को बुद्धिजीवियों के नेतृत्व में क्रांति की शक्ति बनाने में ही बापू की दूरदर्शिता थी और इसी में उनकी सफलता भी।

(1) हमें किस बात ने सोचने के लिए मजबूर किया?
- (क) प्राकृतिक आपदाओं ने
- (ख) दूसरे देशों की उन्नति ने
- (ग) वैज्ञानिक और औद्योगिक विकास के दुष्परिणामों ने
- (घ) देश में बढ़ रहे भ्रष्टाचार ने

(2) भारतीयों ने विपरीत परिस्थितियों और आपदाओं में भी किसे बनाए रखा?
- (क) अपनी संस्कृति और सृजनात्मक शक्ति को
- (ख) अपनी एकता और अखंडता को
- (ग) परस्पर लड़ने के स्वभाव को
- (घ) अत्याचार सहने की शक्ति को

(3) हमारे देश का प्राण है–
- (क) उदारता
- (ख) कट्टरता
- (ग) सामूहिक चेतना
- (घ) धार्मिकता

(4) गद्यांश में किस महापुरुष का वर्णन नहीं आया है?
- (क) विवेकानंद
- (ख) गांधीजी
- (ग) रवींद्रनाथ टैगोर
- (घ) अरविंद

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन** (A) : हर प्रकार की प्रकृतिजन्य और मानवकृत विपदाओं के पड़ने पर भी हम भारतीयों की सृजनात्मक शक्ति कम नहीं हुई।
**कारण** (R) : हम अपने दुर्दिनों में भी ऐसे मनीषियों और कर्मयोगियों को पैदा कर सकें, जो संसार के इतिहास के किसी युग के अत्यंत उच्च आसन के अधिकारी होते।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधारपर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–**
$(1 \times 5 = 5)$

मनुष्य की प्रकृति पर निर्भरता आदिकाल से ही चली आ रही है। इसीलिए विश्व की प्रत्येक सभ्यता में प्रकृति की पूजा का प्रावधान है। प्रकृति के प्रति मनुष्य की इस असीम शुद्धता के कारण पर्यावरण स्वतः सुरक्षित था। विकास की अंधी दौड़ में मनुष्य ने प्रकृति को अत्यधिक नुकसान पहुँचाना शुरू कर दिया। एक सीमा तक प्रकृति उस नुकसान की भरपाई स्वयं कर सकती थी, लेकिन जब उसकी स्वतः पूर्ति की सीमा समाप्त हो गई तो पर्यावरण असंतुलित हो गया। आज हम सभी परेशान हैं कि समय पर वर्षा नहीं होती। कहीं अतिवृष्टि होती है, कहीं अल्पवृष्टि तो कहीं अनावृष्टि। पिछली सदी के पूर्वार्द्ध की अपेक्षा उत्तरार्द्ध में मौसम–चक्र बहुत कुछ बदल गया है और अब तो अनिश्चित–सा हो गया है। पहले हर मौसम प्रायः समय पर आता था और वर्षा नियमित रूप से होती थी। यह स्थिति केवल भारत की नहीं है, बल्कि संपूर्ण विश्व की है। कहीं इतनी वर्षा होती है कि बाढ़ के कारण जन और धन की अपार हानि होती है तो कहीं बिलकुल वर्षा नहीं होती, जिससे खड़ी फसलें खेत में नष्ट हो जाती है। कुछ देशों में बर्फ इतनी गिरती है कि जन–जीवन अस्त–व्यस्त हो जाता है। कभी–कभी जब फसल पक जाती है, तब मूसलाधार वर्षा हो जाती है, जिससे अन्न को घर लाना असंभव हो जाता है। वायुमंडल में प्रदूषण और प्रकृति–असंतुलन के कारण भारत के अधिकांश भागों में सन् 1987 में बीसवीं शताब्दी का सबसे भयंकर सूखा पड़ा। साथ ही पूर्वी भारत में बाढ़ के भीषण प्रकोप से जन–धन की काफी हानि हुई। यह प्राकृतिक विपदा मनुष्य–निर्मित है; क्योंकि मनुष्य स्वयं प्रकृति का संतुलन बिगाड़ रहा है। मौसम में इस तरह के बदलाव से सामान्यजन पीड़ित हैं और वैज्ञानिक चिंतित। वैज्ञानिक खोजों से पता चलता है कि मौसम में परिवर्तन तथा फेफड़ों में कैंसर व हृदय के रोगों एवं मानसिक तनाव आदि का मुख्य कारण है– प्रकृति में असंतुलन। हम सभी जानते हैं कि धरती पर जीवन प्रकृति–संतुलन से ही संभव हो सका है।

(1) आज हम सभी किस बात से परेशान हैं?
(क) जनसंख्या वृद्धि से
(ख) बढ़ती महँगाई से
(ग) मौसम चक्र में आए बदलाव से
(घ) अधिक गरमी से

(2) प्रकृति–असंतुलन के कारण सन् 1987 में भारत में क्या हुआ?
(क) भयंकर सूखा पड़ा और भीषण बाढ़ आई
(ख) भूकंप से भारी तबाही हुई
(ग) भयंकर तूफान से जन–धन की हानि हुई
(घ) ओलावृष्टि से फसल नष्ट हो गई

(3) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन** (A) : मौसम की अनिश्चितता से सभी परेशान हैं
**कारण** (R) : पहले हर मौसम समय पर नहीं आता था
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) गद्यांश के अनुसार, धरती पर जीवन संभव है–
(क) पर्यावरण–प्रदूषण से
(ख) मौसम में परिवर्तन से
(ग) अधिक वृक्षारोपण से
(घ) प्रकृति–संतुलन से

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) निम्न में से प्रकृति–असंतुलन से होने वाली व्याधि है–
(क) फेफड़ों का कैंसर
(ख) हृदय रोग
(ग) मानसिक तनाव
(घ) उपर्युक्त सभी

**3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'वे बहुत जल्दी घबरा जाते हैं।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) क्रिया पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) सर्वनाम पदबंध

(2) 'कोई एक लाख व्यक्ति मैदान में जमा थे।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है–
(क) व्यक्ति मैदान में
(ख) जमा थे
(ग) कोई एक लाख
(घ) एक लाख व्यक्ति

(3) क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटिए–
(क) स्त्री समाज अपनी तैयारी में लगा था
(ख) बिना सोचे–समझे कोई काम नहीं करना चाहिए
(ग) सभी लोगों की अपमानजनक बातें सुनकर वह क्रोध से भर गया
(घ) बाहर खड़ा हर कोई व्याकुल है

(4) 'उसकी कल्पना में वह एक अद्‌भुत साहसी युवक था।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–
(क) क्रिया पदबंध
(ख) विशेषण पदबंध
(ग) संज्ञा पदबंध
(घ) सर्वनाम पदबंध

(5) 'बूढ़ा धीरे–धीरे लँगड़ाता हुआ चल रहा था।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–
(क) क्रिया पदबंध
(ख) क्रिया विशेषण पदबंध
(ग) संज्ञा पदबंध
(घ) सर्वनाम पदबंध

**4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'एक जमाना था कि लोग आठवाँ दरवाजा पास करके नायब तहसीलदार हो जाते थे।' रचना के आधार पर वाक्य है–
(क) सरल वाक्य
(ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) सामान्य वाक्य

(2) 'अधिक पढ़ने पर अधिक लाभ होगा।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण होगा–
(क) अधिक पढ़ो तो अधिक लाभ होगा
(ख) अधिक पढ़कर अधिक लाभ प्राप्त करो
(ग) यदि अधिक पढ़ोगे तो अधिक लाभ होगा
(घ) अधिक पढ़ने से अधिक लाभ होता है

(3) निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य है–
(क) हरिहर काका जो कि एक भोले–भाले किसान थे, वह हर किसी से अपने मन की बात नहीं करते थे
(ख) घंटों किताबें लेकर बैठे रहने पर भी बड़े भाई साहब पास तक नहीं हो पाते थे
(ग) वर्तमान ही क्योंकि एक मात्र सत्य है इसीलिए हमें उसी में जीना चाहिए
(घ) वज़ीर अली ने वकील का कत्ल किया और आजमगढ़ की ओर भाग गया

(4) 'हमेशा सिर पर एक नंगी तलवार–सी लटकती मालूम होती।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है–
(क) मिश्र वाक्य
(ख) सरल वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य
(घ) विधानवाचक वाक्य

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions
SOLUTIONS

(5) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| (1) | एक छोटा–सा गाँव था और उसमें विशाल ठाकुरबारी की स्थापना हो गई थी। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | उस छोटे से गाँव में विशाल ठाकुरबारी की स्थापना हो गई थी। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | वह क्योंकि एक छोटा–सा गाँव था इसलिए उसमें एक विशाल ठाकुरबारी की स्थापना हुई थी। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**

(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'भीमार्जुन' शब्द/समस्तपद कौन–से समास का उदाहरण है?
(क) द्वंद्व समास
(ख) द्विगु समास
(ग) तत्पुरुष समास
(घ) बहुव्रीहि समास

(2) 'नीलकमल' समस्तपद का विग्रह होगा–
(क) नीला है जो कमल
(ख) नीला और कमल
(ग) नीले कमल वाला
(घ) नीले कमल पर

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | त्रिलोक | (i) | द्विगु समास |
| (ii) | मालगाड़ी | (ii) | बहुव्रीहि समास |
| (iii) | रसोईघर | (iii) | तत्पुरुष समास |
| (iv) | तन–तन | (iv) | कर्मधारय समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सही सुमेलित हैं–
(क) (i) और (ii)
(ख) (ii) और (iii)
(ग) (iii) और (iv)
(घ) (i) और (iii)

(4) 'घुड़साल' शब्द के लिए सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए–
(क) घोड़े की साल – द्विगु समास
(ख) घोड़े के लिए शाला – तत्पुरुष समास
(ग) घोड़ों को शाला – अव्ययीभाव समास
(घ) घोड़ों से शाला – द्वंद्व समास

(5) 'महीधर' का समास–विग्रह एवं भेद होगा–
(क) महान है जो धर – कर्मधारय समास
(ख) मही वाला है जो धर अर्थात् पर्वत – बहुव्रीहि समास
(ग) मही से युक्त – तत्पुरूष समास
(घ) मही को धारण करने वाला है जो अर्थात् शेषनाग – बहुव्रीहि समास

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए–
(क) प्राण सूखना – बीमार पड़ना
(ख) ठिठक जाना – रुक जाना
(ग) हिम्मत टूटना – गुस्सा आना
(घ) हाथ–पाँव चलाना – डूबने से बचना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(2) 'बहुत इतराना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है–
(क) जी ललचाना
(ख) नींद उड़ जाना
(ग) सिर धुनना
(घ) पाँव जमीन पर न पड़ना

(3) सरपंच साहब ने गाँव को स्वच्छ करने का ............... । रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए–
(क) आसमान सिर पर उठाया है
(ख) बीड़ा उठाया है
(ग) चक्कर चलाया है
(घ) डेरा डाला है

(4) यह प्रश्न हल करना मेरे लिए .............. है। उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–
(क) उलटी गिनती गिनना
(ख) गढ़े मुर्दे उखाड़ना
(ग) बाएँ हाथ का खेल
(घ) आँख चुराना

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?
ये मेरी <u>मेहनत की कमाई</u> है, अंधाधुंध खर्च मत करो।
(क) गाढ़ी कमाई
(ख) टेढ़ी खीर
(ग) छोटा मुँह बड़ी बात
(घ) टोपी उछालना

(6) 'खतरे में होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है–
(क) मौत सिर पर होना
(ख) तलवार खींचना
(ग) लोहे के चने चबाना
(घ) जख्म हरा हो जाना

**7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

'मनुष्य मात्र बंधु है' यह बड़ा विवेक है,
पुराणपुरुष स्वयंभू पिता प्रसिद्ध एक हैं।
फलानुसार कर्म के अवश्य बाह्य भेद है,
परंतु अंतरैक्य में प्रमाणभूत वेद हैं।
अनर्थ है कि बंधु ही न बंधु की व्यथा हरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(1) सबसे बड़ा विवेक क्या है?
(क) मनुष्य मात्र को अपना बंधु मानना
(ख) केवल अपना स्वार्थ सिद्ध करना
(ग) अच्छे–बुरे की पहचान करना
(घ) किसी से कोई संबंध न रखना

(2) सब मनुष्य परस्पर बंधु है; क्योंकि
(क) सब एक–दूसरे का ध्यान रखते हैं
(ख) सब एक साथ रहते हैं
(ग) सब एक ही परमपिता परमेश्वर की संतान है
(घ) सबको एक ही माता ने जन्म दिया है

(3) मनुष्यों के बाह्य भेद का क्या कारण है?
(क) जन्म स्थान की भिन्नता
(ख) जन्म के समय की भिन्नता
(ग) धर्म की भिन्नता
(घ) कर्म–फल की भिन्नता

(4) कवि के अनुसार, सबसे बड़ा अनर्थ क्या है?
(क) जीवों की हत्या करना
ख) एक भाई द्वारा दूसरे भाई की व्यथा न हरना
(ग) झूठ बोलना
(घ) कर्तव्य का पालन न करना

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए–
(i) मनुष्य का सबसे बड़ा विवेक यही है कि वह संसार के सभी मनुष्यों को अपना भाई समझे
(ii) सभी मनुष्य परस्पर बंधु है
(iii) सभी मनुष्य धरती की संतान है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(iv) मनुष्य को जन्म कर्म के अनुसार मिलता है
(v) भाई को भाई की पीड़ा नहीं हरनी चाहिए

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए–

(क) (i), (iii), (v) (ख) (i), (iv), (v)
(ग) (i), (ii), (iv) (घ) (ii), (iv), (v)

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में झरने क्या कर रहे हैं?
(क) पर्वत की निंदा (ख) बह रहे हैं
(ग) पर्वत का गौरवगान (घ) झाग उत्पन्न कर रहे हैं

(2) देश पर बलिदान होता सैनिक देश को किसके हवाले करने की बात करता है?
(क) राजनेताओं के (ख) शत्रु सैनिकों के
(ग) साथी सैनिकों और देशवासियों के (घ) किसानों के

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

शुद्ध सोना अलग है और गिन्नी का सोना अलग। गिन्नी के सोने में थोड़ा–सा ताँबा मिलाया हुआ होता है, इसलिए वह ज्यादा चमकता है और शुद्ध सोने से मजबूत भी होता है। औरतें अकसर इसी सोन के गहने बनवा लेती हैं।
फिर भी होता तो वह है गिन्नी का ही सोनां
शुद्ध आदर्श भी शुद्ध सोने के जैसे ही होते है। चंद लोग उनमें व्यावहारिकता का थोड़ा–सा ताँबा मिला देते हैं और चलाकर दिखाते हैं तब हम लोग उन्हें 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट' कहकर उनका बखान करते हैं।

(1) गद्यांश के अनुसार, गिन्नी के सोने में क्या मिला होता है?
(क) चाँदी (ख) ताँबा
(ग) लोहा (घ) पीतल

(2) गिन्नी के सोने की विशेषताओं पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) वह अधिक चमकता है
(ii) शुद्ध सोने से अधिक मजबूत होता है
(iii) उसमें पीतल की मिलावट होती है
(iv) उसमें ताँबे की मिलावट होती है
(क) केवल (i) (ख) (i) और (ii)
(ग) (i), (ii) और (iii) (घ) (i), (ii) और (iv)

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन** (A) : गिन्नी का सोना एकदम शुद्ध होता है।
**कारण** (R) : गिन्नी के सोने में कोई मिलावट नहीं होती
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) चंद लोग क्या करते हैं?
(क) शुद्ध सोना बेचते हैं (ख) शुद्ध आदर्शों का पालन करते हैं
(ग) सोने में पीतल मिला देते हैं (घ) शुद्ध आदर्शों में व्यावहारिकता का ताँबा मिला देते हैं

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**
SOLUTIONS

(5) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट' किसे कहते हैं?
(क) जो केवल व्यावहारिकता का ही पालन करता है
(ख) जो शुद्ध आदर्शों पर अडिग रहता है
(ग) जो शुद्ध आदर्शों में व्यवहारिकता को मिलाकर चलता है
(घ) जो शुद्ध सोना बेचता है

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) निम्नलिखित में से कौन–से वाक्य अंडे टूट जाने पर कबूतरों की स्थिति को दर्शा रहे हैं–
(i) वे चुपचाप बैठे थे
(ii) वे जोर–जोर से चिल्ला रहे थे
(iii) वे अंडे तोड़ने वाले पर हमला कर रहे थे
(iv) वे परेशानी में इधर–उधर फड़फड़ा रहे थे
उपर्युक्त वाक्यों में से कौन–सा/कौन–से वाक्य सही है/हैं–
(क) केवल (i)
(ख) (i) और (ii)
(ग) (ii) और (iii)
(घ) केवल (iv)

(2) तताँरा को गुस्सा क्यों आया?
(क) वामीरो की माँ ने उससे झगड़ा किया
(ख) वामीरो अब विवाह के लिए तैयार न थी
(ग) उसे विवाह की निषेध परंपरा पर क्षोभ था
(घ) वामीरो ने उसकी सहायता नहीं की थी

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) बड़े भाई साहब की डांट–फटकार अगर न मिलती, तो क्या छोटा भाई कक्षा में अव्वल आता? अपने विचार प्रकट कीजिए।

(2) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ देश की युवा पीढ़ी को किस प्रकार प्रभावित करता है?

(3) 'कारतूस' पाठ के आधार पर लिखिए कि वज़ीर अली के जीवन का लक्ष्य अंग्रेज़ों को इस देश से बाहर करना था।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) कबीर ने अपने दोहे में 'हिरण' का उदाहरण किस संदर्भ में दिया है? क्या आप भी कबीर के विचार से सहमत हैं? अपना उत्तर स्पष्ट रूप से लिखिए।

(2) मीरा श्रीकृष्ण को पाने के लिए क्या क्या कार्य करने को तैयार हैं?

(3) कंपनी बाग में रखी तोप क्या सीख देती है?

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) "लोगों की जुबान से घटनाओं की जुबान ज़्यादा पैनी और असरदार होती है।" 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(2) तोतों के प्रति प्रीतमचंद के मधुर व्यवहार से उनके व्यक्तित्व की कौन–सी विशेषता के बारे में पता चलता है?

(3) जीवन मूल्यों के आधार पर इफ़्फन और टोपी शुक्ला के संबंधों की समीक्षा कीजिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **नोटबंदी**
- नोटबंदी की घोषणा
- लोगों की लंबी कतार
- पक्ष और विपक्ष की टकरार
- मानवता का पुनर्जन्म

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(2) **देश की एकता और अखंडता**
- एकता से अखंडता की भावना
- एकता में बाधाएँ
- बाधाएँ दूर करने के उपाय

(3) **स्त्री शिक्षा**
- आवश्यकता
- बढ़ते आँकड़े
- संतान तथा समाज पर प्रभाव

**15. (1) आप विद्यालय की छात्र-परिषद् के सचिव हैं। स्कूल के बाद विद्यार्थियों को नाटक का अभ्यास करवाने के लिए अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) स्वास्थ्य विभाग के निदेशक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए कि शहर में बीमारियाँ बढ़ रही हैं लेकिन चिकित्सा सुविधाओं की बहुत कमी है।**

**16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-** $(4 \times 1 = 4)$

(1) डॉन बॉस्को स्कूल, गुवाहाटी में इको क्लब के सदस्यों की सभा के आयोजन की जानकारी के लिए क्लब के अध्यक्ष की ओर से सूचना लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) गाँधी जयन्ती के अवसर पर विद्यालय में होने वाली विशेष प्रार्थना सभा के लिए हेड गर्ल की ओर से लगभग 60 शब्दों में सूचना जारी करें।

**17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-** $(3 \times 1 = 3)$

(1) दिल्ली के मशहूर गोलगप्पे की दुकान का किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र में छपने योग्य विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) किसी शैक्षणिक संस्थान में उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

**18. (1) 'मन नहीं लगता' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) आपको अपनी बहन के विवाह में शामिल होने के लिए 3 दिन के अवकाश की आवश्यकता है। इसके लिए प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।**

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**
- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App
Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**
**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 11

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–**

$(1 \times 5 = 5)$

भारत का इतिहास कई हजार वर्ष पुराना माना जाता है। अपने इतिहास के अधिकांश कालों में भारत एक सांस्कृतिक इकाई होते हुए भी पारस्परिक युद्धों से जर्जर होता रहा है। यहाँ के कुछ शासक अपने शासन काल में धूर्त एवं असावधान थे। समय–समय पर यहाँ दुर्भिक्ष, बाढ़ तथा प्लेग के प्रकोप होते रहे, जिससे सहस्त्रों व्यक्तियों की मृत्यु हुई। जन्मजात असमानता की मान्यता धर्मसंगत मानी गई, जिसके फलस्वरूप नीच कुल के व्यक्तियों का जीवन अभिशाप बन गया। इन सबके होते हुए हमारा विचार है कि पुरातन संसार के किसी भी भाग में मनुष्य के मनुष्य से तथा मनुष्य के राज्य से ऐसे सुंदर एवं मानवीय संबंध नहीं रहे हैं। किसी भी अन्य प्राचीन सभ्यता में गुलामों की संख्या इतनी कम नहीं रही जितनी भारत में और न ही अर्थशास्त्र के समान किसी प्राचीन ग्रंथ ने मानवीय अधिकारों की इतनी सुरक्षा की। मनु के समान किसी अन्य प्राचीन स्मृतिकार ने युद्ध में न्याय के ऐसे उच्चादर्शों की घोषणा भी नहीं की। भारत के युद्धों के इतिहास में कोई भी ऐसी कहानी नहीं जिसमें नगर के नगर तलवार से मृत्यु के घाट उतारे गए हों अथवा शांतिप्रिय नागरिकों का सामूहिक वध किया गया हो। असीरिया के बादशाहों की भयंकर क्रूरता जिसमें वे अपने बंदियों की खालें खिंचवा लेते थे, प्राचीन भारत में पूर्णतः अप्राप्त है। निःसंदेह कहीं–कहीं क्रूरता एवं कठोरतापूर्ण व्यवहार था, परंतु अन्य प्रारंभिक संस्कृतियों की अपेक्षा नगण्य था। हमारे लिए प्राचीन सभ्यता की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विशेषता उसकी मानवीयता है। मानवता के सिद्धान्तों पर स्थित होने के कारण ही तमाम आघातों के बावजूद भी यह संस्कृति अपने अस्तित्व को सुरक्षित रख सकी है।

(1) गद्यांश के अनुसार, प्राचीन काल में भारत की स्थिति क्या थी?
   (क) उन्नत (ख) आदर्शवादी
   (ग) जर्जर (घ) सभ्य

(2) मानव अधिकारों की सुरक्षा का प्रमाण है–
   (क) अर्थशास्त्र (ख) महाभारत
   (ग) रामायण (घ) विनयपत्रिका

(3) युद्ध में न्याय के उच्च आदर्शों की घोषणा किसने की?
   (क) महात्माओं ने (ख) साधुओं ने
   (ग) मनु ने (घ) ईश्वर ने

(4) भारतीय सभ्यता की क्या विशेषता है?
   (क) मानवीयता (ख) अराजकता
   (ग) साम्प्रदायिकता (घ) इनमें से कोई नहीं

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन** (A) : प्राचीन सभ्यता में गुलामों की संख्या इतनी कम नहीं रही जितनी भारत में और न ही अर्थशास्त्र के समान किसी प्राचीन ग्रंथ ने मानवीय अधिकारों की इतनी सुरक्षा की।

**कारण** (R) : भारतीय संस्कृति में हमेशा से राजा तथा गुलामों के समान अधिकार पर महत्त्व दिया गया है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

सत्संगति मतलब अच्छी संगत। अगर हमें अपने जीवन में हमेशा सही राह पर चलना है और समाज में एक अच्छे व्यक्ति के रूप में स्थान प्राप्त करना है, तो हमें हमेशा अच्छे लोगों की संगति में रहना होगा। लेकिन अगर हम अपने जीवन में हमेशा गलत लोगों की संगति में रहते हैं, तो हम कभी भी सही राह पर नहीं चल सकते। सत्संगति द्वारा हमारे सद्‌गुणों का विकास होता है। हम दयालु, परोपकारी, पुरुषार्थी, न्यायप्रिय तथा ईमानदार बनते हैं। सज्जनों के बीच उठने–बैठने से हमारी विचारों की संकीर्णता तथा बुद्धि की जड़ता दूर होती है। व्यवहार में विनम्रता आती है। सत्संगति मनुष्य को बुरे कर्म करने से रोकती है। विश्व के ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जहाँ सत्संगति ने मनुष्य को केवल ऊँचा ही नहीं उठाया बल्कि अमर बना दिया। अंगुलिमाल ने महात्मा बुद्ध की संगति में आकर हिंसा का मार्ग छोड़कर अहिंसा का मार्ग अपनाया। डाकू रत्नाकर को कौन नहीं जानता, जो साधु की संगति में आकर ही डाकू से रामायण के रचनाकार बन अमर बन गए। इसके विपरीत कुसंगति में पड़कर व्यक्ति अच्छाई की राह छोड़कर पतन के मार्ग पर चलने लगता है। अतः मनुष्य को सदा प्रयास करना चाहिए कि वह सज्जन लोगों की संगति में रहे क्योंकि सत्संगति हमें उत्थान की ओर ले जाती है और कुसंगति पतन की ओर। सत्संति में रहकर हमारा जीवन आनंदमय, शांतिमय तथा सुखमय हो जाता है।

(1) सत्संगति द्वारा हमारे किन गुणों का विकास होता है?

(क) दया (ख) परोपकार

(ग) पुरुषार्थ (घ) ये सभी

(2) मनुष्य को बुरे कर्म करने से कौन रोकता है?

(क) उत्सुकता (ख) संकीर्णता

(ग) सत्संगति (घ) अनासक्ति

(3) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

(i) हमारे व्यक्तित्व पर अच्छी संगति का प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है

(ii) अच्छी संगति में रहने वाला व्यक्ति अच्छा कार्य करता है

(iii) डाकू रत्नाकर ने रामायण की रचना की

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?

(क) केवल (i) (ख) केवल (ii)

(ग) (i) और (ii) (घ) (ii) और (iii)

(4) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन** (A) : मनुष्य को सदैव सज्जन लोगों की संगति में रहने का प्रयास करना चाहिए।

**कारण** (R) : सत्संगति मनुष्य को उत्थान की ओर ले जाती है और जीवन को आनंदमय, शांतिमय और सुखमय बनाती है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) अंगुलिमान को किसने उपदेश दिया?
(क) किसी साधु ने
(ख) रत्नाकर ने
(ग) किसी सज्जन ने
(घ) महात्मा बुद्ध ने

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'बादशाह सुलेमान मानव जाति के साथ–साथ पशु पक्षियों के भी राजा थे।' रेखांकित पदबंध का कौनसा भेद हैं?
(क) क्रिया पदबंध
(ख) क्रियाविशेषण पदबंध
(ग) संज्ञा पदबंध
(घ) सर्वनाम पदबंध

(2) 'निर्भीक एवं साहसी वज़ीर अली अपने अधिकार के लिए लड़ रहा था।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है–
(क) लड़ रहा था
(ख) निर्भीक एवं साहसी
(ग) वज़ीर अली
(घ) अपने अधिकार के लिए

(3) सर्वनाम पदबंध का उदाहरण छाँटिए–
(क) समुद्र के किनारे बैठी वामीरो एक शृंगार–गीत गा रही थी
(ख) बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ अनुभव रूपी ज्ञान से आती है
(ग) कुर्सी पर बैठा–बैठा वह सो गया
(घ) परेशानियों से न हारने वाले आप निराश कैसे हो गए

(4) 'बड़े बाजार के प्रायः सभी मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहर रहा था।' रेखांकित पदबंध का कौनसा भेद हैं?
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) विशेषण पदबंध
(ग) सर्वनाम पदबंध
(घ) क्रिया पदबंध

(5) 'निडर वज़ीर अली आज़मगढ़ से घाघरा की ओर जा रहा था।' रेखांकित पदबंध का कौनसा भेद हैं?
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया विशेषण पदबंध
(घ) विशेषण पदबंध

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'आज पढ़ने की इच्छा नहीं है, क्योंकि आज गर्मी बहुत है।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा–
(क) अधिक गर्मी के कारण आज पढ़ने की इच्छा नहीं है
(ख) आज पढ़ने की इच्छा इसलिए नहीं है क्योंकि गर्मी बहुत है
(ग) गर्मी बहुत है इसलिए पढ़ने की इच्छा नहीं है
(घ) इनमें से कोई नहीं

(2) 'मजदूर मेहनत करता है किन्तु उसके लाभ से वंचित रहता है।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है–
(क) सरल वाक्य
(ख) मिश्र वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य
(घ) इनमें से कोई नहीं

(3) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| (1) | पासा गाँव में 'पशु पर्व' का आयोजन हुआ। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | मोनुमेंट के नीचे झंडा फहराया जाएगा और स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ी जाएगी। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | जब हरिहर काका ठाकुरबारी गए तब बीमार पड़ गए। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-i, 2-ii, 3-iii
(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य है–
(क) हरिहर काका की सोच के प्रतिकूल वातावरण तैयार हो रहा था।
(ख) वह वामीरो थी जो भयवश सामने आने में झिझक रही थी।
(ग) वामीरो के रूदन स्वरों को सुनकर उसकी माँ वहाँ पहुँची और दोनों को देखकर आग बबूला हो उठी।
(घ) न जाने मेरे मुँह से यह बात क्यों न निकलती कि ज़रा बाहर खेल रहा था।

(5) 'यह सब तब हुआ जब मैं अनुपस्थित था।' रचना के आधार पर इस वाक्य का भेद होगा–
(क) समूह वाक्य (ख) सरल वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य (घ) मिश्र वाक्य

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) 'पीतांबर' शब्द में कौनसा समास है?
(क) बहुव्रीहि समास (ख) अव्ययीभाव समास
(ग) द्वंद्व समास (घ) तत्पुरुष समास

(2) 'विचारमग्न' समस्त पद का विग्रह होगा–
(क) विचार के लिए मग्न (ख) विचार को मग्न
(ग) विचार में मग्न (घ) विचार से मग्न

(3) 'महान है जो आत्मा' का समस्तपद है–
(क) महान (ख) महात्मन
(ग) महात्मा (घ) महन्त

(4) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | **समस्त पद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | चतुरानन | (i) | द्विगु समास |
| (ii) | तिरंगा | (ii) | बहुव्रीहि समास |
| (iii) | चंद्रमुख | (iii) | कर्मधारय समास |
| (iv) | बुद्धिहीन | (iv) | तत्पुरुष समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं–
(क) (iii) और (iv) (ख) (i) और (iv)
(ग) (iv) और (i) (घ) (ii) और (iii)

(5) 'बंधनमुक्त' समस्तपद का समास–विग्रह एवं भेद होगा–
(क) बंधन में मुक्त – कर्मधारय समास (ख) बंधन से मुक्त – तत्पुरूष समास
(ग) बंधन के लिए मुक्त – तत्पुरुष समास (घ) बंधन और मुक्त – द्वंद्व समास

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए–
(क) रंग दिखाना – बिखर जाना (ख) ठंडा पड़ना – ढीला पड़ना
(ग) आड़े हाथों लेना – प्रभाव या स्वरूप दिखाना (घ) टूट जाना – कठोरतापूर्ण व्यवहार करना

(2) 'गुस्से में आना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है–
(क) बाट जोहना (ख) सातवें आसमान पर होना
(ग) हावी होना (घ) त्योरियाँ चढाना

(3) बच्चों द्वारा कक्षा में अत्यधिक शोर मचाने पर अध्यापिका .............. गई। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त मुहावरे का चयन कीजिए–
(क) सुध–बुध खोना (ख) आग–बबूला होना
(ग) चक्कर खाना (घ) हक्का–बक्का

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions
SOLUTIONS

(4) डाकू घर के लोगों की हत्या करके चले गए परंतु पुलिस को उनका ............... । उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–
(क) खुशी का ठिकाना न रहना (ख) मत्थे मढ़ना
(ग) राह न सुझना (घ) सुराग न मिलना

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित होगा?
कोई भी बात मुँह से सोच समझकर बोलनी चाहिए
(क) गाँठ–बाँध लेना (ख) आपा खोना
(ग) तराजू में तोलना (घ) गागर में सागर भरना

(6) 'अत्यधिक प्रशंसा करना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है–
(क) आसमान पर चढ़ाना (ख) कठिन काम के लिए उकसाना
(ग) हावी होना (घ) बड़ा काम करना

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

मेरा भार अगर लघु करके न दो सांत्वना नहीं सही।
केवल इतना रखना अनुनय
वहन कर सकूँ इसको निर्भय
नत शिर होकर सुख के दिन में
तव मुख पहचानूँ छिन–छिन में
दुख–रात्रि में करे वंचना मेरी जिस दिन निखिल मही
उस दिन ऐसा हो करुणामय
तुम पर करूँ नहीं कुछ संशय।।

(1) प्रस्तुत पद्यांश में कवि क्या चाहता है?
(क) भार हलका करना (ख) सांत्वना
(ग) निर्भीकता (घ) भार वहन करने की शक्ति

(2) 'नत शिर' का आशय है
(क) झुककर (ख) सिर ऊँचा करके
(ग) अहंकार से (घ) विनम्रता से

(3) दुखों से घिर जाने पर भी कवि क्या चाहता है?
(क) ईश्वर के प्रति अविश्वास (ख) ईश्वर के प्रति संदेह
(ग) ईश्वर के प्रति कृतज्ञता (घ) ईश्वर के प्रति शिकासत

(4) "तव मुख पहचानूँ छिन–छिन में" से कवि का क्या भाव है?
(क) दुख के दिनों में पल–पल ईश्वर को याद करता रहूँ। (ख) विपत्ति आने पर पल–पल ईश्वर का मुँह ताकूँ।
(ग) सुख के दिनों में भी सदा ईश्वर को याद करता रहूँ। (घ) सुख के दिनों में ईश्वर को भूल जाया करूँ।

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए–
(i) यदि प्रभु दुख दे तो उसे सहने की शक्ति भी दे।
(ii) ईश्वर दुख के भार को कम कर दे या सांत्वना दे।
(iii) ईश्वर जीवन की जिम्मेदारियों को कम कर दे।
(iv) दुख से भरी रात में मदद के लिए कोई न हो तो भी ईश्वर पर संदेह न हो।
(v) ईश्वर कष्टों का भार सहने के लिए तसल्ली न दे।
पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए–
(क) (i), (ii) और (iii) (ख) (ii), (iii) और (iv)
(ग) (i), (iii) और (v) (घ) (i), (iv) और (v)

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) किसने स्वयं भूख से व्याकुल होने पर भी अपने हाथ का भोजन थाल दे दिया था?
(क) स्वामी विवेकानन्द (ख) रंति देव
(ग) परशुराम (घ) भामाशाह

(2) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में कवि ने अपने सहस्र दृग सुमन फाड़ में दृग की तुलना किससे की गई है ?
(क) मोती से (ख) हिरण से
(ग) पुष्पों से (घ) गुलाब से

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

ऐसी एक घटना का जिक्र सिंधी भाषा के महाकवि शेख अयाज ने अपनी आत्मकथा में किया है। उन्होंने लिखा है– ''एक दिन उनके पिता कुएँ से नहाकर लौटे। माँ ने भोजन परोसा। उन्होंने जैसे ही रोटी का कौर तोड़ा। उनकी नजर अपनी बाजू पर पड़ी। वहाँ एक काला च्योंटा रेंग रहा था।'' वह भोजन छोड़कर उठ खड़े हुए। 'माँ ने पूछा, 'क्या बात है? भोजन अच्छा नहीं लगा?' ''शेख अयाज के पिता बोले, 'नहीं, यह बात नहीं है। मैंने एक घर वाले को बेघर कर दिया है। उस बेघर को कुएँ पर उसके घर छोड़ने जा रहा हूँ।''

(1) महाकवि शेख अयाज किस भाषा के कवि थे?
(क) हिंदी (ख) सिंधी
(ग) अंग्रेजी (घ) फारसी

(2) शेख अयाज ने क्या लिखा?
(क) एकांकी (ख) उपन्यास
(ग) कहानी (घ) आत्मकथा

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–
**कथन** (A) : मैंने एक घरवाले को बेघर कर दिया है। उस बेघर को कुएँ पर उसके घर छोड़ने जा रहा हूँ।
**कारण** (R) : शेख अयाज के पिता के मन में प्रत्येक प्राणी के लिए संवेदना थी।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) काला च्योटा कहाँ रेंग रहा था?
(क) पिता की बाजू पर (ख) माँ की बाजू पर
(ग) शेख अयाज की बाजू पर (घ) जमीन पर

(5) पिता को अपराध बोध होने के कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i)च्योंटा को मारने के कारण
(ii) च्योंटा को बेघर करने के कारण
(iii) भोजन छोड़ने के कारण
(iv) शेख अयाज को कष्ट देने के कारण
(क) केवल (i) (ख) (ii) और (iii)
(ग) केवल (ii) (घ) (ii), (iii) और (iv)

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **($1 \times 2 = 2$)**

(1) निम्नलिखित वाक्यों में से कौन–सा वाक्य 'कारतूस' एकांकी में निहित भाव को स्पष्ट करता है?

(i) देश के लिए सर्वस्व बलिदान करने का नाम ही देशभक्ति है।
(ii) साहस तथा हिम्मत से किसी भी कार्य को संभव बनाया जा सकता है।
(iii) भौतिक सुख के लिए मनुष्य को सब कुछ बलिदान कर देना चाहिए।
(iv) आत्मसम्मान की भावना भौतिक सुखों से अधिक मूल्यवान है।

(क) (i), (ii) और (iv)
(ख) (i), (ii) और (iii)
(ग) (i), (iii) और (iv)
(घ) (ii), (iii) और (iv)

(2) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के अनुसार मोन्यूमेंट को पुलिस ने कितने बजे घेरा?

(क) 4 बजे
(ख) 5 बजे
(ग) 6 बजे
(घ) 9 बजे

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **($3 \times 2 = 6$)**

(1) प्रेम रूढ़ियों का बंधन नहीं मानता। समाज की प्रगति में रूढ़ियाँ बंधन बन जाती हैं। पाठ्य पुस्तक के पठित पाठ के आधार पर बताइए कि रूढ़ियाँ किस प्रकार समाज की प्रगति में बाधा बन जाती हैं?

(2) सभी प्राणियों में अधिक बुद्धिमान होने के कारण मनुष्य बुद्धिजीवी कहा जाता है। परंतु मनुष्य किस प्रकार आज अपनी बुद्धि का विकास संसार के पतन के लिए कर रहा है? पठित पाठ 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(3) सवार के जाने के बाद कर्नल क्यों हक्का–बक्का रह गया?

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **($3 \times 2 = 6$)**

(1) दीपक दिखाई देने पर अँधियारा कैसे मिट जाता है? 'साखी' के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

(2) कवि ने किन पंक्तियों में यह व्यक्त किया है कि हमें गर्व–रहित जीवन व्यतीत करना चाहिए? 'मनुष्यता' कविता के आधार पर बताइए।

(3) कवि को ऐसा क्यों लग रहा है कि जैसे धरा पर आकाश टूट पड़ा हो? 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **($3 \times 2 = 6$)**

(1) जीवन में कई बार हमें पुस्तकें वो ज्ञान नहीं दे पाती हैं जो ज्ञान हमें जीवन के अनुभव के द्वारा प्राप्त होता है। अक्सर अनपढ़ मनुष्य भी समझदारी से काम लेता है।
हरिहर काका द्वारा अपनी जमीन किसी के नाम न करना उसकी किस मानसिकता को दर्शाता है?

(2) हेडमास्टर शर्मा जी ने पीटी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया?

(3) समाज में मनुष्य धर्म तथा परिवार के नाम पर एक–दूसरे को बाँटकर अलग कर देता है। ऐसे में टोपी तथा इफ्फन की दोस्ती कहाँ तक उचित है? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** **($5 \times 1 = 5$)**

(1) **दुर्लभ होता है अच्छा मित्र**

- अच्छा मित्र कौन?
- क्यों होता है दुर्लभ?
- कैसे करें चुनाव?

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(2) **आधुनिक शिक्षा और रोजगार**
- शिक्षा का व्यावसायीकरण
- रोजगार के अवसर
- नैतिक मूल्य

(3) **राष्ट्रध्वज**
- स्वरूप
- राष्ट्रीय जीवन में महत्त्व
- इसका सम्मान

15. (1) **अपने क्षेत्र में लाउडस्पीकरों का अनुचित प्रयोग रुकवाने के लिए पुलिस आयुक्त को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **सर्व शिक्षा अभियान के प्रोत्साहन के लिए विद्यालय में शिक्षण की विशेष व्यवस्था करवाने की अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

16. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $(4 \times 1 = 4)$

(1) विद्यालय के बाहर खड़े खोमचे वालों से कोई छात्र कुछ न खरीदे। यह हिदायत देने के लिए प्रधानाचार्य की ओर से सूचना लगभग 60 शब्दों में जारी करें।

**अथवा**

(2) गणेश चतुर्थी के अवसर पर आप अपनी सोसायटी में बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता रखना चाहते हैं। सचिव होने के नाते लगभग 60 शब्दों में सूचना जारी करें।

17. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए–** $(3 \times 1 = 3)$

(1) एक आध्यात्मिक संस्था/ध्यान केन्द्र के लिए लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) आपके विद्यालय में श्रेया घोषाल की गायकी का कार्यक्रम है। इस संदर्भ में किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र में देने योग्य विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

18. (1) **'पहचान' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **आपके विद्यालय का नया सत्र आरंभ हो गया है लेकिन बाजार में अभी तक आपकी हिंदी की पाठ्यपुस्तक उपलब्ध नहीं है। इस संदर्भ में एनसीईआरटी के व्यापार प्रबंधक को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।**

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**
- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App

Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 12

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

हिमालय पर्वत वन संपदा का महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है। यहाँ के वन स्थानीय लोगों के जीवन में बहुत महत्त्व रखते हैं। ये वन स्थानीय नागरिकों तथा उनके पशुओं के जीवन–रक्षक माने जाते हैं। ये वन फल, फूल और जड़ी–बूटियों के मुख्य स्रोत हैं। वनों से उत्पन्न हरी घास पशुओं का चारा होती है जबकि वृक्षों की सूखी टहनियों को लोग ईंधन के रूप में प्रयोग करते हैं। हिमालय के पर्वतीय क्षेत्र में स्थित ये वन विभिन्न प्रकार से पर्यावरण के रक्षक हैं। वन जहाँ पशुओं की शरण–स्थली हैं, वहीं ये मानव के जीवन के लिए भी बहुत उपयोगी है। हम सभी जानते हैं कि वृक्ष हमें जीवन देते हैं। ये विभिन्न आपदाओं को अपने ऊपर झेलकर हमें शुद्ध वायु देते हैं। ये वर्षा में भी सहायक होते हैं। इतना सब जानते हुए भी हम अपने उपयोग के लिए वनों की कटाई करके अपने जीवनदाता का अपमान कर रहे हैं। हम जनसंख्या तो बढ़ाते जा रहे हैं परन्तु वनों को घटाते जा रहे हैं। यदि यह सब ऐसे ही चलता रहा तो हम जल्द ही संकटों से घिर जायेंगे। हमें अपने जीवन को बचाने के लिए वनों को संरक्षण देना ही होगा। आओ, संकल्प लें कि हम भी वृक्ष लगाएँगे और उनकी सेवा करेंगे।

(1) गद्यांश के अनुसार, कहाँ के वन स्थानीय लोगों के जीवन में महत्त्व रखते हैं?
(क) हिमालय पर्वत के (ख) कंचनजंघा के
(ग) दक्षिण पर्वत के (घ) आमीर के वन

(2) वनों से उत्पन्न हरी घास से पूर्ति होती है–
(क) पशुओं के चारे की (ख) मनुष्य की
(ग) पक्षियों की (घ) इनमें से कोई नहीं

(3) वनों की संख्या क्यों कम होती जा रही है?
(क) जनसंख्या वृद्धि के कारण (ख) वनों की कटाई के कारण
(ग) ऑक्सीजन की कमी (घ) (क) व (ख) दोनों

(4) वृक्ष हमें किस प्रकार जीवन देते हैं?
(क) स्वयं पीड़ा सहकर (ख) शुद्ध वायु देकर
(ग) विभिन्न आपदाओं को झेलकर (घ) उपर्युक्त सभी

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन** (A) : हम जनसंख्या तो बढ़ाते जा रहे है। साथ–ही–साथ वनों को भी बढ़ाते जा रहे हैं।

**कारण** (R) : वनों का कटना जनसंख्या वृद्धि का मुख्य कारण है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–**

$(1 \times 5 = 5)$

बच्चों के मानसिक विकास में कहानियों का अहम योगदान होता है। कहानियाँ न सिर्फ उनके लिए मार्गदर्शक का काम करती हैं, बल्कि उन्हें आदर्श इंसान बनने में भी मदद करती हैं। यही कारण है कि जब से मानव सभ्यता है, कई कहानियाँ प्रचलन में है। कहानी सुनने या पढ़ने में बहुत आनंद आता है। जितना आनंद कहानी सुनने में है उतना कहीं नहीं। बचपन में सभी ने अपनी दादी या नानी से कहानियाँ अवश्य सुनी होंगी। इन कहानियों में रोचक विषय तो होते ही थे, ज्ञान की बातें भी छुपी होती थीं। कहानियाँ हमें स्वप्नलोक में ले जाती हैं। रोचक कहानियाँ सुनकर हम स्वयं की कल्पना इसके पात्रों के समान ही करने लगते थे। ये कभी हमें हँसाती थीं और कभी रुलाती थीं, परन्तु इन सभी कहानियों का अंत सदा सुखद ही होता था। ये अपने समापन के साथ कोई–न–कोई संदेश अवश्य छोड़ती थीं। रात होते ही हम सब बच्चे कहानी सुनने की जिद करने लगते थे और तब दादी हमें सारगर्भित कहानियाँ सुनाने बैठ जाती थीं। कभी–कभी दादी काल्पनिक कहानियाँ भी सुनाती थीं। कहानी के पात्रों का चयन, घटनाक्रम और निहित शिक्षा ही इनकी विशेषता होती थी। बचपन की वे यादें आज भी मन में बसी हुई है। जितना महत्त्व कहानियों का तब हुआ करता था, अब दिखाई नहीं देता।

(1) निम्न में से कहानी की विशेषता नहीं है–

(क) पात्रों का चयन
(ख) सुनाने का स्थान
(ग) घटनाक्रम व शिक्षा
(घ) कथावस्तु

(2) आज का बच्चा कहानी के आनंद से क्यों वंचित है?

(क) रुचि की कमी
(ख) पुस्तकों की उपलब्धता न होना
(ग) संयुक्त परिवारों के विघटन के कारण
(घ) इनमें से कोई नहीं

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन** (A) : कहानियाँ मनुष्य के अंदर ज्ञान का संचार करती हैं।

**कारण** (R) : कहानियों का अंत सदैव दुखद ही होता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) रात होते ही सब बच्चे जिद करने लगते थे–

(क) समाचार सुनने की
(ख) कहानी सुनने की
(ग) निबन्ध लिखने की
(घ) नाटक करने की

(5) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है–

(क) कहानी लेखन
(ख) कथा लेखन
(ग) कथा या सारांश
(घ) कहानी या महत्त्व

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'वज़ीर अली बहुत ही खतरनाक आदमी है।' रेखांकित पदबंध का कौनसा भेद हैं?
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रिया पदबंध

(2) 'बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है।' इस वाक्य में क्रिया पदबंध है–
(क) पीछे सरकाना
(ख) बढ़ती हुई आबादियों
(ग) कर दिया है
(घ) इनमें से कोई नहीं

(3) क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटिए–
(क) अब भाई साहब नरम पड़ गए थे।
(ख) लपाती के कुछ युवकों ने इस मूक प्रेम को भाँप लिया।
(ग) मीठे–मीठे सपने देखने वाले लोग अकर्मण्य होते हैं।
(घ) उसका घोड़ा अत्यंत सुन्दर, फुर्तीला और आज्ञाकारी है।

(4) 'तताँरा वामीरो कथा के माध्यम से समाज की एक भीषण समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है।' रेखांकित पदबंध का कौनसा भेद हैं?
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) क्रिया पदबंध
(ग) सर्वनाम पदबंध
(घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(5) कबूतर परेशानी में इधर–उधर फड़फड़ा रहे थे।' रेखांकित पदबंध का कौनसा भेद हैं?
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया विशेषण पदबंध
(घ) विशेषण पदबंध

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'एक जमाना था कि लोग आठवाँ दरजा पास करके नायब तहसीलदार हो जाते थे।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है–
(क) सरल वाक्य
(ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) समूह वाक्य

(2) 'हर तरह के संकटों से घिरा रहने पर भी वह निराश नहीं हुआ' रचना के आधार पर वाक्य भेद है–
(क) सरल वाक्य
(ख) मिश्र वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य
(घ) समूह वाक्य

(3) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | उन्होंने ऐसी फ़िल्म बनाई जिसे सच्चा कवि हृदय ही बना सकता है। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | दो–तीन बजे कई आदमियों को पकड़ लिया गया। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | हरिहर काका सोच कुछ और रहे थे और वातावरण कुछ दूसरा ही तैयार हो रहा था। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(4) निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य है–
(क) मेरा मौन कह देता था कि मुझे अपना अपराध स्वीकार है।
(ख) बड़े भाई साहब मेरा सत्कार स्नेह और रोष से करते।
(ग) एक घंटा भी किताब लेकर बैठना पहाड़ था।
(घ) केवल वर्तमान क्षण सामने था और वह अनंतकाल जितना विस्तृत था।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) 'वह मेहनती है अतः वह पराजय स्वीकार नहीं करता' रचना के आधार पर इस वाक्य का भेद होगा–
(क) समूह वाक्य (ख) सरल वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'यथाविधि' का विग्रह है–
(क) विधि के अनुसार (ख) विधिनुसार
(ग) विधि जैसा (घ) इनमें से कोई नहीं

(2) 'शरण को पहुँचा हुआ' का समस्त पद है–
(क) शरणग्रामी (ख) शरणागत
(ग) शरणार्थी (घ) शरणानुसार

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | आज्ञानुसार | (i) | तत्पुरुष समास |
| (ii) | नीलकमल | (ii) | बहुव्रीहि समास |
| (iii) | पीतांबर | (iii) | द्वंद्व समास |
| (iv) | अष्टाध्यायी | (iv) | द्विगु समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं–
(क) (iii) और (i) (ख) (iv) और (i)
(ग) (i) और (iii) (घ) (ii) और (iii)

(4) 'दूध–दही' का विग्रह है–
(क) दूध में दही (ख) दूध का दही
(ग) दूध और दही (घ) दूध पर दही

(5) 'हाथों–हाथ' का विग्रह है–
(क) हाथ ही हाथ में (ख) हाथ और हाथ
(ग) हाथ में हाथ (घ) इनमें से कोई नहीं

**6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए–
(क) आसमान पर चढ़ाना – बहुत घमंड़ करना (ख) लाल–पीला होना – मन ही मन प्रसन्न होना
(ग) काम काज में कोरा होना – काम न जानना (घ) टस से मस न होना – कठोर होना

(2) 'रुकावट पैदा करना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है–
(क) टस से मस न होना (ख) टांग अड़ाना
(ग) नमक–मिर्च लगाना (घ) छक्के छुड़ाना

(3) मेरे पिताजी ने यह कार अपनी .............. से ली है। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए–
(क) खेती करके (ख) सूझ–बूझ
(ग) परिश्रम (घ) गाढ़ी कमाई

(4) रमेश सरकारी नौकरी के लिए इधर–उधर ............ रहा हैं। उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–
(क) मेहनत करना (ख) खाक छानना
(ग) हवा खाना (घ) दादागिरी करना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित होगा?
विनोद की हालत अजीब हो गई है
(क) तारों पर जाना (ख) लड़ाई होना
(ग) दिन में तारे दिखाई देना (घ) उपर्युक्त सभी

(6) 'बुरी तरह हारना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है–
(क) महुँ ताकते रहना (ख) मुँह की खाना
(ग) मुँह उतरना (घ) मुँह खून से भर जाना

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

उसी उदार की कथा सरस्वती बखनती,
उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।
उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती,
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती।
अखंड आत्म भाव जो असीम विश्व में भरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(1) कवि ने उदार किसे माना है?
(क) जो बिना किसी स्वार्थ के परोपकार करता है (ख) जो दोनों हाथों से दान करता है
(ग) जो सारे विश्व में अपनापन भर देता है (घ) जो किसी पर क्रोध नहीं करता है

(2) उदार व्यक्ति के प्रति पृथ्वी का क्या भाव रहता है?
(क) घृणा और निंदा का (ख) कृतघ्नता और निंदा का
(ग) कृतज्ञता और आभार का (घ) सहनशीलता और क्षमा का

(3) 'सजीव कीर्ति कूजती' का आशय है–
(क) यश फैलता है (ख) सम्मान होता है
(ग) कीर्ति चहचहाती है (घ) कीर्ति सजीव हो जाती है

(4) 'सरस्वती बखानती' से तात्पर्य है–
(क) उदार व्यक्ति पूजा जाता है (ख) वह यश और प्रसिद्धी पाता है
(ग) सरस्वती की पूजा करता है (घ) उसकी कहानी बन जाती है

(5) सच्चा मनुष्य किसे कहा गया है?
(i) जो मरने–मारने को उतारू हो जाता है।
(ii) जो मनुष्य होकर भी मरने से नहीं डरता
(iii) जो मनुष्य के लिए बड़े से बड़ा त्याग करता है
(iv) जो मनुष्य–मनुष्य में भेद नहीं करता।
**विकल्प**
(क) केवल (iii) (ख) केवल (i)
(ग) (i) और (ii) (घ) (i), (ii) और (iv)

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) 'कर चले हम फ़िदा' कविता में कवि ने किस रुत (ऋतु) की बात कही है?
(क) बसंत ऋतु (ख) ग्रीष्म ऋतु
(ग) शीत ऋतु (घ) बलिदान देने की ऋतु (समय)

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**
SOLUTIONS

(2) कवि ने इंद्रजाल किसे कहा है?
(क) इंद्र के जादू को
(ख) आकाश के विस्तार को
(ग) पर्वत के आकार को
(घ) इंद्रधनुष को

**9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

मेरी माँ कहती थी, सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते मत तोड़ो, पेड़ रोएँगे। दीया–बत्ती के वक्त फूलों को मत तोड़ों, फूल बद्‌दुआ देते हैं। दरिया पर जाओ तो उसे सलाम किया करो, वह खुश होता है। कबूतरों को मत सताया करो, वे हजरत मुहम्मद को अजीज हैं। उन्होंने उन्हें अपनी मजार के नीचे गुंबद पर घोंसले बनाने की इजाजत दे रखी है। मुर्गे को परेशान नहीं किया करो।

(1) नीले गुंबद पर किसका घोंसला हुआ करता है?
(क) चिड़िया का
(ख) तोते का
(ग) कबूतर का
(घ) इनमें से कोई नहीं

(2) लेखक की माँ लेखक को किसके प्रति उपदेश देती थी?
(क) नदी के प्रति
(ख) प्रकृति के प्रति
(ग) जल के प्रति
(घ) इनमें से कोई नहीं

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन** (A) : दीया–बत्ती के वक्त फूलों को मत तोड़ो, फूल बद्‌दुआ देते हैं। दरिया पर जाओ तो उसे सलाम किया करो, वह खुश होता है।

**कारण** (R) : मनुष्य के मन में प्रकृति तथा जीव–जंतुओं के लिए भी संवेदनाएँ होना आवश्यक है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) लेखक किसके प्रति सम्मान का भाव रखता है? नीचे दिए गए बिंदुओं पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) दरिया के प्रति
(ii) हजरत मुहम्मद के प्रति
(iii) पक्षियों के प्रति
(iv) दयालुओं के प्रति
(क) केवल (i)
(ख) केवल (ii)
(ग) (i) और (ii)
(घ) (iii) और (iv)

(5) मुर्गा सुबह उठकर क्या करता है?
(क) चिल्लाता है
(ख) बाँग देता है
(ग) घूमता है
(घ) इनमें से कोई नहीं

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) निम्नलिखित में से कौन–सा वाक्य 'तताँरा–वामीरो कथा' कहानी के मूलभाव को दर्शाता है–
(i) आपसी प्रेमभाव किसी भी समाज की उन्नति में सहायक होता है।
(ii) रूढ़िवादी परंपरा किसी भी समाज की उन्नति में बाधक हो तो उसे समाप्त कर देना चाहिए।
(iii) पहले के समय लोगों के मन अधिक संवेदनशील होते थे।
(iv) आंतरिक उन्नति से ही ज्ञान रूपी प्रकाश पाया जा सकता है।

**विकल्प**
(क) केवल (iv) सही है
(ख) केवल (ii) सही है
(ग) (i), (ii) दोनों सही हैं
(घ) (ii) और (iv) दोनों सही हैं

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(2) 'तीसरी कसम' फिल्म को कौन–से पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
(क) राष्ट्रपति स्वर्ण पदक (ख) मास्को फिल्म फेस्टिवल पुरस्कार
(ग) बंगाल जर्नलिस्ट एसोसिएशन का सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार (घ) उपर्युक्त सभी

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) ''सभी धर्म तथा धर्म ग्रंथ मनुष्य को मानवता का पाठ पढ़ाते हैं परंतु आज का मनुष्य अपनी शक्ति के अहंकार में आत्मसंकुचित होता जा रहा है।'' पाठ्य पुस्तक में संकलित पाठ के आधार पर इस कथन के आलोक में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(2) आज के समय में मनुष्य समाज तथा स्वयं से कटता जा रहा है। भाग–दौड़ भरी जिंदगी ने मनुष्य से उसका वर्तमान ही छीन लिया है। 'झेन की देन' पाठ के आधार पर जीवन में वर्तमान समय के महत्त्व का उल्लेख कीजिए।

(3) छोटे भाई ने अपनी पढ़ाई का टाइम–टेबल बनाते समय क्या–क्या सोचा और उसका पालन क्यों नहीं कर पाया?

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) मीराबाई वृंदावन में क्या–क्या करना चाहती हैं?

(2) 'मनुष्यता' कविता का मूल भाव अपने शब्दों में समझाइए।

(3) अत्याचारी चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, एक–न–एक दिन उसके अत्याचारों का अंत अवश्य होता है। 'तोप' कविता के आधार पर स्पष्ट करते हुए तोप की विशेषताएँ भी लिखिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(2) 'सपनों के–से दिन' के आधार पर बताइए कि बच्चों को किस प्रकार स्कूल की ओर आकृष्ट किया जा सकता है?

(3) ''कभी–कभी आपसी संबंध और एकता धार्मिक संकीर्णता से बड़े हो जाते हैं।'' 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर इस कथन को सिद्ध कीजिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

**(1) बेरोजगारी : एक समस्या**
- बेरोजगारी से उत्पन्न समस्याए
- बेरोजगारी के कारण
- समाधान हेतु सुझाव

**(2) सड़क दुर्घटना**
- यातायात नियमों की उपेक्षा
- असावधानी
- नियंत्रण के लिए सुझाव

**(3) जैसी संगति बैठिए तैसोई फल दीन**
- सत्संगति का प्रभाव
- कुसंगति से हानि
- चरित्र का परिचायक
- प्रभावशाली व्यक्तित्व

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

15. (1) शारीरिक व्यायाम स्वास्थ्य दृष्टि से अति आवश्यक है। अपने विद्यालय में एक कुशल योग प्रशिक्षक को रखने का अनुरोध करते हुए प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) आपने समाचार पत्र में समाचारवाचन के कोर्स के बारे में पढ़ा। आप उस संस्थान के पते पर लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर कोर्स की अवधि, फीस, समय आदि की जानकारी प्राप्त कीजिए।

16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए– $(4 \times 1 = 4)$

(1) 'आकांक्षा' सोसायटी के सचिव होने के नाते पानी की सप्लाई में होने वाली कटौती के लिए सूचना लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) पुस्तकालय अधिकारी की ओर से सूचना पट्ट के लिए लगभग 60 शब्दों में एक सूचना बनाइए कि सभी विद्यार्थी 10 मार्च तक पुस्तकालय की पुस्तकें लौटा देंगे, तभी उन्हें वार्षिक परीक्षा के लिए अनुक्रमांक व प्रवेश पत्र मिलेगा।

17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए– $(3 \times 1 = 3)$

(1) सरकार की निःशुल्क शिक्षा योजना के लिए लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) सैल फोन विक्रेता हेतु लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार दीजिए।

18. (1) 'पूर्णता का अहंकार' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) आप रजनी गुप्ता/राकेश गुप्ता हैं। नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन की जाँच मशीन पर एक यात्री के भूलवश छूटे एक लाख बीस हजार रुपए की मेट्रो पुलिस ने उसे लौटा दिया। इस समाचार को पढ़कर जो विचार आपके मन में आते हैं, उन्हें किसी समाचार-पत्र के संपादक को ई-मेल के रूप में लिखिए। (शब्द-सीमा : लगभग 100 शब्द)

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**

- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App

Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 13

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

संसार में अमरता ऐसे लोगों को ही मिलती है जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं। ऐसे महापुरुष सम्पन्न परिवार में बहुत कम ही जन्म लेते हैं। बहुधा ऐसे लोगों का जन्म मध्यम वर्ग में या निम्न वर्ग में होता है। ऐसे लोग संघर्षशील होते हैं एवं अपनी प्रतिकूल परिस्थितियों में स्वयं को निखार कर जीवन संघर्ष में आगे बढ़ते जाते हैं इनके जीवन का मुख्य लक्ष्य होता है सादा जीवन, उच्च विचार। मनुष्य में विनय, उदारता, कष्ट–सहिष्णुता, साहस आदि चारित्रिक गुण का विकास अत्यावश्यक है। इनका ही विशेष प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर पड़ता है। ये गुण व्यक्ति को अहंकारहीन, सादा व सरल बनाते हैं। सादा जीवन या सादगी का अर्थ है रहन–सहन, वेशभूषा, आचार–विचार आदि पर किसी भी प्रकार का दिखावा न होना। जीवन में सादगी लाने के लिए दो विशेष बातों का ध्यान रखना चाहिए पहला, कठिन से कठिन परिस्थितियों में धैर्य को न छोड़ना एवं दूसरा, अपनी आवश्यकताओं को न्यून बनाना।

सादगी का विचारों से घनिष्ठ संबंध है। सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और अपने विचारों को उच्च रखना चाहिए। व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों और करनी से होती है। मनुष्य के विचार उसके आचरण पर प्रभाव डालते हैं और उसके विवेक को जाग्रत रखते हैं। विवेकशील व्यक्ति ही अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है। उन्हें अपने ऊपर हावी नहीं होने देता। सादा जीवन व्यतीत करने वाले व्यक्ति को कभी भी अपने आत्मसम्मान पर आँच नहीं आने देनी चाहिए। सादगी मनुष्य के चरित्र का अंग है, वह बाहरी चीज नहीं है। महात्मा गाँधी सादा जीवन पसंद करते थे और हाथ के कते और बुने खद्दर के मामूली वस्त्र पहनते थे, किंतु अपने उच्च विचारों के कारण संसार में वंदनीय हो गए।

(1) महापुरुषों के जीवन पर किसका प्रभाव होता है?
   (क) संघर्ष का (ख) समय का
   (ग) पढ़ाई का (घ) संघर्ष और प्रतिकूल परिस्थितियों का

(2) जीवन को सरल बनाने के लिए क्या–क्या करना चाहिए?
   (क) धैर्य नहीं खोना (ख) आवश्यकताओं को सीमित करना
   (ग) सादा जीवन जीना (घ) उपर्युक्त सभी

(3) व्यक्ति की सही पहचान किससे है?
   (क) कर्म और विचारों से (ख) रहन–सहन से
   (ग) पहनावे से (घ) सभी से

(4) कैसा व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है?
   (क) विवेकशील व्यक्ति (ख) कायर व्यक्ति
   (ग) अहंकारी व्यक्ति (घ) धूर्त व्यक्ति

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन** (A) : विनय, उदारता, कष्ट–सहिष्णुता, साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास आवश्यक है।

**कारण** (R) : ये सभी गुण मनुष्य के व्यक्तित्व को निखारने में तथा विपरीत परिस्थितियों में आगे बढ़ने में सहायक सिद्ध होते हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–**

**$(1 \times 5 = 5)$**

भारत के राष्ट्रपति की सूची में पहला नाम डॉ. राजेंद्र प्रसाद का आता है। राजेंद्र बाबू बेहद शांत और निर्मल स्वभाव वाले राजनेता थे जो कि सादा जीवन, उच्च विचार की नीति में विश्वास रखते थे। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान गाँधीजी ने उन्हें मीडिया प्रभारी बनाया। कांग्रेस की गतिविधियों की कौन–सी खबर प्रकाशित होनी है, कौन सी नहीं इसका निर्णय राजेंद्र बाबू को करना होता था। वह अखबार में खबरें भी खुद ही पहुँचाते थे। एक बार वह इलाहाबाद के लीडर प्रेस गए। उस समय लीडर प्रेस के संपादक श्री सी.वाई. चिंतामणि थे। उनकी राजेंद्र बाबू से गहरी दोस्ती थी। जब राजेंद्र बाबू पहुँचे तो गेट पर बैठे चपरासी ने कहा कि इस समय आप उनसे नहीं मिल सकते। उनके पास कई नेता बैठे हैं। आपको इंतजार करना होगा। राजेंद्र बाबू ने अपना कार्ड देते हुए कहा ठीक है, 'यह उन्हें दे दो जब वह खाली हो जाएँगे तो मुझे बुला लेंगे।' 'चपरासी ने कार्ड चिंतामणि की मेज पर रख दिया। उस समय ठंड ज्यादा थी और हल्की बूंदाबांदी भी हो रही थी। राजेंद्र बाबू भीग गए थे। कार्यालय के बाहर कुछ मजदूर अंगीठी जलाकर आग ताप रहे थे। राजेंद्र बाबू भी वहीं बैठ गए। काफी देर बाद चिंतामणि की नजर उस कार्ड पर पड़ी, वह नंगे पाँव दौड़ते हुए बोले, 'तुमने राजेंद्र बाबू को रोका क्यों नहीं? राजेंद्र बाबू का नाम सुनते ही चपरासी काँपने लगा और माफी माँगते हुए बोला, 'मैंने आपको पहचाना नहीं साहब। आप मुझे माफ कर दें।' राजेंद्र बाबू बोले, 'तुमने कोई गलती नहीं की तो माफी क्यों माँगते हो?' तुमने तो अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभाई है आगे भी इसी तरह निभाते रहना।

(1) राजेंद्र बाबू किस नीति में विश्वास रखते थे?

(क) फूट डालो, राज करो (ख) सादा जीवन, उच्च विचार

(ग) उच्च जीवन, सादा विचार (घ) इनमें से कोई नहीं

(2) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन** (A) : लीडर प्रेस के चपरासी ने राजेंद्र बाबू को अंदर नहीं जाने दिया।

**कारण** (R) : लीडर प्रेस के संपादक के पास अन्य लोग बैठे थे।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(3) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

(i) राजेंद्र प्रसाद देश के प्रथम राष्ट्रपति थे

(ii) चपरासी राजेंद्र प्रसाद को नहीं पहचानता था

(iii) चिंतामणि व्यस्त होने के कारण राजेंद्र प्रसाद से नहीं मिल सके

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?

(क) केवल (i) (ख) केवल (ii)

(ग) (i) और (ii) (घ) (ii) और (iii)

(4) ठंड में भीग जाने पर राजेंद्र बाबू द्वारा मजदूरों के साथ आग तापना बताता है–

(क) राजेंद्र बाबू की कष्ट सहिष्णुता (ख) राजेंद्र बाबू की सादगी

(ग) राजेंद्र बाबू का क्रोध (घ) राजेंद्र बाबू का बड़प्पन

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) चपरासी द्वारा रोकने पर राजेंद्र बाबू पर क्या प्रभाव पड़ा?
(क) चुपचाप वापस लौट गए
(ख) जबरदस्ती प्रेस में दाखिल हो गए
(ग) चपरासी की कर्तव्यनिष्ठा से प्रभावित हुए
(घ) चपरासी के व्यवहार से क्रोधित हो गए

**3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'पास में एक सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था।' रेखांकित पदबंध का कौनसा भेद हैं?
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) विशेषण पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध
(घ) सर्वनाम पदबंध

(2) छत पर खड़ा वह आने–जाने वालों को देख रहा था। इस वाक्य में सर्वनाम पदबंध है–
(क) देख रहा था
(ख) आने–जाने वालों
(ग) वह आने–जाने वालों
(घ) छत पर खड़ा वह

(3) संज्ञा पदबंध का उदाहरण छाँटिए–
(क) जीवन में पहली बार मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ।
(ख) शाहेरूम ने भी एक बार अहंकार किया था।
(ग) शैलेंद्र तो फिल्म–निर्माता बनने के लिए सर्वथा अयोग्य थे।
(घ) हरिहर काका धीरे–धीरे चलते हुए आँगन तक पहुँचे।

(4) वह पहले की अपेक्षा बहुत समझदार हो गया है। रेखांकित पदबंध का कौनसा भेद हैं?
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध
(घ) क्रिया विशेषण पदबंध

(5) 'भयंकर अपराध करने के कारण उसे कठोर सजा दी गई।' रेखांकित पदबंध का कौनसा भेद हैं?
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) विशेषण पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध
(घ) सर्वनाम पदबंध

**4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'चाय तैयार होते ही उसने उसे प्यालों में भर दिया।' इस वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा–
(क) जब चाय तैयार हुई तब उसने उसे प्यालों में भर दिया।
(ख) उसने चाय तैयार होने के बाद उसे प्यालों में भर दिया।
(ग) चाय तैयार हुई और उसने उसे प्यालों में भर दिया।
(घ) इनमें से कोई नहीं

(2) 'उसने अपने को निर्दोष घोषित किया' रचना के आधार पर वाक्य भेद है–
(क) संयुक्त वाक्य
(ख) मिश्र वाक्य
(ग) सरल वाक्य
(घ) समूह वाक्य

(3) 'तताँरा दिनभर के अथक परिश्रम के बाद समुद्र किनारे टहलने चला गया।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है–
(क) समूह वाक्य
(ख) सरल वाक्य
(ग) प्रश्न वाक्य
(घ) संयुक्त वाक्य

(4) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | जैसे–जैसे आबादी बढ़ती जा रही है, प्राकृतिक असंतुलन भी बढ़ता जा रहा है। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | आबादी बढ़ने से प्राकृतिक असंतुलन भी बढ़ता जा रहा है। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | आबादी बढ़ती जा रही है और प्राकृतिक असंतुलन भी बढ़ता जा रही है। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) 'बड़े भाई साहब घंटों किताबें लेकर बैठे रहते थे किंतु पढ़ने में उनका मन नहीं लगता था।' रचना के आधार पर इस वाक्य का भेद होगा–

(क) समूह वाक्य (ख) सरल वाक्य

(ग) प्रश्न वाक्य (घ) संयुक्त वाक्य

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'माता के लिए भक्ति' समस्त पद बताइए–

(क) मात्रभक्ति (ख) मात्रीभक्ति

(ग) मात्रृभक्ति (घ) मातृभक्ति

(2) 'ऋणमुक्त' में कौन–सा समास है?

(क) तत्पुरुष समास (ख) बहुव्रीहि समास

(ग) कर्मधारय समास (घ) द्विगु समास

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | पंचवटी | (i) | बहुव्रीहि समास |
| (ii) | भरपेट | (ii) | तत्पुरुष समास |
| (iii) | नीलकमल | (iii) | कर्मधारय समास |
| (iv) | हस्तलिखित | (iv) | तत्पुरुष समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सही सुमेलित हैं–

(क) (iii) और (i) (ख) (iv) और (i)

(ग) (iii) और (iv) (घ) (i) और (ii)

(4) उसने अन्न और जल त्याग दिया। रेखांकित पदों का समस्त पद बताकर समास का नाम बताइए

(क) अन्नाजल/तत्पुरुष (ख) अन्न या जल/कर्मधारय

(ग) अन्न–जल/द्वंद्व समास (घ) अन्न–जल/अव्ययीभाव

(5) 'प्रधानमंत्री' का विग्रह बताइए–

(क) प्रधान है जो मंत्री (ख) प्रधानों का मंत्री

(ग) मंत्री है जो प्रधान (घ) कोई भी नहीं

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए–

(क) छक्के छुड़ाना – बहुत परिश्रम करना (ख) रीढ़ टूटना – निराश हो जाना

(ग) अंगूठा चूमना – खुशामद करना (घ) एडी चोटी का जोर लगाना – जान पर खेलना

(2) 'सफाई से चोरी करना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है–

(क) आँखों का काजल चुराना (ख) तीर मारना

(ग) जान पर खेलना (घ) गागर में सागर भरना

(3) उसे शिक्षक की नौकरी अवश्य मिल जाएगी क्योंकि उसने .............. रहे हैं। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त मुहावरे का चयन कीजिए–

(क) बीड़ा उठाना (ख) जी तोड़ मेहनत करना

(ग) पत्थर की लकीर होना (घ) आग–बबूला होना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(4) विपत्ति में उसकी अक्ल ............... उचित विकल्प से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–
(क) पर फूल पड़ गए। (ख) पर पत्थर पड़ गए।
(ग) पर झाड़ू लग गई। (घ) पर बैल बैठ गया।

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित होगा?
रमेश बिना सोचे–समझे किसी पर भी विश्वास कर लेता है।
(क) कोल्हू का बैल होना (ख) भला–बुरा कहना
(ग) चुगली करना (घ) कान का कच्चा होना

(6) 'असम्भव काम करना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है–
(क) आँसू पोंछना (ख) आँखें बिछाना
(ग) आकाश के तारे तोड़ना (घ) आसमान पर चढ़ना

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

ऐसी बाँणी बोलिए मन का आपा खोए।
अपना तन सीतल करै औरन को सुख होय।।
निंदक नेड़ा राखिये, आँगणि कुटी बँधाइ
बिन साबण पाँणी बिना, निरमल करै सुभाइ

(1) मन का आपा खोने से क्या अभिप्राय है?
(क) मन से अज्ञान दूर होना (ख) मन में विरक्ति का भावा आना
(ग) मन का अहंकार नष्ट होना (घ) मानसिक नियंत्रण खोना

(2) प्रथम दो पंक्तियों में महत्ता दर्शाई गई है–
(क) मधुर वाणी की (ख) अहंकार युक्त वाणी की
(ग) अहंकार रहित वाणी की (घ) ईश्वर भक्ति की

(3) निंदक को कहाँ रखना हितकर होता है?
(क) समीप (ख) घर के अंदर
(ग) दूर (घ) आँगन में

(4) 'निर्मल करै सुभाइ' से क्या तात्पर्य है–
(क) दोषों को दूर करना (ख) आत्मीय संबंध बनाना
(ग) रहने के लिए स्थान प्रदान करना (घ) दया दिखाना

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए–
(i) मनुष्य को अहंकारपूर्ण वाणी नहीं बोलनी चाहिए।
(ii) अपना तन स्वच्छ होने से दूसरों को अच्छा लगता है।
(iii) बुराई करने वाले के अपने पास रखना चाहिए
(iv) निंदक मनुष्य के व्यक्तित्व को निखार देता है।
(v) निंदक से जितना हो सके दूर रहना चाहिए।
पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चूनिए–
(क) (i), (ii) और (iv) (ख) (i), (ii) और (v)
(ग) (i), (iii) और (iv) (घ) (ii), (iii) और (v)

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में कवि के अनुसार इंद्र कौन से विमान में घूम रहा हैं ?
(क) पुष्पक (ख) पंखो रूपी विमान में
(ग) बादल रूपी विमान में (घ) एरावत हाथी पर

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(2) तोप कंपनी बाग के प्रवेश द्वार पर क्यों रखी गई है?
(क) तांकि सबको याद रहे ईस्ट इंडिया जैसी कंपनी दोबारा देश में न आ सके
(ख) वहाँ सुन्दर लगती है
(ग) बाग की सुंदरता बढ़ाने के लिए
(घ) तांकि सब फोटो खिचवा सके

**9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

मेरा जी पढ़ने में बिलकुल न लगता था। एक घंटा भी किताब लेकर बैठना पहाड़ था। मौका पाते ही होस्टल से निकलकर मैदान में आ जाता और कभी कंकरियाँ उछालता, कभी कागज की तितलियाँ उड़ाता और कहीं कोई साथी मिल गया, तो पूछना ही क्या। कभी चारदीवारी पर चढ़कर नीचे कूद रहे हैं। कभी फाटक पर सवार, उसे आगे–पीछे चलाते हुए मोटरकार का आनंद उठा रहे हैं, लेकिन कमरे में आते ही भाई साहब का वह रुद्र–रूप देखकर प्राण सूख जाते। उनका पहला सवाल यह होता– 'कहाँ थे'?

(1) किसका जी पढ़ने में न लगता था?
(क) लेखक का (ख) मित्र का
(ग) बड़े भाई का (घ) सभी का

(2) छोटा भाई अवसर मिलते ही कहाँ चला जाता था?
(क) पुस्तकालय (ख) बाजार
(ग) विद्यालय (घ) मैदान

(3) छोटा भाई कैसी तितलियाँ उड़ाता था?
(क) तालाब की (ख) कुएँ की
(ग) कागज की (घ) नदी की

(4) लेखक के प्राण सूख जाने के कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) अध्यापक का क्रोध देखकर
(ii) भाई साहब का रूद्र–रूप देखकर
(iii) खेल में हार की स्थिति मँडराने पर
(iv) अत्यंत सर्दी में स्नान करने पर
(क) केवल (i) (ख) (i) और (ii)
(ग) (iii) और (iv) (घ) केवल (ii)

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–
**कथन** (A) : मौका पाते ही मैं हॉस्टल से निकलकर मैदान में आ जाता और कभी कंकड़ियाँ उछालता, कभी कागज की तितलियाँ उड़ाता।
**कारण** (R) : मेरा जी पढ़ने में बिल्कुल नहीं लगता।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य को 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के संदर्भ में सही कहा जा सकता है?
(i) देश के स्वतंत्रता संग्राम में स्त्रियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।
(ii) बंगाल में प्रारम्भ से ही देशविरोधी कार्य हो रहे थे।

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions
SOLUTIONS

(iii) अंग्रेजी सरकार ने सभी आंदोलनकारियों को नोटिस भेजकर सभा न करने का निर्देश दिया था।
(iv) इस सभा में भाग लेने वाले लोग भारी संख्या में गिरफ्तार हुए थे।
(क) (i), (ii) और (iv) (ख) (i), (ii) और (iii)
(ग) (i), (iii) और (iv) (घ) (ii), (iii) और (iv)

(2) 'गिन्नी का सोना' किसे कहा जाता है?
(क) जो बिल्कुल शुद्ध हो (ख) जिसमें ताँबा मिला होता है
(ग) जिससे सोने के सिक्के बनते है (घ) जिसमें ताँबा नहीं मिला होता है

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) साहित्य समाज का दर्पण होता है। एक सच्चे साहित्यकार का यह कर्तव्य होता है कि वह समाज का परिष्कार करे। आपके पाठ्यक्रम में पढ़े गए किस पाठ में लेखक ने यह बात स्पष्ट की है? यह विशेषता पाठ के किस व्यक्ति के बारे में बताती है? पाठ के आधार पर उनकी अन्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(2) 'गिन्नी का सोना' पाठ में किस प्रकार के आदर्शों की बात की गई है? किस प्रकार के लोग समाज को उच्च आदर्शों तक ले जाने में सक्षम होते हैं और कैसे? हमारे देश के इतिहास को ध्यान में रखते हुए उदाहरण सहित अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(3) रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। क्यों? 'तताँरा वामीरो' कथा के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) पर्वत के हृदय से उठकर ऊँचे–ऊँचे वृक्ष आकाश की ओर क्यों देख रहे थे और वे किस बात को प्रतिबिंबित करते हैं?

(2) कवि ने 'कर चले हम फिदा' कविता में किस काफिले को आगे बढ़ाते रहने की बात कही है?

(3) कवि किन दिनों में प्रभु की याद बनाए रखना चाहता है? 'आत्मत्राण' कविता के आधार पर लिखिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) जीवन में अंधविश्वास मनुष्य को हानि ही पहुँचाता है। ईश्वर पर विश्वास करना सही है क्योंकि वह मनुष्य को धर्म के प्रति जागरूक करता है तथा सही और गलत की पहचान करने की क्षमता प्रदान करता है। धर्म के ठेकेदार अंधविश्वास का सहारा लेकर मनुष्य की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर अपनी स्वार्थ सिद्धि करते हैं।
गाँव में ठाकुरबारी के विकास का कारण बताते हुए ठाकुरबारी की आड़ में महंत के इरादों का पर्दाफाश कीजिए।

(2) विद्यार्थियों को अनुशासन में रखने के लिए अपनाई गई युक्तियों को आप सही मानते हैं? 'सपनों के–से दिन' पाठ के आधार पर बताइए।

(3) मनुष्य किसी के साथ मित्रता तब करता है जब भावनात्मक रूप से वह किसी से प्रभावित होता है। अतः सच्ची मित्रता के लिए भावनात्मक रूप से समान होना अत्यंत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निस्वार्थ भाव भी सच्ची मित्रता का आधार है। इन तत्वों के अभाव में किसी भी मनुष्य के बीच मित्रता का संबंध स्थापित करना संभव नहीं है।
इस कथन के आलोक में यह प्रमाणित कीजिए कि टोपी तथा इफ्फन की मित्रता सच्ची है।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** **$(5 \times 1 = 5)$**

(1) **प्रदूषित गंगा नदी**
- परिचय
- प्रदूषित होने के कारण
- सरकारी प्रयास
- उपाय

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(2) **स्वावलंबन**
- स्वावलंबन का अर्थ
- आत्मविश्वास की सीढ़ी
- स्वावलंबी समाज राष्ट्र का हितैषी

(3) **अधिकार और कर्तव्य**
- अधिकारों से जीवन की सुरक्षा
- हमारा कर्तव्य – सबके अधिकारों की रक्षा
- अधिकार के साथ कर्तव्य–पालन अनिवार्य

15. **(1) विद्यालय से आर्थिक सहायता की माँग करते हुए प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक प्रार्थना पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) आप जिस कॉलोनी में रहते हैं, वहाँ आपके आयुवर्ग वाले बच्चों के लिए खेलने की कोई व्यवस्था नहीं है। अपने खेल के मैदान की व्यवस्था के लिए नगर–निगम/नगर–पालिका अध्यक्ष को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

16. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $(4 \times 1 = 4)$

(1) बाल विकास विद्यालय, नोएडा की कक्षा दसवीं की छात्रा अनीता की हिंदी व्याकरण की पुस्तक अनमोल हिंदी व्याकरण भाग–2 विद्यालय में गुम हो गई है। वह विद्यालय के सूचना–पट्ट पर सूचना–पत्र लगाना चाहती है। उसके लिए सूचना लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) आप सी.एस.ए. हायर सैकेंड्री स्कूल के प्रधानाचार्य हैं। विद्यालय में लेखन प्रतियोगिता होने जा रही है। छात्रों हेतु सूचना लगभग 60 शब्दों में जारी कीजिए।

17. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए–** $(3 \times 1 = 3)$

(1) किसी विद्यालय की उपलब्धियों का एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

(2) चाय विक्रेता हेतु एकआकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

18. **(1) विनम्रता' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) आप विजय/रश्मि अग्रवाल हैं। बस चालकों की असावधानी के कारण हो रही दुर्घटनाओं के विषय में सूचित करते हुए किसी समाचार–पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में ई–मेल कीजिए।**

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**
- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App

Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 14

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

साहित्य की उन्नति का सबसे महत्त्वपूर्ण साधन 'पुस्तकालय' हैं। इनके द्वारा साहित्य के जीवन की रक्षा और अभिवृद्धि होती है। पुस्तकालय सभ्यता के इतिहास का जीता–जागता गवाह है। इसी के बल पर वर्तमान भारत को अपने अतीत पर गर्व है। पुस्तकालय भारत के लिए कोई नयी वस्तु नहीं है। लिपि के आविष्कार से आज तक लोग निरंतर पुस्तकों का संग्रह करते रहे हैं। पहले देवालय, विद्यालय और नृपालय इन संग्रहों के प्रमुख स्थान होते थे। इनके अतिरिक्त विद्वज्जनों के अपने निजी पुस्तकालय भी होते थे। मुद्रण कला के आविष्कार के पूर्व पुस्तकों का संग्रह करना आजकल की तरह सरल बात न थी। आजकल साधारण स्थिति के पुस्तकालय में जितनी सम्पत्ति लगती है, उतनी उन दिनों कभी–कभी एक–एक पुस्तक की तैयारी में लग जाया करती थी। भारत के पुस्तकालय संसार भर में अपना सानी नहीं रखते थे। प्राचीनकाल से मुगल सम्राटों के समय तक यही स्थिति रही। चीन, फारस प्रभृति सुदूर स्थित देशों से झुण्ड–के–झुण्ड विद्यानुरागी लम्बी यात्राएँ करके भारत आया करते थे। हमारा देश अपनी प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति के कारण काफी धनी है इसलिए लोग यहाँ अध्ययन करने आते हैं।

(1) पुस्तकालयों के कारण भारत को क्या गौरव प्राप्त था?
(क) भारत में बहुत से पुस्तकालय थे।
(ख) भारत के पुस्तकालय बहुत महँगे थे।
(ग) चीन, फारस जैसे सुदूर स्थित देशों से विद्यानुरागी भारत आया करते थे।
(घ) यहाँ पुस्ताकों का संग्रह बहुत कठिन था।

(2) पुराने समय में अधिक व्यय क्यों होता था?
(क) जगह कम थी (ख) समय नहीं था
(ग) मुद्रण कला नहीं थी (घ) पैसे का अभाव था

(3) साहित्य की उन्नति का सबसे महत्त्वपूर्ण साधन क्या है?
(क) शिक्षा (ख) विचार
(ग) लेखन (घ) पुस्तकालय

(4) भारत में लोग विद्याध्ययन के लिए क्यों आते थे?
(क) सभ्यता के कारण (ख) नैतिक मूल्यों के कारण
(ग) संस्कृति के कारण (घ) उपर्युक्त सभी

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन** (A) : चीन, फारस प्रभृति सुदूर स्थित देशों से झुण्ड–के–झुण्ड विद्यानुरागी लम्बी यात्राएँ करके भारत आया करते थे।

**कारण** (R) : हमारा देश अपनी प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति के कारण काफी धनी है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

विश्व में अनेक धर्मों को मानने वाले लोग हैं, लेकिन इन सभी धर्मों में एक बात समान है, वह है प्रार्थना, ईश्वर भक्ति। प्रार्थना द्वारा अपने हृदय के भाव प्रभु के सम्मुख रखते हैं और कुछ ना कुछ उस सर्वशक्तिमान से माँगते हैं। जब हमें कोई मार्ग नहीं सूझता तो हम प्रार्थना करते हैं। प्रार्थना का फल उत्तम हो इसके लिए हमें अपने अंदर उत्तम विचार और एकाग्र मन उत्पन्न करने होते हैं, क्योंकि विचार ही मनुष्य को पीड़ा पहुँचाते हैं या उससे मुक्त करते हैं। हमारे विचार ही हमें ऊँचाई तक ले जाते हैं या फिर खाई में फेंक देते हैं। यह मन ही हमारे लिए दुख लाता है और यही आनंद की ओर ले जाता है। वेद के एक मंत्र के अनुसार यह मन बड़ा ही प्रबल और चंचल है। यह जड़ होते हुए भी सोते–जागते कभी भी चैन नहीं लेता। जितनी देर हम जागते रहते हैं उतनी देर यह कुछ–न–कुछ सोचता हुआ भटकता रहता है। अब प्रश्न यह उठता है कि मन जो अत्यंत गतिशील है उसको स्थिर और वश में कैसे किया जाए। मन को वश में करने का तात्पर्य नहीं कि यह गतिहीन हो जाए और यह गतिहीन हो ही नहीं सकता। जिस प्रकार अग्नि का धर्म उष्णता है, उसी प्रकार चंचलता मन का धर्म है।

(1) संसार के सभी धर्मों में समान हैं–

(क) प्रवचन व ईश्वर भक्ति (ख) प्रार्थना व ईश्वर भक्ति

(ग) प्रार्थना व प्रवचन (घ) ईश्वर भक्ति व भजन

(2) मनुष्य प्रार्थना करता है–

(क) संध्या काल में (ख) प्रातः काल होने पर

(ग) कोई मार्ग न सूझने पर (घ) कष्ट आने पर

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन** (A) : मन ही हमारे लिए दुख लाता है और यही आनंद की ओर ले जाता है।

**कारण** (R) : मन को वश में करने का तात्पर्य उसे गतिहीन कर देना है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) 'ऊँचाई तक ले जाना और खाई में फेंकना' से आशय है–

(क) आर्थिक विकास व आर्थिक अभाव (ख) धार्मिक उत्थान और पतन

(ग) आत्मिक उत्थान और पतन (घ) बौद्धिक उत्थान और पतन

(5) 'वेद' में मन की कौन–सी विशेषताएँ बताई गई हैं?

(क) प्रबल और स्थिर (ख) प्रबल और एकाग्र

(ग) प्रबल और चंचल (घ) प्रबल और गतिहीन

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'उसकी कल्पना में वह एक अद्‌भुत साहसी युवक था।' रेखांकित पदबंध का कौनसा भेद हैं?

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(2) परेशानियों से न हारने वाले आप निराश कैसे हो गए? इस वाक्य में सर्वनाम पदबंध है–
(क) हारने वाले आप
(ख) परेशानियों से न
(ग) निराश कैसे हो गए
(घ) परेशानियों से न हारने वाले आप

(3) क्रिया विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटिए–
(क) बाढ़ के प्रकोप और महामारी से पूरा देश त्रस्त है।
(ख) सभी लोगों की अपमानजनक बातें सुनकर वह क्रोध से भर गया।
(ग) उसकी व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढ़ने में व्यस्त थी।
(घ) वह युवती अचानक सचेत होकर घर की तरफ दौड़ गई।

(4) 'वह निर्निमेष याचक की तरह उसे अपलक निहार रहा था।' रेखांकित पदबंध का कौनसा भेद हैं?
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध
(घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(5) 'भारत की राजधानी दिल्ली में एक करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं।' रेखांकित पदबंध का कौनसा भेद हैं?
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) क्रिया पदबंध
(ग) सर्वनाम पदबंध
(घ) क्रियाविशेषण पदबंध

**4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'बाहर बेढब–सा मिट्टी का बरतन था। उसमें पानी भरा हुआ था।' इन वाक्यों का मिश्र वाक्य होगा–
(क) बाहर बेढब–सा मिट्टी का बरतन था और उसमें पानी भरा हुआ था।
(ख) बाहर मिट्टी के बरतन में पानी भरा पड़ा था।
(ग) बाहर बेढब–सा मिट्टी का बरतन पड़ा था।
(घ) जो बाहर बेढब–सा मिट्टी का बरतन था, उसमें पानी भरा हुआ था।

(2) 'ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ सारे हिंदुस्तान में एक लहर दौड़ गई थी।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है–
(क) संयुक्त वाक्य
(ख) सरल वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) समूह वाक्य

(3) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | वज़ीर अली ने वकील का कत्ल किया और आजमगढ़ की ओर भाग गया। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | कर्नल पूरी फौज लिए वज़ीर अली का पीछा कर रहा था। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | जब खेमे में दो सिपाही बैठे थे तब सिपाही बाहर पहरा दे रहे थे। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(4) निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य है–
(क) विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ–साथ खेल भी खेलना चाहिए।
(ख) उस दिन सारे हिंदुस्तान में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया थां
(ग) हरिहर काका ठाकुरबारी में बीमार पड़ गए।
(घ) बड़े भाई साहब ने भी उसी उम्र में पढ़ना शुरू किया था जब मैंने शुरू किया था।

(5) 'लपाती के कुछ युवकों ने इस मूक प्रेम को भाँप लिया और खबर हवा की तरह बह उठी।' रचना के आधार पर इस वाक्य का भेद होगा–
(क) कटु वाक्य
(ख) सरल वाक्य
(ग) प्रश्न वाक्य
(घ) संयुक्त वाक्य

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'सपरिवार' में कौन–सा समास है?
(क) बहुव्रीहि समास
(ख) कर्मधारय समास
(ग) द्विगु समास
(घ) अव्ययीभाव समास

(2) 'त्रिलोक' में कौन–सा समास है?
(क) तत्पुरुष समास
(ख) बहुव्रीहि समास
(ग) कर्मधारय समास
(घ) द्विगु समास

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | समस्त पद | | समास |
|---|---|---|---|
| (i) | प्रतिदिन | (i) | तत्पुरुष समास |
| (ii) | पवन चक्की | (ii) | अव्ययीभाव समास |
| (iii) | महात्मा | (iii) | कर्मधारय समास |
| (iv) | चौगुनी | (iv) | द्विगु समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं–
(क) (i) और (ii)
(ख) (ii) और (iv)
(ग) (iii) और (iv)
(घ) (i) और (iii)

(4) उसने रात और दिन काम किया। रेखांकित पदों का समस्त पद बताकर समास का नाम बताइए
(क) रात–दिन/तत्पुरुष
(ख) रात या दिन/अव्ययीभाव
(ग) रात–दिन/द्वंद्व समास
(घ) रात–दिन/अव्ययीभाव

(5) 'हरिकीर्तन'– का समास विग्रह व भेद होगा–
(क) हरि रूपी कीर्तन– कर्मधारय समास
(ख) हरि का कीर्तन– तत्पुरूष समास
(ग) हरि के लिए कीर्तन– द्विगु समास
(घ) हरि और कीर्तन– द्वंद्व समास

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए–
(क) प्राण सूखना – डर लगना
(ख) गाढ़ी कमाई – अधिक प्रभावी होना
(ग) दबे पाँव आना – चालाकी करना
(घ) उर जलना – पश्चात्ताप करना

(2) 'बातों की जलेबी छानना' मुहावरे का अर्थ है–
(क) जलेबी छानना सीखना
(ख) डींगे हाँकना
(ग) गप–शप में आनंद लेना
(घ) सपना देखना

(3) धीरू और वीरू का .............. है। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए–
(क) कुत्ते–हड्डी का साथ
(ख) चोली–दामन का साथ
(ग) पैर–घुंघरू का साथ
(घ) दिल–दिमाग का साथ

(4) राजेश घर में कुआँ खुदवाकर .............. बना रहा है। उपयुक्त विकल्प से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–
(क) एक ईंट की मस्जिद
(ख) तीन ईंट की मस्जिद
(ग) ढाई ईंट की मस्जिद
(घ) दो ईंट की मस्जिद

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित होगा?
प्रदीप से अपनी व्यक्तिगत बात मत कहना, वह कपटी मित्र है; क्योंकि आपकी सभी बातें वह अध्यापक महोदय को बता देता है।
(क) ईद का चाँद
(ख) कोल्हू का बैल
(ग) आस्तीन का साँप
(घ) काठ का उल्लू

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(6) 'बहुत परिश्रम करना' अर्थ के लिए किस मुहावरे का प्रयोग होता है?
(क) आकाश–पाताल एक करना
(ख) आकाश को छूना
(ग) आग में घी डालना
(घ) आग–बबूला होना

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

सहानुभूति चाहिए, महाविभूति है यही,
वशीकृता सदैव है बनी हुई स्वयं मही।
विरुद्धवाद बुद्ध का दया–प्रवाह में बहा,
विनीत लोकवर्ग क्या न सामने झुका रहा?
अहा! वही उदार है परोपकार जो करे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(1) मनुष्य की सबसे बड़ी पूँजी किसे कहा गया है?
(क) सत्य बोलना
(ख) सहानुभूति
(ग) परोपकार
(घ) करुणा

(2) धरती किन भावनाओं के कारण वशीकृता बनी हुई है?
(क) धैर्य और सहनशीलता
(ख) लोगों को अन्न देने की शक्ति
(ग) धन का भंडार
(घ) समर्पण

(3) 'विरुद्धवाद' से क्या आशय है?
(क) विरोध की आवाजें
(ख) विरोधी लोग
(ग) क्रांति
(घ) संकट

(4) बुद्ध का विरोध किस प्रकार समाप्त हुआ?
(क) प्रेम पाकर
(ख) संघर्ष द्वारा
(ग) दया पाकर
(घ) युद्ध द्वारा

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए–
(i) हमें मृत्यु से कभी नहीं डरना चाहिए।
(ii) वही मनुष्य उदार है जो परोपकार करता है।
(iii) मनुष्य की सबसे बड़ी पूँजी सत्य बोलना है।
(iv) प्राकृतिक सौंदर्य के लिए ईश्वर का धन्यवाद देना चाहिए।
(v) मनुष्य को हमेशा वर्तमान में जीना चाहिए।
पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए–
(क) (i) और (ii)
(ख) केवल (ii)
(ग) (i), (ii) और (iii)
(घ) (iii), (iv) और (v)

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) आखिरकार तोप का मुँह एक दिन बंद क्यों हो जाता है?
(क) क्योंकि तोप कुछ समय बाद पुरानी हो जाती है
(ख) क्योंकि तोप कुछ समय बाद खराब हो जाती है
(ग) क्योंकि तोप समस्या का अंतिम समाधान नहीं है
(घ) क्योंकि तोप प्रयोग करने योग्य नहीं रहती है

(2) 'कर चले हम फिदा' कविता में आजाद होने के बाद सब से मुश्किल काम क्या बताया गया है?
(क) इतिहास लिखना
(ख) देश को संभालना
(ग) आजादी बनाये रखना
(घ) आजाद रहना

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

ततँारा एक नेक और मददगार व्यक्ति था। सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता। अपने गाँववालों की ही नहीं, अपितु समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था। उसके इस त्याग की वजह से वह चर्चित था। सभी उसका आदर करते। वक्त

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**
SOLUTIONS

मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह भागा–भागा वहाँ पहुँच जाता। दूसरे गाँवों में भी पर्व–त्योहारों के समय उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता। उसका व्यक्तित्व भी आकर्षक था ही, साथ ही आत्मीय स्वभाव की वजह से लोग उसके करीब रहना चाहते। पारंपरिक पोशाक के साथ वह अपनी कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता। लोगों का मत था, बावजूद लकड़ी की होने पर, उस तलवार में अद्भुत दैवीय शक्ति थी। ततॉंरा अपनी तलवार को कभी अलग न होने देता। उसका दूसरों के सामने उपयोग भी न करता। किंतु उसके चर्चित साहसिक कारनामों के कारण लोग–बाग तलवार में अद्भुत शक्ति का होना मानते थे। ततॉंरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।

(1) ततॉंरा अपने गाँव वालों की ही नहीं, अपितु समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था। इसके कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
 (i) ततॉंरा एक परोपकारी व्यक्ति था।
 (ii) ततॉंरा के मन में कर्तव्य बोध की भावना बड़ी प्रबल थी।
 (iii) दूसरों की सेवा करना ततॉंरा की मजबूरी बन गई थी।
 (iv) ततॉंरा दूसरों की सेवा करना नहीं चाहता था।
 (क) (i) और (ii) (ख) केवल (ii)
 (ग) (i), (ii) और (iii) (घ) (iii) और (iv)

(2) इनमें से कौन–सा ततॉंरा का चारित्रिक गुण है?
 (क) ततॉंरा एक नेक व्यक्ति था और सभी की सहायता करता था
 (ख) ततॉंरा एक मददगार व्यक्ति था किसी की सहायता नहीं करता था
 (ग) ततॉंरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था वह कहीं नहीं जाता था
 (घ) ततॉंरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था उसके त्याग के कारण लोग उसकी चर्चा करते रहते थे

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
 **कथन** (A) : ततॉंरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था उसके त्याग की वजह से वह चर्चित था।
 **कारण** (R) : ततॉंरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य नहीं थी।
 (क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
 (ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है
 (ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
 (घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) ततॉंरा की तलवार के बारे में लोगों का क्या विचार था?
 (क) ततॉंरा की तलवार लकड़ी की थी
 (ख) ततॉंरा की तलवार में दैवीय शक्ति थी
 (ग) ततॉंरा की तलवार लकड़ी की थी परंतु उसमें दैवीय शक्ति थी
 (घ) ततॉंरा की तलवार साधारण थी

(5) 'दैवीय' से क्या तात्पर्य है?
 (क) लकड़ी से बनी (ख) दैव नामक धातु से निर्मित
 (ग) देवताओं द्वारा प्रदान की गई (घ) इनमें से कोई नहीं

10. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) निम्नलिखित वाक्यों में से कौन–से कथन 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के प्रमुख पात्र शैलेंद्र की विशेषताओं को परिभाषित करते हैं?
 (i) शैलेंद्र के जीवन में धन लिप्सा यश लिप्सा से अधिक महत्त्व रखती थी।
 (ii) अपने गीतों में शैलेंद्र ने संवेदनशीलता को पूरी शिद्दत के साथ उभारा था।
 (iii) बीस साल तक फिल्म इंडस्ट्री में रहते हुए शैलेंद्र वहाँ के तौर–तरीकों से वाकिफ थे।
 (iv) एक कवि होने के नाते उपभोक्ता की रूचियों का परिष्कार करना शैलेंद्र अपना कर्तव्य समझते थे।

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions
SOLUTIONS

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए–

(क) (i), (ii) और (iv)　　(ख) (i), (ii) और (iii)

(ग) (i), (iii) और (iv)　　(घ) (ii), (iii) और (iv)

(2) वजीर अली ने कंपनी के वकील को क्यों मारा?

(क) उसने वजीर को बुरा भला कहा और उसकी ओर ध्यान नहीं दिया

(ख) उसने उसको मारा

(ग) उसने उसको टिकट नहीं दी

(घ) कोई नहीं

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) भूतकाल तथा भविष्यकाल दोनों ही मिथ्या हैं। मनुष्य का वर्तमान ही सत्य है। भूतकाल की यादें तथा भविष्य की चिंताएँ मनुष्य को मानसिक पीड़ा देती हैं।

पाठ्य–पुस्तक में पढ़े गए पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक ने किस प्रकार अपने मन तथा मस्तिष्क को भूतकाल तथा भविष्यकाल के बंधन से मुक्त किया?

(2) शिक्षा बच्चों का भविष्य निर्माण करती है। परंतु आज की शिक्षा प्रणाली त्रुटिपूर्ण है। बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ–साथ वास्तविक ज्ञान देना भी आवश्यक है।

पाठ्यपुस्तक में पढ़े गए पाठ के आधार पर बताइए कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किस प्रकार की शिक्षा पद्धति को अपनाने की आवश्यकता है?

(3) 26 जनवरी, 1931 के दिन कलकत्ता में दूसरा स्वतंत्रता दिवस किस प्रकार मनाया गया? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) संसार में सुखी व्यक्ति कौन है और दुःखी कौन? यहाँ 'सोना' और 'जागना' किसके प्रतीक हैं? इसका प्रयोग यहाँ क्यों किया गया है? स्पष्ट कीजिए।

(2) मीराबाई ने श्रीकृष्ण से अपनी पीड़ा हरने की प्रार्थना किस प्रकार की है?

(3) 'आत्मत्राण' शीर्षक की सार्थकता कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) धन तथा सम्पत्ति का लालच मनुष्य को उसके आदर्श से नीचे गिरा देता है। लोग सम्पत्ति को हथियाने के लिए खून के रिश्ते को भी दाँव पर लगा देते हैं।

हरिहर काका जिन पर सबसे अधिक भरोसा करते थे उन्होंने ही उनका विश्वास तोड़ा। हरिहर काका के मानस पटल पर इसका क्या प्रभाव पड़ा? उनकी मनोदशा का वर्णन कीजिए।

(2) धार्मिक भेदभाव, अलग परिवेश तथा उम्र का अंतर भी मित्रता के बीच दीवार नहीं बन सकता। सच्ची मित्रता के लिए केवल भावनाओं का मेल होना आवश्यक है।

टोपी तथा इफ़्फ़न की दादी का संबंध गहरा था। अनजान होते हुए भी दोनों को अपनेपन का एहसास होता था। दोनों के आपसी संबंध का उल्लेख अपने शब्दों में कीजिए।

(3) आज जब शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद को भी महत्त्व दिया जाने लगा है तब भी आपको अनेक अभिभावक ऐसे मिल जायेंगे जो अपने बच्चों पर खेलने–कूदने की पाबंदी लगाते हैं और उन्हें कूदने में समय बर्बाद न करने की नसीहत देते हैं। आप विद्यार्थी जीवन में खेल को कितना जरूरी मानते हैं?

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **भ्रष्टाचार : समस्या और समाधान**

- अर्थ
- भ्रष्टाचार के रूप
- भ्रष्टाचार फैलने के कारण
- भ्रष्टाचार रोकने के उपाय

(2) **कम्प्यूटर : आज की जरूरत**

- उपयोगी वैज्ञानिक आविष्कार
- विविध क्षेत्रों में कम्प्यूटर
- लाभ–हानि

(3) **वन और हमारा पर्यावरण**

- प्रदूषण की वर्तमान समस्या
- वृक्षों का महत्त्व
- व्यक्तिगत एवं सरकारी प्रयास

**15. (1) रेल द्वारा बुक करवा कर भेजा गया घरेलू सामान आपके निवास के निकटस्थ स्टेशन तक नहीं पहुँचा। इसकी शिकायत करने हेतु रेल प्रबंधक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) किसी दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर शहर में बढ़ती असुरक्षा पर लेख छापने का अनुरोध कीजिए।**

**16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $(4 \times 1 = 4)$

(1) प्रधानाचार्य हैप्पी पब्लिक स्कूल, दरियागंज की ओर से गरीब व अनाथ बच्चों के दाखिले की सूचना लगभग 60 शब्दों में पर्याप्त जानकारी (उम्र, सुविधाएँ आदि) सहित दीजिए।

**अथवा**

(2) विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए योजनाबद्ध कार्यक्रम के निर्धारण हेतु सभी कक्षाओं के प्रतिनिधियों की बैठक के लिए समय, स्थान आदि के विवरण सहित सूचना लगभग लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए।

**17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए–** $(3 \times 1 = 3)$

(1) अधिगम कोचिंग सेंटर हेतु लगभग 40 शब्दों का विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) लड़कियों की घटती संख्या के बारे में जन–जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**18. (1) 'मेहनत की कमाई' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) अपनी योग्यता तथा खेलों में रुचि का परिचय देते हुए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय को विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति के लिए लगभग 100 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।**

□□□□□□□

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 15

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

किसी भी मनुष्य का मन पूरी तरह से बुरा नहीं होता। मनुष्य के अचेतन मन में शुभ व पुण्य छिपे रहते हैं, उन्हें प्रेरित करके जगाया जा सकता है। पाप से घृणा करने और उसे त्यागने से हमारे सद्‌विचारों के परिवेश का निर्माण होता है। पापी से घृणा करके हम अपने को असद् विचारों के सुपुर्द कर देते हैं। असद् विचारों से दुष्कर्म या पाप जन्मते हैं। पाप सदैव संताप को जन्म देता है और कर्ता को उसके दुष्परिणाम भोगने ही पड़ते हैं। इस प्रकार पापी से घृणा करना पाप है, अतः हमें इस पाप से बचना चाहिए। पापी से घृणा न करके पाप से घृणा करने के उदाहरण हमारे इतिहास में भरे पड़े हैं। रोमवासियों ने जब महात्मा ईसा को सूली पर लटकाया था तब उन्होंने यही कहा था– ''वे नहीं जानते कि वे पाप कर रहे हैं। परमपिता परमेश्वर! तुम इन्हें भी माफ कर देना।'' महात्मा गाँधी तो बार–बार यही कहते थे कि ''मैं अंग्रेजों का विरोधी नहीं हूँ, अंग्रेजों के शासन की नीतियों का विरोध करता हूँ। यद्यपि कई लोग महात्मा गाँधी के कथनों को धूर्तता समझते थे परन्तु समय के साथ–साथ लोगों ने भी स्वीकार किया कि गाँधी जी सच्चे अहिंसावादी थे। कथित पापी नारी को पत्थरों से मारने के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए महात्मा ईसा ने कहा था– ''इस पर पहला पत्थर वह मारे जिसने कभी कोई पाप न किया हो।'' भगवान महावीर ने भी कहा है– ''पापी से घृणा न करो, उसके पाप से घृणा करो, क्योंकि निष्पाप तो तुम भी न होगे।''

(1) गद्यांश के अनुसार, कर्ता पापी कब बनता है?
(क) अपने असद् विचारों से
(ख) परिस्थितियों से
(ग) बुरे परिवेश से
(घ) उपर्युक्त सभी

(2) लोग महात्मा गाँधी को धूर्त समझते थे–
(क) अहिंसावादी होने के कारण
(ख) अंग्रेजों के साथी थे
(ग) अंग्रेजों का विरोधी न होने के कारण
(घ) कोई भी नहीं

(3) ईसा ने किससे प्रार्थना की?
(क) महात्माओं से
(ख) परमपिता परमेश्वर से
(ग) साधुओं से
(घ) अत्याचरियों से

(4) भगवान महावीर ने पाप और पापी के विषय में क्या कहा?
(क) पापी से घृणा करो
(ख) पापी से घृणा न करो, पाप से करो
(ग) पापी और पाप से घृणा करो
(घ) इनमें से कोई नहीं

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन** (A) : भगवान महावीर ने कहा था पापी से घृणा न करो, उसके पाप से घृणा करो, क्योंकि निष्पाप तो तुम भी न होगे।

**कारण** (R) : इस प्रकार पापी से घृणा करना पाप है, अतः हमें इस पाप से बचना चाहिए।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

कहना जितना सरल है, करना उतना ही कठिन है। इसलिए कर्तव्य–वीरों को कठिनाइयों को पार करने के लिए सदैव कटिबद्ध रहना पड़ता है। कर्तव्य की कठोरता भी बड़ी विलक्षण है, साधारण दृष्टि में तो उसका प्रदर्शन अनौचित्य की सीमा तक पहुँच जाता है। अग्नि का धर्म है जलाना। इस कर्म में त्रुटि न करना ही उसका कर्तव्य है। फिर यदि गोद का बालक भी भूल से उसके पास पहुँचता है, उसे लेने के लिए हाथ बढ़ाता है तो अग्नि उसे तुरंत जला देती है। प्रकृति के नियमों में इतनी अटलता न हो तो उसका व्यापार ही बंद हो जाए। कर्तव्य जो न करा दे, सो थोड़ा है। राम के सामने निरपराध सती शिरोमणी सगर्भा सीता खड़ी है, तो वह हृदय पर वज्र रखकर लक्ष्मण को उसके परित्याग की आज्ञा देते है तथा लक्ष्मण उसका पालन करते हैं। महाराणा प्रताप के पुत्र और पुत्री वन में वृक्षों की छाल के आटे की रोटियाँ खा रहे हैं, उन्हें भी बिल्ली छीन ले जाती है। कुछ ही वर्ष पहले अटलांटिक महासागर के बरमूदा द्वीप समूह में एक भारी तूफान आया, जहाज डूबने लगा। रक्षा के लिए नावें आ गईं, परंतु संख्या में कम थीं। जहाज का कप्तान और उसके सहायक 35 कर्मचारी तब तक अपने प्राण बचाना नहीं चाहते, जब तक कि एक भी यात्री शेष है। फलतः सबके सब अपना कर्तव्य पूरा करते हुए सागर के अनंत गर्म में सदा को सो जाते हैं। इस आत्म–बलिदान का कारण है– केवल कर्तव्य की प्रेरणा।

(1) प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?

(क) कर्तव्य की प्रेरणा
(ख) प्रेरणा
(ग) कर्तव्य
(घ) आत्म–बलिदान

(2) कर्तव्य की कठोरता कैसी है?

(क) साधारण व सौम्य
(ख) विलक्षण
(ग) प्रभावी
(घ) नकारात्मक

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन** (A) : प्रकृति के नियमों में भी बालकों के लिए छूट है

**कारण** (R) : कर्तव्य की प्रेरणा ही आत्म–बलिदान की भावना को पनपने नहीं देती।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) जहाज के कप्तान ने स्वयं को बचाने से ज्यादा यात्रियों को बचाना जरूरी क्यों समझा?

(क) वे डर गए थे
(ख) वे अपना कर्तव्य समझते थे
(ग) वे परेशान थे
(घ) वे बचना नहीं चाहते थे

(5) 'विलक्षण' का क्या अर्थ है?

(क) विचित्र
(ख) अद्‌भुत
(ग) अनोखा
(घ) उपर्युक्त सभी

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

**3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) जब अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा, तब पुलिस ने उनको पकड़ लिया। रेखांकित पदबंध का कौनसा भेद हैं?
(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(2) विदेशों में रहने वाले लोगों में भारत दर्शन की प्रबल इच्छा है। इस वाक्य में विशेषण पदबंध हैं?
(क) विदेशों में रहने वाले लोगों (ख) प्रबल इच्छा है
(ग) में भारत दर्शन की (घ) वाले लोगों में भारत

(3) सर्वनाम पदबंध का उदाहरण छाँटिए–
(क) उसकी कल्पना में वह एक अद्भुत साहसी युवक था। (ख) तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।
(ग) फूल की तरह खिली रहने वाली वह आज चुप थी। (घ) उसकी व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढ़ने में व्यस्त थी।

(4) वह भागा–भागा वहाँ पहुँच जाता। रेखांकित पदबंध का कौनसा भेद हैं?
(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध
(ग) क्रिया विशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(5) तताँरा को मानो कुछ होश आया। रेखांकित पदबंध का कौनसा भेद हैं?
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

**4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| (1) | तताँरा के प्रश्नों का जवाब वामीरो ने बेरुखी से दिया। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | जब तताँरा ने प्रश्न किया तब वामीरो ने बेरुखी से जवाब दिया। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | तताँरा ने प्रश्न किया और वामीरो ने बेरुखी से जवाब दिया। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii (ख) 1-i, 2-iii, 3-ii
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii (घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(2) 'जीवन में पहली बार मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है–
(क) संयुक्त वाक्य (ख) सरल वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) समूह वाक्य

(3) 'मैं ऐसे व्यक्ति से मिला जो सिद्ध पुरुष था।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा–
(क) मैं ऐसे व्यक्ति से मिला जो सिद्ध पुरुष था (ख) मुझे एक व्यक्ति मिला जो कि सिद्ध पुरुष था
(ग) मैं एक सिद्ध पुरुष से मिला था (घ) एक व्यक्ति सिद्ध पुरुष था जिससे में मिला

(4) निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य है–
(क) भाई साहब ने मानो तलवार खींच ली और मुझ पर टूट पड़े।
(ख) मेरी शालीनता इसी में थी कि उनके हुक्म को कानून समझूँ।
(ग) मौका पाते ही हॉस्टल से निकलकर मैदान में आ जाता।
(घ) उनकी रचनाओं को समझना मेरे लिए छोटा मुँह बड़ी बात थी।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) 'जैसे ही पहला दिन होता उसकी अवहेलना शुरू हो जाती।' रचना के आधार पर इस वाक्य का भेद होगा–

(क) कटु वाक्य (ख) सरल वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य (घ) संयुक्त वाक्य

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'उत्तर का उत्तर' के लिए समस्तपद बताइए–

(क) प्रत्यक्ष (ख) प्रतिउत्तर

(ग) प्रत्युत्तर (घ) प्रतिक्षा

(2) 'निर्विवाद' में कौन–सा समास है?

(क) तत्पुरुष समास (ख) कर्मधारय समास

(ग) बहुव्रीहि समास (घ) अव्ययीभाव समास

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | सिरदर्द | (i) | कर्मधारय समास |
| (ii) | राधा–कृष्ण | (ii) | द्वंद्व समास |
| (iii) | यथासाध्य | (iii) | तत्पुरुष समास |
| (iv) | गजानन | (iv) | बहुव्रीहि समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं–

(क) (ii) और (iii) (ख) (i) और (ii)

(ग) (ii) और (iv) (घ) (i) और (iv)

(4) वह इकलौता पुत्र है। रेखांकित पद का विग्रह बताकर समास का नाम बताइए

(क) अकेला/तत्पुरुष (ख) एक ही/कर्मधारय

(ग) एक ही है जो/द्विगु समास (घ) एकाएक/अव्ययीभाव

(5) 'नीलोत्पल' का विग्रह बताइए–

(क) नीला पल (ख) नीला है जो उत्पल (कमल)

(ग) नीला है जो पल (घ) नीला कमल

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए–

(क) मंत्र न लगना – इज्जत रखना (ख) हवा में उड़ना – अत्यधिक प्रभावी होना

(ग) अक्ल का अंधा – बुद्धिमान व्यक्ति (घ) नौ–दो ग्यारह होना – भाग जाना

(2) 'गुस्से में आना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है–

(क) बाट जोहना (ख) सातवें आसमान पर होना

(ग) हावी होना (घ) त्योरियाँ चढ़ाना

(3) दिल्ली में घूमने के साथ हम शादी में भी सम्मिलित हो गए, इस तरह .............. हो गए। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए–

(क) उन्नीस–बीस होना (ख) एक पंथ दो काज

(ग) चक्कर खाना (घ) नौ दो गयारह होना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) दोस्तों के पैसों पर ऐश करने वालों को जब स्वयं कमाना पड़ता है तब उन्हें ............... होता है। उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–
(क) खुशी का ठिकाना न रहना
(ख) मत्थे मढ़ना
(ग) राह न सुझना
(घ) आटे–दाल का भाव मालूम होना

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित होगा?
कक्षा में शरारती बच्चों से अध्यापक परेशान हो गया।
(क) खून खौलना
(ख) आपा खोना
(ग) तंग आना
(घ) गागर में सागर भरना

(6) 'परेशानी देखकर घबरा जाना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है–
(क) ढीला पड़ना
(ख) कठिन काम के लिए उकसाना
(ग) हावी होना
(घ) हाथ–पाँव फूल जाना

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

मोर मुगट पीताम्बर सौहे, गल वैजन्ती माला।
बिन्दरावन में धेनु चरावे, मोहन मुरली वाला।
ऊँचा ऊँचा महल बणावं बिच बिच राखूँ बारी।
साँवरिया रा दरसण पास्यूँ, पहर कुसुम्बी साड़ी।
आधी रात प्रभु दरसण, दीज्यों जमनाजी रे तीरां।
मीराँ रा प्रभु गिरधर नागर, हिवड़ो घणो अधीराँ।।

(1) 'मोर मुगट' शब्द का तात्पर्य है–
(क) मोर जैसा मुकुट
(ख) मोर पंख
(ग) मोर पंख युक्त मुकुट
(घ) उपर्युक्त सभी

(2) कृष्ण के गले में है–
(क) पुष्पों की माला
(ख) मोतियों की माला
(ग) रत्नों की माला
(घ) वैजयंती माला

(3) मीरा ऊँचे–ऊँचे महलों के बीच–बीच में 'बारी' क्यों बनाना चाहती हैं?
(क) जिससे कि वे उनसे ठंडी हवा का आनंद ले सके
(ख) जिससे कि वे उनसे उपवन के सौंदर्य का अवलोकन कर सकें
(ग) जिससे कि वे उनसे श्रीकृष्ण के दर्शन कर सकें
(घ) उपर्युक्त सभी

(4) 'कुसुम्बी' का तात्पर्य है–
(क) चाँदी के रंग की
(ख) गहरा लाल
(ग) हल्का लाल
(घ) पीला

(5) मीरा श्रीकृष्ण से प्रार्थना करती हैं–
(क) वे उसे भवसागर से पार उतार दें
(ख) वे उसके मन में बस जाएँ
(ग) वे यमुना के तट पर आधी रात के समय बंसी बजाएँ
(घ) वे यमुना के तट पर उसे आधी रात के समय दर्शन दें

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में किस ऋतु का वर्णन किया गया हैं ?
(क) वर्षा ऋतु
(ख) ग्रीष्म ऋतु
(ग) हेमंत ऋतु
(घ) शरद ऋतु

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(2) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने सबसे बड़ी पूंजी किसे बताया है?
(क) सहानुभूति
(ख) धन–दौलत
(ग) क्रोध
(घ) जमीन

**9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

ऐसी एक घटना का जिक्र सिंधी भाषा के महाकवि शेख अयाज ने अपनी आत्मकथा में किया है। उन्होंने लिखा है– 'एक दिन उनके पिता कुएँ से नहाकर लौटे। माँ ने भोजन परोसा। उन्होंने जैसे ही रोटी का कौर तोड़ा। उनकी नजर अपनी बाजू पर पड़ी। वहाँ एक काला च्योंटा रेंग रहा था। वह भोजन छोड़कर उठ खड़े हुए 'माँ ने पूछा, 'क्या बात है? भोजन अच्छा नहीं लगा?' शेख अयाज के पिता बोले, 'नहीं, यह बात नहीं है। मैंने एक घर वाले को बेघर कर दिया है। उस बेघर को कुएँ पर उसके घर छोड़ने जा रहा हूँ।'

(1) महाकवि शेख अयाज किस भाषा के कवि थे?
(क) हिंदी
(ख) अंग्रेजी
(ग) सिंधी
(घ) फारसी

(2) शेख अयाज ने क्या लिखा?
(क) एकांकी
(ख) कहानी
(ग) उपन्यास
(घ) आत्मकथा

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन** (A) : वहाँ एक काला च्योंटा रेंग रहा था। वह भोजन छोड़कर उठ खड़े हुए।

**कारण** (R) : शेख अयाज के पिता को भूखे च्योंटे पर दया आ गई इसलिए वह उसे भोजन कराने कुएँ पर ले गए।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) काला च्योंटा कहाँ रेंग रहा था?
(क) पिता की बाजू पर
(ख) माँ की बाजू पर
(ग) शेख अयाज की बाजू पर
(घ) जमीन पर

(5) पिता को अपराध बोध होने के कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i)च्योंटा को मारने के कारण
(ii) च्योंटा को बेघर करने के कारण
(iii) भोजन छोड़ने के कारण
(iv) शेख अयाज को कष्ट देने के कारण
(क) केवल (i)
(ख) (ii) और (iii)
(ग) केवल (ii)
(घ) (ii), (iii) और (iv)

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) बड़े भाई साहब ने छोटे भाई पर रोब जमाने के लिए किस बात की दुहाई दी?
(i)अपने पढ़ाई की
(ii) अपने अनुभवों की
(iii) चित्र बनाने के कला की
(iv) अपनी आयु की

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions

SOLUTIONS

**विकल्प**

(क) केवल (i) (ख) (i) और (ii)

(ग) (ii) और (iv) (घ) केवल (iv)

(2) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के अनुसार तय स्थान पर झंडा फहराने व स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ने का समय रखा गया था–

(क) चार बज कर चौबीस मिनट (ख) पाँच बज कर बीस मिनट

(ग) सात बज कर चौबीस मिनट (घ) चार बज कर पाँच मिनट

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) वामीरो मना करने के बावजूद भी तताँरा से मिलने क्यों आ गई थी?

(2) एक अच्छी फिल्म होने के बावजूद भी 'तीसरी कसम' के लिए खरीददार क्यों नहीं मिले थे?

(3) सवार कौन था? उसने कर्नल से कारतूस कैसे हासिल किए? कारतूस पाठ के आधार पर लिखिए।

12. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) कंपनी बाग में रखी तोप अपना परिचय किस प्रकार देती है?

(2) 'कर चले हम फ़िदा' कविता में कवि हमें क्या संदेश दे रहा है? स्पष्ट कीजिए।

(3) 'दुखों से बचना' और 'दुखो को सहना' इन दोनों में क्या अंतर है? 'आत्मत्राण' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

13. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) हरिहर काका ने अपने भाइयों को ठाकुरबारी के महंत पुजारी से तनिक भी कम नहीं माना। क्यों? स्पष्ट कीजिए।

(2) 'सपनों के–से दिन' कहानी के आधार पर लिखिए कि पी.टी. साहब की 'शाबाश' बच्चों को फौज़ के तमगों–सी क्यों लगती थी?

(3) इफ़्फ़न की दादी की मौत के बाद टोपी को उसका घर खाली–सा क्यों लगा? कारण सहित उत्तर दीजिए।

14. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **विज्ञापन**
- विज्ञापन का अर्थ
- आवश्यकता
- सावधानी

(2) **हमारे देश पर पड़ता विदेशी प्रभाव**
- भारतीय संस्कृति
- विदेशी प्रभाव
- युवा वर्ग पर प्रभाव

(3) **खेलों का जीवन में महत्त्व**
- खेलों का महत्त्व
- शारीरिक और मानसिक बल
- जीवन में उपयोगी

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

15. (1) आपके इलाके का डाकिया समय पर डाक नहीं बाँटता, उसकी शिकायत करते हुए पोस्टमास्टर को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) आपके विद्यालय के प्रधानाचार्य से खेलों का और अधिक सामान मँगवाने के लिए निवेदन करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। आप अपने आपको खेल-परिषद की सेक्रेटरी के रूप में प्रस्तुत कीजिए।

16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए- $(4 \times 1 = 4)$

(1) शिक्षक-दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन करने के लिए आपको संयोजक बनाया गया है। कार्यक्रम के बारे में विद्यार्थियों की सभा के लिए एक सूचना लगभग 60 शब्दों में जारी करें।

**अथवा**

(2) प्रथम सत्र की परीक्षा के बाद अभिभावकों की बैठक होनी है। इस बारे में उन्हें आमंत्रित करते हुए लगभग 60 शब्दों में सूचना जारी करें।

17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए- $(3 \times 1 = 3)$

(1) बच्चों के कपड़ों की नई दुकान के लिए आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को नृत्य, संगीत, कला-शिल्प आदि का प्रशिक्षण देने वाले केन्द्र 'निखरो और चमको' के लिए आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

18. (1) 'आसक्ति ही बंधन' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) आप सोहन/सोनिया है। आपका आधार-कार्ड आपके बैंक खाते से जुड़ा हुआ नहीं है। इस विषय में बैंक के प्रबंधक को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**

- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App

Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 16

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

शिक्षा जीवन के सर्वांगीण विकास हेतु अनिवार्य है। शिक्षा के बिना मनुष्य विवेकशील और शिष्ट नहीं बन सकता। विवेक से मनुष्य में सही और गलत का चयन करने की क्षमता उत्पन्न होती है। विवेक से ही मनुष्य के भीतर उसके चारों ओर नित्य प्रति होते घटनाक्रमों के प्रति एक छिद्रान्वेषी दृष्टिकोण उत्पन्न होता है। शिक्षा ही मानव को मानव के प्रति मानवीय भावनाओं से पोषित करती है। शिक्षा से मनुष्य अपने परिवेश के प्रति जागृत होकर कर्तव्याभिमुख हो जाता है। 'स्व' से 'पर' की ओर अग्रसर होने लगता है। निर्बल की सहायता करना, दुःखियों के दुःख दूर करने का प्रयास करना, दूसरों के दुःख से दुःखी हो जाना और दूसरों के सुख से स्वयं सुख का अनुभव करना जैसी बातें एक शिक्षित मानव में सरलता से देखने को मिल जाती है। इतिहास, साहित्य, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, दर्शनशास्त्र इत्यादि पढ़कर विद्यार्थी विद्वान ही नहीं बनता, बल्कि उसमें एक विशिष्ट जीवन–दृष्टि, रचनात्मक और परिपक्वता का सृजन भी होता है। शिक्षित सामाजिक परिवेश में व्यक्ति अशिक्षित सामाजिक परिवेश की तुलना में सदैव ही उच्च स्तर पर जीवनयापन करता है। आज आधुनिक युग में शिक्षा का अर्थ बदल रहा है। शिक्षा भौतिक आकांक्षा की पूर्ति का साधन बनती जा रही है। व्यावसायिक शिक्षा के अंधानुकरण में छात्र सैद्धांतिक शिक्षा से दूर होते जा रहे हैं, जिसके कारण रूस की क्रांति, फ्रांस की क्रांति, अमेरिका की क्रांति, समाजवाद, पूंजीवाद, राजनीतिक व्यवस्था, सांस्कृतिक मूल्यों आदि की सामान्य जानकारी भी व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों को नहीं है। यह शिक्षा का विशुद्ध रोजगारोन्मुखी रूप है। शिक्षा के प्रति इस प्रकार का संकुचित दृष्टिकोण अपनाकर विवेकशील नागरिकों का निर्माण नहीं किया जा सकता।

(1) 'स्व' से 'पर' की ओर अग्रसर होने से क्या तात्पर्य है?
- (क) स्वयं से पराया हो जाना
- (ख) परोपकार करना
- (ग) स्वार्थी हो जाना
- (घ) स्वयं को भूल जाना

(2) प्रस्तुत गद्यांश हमें क्या संदेश देता है?
- (क) शिक्षा से इतिहास, साहित्य, राजनीतिशास्त्र, दर्शनशास्त्र इत्यादि का ज्ञान होता है
- (ख) भारत देश में शिक्षा की स्थिति बहुत अच्छी है
- (ग) शिक्षा जीवन के सर्वांगीण विकास हेतु अनिवार्य है
- (घ) शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना होना चाहिए

(3) शिक्षा के प्रति संकुचित दृष्टिकोण किसे माना जाता है?
- (क) नैतिक शिक्षा को
- (ख) मौलिक शिक्षा को
- (ग) व्यावसायिक शिक्षा को
- (घ) सैद्धांतिक शिक्षा को

(4) व्यावसायिक शिक्षा का दुष्परिणाम किस रूप में सामने आता है?
- (क) व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों को सामान्य विषयों की जानकारी न होना
- (ख) व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण कर आत्मनिर्भर न बनना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(ग) व्यावसायिक शिक्षा द्वारा रोजगारोन्मुखी न बनना

(घ) उपर्युक्त में से काई नहीं

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन** (A) : शिक्षा जीवन के सर्वांगीण विकास हेतु अनिवार्य है।

**कारण** (R) : शिक्षा के बिना भी मनुष्य विवेकशील और शिष्ट बन सकता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

मनुष्य के भीतर अनेक शक्तियाँ निहित हैं, उन सभी में सबसे सर्वोत्तम स्थान चरित्र का है। चरित्र का मूल भी भावों के विशेष प्रकार के संगठन में ही समझना चाहिए। लोकरक्षा और लोकरंजन की सारी व्यवस्था का ढाँचा इन्हीं पर ठहरा है। धर्म–शासन, राज–शासन, मत–शासन सब में इनसे पूरा काम लिया गया है। इनका सदुपयोग भी हुआ है और दुरुपयोग भी। जिस प्रकार लोक–कल्याण के व्यापक उद्देश्य की सिद्धि के लिए मनुष्य के मनोविकार काम में लाए गए हैं, उसी प्रकार संप्रदाय या संस्था के संकुचित और परिमित विधान की सफलता के लिए भी सब प्रकार के शासन में चाहे धर्म–शासन हो, चाहे राज–शासन हो, मनुष्य–जाति से भय और लोभ से पूरा काम लिया गया है।

दंड का भय और अनुग्रह का लोभ दिखाते हुए राज–शासन तथा नरक का भय और स्वर्ग का लोभ दिखाते हुए धर्म–शासन और मत–शासन चलते आ रहे हैं। प्रायः इसके द्वारा भय और लोभ का प्रवर्तन सीमा के बाहर भी हुआ है और होता रहता है। जिस प्रकार शासक वर्ग अपनी रक्षा और स्वार्थसिद्धि के लिए भी इनसे काम लेते आए हैं, उसी प्रकार धर्म–प्रवर्तक और आचार्य अपने स्वरूप वैचित्र्य की रक्षा और अपने प्रभाव की प्रतिष्ठा के लिए भी शासक वर्ग अपने अन्याय और अत्याचार के विरोधी की शांति के लिए भी डराते और ललचाते आए हैं। मत–प्रवर्तक अपने द्वेष और संकुचित विचारों के प्रचार के लिए भी कँपाते और डराते आए हैं। एक जाति को मूर्ति–पूजा करते देख दूसरी जाति के मत–प्रवर्तकों ने उसे पापों में गिना है। एक संप्रदाय को भस्म और रुद्राक्ष धारण करते देख दूसरे संप्रदाय के प्रचारकों ने उनके दर्शन तक को पाप माना है।

(1) लोकरंजन की व्यवस्था का ढाँचा आधारित है

(क) सामाजिक न्याय पर

(ख) मनुष्य के भावों के विशेष प्रकार के संगठन पर

(ग) धर्म व्यवस्था के मत पर

(घ) मनुष्य की समुचित क्रिया कर्म पर

(2) धर्म प्रवर्तकों ने स्वर्ग–नरक का भय और लोभ क्यों दिखाया है?

(क) धर्म के मार्ग पर चलने के लिए

(ख) अपने स्वरूप वैचित्र्य की रक्षा और अपने प्रभाव की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए

(ग) अन्याय के पथ पर चल रहे लोगों को सही मार्ग दिखाने के लिए

(घ) उपर्युक्त सभी

(3) प्रस्तुत गद्यांश हमें क्या संदेश देता है?

(क) समाज में भय और लालच की भावना भरकर अपनी स्वार्थसिद्धि करनी चाहिए

(ख) भय और लालच जैसे भावों का त्याग करना चाहिए

(ग) अपने आस–पास के वातावरण के प्रति सजग रहना चाहिए

(घ) लोकरक्षा और लोकरंजन की सारी व्यवस्था का ढाँचा बदलना चाहिए

(4) किसी जाति विशेष के किन कार्यों को अन्य जाति अनिष्ट कार्य मानती है?

(क) मूर्ति पूजा करना

(ख) भस्म या रुद्राक्ष धारण करना

(ग) (क) और (ख) दोनों

(घ) अन्य धर्म का सम्मान न करना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन** (A) : शासन व्यवस्था भय और लालच का सहारा लेती है

**कारण** (R) : शासक वर्ग अपने अन्याय और अत्याचार के विरोध की शांति के लिए प्रयास करते हैं

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **($1 \times 4 = 4$)**

(1) वह जानलेवा टाइम–टेबिल, वह आँखफोड़ पुस्तकें, किसी की याद न रहती और भाई साहब को नसीहत और फ़जीहत का अवसर मिल जाता। रेखांकित पदबंध का भेद है

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(2) कमरे में आते ही भाई साहब का वह रौद्र रूप देखकर प्राण सूख जाते। रेखांकित पदबंध का भेद है

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(3) वॉलीबाल की वह तेजी मुझे अनिवार्य रूप से खींच ले जाती। रेखांकित पदबंध का भेद है

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(4) सर्वनाम पदबंध का उदाहरण छाँटिए

(क) विरोध करने वाले व्यक्तियों में से कोई नहीं बोला। (ख) वह भागा–भागा वहाँ पहुँच जाता

(ग) उसकी व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढने में व्यस्त थीं (घ) तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी

(5) बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है। इस वाक्य में क्रिया पदबंध है

(क) बढ़ती हुई आबादियों (ख) समंदर को पीछे

(ग) सरकाना शुरू कर दिया (घ) आबादियों ने समंदर

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **($1 \times 4 = 4$)**

(1) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| (1) | यद्यपि कई बार मुझे डाँटने के अवसर मिले फिर भी बड़े भाई साहब चुप रहे। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | मुझे डाँटने के कई अवसर मिले, किंतु बड़े भाई साहब चुप रहे। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | कई बार मुझे डाँटने का अवसर मिलने पर भी बड़े भाई साहब चुप रहे। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**

(क) 1-iii, 2-i, 3-ii (ख) 1-ii, 2-iii, 3-i

(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii (घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(2) 'दो सौ आदमियों का जुलूस लाल बाजार गया और वहाँ पर गिरफ्तार हो गया।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा

(क) दो सौ आदमियों का जुलूस लाल बाजार जाकर गिरफ्तार हो गया

(ख) दो सौ आदमियों का जुलूस जैसे ही लाल बाजार गया वैसे ही गिरफ्तार हो गया

(ग) दो सौ आदमियों का जुलूस लाल बाजार गया और गिरफ्तार हो गया

(घ) ज्यों ही दो सौ आदमियों का जुलूस लाल बाजार गया त्यों ही गिरफ्तार हो गया

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(3) 'जब से कानून भंग का काम शुरू हुआ है तब से आज तक इतनी बड़ी सभा ऐसे मैदान में नहीं की गई थी।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य

(4) 'मुद्रा कांतिहीन हो गई थी, मगर बेचारे फेल हो गए।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्रित वाक्य (घ) सामान्य वाक्य

(5) निम्नलिखित में सरल वाक्य है

(क) वामीरो कुछ सचेत होने पर घर की ओर दौड़ी (ख) जैसे ही वामीरो सचेत हुई वैसे ही वह घर की ओर दौड़ी

(ग) जब वामीरो सचेत होगी, तब वह घर की ओर दौड़ेगी (घ) वामीरो सचेत हुई, क्योंकि उसे घर की ओर दौड़ना था

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'कीर्तिलता' शब्द में कौन–सा समास है?

(क) अव्ययीभाव समास (ख) तत्पुरुष समास

(ग) द्विगु समास (घ) कर्मधारय समास

(2) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

| | **समस्तपद** | **समास** |
|---|---|---|
| 1. | ऋणमुक्त | तत्पुरुष समास |
| 2. | शताब्दी | द्विगु समास |
| 3. | यथासंभव | द्वंद्व समास |
| 4. | भूख–प्यास | अव्ययीभाव समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं?

(क) 1 और 2 (ख) 1 और 3

(ग) 2 और 4 (घ) 3 और 4

(3) 'शरणागत' शब्द के सही समास–विग्रह का चयन कीजिए

(क) शरण में आया हुआ (ख) शरण में लिया हुआ

(ग) आया है जो शरण में (घ) गया है जो शरण में

(4) 'लंबोदर' शब्द के लिए सही समास–विग्रह एवं समास का चयन कीजिए

(क) लंबा तथा उदर – द्वंद्व समास (ख) लंबा उदर है जो – कर्मधारय समास

(ग) लंबा है उदर जिसका अर्थात् गणेश – बहुव्रीहि समास (घ) लंबाई के लिए उदर – तत्पुरुष समास

(5) 'भयभीत' शब्द के सही समास–विग्रह एवं भेद का चयन कीजिए

(क) भय के कारण भीत – तत्पुरुष समास (ख) भय और भीत – द्वंद्व समास

(ग) भय हेतु भीत – कर्मधारय समास (घ) भय से भीत – तत्पुरुष समास

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए

(क) बहती गंगा में हाथ धोना – जोखिम उठाना (ख) खरी–खोटी सुनाना – धोखा देना

(ग) तितर–बितर हो जाना – मर जाना (घ) अक्ल पर पत्थर पड़ना – बुद्धि से काम न लेना

(2) 'बुरी तरह हारना' अर्थ के लिए सही मुहावरा है

(क) मुँह उतरना (ख) मुँह खून से भर जाना

(ग) मुँह की खाना (घ) मुँह ताकते रह जाना

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions

SOLUTIONS

(3) ''सेठ ने कहा, अपने वचन के अनुसार मेरे रुपए लौटा दो, नहीं तो मुझे .................. आता है।'' रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए

(क) छाती पर मूँग दलना
(ख) टेढ़ी उँगली से घी निकालना
(ग) दाँत खट्टे करना
(घ) तीन–पाँच करना

(4) सारा दिन काम करते–करते आज .................. लग रहा है। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(क) अंग–अंग ढीला
(ख) कपड़ा ढीला
(ग) पतलून ढीला
(घ) इनमें से कोई नहीं

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित होगा?
देश में कुछ क्षेत्रों में विज्ञान की प्रगति भी कुछ नहीं कर सकी है। इस कारण वहाँ के निवासियों का पुरानी मान्यताओं, रीति–रिवाजों का अंधानुकरण करना सामान्य है

(क) लकीर का फकीर होना
(ख) शहद की छुरी होना
(ग) सोने पे सुहागा होना
(घ) पत्थर की लकीर होना

(6) 'बहुत दिनों बाद दिखना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है

(क) कोसों दूर होना
(ख) ईद का चाँद होना
(ग) गुदड़ी का लाल होना
(घ) अब–तब होना

**7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो, परंतु यो मरो कि याद जो करें सभी।।
हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
वही पशु–प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(1) कवि जनसाधारण को अपना जीवन लोक सेवा में समर्पित करने की प्रेरणा देते हैं। इससे ज्ञात होता है कि कवि ............ के पक्षधर हैं।

(क) परोपकार
(ख) परोपदेश
(ग) प्रचार
(घ) प्रदर्शन

(2) 'सुमृत्यु' से क्या तात्पर्य है?

(क) अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए मिली मृत्यु
(ख) स्वार्थ पूर्ति के लिए जीने वाले की मृत्यु
(ग) परोपकार के लिए जीने वाले की मृत्यु
(घ) स्वर्ग की चाह करने वाले की मृत्यु

(3) कवि के अनुसार, वास्तव में मनुष्य कहलाने का अधिकारी है

(क) जो स्वयं के जीवन को सुखमयी बनाता है
(ख) जो दूसरों की हित पूर्ति के लिए अपना जीवन जीता है
(ग) जो मृत्यु से भयभीत नहीं रहता है
(घ) जो हमारी याद में आँसू बहाता है

(4) 'पशु–प्रवृत्ति' से क्या आशय है?

(क) अपने कर्तव्यों का पालन
(ख) प्रेम से रहना
(ग) केवल स्वार्थ हेतु कार्य करना
(घ) दूसरों से छीनकर खाना

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए

(1) हमें मृत्यु से कभी नहीं डरना चाहिए
(2) जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु भी अवश्य होनी है
(3) हमारी मृत्यु लोक कल्याण के हितार्थ होनी चाहिए
(4) मनुष्य अपने स्वार्थ की पूर्ति हेतु जीवन जीता है
(5) मनुष्य को अपने व्यक्तिगत हित सर्वोपरि रखने चाहिए

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए

(क) 1, 2, 3 (ख) 1, 3, 5

(ग) 2, 3, 4 (घ) 2, 4, 5

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) 'मेखलाकार पर्वत अपार' इस पंक्ति का प्रयोग इनमें से किसके लिए हुआ है?

(क) हजारों नेत्रों के संदर्भ में (ख) चरणों के लिए

(ग) पर्वत श्रृंखला के लिए (घ) जल के लिए

(2) 'फतह का जश्न इस जश्न के बाद है' इस पंक्ति का भाव है

(क) हार के बाद ही जीत मिलती है (ख) बलिदान के बाद ही आजादी मिलेगी

(ग) बलिदान के बाद ही जीत का जश्न आएगा (घ) इनमें से कोई नहीं

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था। सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता। अपने गाँववालों को ही नहीं, अपितु समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था। उसके इस त्याग की वजह से वह चर्चित था। सभी उसका आदर करते। लोग वक्त मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह भागा–भागा वहाँ पहुँच जाता। दूसरे गाँवों में भी पर्व–त्योहारों के समय उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता। उसका व्यक्तित्व तो आकर्षक था ही, साथ ही आत्मीय स्वभाव की वजह से लोग उससे करीब रहना चाहते। पारंपरिक पोशाक के साथ वह अपनी कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता। लोगों का मत था, बावजूद लकड़ी की होने पर, उस तलवार में अद्भुत दैवीय शक्ति थी। तताँरा अपनी तलवार को कभी अलग न होने देता। उसका दूसरों के सामने उपयोग भी न करता। किंतु उसके चर्चित साहसिक कारनामों के कारण लोग–बाग तलवार में अद्भुत शक्ति का होना मानते थे। तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।

(1) 'अपने गाँववालों को ही नहीं, अपितु समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना वह परम कर्तव्य समझता था। लोग वक्त मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह भागा–भागा वहाँ पहुँच जाता।'

उपर्युक्त कथन के आधार पर कहा जा सकता है कि

(i) ततांरा आत्मीय स्वभाव वाला था

(ii) ततांरा परोपकारी और कर्तव्यनिष्ठ था

(iii) ततांरा विलक्षण प्रतिभा का धनी था

(iv) ततांरा संकीर्णहृदय था

**विकल्प**

(क) केवल (i) (ख) (i) और (ii)

(ग) (i), (ii) और (iii) (घ) (i), (ii) और (iv)

(2) ततांरा अपना परम कर्तव्य समझता था

(क) दूसरों की सहायता करना (ख) अपने गाँववालों की सेवा करना

(ग) समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना (घ) अपनी तलवार की रक्षा करना

(3) दूसरे गाँवों में भी पर्व–त्योहारों के समय उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता। यह दर्शाता है, ततांरा के प्रति गाँववालों का

(क) मैत्रीभाव (ख) कर्तव्यबोध

(ग) आदर भाव (घ) अवलोकन

(4) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकलपों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : दूसरे गाँव के लोग ततांरा का सम्मान करते थे।

**कारण** (R) : ततांरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) तताँरा के चर्चित व साहसिक कार्य का श्रेय गाँव वाले किसे देते थे?
(क) तताँरा की तलवार को
(ख) तताँरा की माता को
(ग) तताँरा की तीव्र बुद्धि को
(घ) तताँरा के स्वभाव को

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) निम्नलिखित में से कौन–से वाक्य 'अब कहाँ दूसरों के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ से प्राप्त प्रेरणा को दर्शाते हैं?
(i) सभी प्राणियों, पशु–पक्षियों, समुद्र, पहाड़ तथा पेड़ों के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए
(ii) हमें पशु–पक्षियों के सुख–दुःख की भी चिंता करनी चाहिए
(iii) हमें वातावरण को दूषित करने के लिए प्रयास करने चाहिए
(iv) हमारी कथनी और करनी में अंतर नहीं होना चाहिए

**विकल्प**
(क) केवल (i)
(ख) (i) और (ii)
(ग) (i), (ii) और (iii)
(घ) (i), (ii) और (iv)

(2) 'डायरी का पन्ना' में जुलूस और ध्वजारोहण को रोकने के लिए पुलिस ने क्या किया?
(क) गोरखे और सारजेंट तैनात कर दिए
(ख) आँसू गैस के गोले दागे और ध्वज को जला दिया
(ग) गवर्नर जनरल कोलकाता पहुँचे
(घ) सेना को बुलाकर बल प्रयोग किया

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) फिल्म श्री 420 के एक गीत 'प्यार हुआ, इकरार हुआ है, प्यार से फिर क्यूँ डरता है दिल' के अंतरे की एक पंक्ति– रातें दसों दिशाओं से कहेंगी अपनी कहानियों पर संगीतकार जयकिशन ने आपत्ति की।
आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़े गए पाठ में फिल्म 'श्री 420' के गीत के अंतरे को लेकर संगीतकार जयकिशन ने आपत्ति क्यों की? क्या शैलेद्रं इस परिवर्तन के लिए तैयार हुए?

(2) 'बड़े भाई साहब' कहानी के माध्यम से आपने छोटे भाई के जीवन में सफल होने में बड़े भाई की भूमिका के विषय में जाना। इस पाठ से प्राप्त सीख का वर्णन कीजिए।

(3) पाठ्यपुस्तक का पाठ 'झेन की देन' हमें अत्यधिक व्यस्त जीवनशैली और उसके दुष्परिणामों से अवगत कराता है। कथन का मूल्यांकन करते हुए अपने विचार लिखिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) मीरा के काव्य की भाषा–शैली पर प्रकाश डालिए।

(2) आपके पाठ्यक्रम में किस कविता में युद्ध में लड़ रहे सैनिकों की मनोदशा का चित्रण किया गया है? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

(3) आपके द्वारा पाठ्यक्रम में पढ़ी गई कविता 'पर्वत प्रदेश में पावस' में कवि ने बादलों से पर्वत छिप जाने पर क्या कल्पना की है?

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) 'सपनों के से दिन' पाठ में लेखक ने अपने बचपन के दिनों के विद्यालय में अनुशासन के लिए अपनाए जाने वाले किन तरीकों का वर्णन किया है तथा वर्तमान समय में अपनाए जाने वाले तरीके किस प्रकार भिन्न हैं? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(2) ''हरिहर काका ने निश्चय किया कि जीते–जी किसी को जमीन नहीं लिखेंगे। अपने भाइयों को समझा दिया, मर जाऊँगा तो अपने आप मेरी जमीन तुम्हें मिल जाएगी। जमीन लेकर तो जाऊँगा नहीं। इसलिए लिखवाने की क्या जरूरत?
हरिहर काका बिलकुल अनपढ़ व्यक्ति हैं, फिर भी दुनियादारी की समझ रखते हैं। हरिहर काका के बारे में इस कथन को उपर्युक्त उद्धरण के आधार पर तर्क सहित स्पष्ट कीजिए।

(3) ''टोपी और इफ्फन दोनों एक–दूसरे को धर्म, जाति, संप्रदाय आदि से ऊपर उठकर प्रेम करते हैं।'' 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

14. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **विद्यालय का वार्षिकोत्सव**
- तैयारी
- प्रस्तुति
- विभिन्न कार्यक्रम
- प्रगति की झाँकी
- समापन

(2) **आतंकवाद : एक समस्या**
- आतंकवाद शब्द
- उद्देश्य
- विश्वव्यापी समस्या और कारण
- आतंकवाद के दुष्परिणाम और सुरक्षा

(3) **कामकाजी नारी का एक दिन**
- तनाव और तैयारी
- कार्यालय में व्यस्तता
- घर का काम
- पहले और अब में अंतर

15. **(1) स्वयं को विद्यालय प्रबंधक मानते हुए विद्यालय में आयोजित 'खेल प्रतियोगिता' में मुख्य अतिथि के रूप में खेल मंत्री को आमंत्रित करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर ग्यारहवीं कक्षा में विज्ञान विषय देने की प्रार्थना कीजिए।**

16. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-** $(4 \times 1 = 4)$

(1) आप बाल विद्यालय दिल्ली के सांस्कृतिक संघ के अध्यक्ष हैं। विद्यालय द्वारा उत्तराखण्ड की एक सप्ताह की यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। एक सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए जिससे छात्र-छात्राओं को जानकारी दी जाए।

**अथवा**

(2) आपके विद्यालय में तुलसी जयंती के अवसर पर अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इच्छुक छात्र हिंदी शिक्षक को नामांकन दें। इसकी सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए।

17. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-** $(3 \times 1 = 3)$

(1) पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) दिल्ली के साकेत में एक नया जिम खुला है, जिसमें कुशल प्रशिक्षक की देखरेख में व्यायाम की सुविधा है। लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

18. **(1) 'सबक' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) अपने क्षेत्र में वृक्षारोपण का सुझाव देते हुए वन विभाग के अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।**

□□□□□□□

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 17

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

समाज–कल्याण एक पुण्य कार्य है, इसके कारण लोग अमर हो जाते हैं तथा उन्हें सदियों तक याद किया जाता है। इसकी पूर्ण तथा सांगोपांग परिभाषा देते समय मतभेद हो सकता है, किंतु जहाँ तक इसके सार–तत्त्व को समझने की बात है, लोगों में एक प्रकार से सामान्य सहमति मालूम पड़ती है। इसका तात्पर्य एक व्यक्तिगत सेवा से है, जो विशेष प्रकार की न होकर सामान्य प्रकार की होती है। इसका उद्देश्य किसी ऐसे व्यक्ति की सहायता करना है, जो असमर्थता की भावना से दुःखी होने पर भी अपने जीवन का सर्वोत्तम सदुपयोग करना चाहता है अथवा उन कठिनाइयों पर विजयी होना चाहता है, जो उसे पराजित कर चुकी हैं अथवा पराजय की आशंकाएँ उत्पन्न करती हैं। समाज–कल्याण की भावना दुर्बल की सहायता करती है तथा अपरिवर्तनीय स्थितियों के साथ संबंध सुधारने या सामंजस्य स्थापित करने का प्रयत्न करती है। इसके सर्वोच्च आदर्शों का सही–सही निरूपण स्वास्थ्य–मंत्रालय के एक परिपत्र द्वारा निर्दिष्ट वाक्य में किया गया है, जिसका संबंध विकलांगों के कल्याण से है। इसके अनुसार, कल्याणकारी सेवाओं का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ''सभी विकलांग व्यक्तियों को चाहे उनकी अक्षमता कुछ भी हो, सामुदायिक जीवन में हाथ बँटाने तथा उसके विकास में योगदान देने के लिए अधिक–से अधिक अवसर दिए जाएँगे, ताकि उनकी क्षमताओं का पूर्ण क्रियान्वयन हो सके, उनका आत्मविश्वास जाग सके तथा उनके सामाजिक संपर्क मजबूत बन सकें।''

(1) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन** (A) : समाज कल्याण की भावना दुर्बल व्यक्ति की सहायता करती है

**कारण** (R) : समाज–कल्याण समाज के पतन में योगदान देता है

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(2) ''उनका आत्मविश्वास जाग सके तथा उनके सामाजिक संपर्क मजबूत बन सकें।'' वाक्य में 'उनका' शब्द प्रयुक्त हुआ है

(क) केवल दृष्टिहीन व्यक्तियों के लिए
(ख) केवल दुर्बल व्यक्तियों के लिए
(ग) सभी विकलांग व्यक्तियों के लिए
(घ) सभी संपन्न व्यक्तियों के लिए

(3) निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द गद्यांश में दिए गए 'निरूपण' शब्द के सही अर्थ को दर्शाता है?

(क) अवक्षेपण
(ख) समीक्षा
(ग) प्रवंचना
(घ) अन्वेषण

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने परिपत्र में समाज–कल्याण के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किया है, वह है
(क) विकलांग व्यक्तियों को अधिक–से–अधिक अवसर देना
(ख) उनकी क्षमताओं का पूर्ण क्रियान्वयन करना
(ग) उनमें आत्मविश्वास जगाना
(घ) उपर्युक्त सभी

(5) निम्नलिखित में से किस कथन को गद्यांश की सीख के आधार पर कहा जा सकता है?
(क) समाज के सक्षम वर्ग का कल्याण करना चाहिए
(ख) समाज कल्याण पराजय की आशंका उत्पन्न करता है
(ग) हमें समाज कल्याण के लिए निरंतर प्रयत्न करने चाहिए
(घ) सामुदायिक जीवन में हाथ बँटाना चाहिए

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

हम सब इस बात को भली प्रकार जानते हैं कि समय परिवर्तनशील है, जो आज हमारे साथ नहीं हैं, कल हमारे साथ होंगे और हम अपने दुःख और असफलता से मुक्ति पा लेंगे, यह विचार ही हमें सहजता प्रदान कर सकता है। हम दूसरे की संपन्नता, ऊँचा पद और भौतिक साधनों की उपलब्धता देखकर विचलित हो जाते हैं कि यह उसके पास तो हैं, किंतु हमारे पास नहीं है, वह हमारे विचारों की गरीबी का प्रमाण है और यही बात अंदर विकट असहज भाव का संचालन करती है। जीवन में सहजता का भाव न होने के कारण से अधिकतर लोग हमेशा ही असफल होते हैं। सहज भाव लाने के लिए हमें नियमित रूप से योगासन–प्राणायाम और ध्यान करने के साथ–साथ ईश्वर का स्मरण अवश्य करना चाहिए। इसमें हमारे तन–मन और विचारों के विकार बाहर निकलते हैं और तभी हम सहजता के भाव का अनुभव कर सकते हैं। याद रखने की बात है कि हमारे विकार ही हमारे अंदर असहजता का भाव उत्पन्न करते हैं। ईर्ष्या–द्वेष और परनिंदा जैसे गुण हम अनजाने में ही अपना लेते हैं और अंततः जीवन में हर पल असहज होते हैं। उससे बचने के लिए आवश्यक है कि हम अध्यात्म के प्रति अपने मन और विचारों का रुझान रखें।

(1) 'विचारों की गरीबी' से क्या तात्पर्य है?
(क) दूसरों की संपन्नता से विचलित होना
(ख) दूसरों के ऊँचे पद से विचलित होना
(ग) (क) और (ख) दोनों
(घ) योगासन से विचलित होना

(2) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन** (A) : ईर्ष्या, द्वेष और परनिंदा जैसे गुण हमें असहज बनाते हैं।
**कारण** (R) : सहजता का भाव रखने वाले लोग जीवन में हमेशा असफल होते हैं।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(3) 'हमें नियमित रूप से योगासन प्राणायाम और ध्यान करने के साथ–साथ ईश्वर का स्मरण अवश्य करना चाहिए।'
उपर्युक्त पंक्ति के माध्यम से लेखक जीवन में ............ लाने की प्रेरणा दे रहे हैं।
(क) सहज भाव
(ख) असहज भाव
(ग) ईर्ष्या भाव
(घ) द्वेष भाव

(4) निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द गद्यांश में दिए गए 'असहज' शब्द के सही अर्थ को दर्शाता है?
(क) परिपूर्ण
(ख) विशृंखल
(ग) अतुल्य
(घ) अनायास

(5) निम्नलिखित में से किस कथन को गद्यांश की सीख के आधार पर कहा जा सकता है?
(क) संगठन में शक्ति होती है
(ख) जीवन में सहजता का भाव आवश्यक है
(ग) कर भला हो भला
(घ) कोई भी निर्णय लेने से पहले सोचना चाहिए

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'बृजलाल गोयनका ने 200 आदमियों के साथ जुलूस निकाला।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) क्रिया पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रिया विशेषण पदबंध

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(2) 'फैलते हुए प्रदूषण ने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(3) समाज के पास अगर शाश्वत मूल्यों जैसा कुछ है तो वह आदर्शवादी लोगों का ही दिया हुआ है।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया–विशेषण पदबंध

(4) विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटिए
(क) उसने तताँरा को तरह–तरह से अपमानित किया।
(ख) शुद्ध आदर्श भी शुद्ध सोने के जैसे ही होते हैं
(ग) कभी मेरी लाइब्रेरी में घुसकर कबीर या मिर्जा गालिब को सताने लगते हैं
(घ) हमारे जीवन की रफ़्तार बढ़ गई है

(5) 'आग और पानी के देवता भी उसके दास थे, मगर उसका अंत क्या हुआ?' इस वाक्य में संज्ञा पदबंध है
(क) आग और पानी के देवता (ख) देवता भी उसके दास थे
(ग) उसका अंत क्या हुआ? (घ) दास थे, मगर उसका

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'मोनुमेंट के पास जैसा प्रबंध भोर मे था वैसा करीब एक बजे न रहा।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य

(2) 'पुलिस भी अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) सामान्य वाक्य

(3) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | कलाकार का यह कर्तव्य भी है कि वह उपभोक्ता की रूचियों का परिष्कार करने का प्रयत्न करे। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | शैलेंद्र ने राजकपूर जैसे स्टार को 'हीरामन' बना दिया था। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | चींटियों ने उनके लिए ईश्वर से दुआ की और सुलेमान अपनी मंजिल की ओर बढ़ गए। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii (ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii (घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(4) 'रीति के अनुसार, यह आवश्यक था कि दोनों एक ही गाँव के हों।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा
(क) जैसे कि रीति के अनुसार, यह आवश्यक था और दोनों एक ही गाँव के हों
(ख) रीति के अनुसार, दोनों का एक ही गाँव का होना आवश्यक था
(ग) दोनों एक ही गाँव के हों और रीति के अनुसार यह आवश्यक था
(घ) जहाँ रीति के अनुसार, यह आवश्यक था, वहाँ दोनों एक ही गाँव के हों

(5) निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य है
(क) नूह ने दुःखी होकर उसकी बात सुनी और मुद्दत तक रोते रहे
(ख) भाई साहब उपदेश देने की कला में निपुण थे
(ग) जीवन में पहली बार ऐसा हुआ कि मैं इस तरह विचलित हो गया
(घ) शैलेंद्र ने राजकपूर की भावनाओं को शब्द दिए हैं।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (1 × 4 = 4)

(1) 'मुखारविंद' समस्तपद कौन–से समास का उदाहरण है?
(क) द्विगु समास
(ख) कर्मधारय समास
(ग) तत्पुरुष समास
(घ) बहुव्रीहि समास

(2) 'शाखामृग' समस्तपद का विग्रह होगा
(क) शाखाओं पर दौड़ने वाला मृग
(ख) शाखा और मृग
(ग) शाखा रूपी मृग
(घ) शाखाओं के समान है जो मृग

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | त्रिमूर्ति | (i) | द्वंद्व समास |
| (ii) | दशानन | (ii) | बहुव्रीहि समास |
| (iii) | आजन्म | (iii) | अव्ययीभाव समास |
| (iv) | देशभक्ति | (i) | कर्मधारय समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं?
(क) (i) और (ii)
(ख) (ii) और (iii)
(ग) (ii) और (iv)
(घ) (iii) और (iv)

(4) 'तुलसीकृत' का सही समास विग्रह व समास क्या होगा?
(क) तुलसी द्वारा रचित – तत्पुरुष समास
(ख) तुलसी के लिए रचित – तत्पुरुष समास
(ग) तुलसी की रचित – कर्मधारय समास
(घ) तुलसी में रचित – अव्ययीभाव समास

(5) 'चंद्रशेखर' का समास विग्रह एवं भेद होगा
(क) चंद्र के समान शिखर है जिसका अर्थात् विष्णु – बहुव्रीहि समास
(ख) चंद्र है शिखर पर जिसके वह अर्थात् शिव – बहुव्रीहि समास
(ग) चंद्रमा और शेखर – द्वंद्व समास
(घ) चंद्रमा के समान ऊँचा शिखर – बहुव्रीहि समास

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (1 × 4 = 4)

(1) व्यापारी हमेशा ............... के लिए कार्य करते हैं। उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए
(क) काफूर होने
(ख) उड़न छू होने
(ग) उन्नीस बीस होने
(घ) पौ बारह होने

(2) जब धर्मवीर की करतूतों की पोल खुली तो वह ................। उपयुक्त विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए
(क) फरिश्ता हो गया
(ख) पानी–पानी हो गया
(ग) मीठी छुरी हो गया
(घ) राई का पहाड़ हो गया

(3) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए
(क) गाँठ पड़ना – स्थायी रूप से याद रखना
(ख) लोहे के चने चबाना – मूर्खतापूर्ण कार्य करना
(ग) दाल न गलना – हैरान होना
(घ) आड़े हाथों लेना – कठोरता से पेश आना

(4) 'बना बनाया काम बिगाड़ देना' अर्थ के लिए सही मुहावरा है
(क) टाँग अड़ाना
(ख) आँखों से बोलना
(ग) गुड़ गोबर कर देना
(घ) दो से चार बनाना

(5) 'अनदेखा कर देना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(क) उल्टी गंगा बहाना
(ख) आँखें चुरा लेना
(ग) आँच न आने देना
(घ) आँखों पर पर्दा पड़ना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(6) पवन तो निपट मूर्ख है, उसे कितना भी समझा लो उसकी समझ में कुछ नहीं आता है।
रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?
(क) नाक का बाल
(ख) लकीर का फकीर
(ग) काठ का उल्लू
(घ) कोल्हू का बैल

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

खींच दो अपने खूँ से जमीं पर लकीर
इस तरफ आने पाए न रावन कोई
तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे
छू न पाए सीता का दामन कोई
राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों।

(1) 'खूँ से जमीं पर लकीर खींचने' से क्या तात्पर्य है?
(क) दुश्मन पर हमला करना
(ख) सीमाओं पर रक्तपात करना
(ग) बलिदान देकर भी शत्रु को रोकना
(घ) मातृभूमि की रक्षा के लिए तत्पर रहना

(2) कवि ने देशवासियों और सैनिकों को आत्मबलिदान से प्रेरणा लेकर देश की रक्षा के लिए सदा तैयार रहने का संदेश दिया है। इससे ज्ञात होता है कि कवि पक्षधर हैं–
(क) स्वामी भक्ति के
(ख) देशभक्ति के
(ग) ईशनिंदा के
(घ) क्रमान्वय के

(3) 'सीता का दामन' किसे कहा गया है?
(क) भारतीय सांस्कृतिक परंपरा को
(ख) देवी–देवताओं की मर्यादा को
(ग) देश के स्वाभिमान को
(घ) मातृभूमि के सम्मान को

(4) 'राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियों' कथन से कवि का संकेत किस ओर है?
(क) तुम्हें राम भी बनना है और लक्ष्मण भी
(ख) तुम्हें नारी के सम्मान की रक्षा भी करनी है और मर्यादा की भी
(ग) तुम्हें युद्ध भी करना है और रक्षा भी
(घ) तुम्हें भारतीयता को भी बचाना है और सीमाओं को भी

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए
(1) जीवन में जिंदा रहने के अनेक कारण मिल जाते हैं
(2) देश की रक्षा के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए
(3) ईश्वर में अपना विश्वास कभी कमजोर नहीं होने देना चाहिए
(4) राम और लक्ष्मण मर्यादा रक्षकों के प्रतीक हैं
(5) हर वीर सैनिक इस देश की सुरक्षा करना अपना कर्तव्य मानता है
पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए
(क) 1, 2 और 3
(ख) 1, 3 और 5
(ग) 2, 3 और 4
(घ) 2, 4 और 5

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) 'अवलोक रहा है बार–बार नीचे जल में निज महाकार' से क्या आशय है?
(क) अवलोक महाकार को बार–बार देख रहा है
(ख) कवि जल को बार–बार निहार रहा है
(ग) पर्वत नीचे फैले जल में अपने विशाल आकार को निहार रहा है
(घ) परमात्मा नीचे जल में बार–बार देख रहा है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(2) पोथी पढ़ने से व्यक्ति पंडित नहीं बन सकता, क्योंकि
(क) पंडित लोगों के मानने से बनते हैं, पोथी पढ़ने से नहीं
(ख) पोथी ज्ञान तो प्रदान करती है, परंतु हमारे आचरण को नहीं बदल सकती
(ग) पोथी साधारण व्यक्ति द्वारा लिखी होती है
(घ) पोथी हमें अच्छा मनुष्य नहीं बनाती

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

कई वर्षों से बड़े–बड़े बिल्डर समंदर को पीछे धकेलकर उसकी जमीन को हथिया रहे थे। बेचारा समंदर लगातार सिमटता जा रहा था। पहले उसने अपनी फैली हुई टाँगें समेटीं, थोड़ा सिमटकर बैठ गया। फिर जगह कम पड़ी तो उकड़ूँ बैठ गया। फिर खड़ा हो गया...जब खड़े रहने की जगह कम पड़ी तो उसे गुस्सा आ गया। जो जितना बड़ा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है, परंतु आता है तो रोकना मुश्किल हो जाता है और यही हुआ, उसने एक रात अपनी लहरों पर दौड़ते हुए तीन जहाजों को उठाकर बच्चों की नींद की तरह तीन दिशाओं में फेंक दिया। एक वर्ली के समंदर के किनारे पर आकर गिरा, दूसरा बांद्रा में कार्टर रोड के सामने औंधे मुँह और तीसरा गेट–वे ऑफ इंडिया पर टूट–फूटकर सैलानियों का नजारा बना बावजूद कोशिश, वे फिर से चलने–फिरने के काबिल नहीं हो सके।

(1) ''पहले उसने अपनी फैली टाँगें समेटीं, थोड़ा सिमटकर बैठ गया। फिर जगह कम पड़ी तो उकड़ूँ बैठ गया। फिर खड़ा हो गया... कथन के माध्यम से ज्ञात होती है
(i) समुद्र की बेचारगी और लाचारी
(ii) समुद्र की ताकत और रौद्र रूप
(iii) समुद्र की अभिलाषा और आकांक्षाएँ
(iv) समुद्र की दार्शनिकता और समझदारी
(क) केवल (i) (ख) (i) और (ii)
(ग) (i), (ii) और (iii) (घ) केवल (iv)

(2) ''उसने एक रात अपनी लहरों पर दौड़ते हुए तीन जहाजों को उठाकर बच्चों की नींद की तरह तीन दिशाओं में फेंक दिया।'' उपर्युक्त कथन दर्शाता है समुद्र का ..............
(क) अभिमान (ख) अपनत्व
(ग) क्रोध (घ) सहनशीलता

(3) 'पहले उसने अपनी फैली हुई टाँगे समेटीं' पंक्ति में 'उसने' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?
(क) लेखक के लिए (ख) समुद्र के लिए
(ग) बच्चे के लिए (घ) सैलानी के लिए

(4) 'जो जितना बड़ा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है' यह पंक्ति किस संदर्भ में कही गई है?
(क) सहनशीलता के (ख) प्रेम के
(ग) अपनत्व के (घ) अभिमान के

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकलपों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : समुद्र के किनारे निर्माण कार्यों के कारण समुद्र सिमटते जा रहे हैं।

**कारण** (R) : जनसंख्या वृद्धि के कारण स्थान का अभाव होता जा रहा है।

**विकल्प**
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) निम्नलिखित में से कौन–से वाक्य 'झेन की देन' पाठ से प्राप्त प्रेरणा को दर्शाते हैं?
(i) सत्य केवल वर्तमान है, उसी में जीना चाहिए
(ii) मनुष्य के लिए प्रगति बहुत आवश्यक है
(iii) हमें प्रतिदिन चाय पीनी चाहिए
(iv) मनुष्य को जीवन में अधिक तनाव नहीं लेना चाहिए

**विकल्प**

(क) केवल (i)
(ख) (i) और (iv)
(ग) (i), (ii) और (iii)
(घ) (i), (ii) और (iv)

(2) कर्नल कालिंज के हक्का–बक्का हो जाने का क्या कारण था?
(क) सआदत अली के कारनामे सुनना
(ख) कंपनी के सिपाहियों को देखना
(ग) वकील की हत्या की खबर सुनना
(घ) वजीर–अली की निडरता को देखना

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के माध्यम से हमने स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास के बारे में जाना। लेखक की डायरी का एक पन्ना भावी पीढ़ी को किस प्रकार प्रेरित करता है? इस पाठ से मिली सीख का वर्णन कीजिए।

(2) 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के माध्यम से हमने जाना कि व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है। इस पाठ से प्राप्त सीख का वर्णन कीजिए।

(3) इस वर्ष आपने पाठ्यक्रम में एक पाठ पढ़ा है, जो हमें आदर्शवादी होने के साथ–साथ व्यावहारिक होने का संदेश भी देता है। कथन का मूल्यांकन करते हुए अपने विचार लिखिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़ी गई किस कविता में कवि ने मनुष्य को मृत्यु से भयभीत न होने की प्रेरणा दी है और क्यों? कौन–से व्यक्ति मरकर भी अमर हो जाते हैं?

(2) आपके पाठ्यक्रम में किस कविता में बादलों के उठने और वर्षा होने का चित्रण किया गया है? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

(3) कबीर की उद्धृत साखियों की भाषा की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) 'एक रात उनके भाइयों ने वही रूप धारण कर लिया, जो रूप महंत और उनके सहपाठियों ने धारण किया था। हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे? तर्कसहित स्पष्ट कीजिए।

(2) इन्हीं बातों से आकर्षित हो कुछ नौजवान भर्ती के लिए तैयार जो जाया करते। कभी–कभी हमें भी महसूस होता है कि हम भी फौजी जवानों से कम नहीं। धोबी की धुली वर्दी और पॉलिश किए बूट और जुराबों को पहने जब हम स्काउटिंग की परेड करते तो लगता हम फौजी ही हैं।
वर्दी तथा परेड के उत्साह से लेखक को ऐसा क्यों लगता है कि वह भी एक फौजी है? 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(3) इफ़्फ़न से मित्रता करना तथा उसकी दादी के प्रति टोपी का लगाव उसके परिवार वालों को पसंद नहीं था इफ़्फ़न से मित्रता करने के लिए उसके भाई मुन्नी बाबू ने भी घर में शिकायत करके उसकी पिटाई करवाई थी।
टोपी ने अपने भाई मुन्नी बाबू के विषय में कौन–सा रहस्य छिपाकर रखा था तथा क्यों?

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **प्रदूषण : एक समस्या**
- परिचय
- प्रदूषण के तत्त्व
- प्रदूषण के प्रकार
- प्रदूषण के कारण
- प्रदूषण के प्रभाव
- प्रदूषण को रोकने के उपाय

(2) **दहेज प्रथा : एक अभिशाप**
- सामाजिक समस्या
- रोकथाम के उपाय
- युवकों का कर्त्तव्य

(3) **मन के हारे हार हैं मन के जीते जीत**
- निराशा
- दृष्टिकोण परिवर्तन
- सकारात्मक सोच

**15. (1) अस्पताल कर्मचारियों के सद्व्यवहार की प्रशंसा करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) आपकी बस्ती के पार्क में कई अनधिकृत खोमचे वालों ने डेरा डाल दिया है, उन्हें हटाने के लिए नगर-निगम अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।**

**16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-** $(4 \times 1 = 4)$

(1) विद्यालय द्वारा चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य संगठन के सचिव होने के नाते कक्षा छठी से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों को इसकी सूचना लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) आपकी कॉलोनी में मरम्मत का कार्य होने जा रहा है। सचिव होने के नाते सभी सदस्यों को इसकी जानकारी देने व कार्य में सहयोग देने का अनुरोध करते हुए लगभग 60 शब्दों में सूचना जारी करें।

**17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-** $(3 \times 1 = 3)$

(1) अपने पुराने मकान को बेचने संबंधी विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) पुस्तक विक्रेता के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

**18. (1) 'बुरे का फल बुरा ही मिलता है' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण करने पर भी आधार कार्ड न मिलने की शिकायत करते हुए संबंधित अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।**

□□□□□□□

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 18

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

बेहतर शिक्षा सभी के लिए जीवन में आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने के लिए बहुत आवश्यक है। शिक्षा किसी भी समाज की विकास प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है, इसलिए मानव समाज में इसे उच्च प्राथमिकता दी गई है। शिक्षा से तात्पर्य है– शक्ति को ग्रहण कर मनुष्य द्वारा सही अर्थ में अपनी क्षमताओं का उपयोग करना सीखना, अज्ञान के अंधकार से निकलकर ज्ञान के प्रकाश की ओर बढ़ना। शिक्षा द्वारा ही ज्ञान और अज्ञान के मध्य अंतर को समझकर मनुष्य सही दिशा की ओर बढ़ता है तथा सम्यक् ज्ञान के प्रकाश में जीवन का सर्वांगीण विकास कर पाता है, परंतु जब समुचित विकास का मार्ग अवरुद्ध होता प्रतीत होता है, तब ऐसा समझा जाना तर्कपूर्ण है कि प्रचलित शिक्षा प्रणाली दोषपूर्ण है। ऐसी स्थिति में शिक्षा नीति में सुधार करना अनिवार्य हो जाता है। पाश्चात्य शिक्षा पद्धति का अनुकरण करने के कारण हम अपनी शिक्षा और संस्कृति को भूल रहे हैं और नैतिकता के पतन की ओर अग्रसर हैं। प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता यह मानी जाती है कि वह नीतियों से परिपूर्ण थी। नीति अर्थात् सही दिशा–निर्देश, ये मनुष्य के ऊपर उठने का, आगे बढ़ने का सबसे बड़ा माध्यम होते हैं। शिक्षा मनुष्य का सम्यक् उत्थान करती है। नीति भी मूल रूप से शिष्ट आचरण का ही दिशा–निर्देश करती है। इस प्रकार शिक्षा और नीति का मुख्य उद्देश्य एक ही है।

(1) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : शिक्षा को मानव समाज में उच्च प्राथमिकता दी गई है।

**कारण** (R) : शिक्षा किसी भी समाज की विकास प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(2) शिक्षा से क्या तात्पर्य है?

(क) अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञानरूपी प्रकाश की ओर बढ़ना
(ख) शक्ति को ग्रहण कर मनुष्य द्वारा सही अर्थ में अपनी क्षमताओं को उपयोग करना
(ग) (क) और (ख) दोनों
(घ) नीति से तुलना करना

(3) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए

(1) आधुनिक शिक्षा प्रणाली में कोई दोष नहीं है
(2) प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति नीतियों से परिपूर्ण थी
(3) पाश्चात्य शिक्षा पद्धति हमें पतन की ओर ले जा रही है

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions

SOLUTIONS

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?
(क) केवल 1
(ख) 1 और 2
(ग) 1 और 3
(घ) 2 और 3

(4) गद्यांश की सीख के आधार पर कहा जा सकता है कि
(क) समय के साथ परिवर्तनों को अपनाना चाहिए
(ख) शिक्षा नीति में सुधार करना अनिवार्य है
(ग) बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता
(घ) मनुष्य को वर्तमान काल में जीना चाहिए

(5) गद्यांश में लेखक ने किस विषय में चर्चा की है?
(क) भारतीय शिक्षा पद्धति के विषय में
(ख) पाश्चात्य शिक्षा पद्धति के विषय में
(ग) (क) और (ख) दोनों
(घ) इनमें से कोई नहीं

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

आज योग केवल भारत में ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में किया जा रहा है। आधुनिक युग में योग का महत्त्व बढ़ गया है। इसके बढ़ने का कारण व्यस्तता और मन की व्यग्रता है। यदि मनुष्य शारीरिक रूप से स्वस्थ है, तो वह संसार में रहकर जीवन का सुख भोग सकता है और अपने सभी कर्तव्यों एवं मनोकामनाओं को पूर्ण कर सकता है। शरीर ही वह माध्यम है, जिसके द्वारा हम अपने सभी कार्यों को संपन्न कर सकते हैं, इसलिए अपने शरीर को स्वस्थ रखना हमारा प्रथम कर्तव्य है और इसके लिए हम योग का सहारा ले सकते हैं।

योग प्राचीन समय से ही भारतीय संस्कृति का अंग रहा है। हमारे पूर्वजों ने बहुत समय पहले ही इसका आविष्कार कर इसके महत्त्व को पहचान लिया था, इसलिए योग पद्धति सदियों बाद भी जीवित है। योग करने से व्यक्ति का शरीर सुगठित और सुडौल बनता है। योग से न केवल तन की थकान दूर होती है, बल्कि मन की थकान भी दूर हो जाती है। योग करने वाला व्यक्ति अपने अंग–प्रत्यंग में एक नए उत्साह एवं स्फूर्ति का अनुभव करता है। योग करने से शरीर के प्रत्येक अंग में रक्त का संचार सुचारु रूप से होता है तथा शरीर रोगमुक्त रहता है। अतः हम सभी को एक स्वरूप जीवन जीने हेतु प्रतिदिन योग करना चाहिए।

(1) मनुष्य का प्रथम कर्तव्य किसे माना गया है?
(क) मन को स्वस्थ रखना
(ख) योग करना
(ग) शरीर को स्वस्थ रखना
(घ) प्राचीन संस्कृति को अपनाना

(2) योग करने से मनुष्य को क्या लाभ होता है?
(क) शरीर रोगमुक्त रहता है
(ख) नए उत्साह व स्फूर्ति का संचार होता है
(ग) मन की थकान दूर होती है
(घ) उपर्युक्त सभी

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए
**कथन** (A) : आधुनिक युग में योग का महत्त्व स्वीकार किया जाने लगा है।
**कारण** (R) : आधुनिक युग में व्यस्तता और मन की व्याकुलता बढ़ने लगी है।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) 'योग प्राचीनकाल से भारतीय संस्कृति का अंग रहा है' गद्यांश में दिए गए इस कथन से क्या स्पष्ट होता है?
(क) पूर्वजों ने योग के महत्त्व को पहचान लिया
(ख) पूर्वजों द्वारा योग का आविष्कार किया गया
(ग) (क) और (ख) दोनों
(घ) पूर्वजों ने सिद्धांतों पर बल दिया

(5) प्रस्तुत गद्यांश हमें क्या संदेश देता है?
(क) समय के साथ–साथ योग का महत्त्व घटता जा रहा है
(ख) शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए
(ग) योग उसी व्यक्ति को करना चाहिए, जो शारीरिक रूप से कमजोर हो
(घ) योग प्राचीन समय से भारतीय संस्कृति का अंग रहा है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

**3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'सुना है वज़ीर अली जाती तौर से भी बहुत बहादुर आदमी है।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है

(क) सुना है वज़ीर अली
(ख) आदमी है
(ग) जाती तौर से
(घ) बहुत बहादुर

(2) 'भाई साहब स्वभाव से बड़े अध्ययनशील थे।' रेखांकित पदबंध का भेद है

(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रिया विशेषण पदबंध

(3) 'ग्वालियर से मुंबई की दूरी ने काफी कुछ बदल दिया है।' रेखांकित पदबंध का भेद है

(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रिया विशेषण पदबंध

(4) 'वामीरो की माँ क्रोध से उफन पड़ी।' रेखांकित पदबंध का भेद है

(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रिया–विशेषण पदबंध

(5) संज्ञा पदबंध का उदाहरण छाँटिए

(क) इसीलिए वे अपने विलक्षण आदर्श चला सके
(ख) कबूतर परेशानी मे इधर–उधर फड़फड़ा रहे थे
(ग) जंगल की जिंदगी बड़ी खतरनाक होती है।
(घ) मैं यह लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगा।

**4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | हमारी अम्मा ने कोई दर्जा पास नहीं किया और दादा भी शायद पाँचवी–छठी जमात के आगे नहीं गए। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | जब खड़े रहने की जगह कम पड़ी तो उसे गुस्सा आ गया। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | उसने खंजर से वकील का काम तमाम कर दिया। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**

(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(2) 'कई बार मुझे डाँटने का अवसर मिलने पर भी बड़े भाई साहब चुप रहे।' इस वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा

(क) यद्यपि कई बार मुझे डाँटने के अवसर मिले, फिर भी बड़े भाई साहब चुप रहे
(ख) मुझे डाँटने के कई अवसर मिलने के बाद भी बड़े भाई साहब चुप रहे
(ग) मुझे डाँटने के कई अवसर मिले, किंतु बड़े भाई साहब चुप रहे
(घ) मुझे डाँटने के कई अवसर मिलने के बावजूद बड़े भाई साहब चुप रहे

(3) 'एक बार बिल्ली ने उचककर दो में से एक अंडा तोड़ दिया।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है

(क) सरल वाक्य
(ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) इनमें से कोई नहीं

(4) 'जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है

(क) सरल वाक्य
(ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) इनमें से कोई नहीं

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य है
(क) सुभाष बाबू को पकड़ लिया गया और गाड़ी में बैठाकर लाल बाजार लॉकअप में भेज दिया गया
(ख) जो नहीं जा सके हैं, उन्होंने यहाँ–वहाँ डेरा डाल लिया है
(ग) शैलेंद्र राजकपूर की इस याराना दोस्ती से परिचित तो थे
(घ) असल में नवाब आसिफउद्दौला के यहाँ लड़के की कोई उम्मीद नहीं थी।

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) 'रेखांकित' शब्द में कौन–सा समास है?
(क) द्वंद्व समास (ख) बहुव्रीहि समास
(ग) कर्मधारय समास (घ) तत्पुरुष समास

(2) 'पीतांबर' समस्त पद का विग्रह होगा
(क) पीला और अंबर (ख) पीला है जो अंबर
(ग) पीला अंबर (घ) अंबर के लिए पीला

(3) 'भुखमरा' शब्द के सही समास–विग्रह व समास का चयन कीजिए
(क) भूख से मरा–तत्पुरुष समास (ख) भूख के लिए मरा–तत्पुरुष समास
(ग) भूखा मरा–तत्पुरुष समास (घ) भूख ने मारा–तत्पुरुष समास

(4) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | प्रयोगशाला | (i) | कर्मधारय समास |
| (ii) | गिरधर | (ii) | बहुव्रीहि समास |
| (iii) | आमरण | (iii) | द्वंद्व समास |
| (iv) | जन्मांध | (iv) | तत्पुरुष समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं?
(क) (i) और (ii) (ख) (ii) और (iii)
(ग) (ii) और (iv) (घ) (iii) और (iv)

(5) 'दिव्य दृष्टि' का समास विग्रह व भेद होगा
(क) दिव्य और दृष्टि–द्वंद्व समास (ख) दिव्य दृष्टि वाला है, जो अर्थात् विष्णु–बहुव्रीहि समास
(ग) दिव्य है, जो दृष्टि–कर्मधारय समास (घ) दिव्या की दृष्टि–तत्पुरुष समास

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए
(क) कंठ का हार होना–सब कुछ समर्पित कर देना (ख) उल्लू बनाना–दोष निकालना
(ग) उल्टी गंगा बहाना–नियम विरुद्ध कार्य करना (घ) चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना–शर्म महसूस करना

(2) घर आए अतिथि के स्वागत में प्रिया को ................ अच्छा लगता है। रिक्त स्थान की पूर्ति मुहावरे द्वारा कीजिए
(क) आँखें ततेरना (ख) आँखें फेरना
(ग) आँखें बिछाना (घ) आँखें निकालना

(3) मास्टर जी द्वारा राजेश को डाँटने पर उसका ................ अच्छा नहीं लगा। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए
(क) मुँह बनाना (ख) उल्लू बनाना
(ग) रास्ता बनाना (घ) मुँह पकड़ना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(4) 'अवसर का लाभ उठाना' अर्थ के लिए सही मुहावरा है
(क) पाँचों उँगलियाँ घी में होना
(ख) बाँछें खिलना
(ग) बहती गंगा में हाथ धोना
(घ) बाग–बाग होना

(5) 'उदास होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(क) चक्कर खा जाना
(ख) चेहरा मुरझाना
(ग) घुटने टेकना
(घ) चेहरा खिलना

(6) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?
एकाग्रता के अभाव में <u>हर समय पढ़ाई में लगा रहने वाला</u> भी परीक्षा में असफल हो जाता है।
(क) लकीर का फकीर
(ख) गोबर गणेश
(ग) किताब का कीड़ा
(घ) खेत का बैल

**7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

हरि आप हरो जन री भीर।
द्रोपदी री लाज राखी, आप बढ़ायो चीर।
भगत कारण रूप नरहरि, धर्‌यो आप सरीर।
बूढ़तो गजराज राख्यो, काटी कुण्जर पीर।
दासी मीराँ लाल गिरधर, हरो म्हारी भीर।।

(1) 'काटी कुण्जर पीर' से क्या तात्पर्य है?
(क) हाथी को काटने की पीड़ा
(ख) हाथी को मोक्ष प्रदान किया
(ग) हाथी को पीड़ा से मुक्त किया
(घ) हाथों के पाँव को काटा

(2) ''द्रौपदी री लाज राखी, आप बढ़ायो चीर'' का आशय है
(क) हरि का यहाँ साड़ी (चीर) से कोई संबंध नहीं है
(ख) द्रौपदी के वस्त्र को बढ़ाकर आपने उसकी रक्षा की
(ग) द्रौपदी के चीर हरण के समय उसकी लाज रखने के लिए श्रीकृष्ण ने उसके चीर (साड़ी) को बढ़ाया
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(3) 'भगत कारण रूप नरहरि, धर्‌यो आप सरीर' पद्यांश की इस पंक्ति के माध्यम से कवयित्री कहना चाहती है कि
(क) भक्त के लिए आपको नरसिंह बनना पड़ा
(ख) नरसिंह का रूप भक्त की सेवा के लिए धारण करना पड़ा
(ग) भक्त की रक्षा के लिए आपने (श्री कृष्ण ने) भगवान नरसिंह का रूप धारण किया
(घ) इनमें में से कोई नहीं

(4) मीरा अपने साथ–साथ सामान्य जन की पीड़ा हरने के लिए भी श्रीकृष्ण से प्रार्थना करती है। इससे कवयित्री की कौन–सी भावना प्रकट होती है?
(क) ईर्ष्या
(ख) परोपकार
(ग) भक्ति
(घ) सहज

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए
(1) श्रीकृष्ण ने चीर बढ़ाकर द्रौपदी की लाज रखी
(2) मीरा श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त है
(3) मीरा केवल अपनी पीड़ा हरने की प्रार्थना करती है
(4) श्रीकृष्ण अपने भक्तों का कल्याण करते हैं
पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए
(क) केवल 1
(ख) 1, 2 और 3
(ग) 1, 2 और 4
(घ) 2, 3 और 4

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) 'राह कुर्बानियों की न वीरान हो' का आशय है

(क) कुर्बानी देने वालों की कमी नहीं होनी चाहिए
(ख) देश के नवयुवक कुर्बानी देने आए
(ग) कुर्बानी देने वाले तबाह नहीं होने चाहिए
(घ) कुर्बानियों का मार्ग वीरान न हो

(2) कबीर दूसरों का घर क्यों जलाना चाहते हैं?

(क) उनको सन्मार्ग पर लाने हेतु
(ख) अपना स्वार्थ पूरा करने हेतु
(ग) उनको पीड़ा पहुँचाने हेतु
(घ) उनको मोह छोड़कर ईश्वर की भक्ति में लगाने हेतु

**9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

मैं यह लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगता। जवाब ही क्या था। अपराध तो मैंने किया, लताड़ कौन सहे? भाई साहब उपदेश की कला में निपुण थे। ऐसी–ऐसी लगती बातें कहते, ऐसे–ऐसे सूक्ति–बाण चलाते कि मेरे जिगर के टुकड़े–टुकड़े हो जाते और हिम्मत टूट जाती थी। इस तरह जान तोड़कर मेहनत करने की शक्ति मैं अपने में न पाता था और उस निराशा में जरा देर के लिए मैं सोचने लगता– 'क्यों न घर चला जाऊँ। जो काम मेरे बूते के बाहर है, उसमें हाथ डालकर क्यों अपनी जिंदगी खराब करूँ।' मुझे अपना मूर्ख रहना मंजूर था, लेकिन इतनी मेहनत से मुझे तो चक्कर आ जाता था, लेकिन घंटे–दो–घंटे के बाद निराशा के बादल फट जाते और मैं इरादा करता कि आगे से खूब जी लगाकर पढ़ूँगा। झटपट एक टाइम–टेबिल बना डालता। बिना पहले से नक्शा बनाए कोई स्कीम तैयार किए काम कैसे शुरू करूँ। टाइम–टेबिल में खेलकूद की मद बिलकुल उड़ जाती।

(1) "ऐसी–ऐसी लगती बातें कहते, ऐसे–ऐसे सूक्ति–बाण चलाते कि मेरे जिगर के टुकड़े–टुकड़े हो जाते और हिम्मत टूट जाती।" कथन के माध्यम से ज्ञात होता है कि भाई साहब

(क) बातचीत की कला में निपुण थे
(ख) चित्रकारी की कला में निपुण थे
(ग) बहस की कला में निपुण थे
(घ) उपदेश देने की कला में निपुण थे

(2) लेखक द्वारा आँसू बहाने के कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(i) भाई द्वारा घर वापस भेजना
(ii) भाई का उपदेश देना
(iii) कक्षा में अनुत्तीर्ण होना
(iv) भाई की डाँट सुनना

(क) केवल (i)
(ख) (i) और (ii)
(ग) (i) और (iii)
(घ) केवल (iv)

(3) भाई साहब की डाँट सुनने के बाद निराश हुआ छोटा भाई क्या सोचने लगता था?

(क) पढ़ाई करना छोड़ दूँ
(ख) घर वापस चला जाऊँ
(ग) पुनः खेल खेलने चला जाऊँ
(घ) पढ़ाई मन लगाकर करूँगा

(4) "मुझे अपना मूर्ख रहना मंजूर था, लेकिन इतनी मेहनत से मुझे तो चक्कर आ जाता था।" लेखक द्वारा ऐसा कहा जाना दर्शाता है, उसका/उसकी पढ़ाई के प्रति

(क) दृढ़निश्चय
(ख) मैत्रीबोध
(ग) उदासीनता
(घ) कर्त्तव्यबोध

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकलपों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : लेखक घर वापस चले जाने के बारे में सोचने लगता था।
**कारण** (R) : लेखक को पढ़ाई का काम उसके बूते के बाहर लगता था।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है
(ख) कथन (A) गलत हैं, लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) गाँव के लोग तताँरा के विरोध में आवाजें क्यों उठा रहे थे?

(क) वे गाँव की रीति के विरोध में थे
(ख) वे गाँव की निषेध परंपरा के पक्ष में थे
(ग) वे तताँरा को अपमानित करना चाहते थे
(घ) तताँरा को पशु पर्व में शामिल नहीं करना चाहते थे

(2) निम्नलिखित में से कौन–से वाक्य 'गिन्नी का सोना' पाठ से प्राप्त प्रेरणा को दर्शाते हैं?

(i) सत्य और अहिंसा के बिना राष्ट्र का कल्याण नहीं हो सकता
(ii) दूसरों के सुख–दुःख से सरोकार रखना चाहिए
(iii) व्यवहार और आदर्श दोनों का संतुलन व्यक्तित्व के लिए आवश्यक है
(iv) सत्य केवल वर्तमान है, उसी में जीना चाहिए

**विकल्प**

(क) केवल (i)
(ख) (i) और (iv)
(ग) (i) और (iii)
(घ) (i), (iii) और (iv)

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) 'तीसरी कसम' फिल्म ने साहित्य के साथ शत–प्रतिशत न्याय कैसे किया था?

(2) "जब से कानून भंग का काम शुरू हुआ है, तब से आज तक इतनी बड़ी सभा ऐसे मैदान में नहीं की गई थी और यह सभा तो कहना चाहिए कि ओपन लड़ाई थी।"
आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़े गए पाठ में कौन–से और किसके द्वारा लागू किए गए कानून को भंग करने की बात कही गई है? क्या कानून भंग करना उचित था? अपने विचार प्रकट कीजिए।

(3) वजीर अली किस तथ्य से परिचित हो गया था तथा उसके जीवन का क्या उद्देश्य था? 'कारतूस' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) सुमित्रानंदन पंत की कविता 'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर बताइए कि कवि ने तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है और क्यों?

(2) 'मनुष्यता' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि मनुष्य कब अहंकारी हो जाता है?

(3) आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़ी गई किस कविता में तोप को दो बार चमकाने की बात कही गई है। ये दो अवसर कौन–से होंगे?

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) "नौवीं कक्षा में दो बार अनुत्तीर्ण होने पर टोपी अपने परिवार एवं सहपाठियों के साथ–साथ शिक्षकों के लिए भी उपहास का पात्र बन गया था।"
नौंवी कक्षा में दो बार अनुत्तीर्ण होने वाले टोपी की भावनात्मक परेशानियों को देखते हुए शिक्षा व्यवस्था में किए जाने वाले आवश्यक बदलावों हेतु अपने शब्दों में कुछ सुझाव लिखिए।

(2) वर्दी तथा परेड के उत्साह से लेखक को ऐसा लगता है कि वह भी एक फौजी है। 'सपनों के–से दिन' पाठ के आधार पर लेखक की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

(3) 'ठाकुरबारी के भीतर महंत और उनके कुछ चंद विश्वासी साधु सादे और लिखे कागजों पर अनपढ़ हरिहर काका के अँगूठे के निशन जबरन ले रहे थे। हरिहर काका तो महंत के इस व्यवहार में जैसे आसमान से जमीन पर आ गए थे। उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था कि महंत जी इस रूप में भी आएँगे।
'हरिहर काका' कहानी में ठाकुरबारी में साधु–महंतों द्वारा हरिहर काका के हिस्से की जमीन को अपने नाम लिखवाने के लिए दबाव डाला जाता है। इससे साधु–महंतों की कैसी भावना झलकती है? पाठ के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

14. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **देश प्रेम**
- देश के प्रति प्रेमभाव
- बलिदान की भावना
- भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए संघर्ष करना
- देश की छवि उज्जवल करने का प्रयास

(2) **आधुनिक जीवन में मोबाइल**
- आज की आवश्यकता
- युवाओं में मोबाइल की बढ़ती होड़
- हानियाँ
- सुझाव

(3) **बुरा जो देखन मैं चला**
- निंदा करना एक आम दुर्गुण
- सामान्य जीवन से उदाहरण
- दोष सुधार कैसे?

15. (1) **रेलयात्रा के दौरान रेल में मिलने वाले भोजन के आपत्तिजनक, न्यून स्तर की शिकायत करते हुए रेलवे पुलिस अधीक्षक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **अपने क्षेत्र में पेड़-पौधों के अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए जिलाधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

16. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-** $(4 \times 1 = 4)$

(1) आपके विद्यालय द्वारा एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया जा रहा है। उसका विवरण देते हुए, विद्यालय के प्रबन्धक की ओर से लगभग 60 शब्दों में सूचना जारी करें।

**अथवा**

(2) आपके विद्यालय में नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है। प्रधानाचार्य की ओर से छात्रों को इसकी सूचना लगभग 60 शब्दों में जारी करें।

17. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-** $(3 \times 1 = 3)$

(1) आप अपना पुराना फर्नीचर बेचना चाहते हैं। इसके लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) आप एक अच्छे चित्रकार हैं। अपने चित्रों की प्रदर्शनी के लिए लगभग 40 शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

18. (1) **'मन के हारे हार, मन के जीते जीत' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **आप कुछ दिनों के लिए विदेश जा रहे हैं। इस दौरान आने वाली अपनी डाक को डाकघर में ही सँभालकर रखने के लिए प्रार्थना करते हुए डाक अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।**

□□□□□□□

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 19

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

हम एक समाज में रहते हैं और सामाजिक जीवन में पड़ोस का विशेष महत्त्व है। पड़ोस सामाजिक जीवन के ताने–बाने का महत्त्वपूर्ण आधार है। दरअसल, पड़ोस जितना स्वाभाविक है हमारी सामाजिक सुरक्षा के लिए तथा सामाजिक जीवन की समस्त आनंदपूर्ण गतिविधियों के लिए, वह उतना ही आवश्यक भी है। यह सच है कि पड़ोसी का चुनाव हमारे हाथ में नहीं होता है, इसलिए पड़ोसी के साथ कुछ–न–कुछ सामंजस्य तो बिठाना ही पड़ता है। हमारा पड़ोसी अमीर हो या गरीब, उसके साथ संबंध रखना सदैव हमारे हित में होता है। पड़ोसी से परहेज करना अथवा उससे कटे–कटे रहने में अपनी ही हानि है, क्योंकि किसी भी आकस्मिक आपदा अथवा आवश्यकता के समय अपने रिश्तेदारों तथा परिवार वालों को बुलाने में समय लगता है। ऐसे में पड़ोसी ही सबसे अधिक विश्वस्त सहायक हो सकता है। पड़ोसी चाहे कैसा भी हो, उससे अच्छे संबंध रखने चाहिए। जो अपने पड़ोसी से प्यार नहीं कर सकता, उससे सहानुभूति नहीं रख सकता, उसके साथ सुख–दुःख का आदान–प्रदान नहीं कर सकता तथा उसके शोक और आनंद के क्षणों में शामिल नहीं हो सकता, वह भला अपने समाज अथवा देश के साथ भावनात्मक रूप से कैसे जुड़ेगा। विश्व–बंधुत्व की बात भी तभी मायने रखती है, जब हम अपने पड़ोसी से निभाना सीखे।

(1) 'विश्व–बंधुत्व की बात भी तभी मायने रखती है, जब हम अपने पड़ोसी से निभाना सीखें।' गद्यांश की इस पंक्ति के माध्यम से लेखक क्या सीख देना चाहते हैं?

(क) पड़ोसी से अहंकारी संबंध रखने की
(ख) पड़ोसी से ईर्ष्या भाव रखने की
(ग) पड़ोसी से सौहार्दपूर्ण संबंध रखने की
(घ) पड़ोसी सेद्वेष भाव रखने की

(2) निम्न में से किस प्रकार के पड़ोसी के साथ संबंध रखना हमारे हित में होता है?

(क) गरीब
(ख) अमीर
(ग) (क) और (ख) दोनों
(घ) इनमें से कोई नहीं

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : पड़ोसी के साथ अच्छे संबंध हमारे हित में होते हैं।

**कारण** (R) : आकस्मिक आपदा के समय पड़ोसी ही सबसे विश्वस्त सहायक हो सकता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत हैं, लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) 'विश्वस्त सहायक' से क्या अभिप्राय है?
(क) अविश्वासी व्यक्ति
(ख) विश्वास करने योग्य सहायक व्यक्ति
(ग) सहानुभूति वाला व्यक्ति
(घ) इनमें से कोई नहीं

(5) निम्न में से किस कथन को गद्यांश की सीख के आधार पर कहा जा सकता है?
(क) अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत
(ख) विपदा के समय हमेशा पड़ोस याद आता है
(ग) एकता में शक्ति होती है
(घ) पड़ोसी के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

बाल मजदूरी एक वैश्विक समस्या है जो न केवल भारत देश में बल्कि विश्व के लगभग सभी देशों में देखी जा सकती है। बाल मजदूरी हमारे देश के लिए अक्षम्य अपराध है। देश में आज न जाने कितने बच्चे बाल मजदूरी कर रहे हैं, क्या उन्हें हमारी तरह जीने का अधिकार नहीं है? राजेश जोशी ने बड़े ही मार्मिक तरीके से 'बाल–श्रमिक' के ऊपर करूण रस की कविता लिखी है। उनका कहना है 'बच्चे काम पर जा रहे हैं सुबह–सुबह' अर्थात् पढ़ाई–लिखाई छोड़कर बच्चे मजदूरी करने काम पर जा रहे हैं। क्या उनके जीवन में खेल का मैदान नहीं है? क्या उनके लिए पुस्तकालय और पाठशाला नहीं है? इस तरह के भाव–बोध और पीड़ा–बोध से रचित राजेश जोशी की कविता आधुनिक सभ्य समाज के ऊपर एक प्रकार का व्यंग्य भी प्रस्तुत करती है।

नोबल पुरस्कार प्राप्तकर्ता श्री कैलाश सत्यार्थी, जो बचपन बचाओ आंदोलन' के सृजनकर्ता माने जाते हैं, का कहना है कि ''बाल–श्रमिकों की पहचान के संबंध में सबसे बड़ी समस्या उम्र का निर्धारण करना है। उनके जागरूकता अभियान के कारण अब अधिक सीमा तक लोग जानने लगे हैं कि 14 साल के बच्चे से काम कराना एक दंडनीय अपराध है। इसमें उम्र का निर्धारण कर पाना बेहद कठिन काम है। इसमें बच्चों का शोषण करने वाले लोग उनकी उम्र–सीमा 14 वर्ष से ऊपर दिखाकर कानूनी प्रक्रिया से बंधनमुक्त हो जाया करते हैं। यदि कठोर नियम बनाकर उचित कार्यवाही की जाए, तो बाल मजदूरी के ऊपर बहुत सीमा तक लगाम लगाई जा सकती है। भारत में बाल मजदूरी की इस समस्या को समाप्त करने में हमें भी सरकार का साथ देना होगा।

(1) गद्यांश हमें संदेश देता है कि बाल मजदूरी के कारण
(क) बच्चों को घर पर ही रहना पड़ता है
(ख) बच्चों को विद्यालय नहीं आना पड़ता
(ग) बच्चों का बचपन छिन जाता है
(घ) बच्चे जल्दी बड़े हो जाते हैं

(2) राजेश जोशी की कविता का मूल आशय क्या है?
(क) बच्चों के प्रति तत्कालीन समाज की संवेदनहीनता को व्यक्त करना
(ख) बचपन का चित्रण करना
(ग) कवि धर्म का पालन करना
(घ) उपर्युक्त सभी

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए
**कथन** (A) : बाल मजदूरी को समाप्त करने के लिए हमें सरकार का साथ देना चाहिए।
**कारण** (R) : बाल मजदूरी को समाप्त करने का दायित्व केवल सरकार का है।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत हैं, लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) 'बचपन बचाओ' आंदोलन का समाज पर क्या प्रभाव पड़ा?
(क) लोग जान गए कि शिक्षा का क्या महत्त्व है
(ख) लोग जानने लगे कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से काम कराना एक अपराध है
(ग) लोग जानने लगे कि खेल भी बच्चों के लिए आवश्यक है
(घ) लोग जानने लगे कि बचपन जीवन का सर्वोत्तम समय है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) बाल मजदूरी पर रोक कैसे लगाई जा सकती है?
(क) बच्चों को काम पर न भेजकर
(ख) जागरूकता अभियान द्वारा
(ग) कठोर नियम बनाकर उचित कार्यवाही द्वारा
(घ) बाल मजदूरी को महत्त्व न देकर

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'जीवन में पहली बार मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रिया पदबंध

(2) अब टुकड़ों में बँटकर एक–दूसरे से दूर हो चुका है। रेखांकित पदबंध का भेद है।
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रिया–विशेषण पदबंध

(3) 'ऐसी एक घटना का जिक्र सिंधी भाषा के महाकवि शेख अयाज ने अपनी आत्मकथा में किया है।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रिया–विशेषण पदबंध

(4) क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटिए
(क) उसके चरित्र से तुमने कौन–सा उपदेश लिया
(ख) चैतन्य होते ही वह उधर बढ़ने को विवश हो उठा।
(ग) कोई अजनबी युवक उसे निःशब्द ताके जा रहा है
(घ) वे फिर से चलने–फिरने के काबिल नहीं हो सके

(5) 'विचारमग्न तताँरा समुद्री बालू पर बैठकर सूरज की अंतिम रंग–बिरंगी किरणों को समुद्र पर निहारने लगा।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है
(क) अंतिम रंग–बिरंगी
(ख) विचारमग्न ततँारा
(ग) निहारने लगा
(घ) बालू पर बैठकर

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | एक सिपाही ने आकर कर्नल को बताया कि दूर से धूल उड़ती दिखाई दे रही है। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | वे हरदम किताबें खोलते हैं और अध्ययन करते रहते हैं। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | खुला चैलंज देकर ऐसी सभा पहले कभी नहीं की गई थी। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(2) 'एकाएक एक ऊँची लहर उठी और उसे भिगो गई।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा
(क) जैसे ही एकाएक ऊँची लहर उठी, उसे भिगो गई
(ख) ऊँची लहर ने उठकर उसे भिगो दिया
(ग) एकाएक एक ऊँची लहर उठकर उसे भिगो गई
(घ) एकाएक एक ऊँची लहर उठी तथा उसे भिगो गई

(3) 'बड़े भाई साहब ने भी उसी उम्र में पढ़ना शुरू किया था, जब मैंने शुरू किया था।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है
(क) सरल वाक्य
(ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) विशेष वाक्य

(4) 'कलकत्ता के हजारों लोगों द्वारा देश का दूसरा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है
(क) सरल वाक्य
(ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) विशेष वाक्य

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य है
(क) आखिर आदमी को कुछ तो अपनी पोजीशन का ख्याल रखना चाहिए
(ख) मेरे और भाई साहब के बीच अब केवल एक दरजे का अंतर और रह गया
(ग) मेरे रहते तुम बेराह न चलने पाओगे
(घ) जैसे ही बृजलाल गोयनका ने वंदे मातरम् बोला, वैसे ही वे भागे।

**5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) 'प्रियसखा' शब्द में कौन–सा समास है?
(क) कर्मधारय समास
(ख) तत्पुरुष समास
(ग) द्विगु समास
(घ) अव्ययीभाव समास

(2) 'अकालपीड़ित' शब्द के सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए
(क) अकाल से पीड़ित – तत्पुरुष समास
(ख) पीड़ित है जो अकाल – कर्मधारय समास
(ग) अकाल और पीड़ित – द्वंद्व समास
(घ) पीड़ित किया है जिसे अकाल ने – बहुव्रीहि समास

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | पंचप्रमाण | (i) | द्वंद्व समास |
| (ii) | वनगमन | (ii) | तत्पुरुष समास |
| (iii) | यथाक्रम | (iii) | अव्ययीभाव समास |
| (iv) | अनसुनी | (iv) | द्विगु समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं?
(क) (i) और (ii)
(ख) (ii) और (iii)
(ग) (ii) और (iv)
(घ) (iii) और (iv)

(4) 'विद्याप्रवीण' समस्तपद का विग्रह होगा
(क) विद्या से प्रवीण
(ख) विद्या में प्रवीण
(ग) विद्या के लिए प्रवीण
(घ) प्रवीण है जो विद्या

(5) 'कुसुमायुध' शब्द के सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए
(क) कुसुम और आयुध – द्वंद्व समास
(ख) कुसुम है आयुध जिसका अर्थात् कामदेव – बहुव्रीहि समास
(ग) कुसुम के समान आयुध – कर्मधारय समास
(घ) कुसुम के लिए आयुध – तत्पुरुष समास

**6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) रात के समय कब्रिस्तान वाले रास्ते से गुजरना मतलब .................. है। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए
(क) नाको चने चबाना
(ख) नानी याद आना
(ग) धज्जियाँ उड़ाना
(घ) दिल भर आना

(2) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए
(क) आँख का उजाला – स्वागत सम्मान करना
(ख) हक्का बक्का रह जाना – आश्चर्यचकित रह जाना
(ग) आकाश–पाताल एक करना – बहुत पश्चाताप करना
(घ) गाँठ बाँधना – बहुत अनुभव प्राप्त करना

(3) 'चालाक होना' अर्थ के लिए सही मुहावरा है
(क) दूध का धुला होना
(ख) पेट में दाढ़ी होना
(ग) दमड़ी के तीन होना
(घ) थुड़ी–थुड़ी होना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) चीन अब भारत की सीमाओं पर ........... है। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए
(क) आँख लगाए हुए
(ख) कान लगाए हुए
(ग) मुँह लगाए हुए
(घ) नाक लगाए हुए

(5) 'बहुत खुश होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(क) छाती भर आना
(ख) जामे से बाहर होना
(ग) डंका बजाना
(घ) फूला न समाना

(6) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?
आज के युग में जिद्दी लोग पीछे रह जाते हैं।
(क) कुत्ते की दुम
(ख) टेढ़ी खीर
(ग) अड़ियल टट्टू
(घ) अरण्य रोदन

**7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

राह कुर्बानियों की न वीरान हो
तुम सजाते ही रहना नए काफिले
फतह का जश्न इस जश्न के बाद है
जिंदगी मौत से मिल रही है गले
बाँध लो अपने सर से कफन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों

(1) 'नए काफिले' से क्या तात्पर्य है?
(क) तीर्थयात्रियों की टोली
(ख) युद्ध के लिए तैयार सैनिकों की टोली
(ग) नए बलिदानी देशभक्तों की टोली
(घ) युद्ध का प्रशिक्षण नए सैनिकों की टोली

(2) प्रस्तुत पद्यांश में सैनिक किसे सजाने की बात कर रहा है?
(क) भारत माता के मस्तक को
(ख) जश्न मनाने वालों को
(ग) देश की कुर्बानियों को
(घ) बलिदानी सैनिकों के जत्थों को

(3) 'राह कुर्बानियों की न वीरान हो' पंक्ति का क्या आशय है?
(क) सैनिक देश के बारे में सोचते रहे
(ख) बलिदानी सैनिकों की परंपरा बनी रहे
(ग) सैनिक सोच–समझकर आगे बढ़े
(घ) बलिदानी सैनिक आगे बढ़ने की सोच में रहे

(4) 'सिर पर कफन बाँधना' किस ओर संकेत करता है?
(क) जीवित रहने की ओर
(ख) सिर बजाने की ओर
(ग) देश पर बलिदान होने की ओर
(घ) सिर पर मुकुट बाँधने की ओर

(5) निम्नलिखित में से कौन–सा कथन पद्यांश से मेल नहीं खाता है?
(क) बाह्य आडंबरों का विरोध करना चाहिए
(ख) देश की रक्षा के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए
(ग) बलिदानी देशभक्तों की कमी नहीं होनी चाहिए
(घ) पद्यांश की पृष्ठभूमि भारत–चीन युद्ध की ऐतिहासिक घटना है

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) कबीर जी के अनुसार, ईश्वर की साधना में सबसे बड़ा बाधक कौन है?
(क) अज्ञानता के कार्य
(ख) मनुष्य के बुरे कर्म
(ग) विषय–विकार तथा सांसारिक मोह–माया रूपी घर
(घ) सगे–संबंधी व परिवार वाले

(2) कृष्ण की सेविका बनकर मीरा क्या करना चाहती है?
(क) रोज उठकर उनके दर्शन करना और रोना
(ख) प्रशंसा के गीत गाना और गोकुल में रहना
(ग) बाग सजाना, दर्शन करना, गीत गाना
(घ) उनकी याद में रोना, दर्शन करना, गीत गाना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

कुछ समय बाद पासा गाँव में 'पशु–पर्व' का आयोजन हुआ। पशु–पर्व में हृष्ट–पुष्ट पशुओं के प्रदर्शन के अतिरिक्त पशुओं से युवकों की शक्ति परीक्षा प्रतियोगिता भी होती है। वर्ष में एक बार सभी गाँव के लोग हिस्सा लेते हैं। बाद में नृत्य–संगीत और भोजन का भी आयोजन होता है। शाम में सभी लोग पासा में एकत्रित होने लगे। धीरे–धीरे विभिन्न कार्यक्रम शुरू हुए।

तताँरा का मन इन कार्यक्रमों में बिल्कुल भी नहीं था। उसकी व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढने में व्यस्त थीं। नारियल के झुंड के एक पेड़ के पीछे से उसे जैसे कोई झाँकता दिखा। उसने थोड़ा और करीब जाकर पहचानने की चेष्टा की। वह वामीरो थी जो भयवश सामने आने में झिझक रही थी। उसकी आँखें तरल थीं। होंठ काँप रहे थे। तताँरा को देखते ही वह फूट–फूटकर रोने लगी। तताँरा विह्वल हुआ। उससे कुछ बोलते ही नहीं बन रहा था। रोने की आवाज लगातार ऊँची होती जा रही थी। तताँरा किंकर्तव्यविमूढ़ था। वामीरो के रुदन स्वरों को सुनकर उसकी माँ वहाँ पहुँची और दोनों को साथ देखकर आग बबूला हो उठी।

(1) तताँरा का मन पशु–पर्व में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में बिल्कुल भी नहीं लगने के कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(i) वामीरो की माँ आग–बबूला हो गई थी

(ii) तताँरा की व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढ रही थीं

(iii) वामीरो उस पर गुस्सा हो गई थी

(iv) तताँरा को इस तरह के कार्यक्रमों में कोई रुचि नहीं थी

(क) केवल (i) (ख) (i) और (iv)

(ग) (i), (ii) और (iii) (घ) केवल (ii)

(2) 'वामीरो के रुदन स्वर को सुनकर उसकी माँ वहाँ पहुँची।' कथन के माध्यम से ज्ञात होता है कि वामीरो की माँ है

(क) मैत्रीभाव से परिपूर्ण (ख) मातृत्वभाव से परिपूर्ण

(ग) समन्वय से परिपूर्ण (घ) आदर्शवाद से परिपूर्ण

(3) गद्यांश के आधार पर वामीरो के चरित्र की कुछ विशेषताएँ मिलती हैं कि वह थी

(क) दृढ़ इच्छाशक्ति, भावुक, प्रकृति–प्रेमी (ख) निश्छल प्रेमिका, भावुक, सरल स्वभाव

(ग) पशु–प्रेमी, बेहद गंभीर, डरपोक (घ) संकीर्ण हृदय, उदार, कृपण

(4) 'तताँरा को देखते ही वामीरो फूट–फूटकर रोने लगी।' वामीरो का इस तरह रोना दर्शाता है, तँतारा के प्रति उसका

(क) भय (ख) प्रेम

(ग) आदर (घ) घृणा

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन** (A) : वामीरो की माँ आग–बबूला हो गई।

**कारण** (R) : वामीरो की माँ ने वामीरो–तताँरा को साथ देख लिया था।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत हैं, लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

10. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) निम्नलिखित में से कौन–से वाक्य 'अब कहाँ दूसरों के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ से प्राप्त प्रेरणा को दर्शाते हैं?

(i) यदि मकान की नींव कमजोर हो तो उस पर मंजिलें खड़ी नहीं हो सकतीं

(ii) जो जितना बड़ा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है

(iii) प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें वृक्षों को कटने से रोकना चाहिए

(iv) हमें प्रत्येक जीव के प्रति सहानुभूति रखनी चाहिए

**विकल्प**

(क) (i) और (iii) (ख) (i) और (iv)

(ग) (i), (ii) और (iii) (घ) (ii), (iii) और (iv)

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(2) चाय पीने की विधि में लेखक को मुख्य बात क्या लगी?
(क) कम लोगों का प्रवेश
(ख) साफ–सफाई का विशेष ध्यान
(ग) शांति की व्यवस्था
(घ) चाय परोसने का ढंग

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) शैलेंद्र के किस गीत के किस शब्द पर संगीतकार शंकर जयकिशन ने आपत्ति की थी और क्यों?

(2) 'आपने मुझे कारतूस दिए, इसलिए आपकी जान बख्शी करता हूँ।' (ये कहकर बाहर चला जाता है, टापों का शोर सुनाई देता है। कर्नल एक सन्नाटे में है। हक्का–बक्का खड़ा है...)
आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़े गए किस पाठ में वजीर अली ने अपने वीर व्यक्तित्व का प्रमाण दिया और कैसे? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(3) 'बहुत से लोग घायल हुए, बहुतों को लॉकअप में डाला गया, स्त्रियाँ जेल गईं, फिर भी आज तो जो कुछ हुआ वह अपूर्व हुआ।' आपके विचार से यह अपूर्व क्यों है? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) आपके पाठ्यक्रम में किस कविता में मनुष्य को परोपकारी जीवन जीने की प्रेरणा दी गई है? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

(2) सुमित्रानंदन पंत के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(3) आपके पाठ्यक्रम की कविता 'आत्मत्राण' में कवि की क्या कामनाएँ हैं? अपने शब्दों में संक्षेप में लिखिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) ''दरअसल, बहुत सारी बातें ऐसी होती हैं, जिनकी जानकारी बिना बताए ही लोगों को मिल जाती है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? यदि हाँ तो क्यों? 'हरिहर काका' के पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(2) ''बालमन 'स्वार्थ' से चलायमान न होकर 'अपनेपन' से चलायमान होता है। यही अपनापन मानव–मानव के मध्य सद्भाव का जनक माना जाता है।'' टोपी शुक्ला के इफ्फन की दादी एवं घर की नौकरानी सीता के साथ संबंधों के परिप्रेक्ष्य में उपर्युक्त कथन की विवेचना कीजिए।

(3) 'सपनों के–से दिन' पाठ में लेखक को कब लगता कि वह भी एक फौजी है? कारण सहित लिखिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **सिनेमा व युवा पीढ़ी**
- भूमिका
- युवा पीढ़ी पर सकारात्मक प्रभाव
- युवा पीढ़ी पर नकारात्मक प्रभाव
- उपसंहार

(2) **स्मार्ट क्लास की उपयोगिता**
- छात्रों की अधिक सक्रियता
- विषयवस्तु का अधिगम
- कम समय में अधिक जानकारी प्राप्त करना
- छात्रों पर प्रभाव

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions

SOLUTIONS

(3) **लड़का-लड़की एक समान**
- छात्रों की अधिक सक्रियता
- विषयवस्तु का अधिगम
- कम समय में अधिक जानकारी प्राप्त करना
- छात्रों पर प्रभाव।

15. (1) **नगर में कल-कारखानों से प्रदूषण में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **विद्यालय से आर्थिक सहायता की माँग करते हुए प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक प्रार्थना पत्र लिखिए।**

16. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-** $(4 \times 1 = 4)$

(1) प्रधानाचार्य की ओर से विद्यालय में स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने जा रही खेल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

(2) होली के अवसर पर आपकी सोसायटी 'लक्ष्मी' में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। सचिव होने के नाते लगभग 60 शब्दों में सूचना जारी करें।

17. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-** $(3 \times 1 = 3)$

(1) एक साइकिल कंपनी किशोरों के लिए नया उत्पाद बाजार में लाना चाहती है। उसके लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) देश की जनता को 'मतदान अधिकार' के प्रति जागरूक करने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय की ओर से लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

18. (1) **'सज्जन की खोज' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **अपने क्षेत्र में एक पार्क विकसित करने के लिए सभी कॉलोनीवासियों की ओर से नगर निगम अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक ईमेल लिखिए।**

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**
- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App

Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 20

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

'अनेकता में एकता' के गुण के कारण ही भारत विश्व में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहा है तथा यही भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषता है। यद्यपि ऊपरी तौर पर भारत के विभिन्न प्रदेशों में पर्याप्त भिन्नता दिखाई देती है, तथापि अपने आचार–विचारों की एकता के कारण यहाँ सदा सामाजिक संस्कृति का रूप देखने को मिलता है। अतः इसकी प्राचीनता, गतिशीलता, लचीलापन, ग्रहणशीलता, सामाजिक स्वरूप और अनेकता के भीतर मौजूद एकता ही इसकी प्रमुख विशेषता है। इस विशेषता के कारण ही भारतीय संस्कृति विश्व में अपना एक विशिष्ट स्थान रखती है। भारतीय संस्कृति का इतिहास बहुत प्राचीन है। वास्तव में, संस्कृति का निर्माण एक लंबी परंपरा के बाद होता है। संस्कृति वस्तुतः विचार और आचरण के वे नियम और मूल्य हैं, जिन्हें कोई समाज अपने अतीत से प्राप्त करता है। इसलिए कहा जा सकता है कि इसे हम अपने अतीत से विरासत के रूप में प्राप्त करते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो संस्कृति एक विशिष्ट जीवन–शैली का नाम है। यह एक सामाजिक विरासत है, जो परंपरा से चली आ रही है। प्रायः सभ्यता और संस्कृति को एक ही मान लिया जाता है, परंतु इसमें भेद है। सभ्यता में मनुष्य के जीवन का भौतिक पक्ष प्रधान होता है अर्थात् सभ्यता का अनुमान सुख–सुविधाओं से लगाया जा सकता है। इसके विपरीत संस्कृति में आचार और विचार पक्ष की प्रधानता होती है।

(1) प्रस्तुत गद्यांश हमें क्या संदेश देता है?
(क) संस्कृति एक सामान्य जीवन–शैली का नाम है
(ख) सभ्यता और संस्कृति एक–दूसरे के पूरक हैं
(ग) सभ्यता और संस्कृति में कोई अंतर नहीं है
(घ) स्थिरता भारतीय संस्कृति की विशेषता है

(2) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : संस्कृति का निर्माण एक लंबी परंपरा के बाद होता है।

**कारण** (R) : संस्कृति वस्तुतः विचार और आचरण के वे नियम और मूल्य हैं, जिन्हें कोई समाज अपने अतीत से विरासत के रूप में प्राप्त करता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(3) भारत में सामाजिक संस्कृति का रूप देखने को मिलता है
(क) प्राचीन सभ्यता के कारण
(ख) आचार–विचारों की एकता के कारण
(ग) भौतिक पक्ष के कारण
(घ) सदाचार के कारण

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) 'जीवन का भौतिक पक्ष' से क्या तात्पर्य है?
(क) संस्कृति
(ख) सुख–सुविधाएँ
(ग) आचार–विचार
(घ) अनेकता में एकता

(5) परंपरा से चली आ रही सामाजिक विरासत किसे कहा गया है?
(क) प्रदेशों में व्याप्त विभिन्नता को
(ख) सामाजिक मूल्य को
(ग) सभ्यता को
(घ) संस्कृति को

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

समस्त संसार के भिन्न–भिन्न राष्ट्रों और जातियों के इतिहासों को देखने से मालूम हो जाता है कि राष्ट्रीयता का भाषा और साहित्य के साथ बहुत ही घनिष्ठ और गहरा संबंध है। ऐसा होना स्वाभाविक है, क्योंकि राष्ट्रीयता और जातीयता के अंगों में सबसे अधिक आवश्यक अंग एकता है और वह एकता किसी विषय में नहीं है। एकता जितनी व्यापक होगी, उतनी ही राष्ट्रीयता स्थिर होगी और वह शक्तिशाली होगी। भावों की एकता सब प्रकार की एकताओं का मूल है। भावों की एकता तभी हो सकती है, जब वे विभिन्न व्यक्ति, जिनके द्वारा राष्ट्रीयता का निर्माण होता है, अपने भावों को किसी दूसरे पर व्यक्त कर सकें। इस महान कार्य के लिए एक भाषा की अत्यंत आवश्यकता है। साहित्य मानव जाति के उच्च–से उच्च तथा सुंदर–से सुंदर विचारों और भावों का वह गुच्छा है, जिसकी बाहरी सुदंरता तथा भीतरी सुगंध दोनों ही मन को मोह लेते हैं। कोई जाति तब तक बड़ी नहीं हो सकती, जब तक कि उसके भाव तथा विचार उन्नत न हों। जाति और राष्ट्र के उत्थान के साथ–साथ उस जाति या राष्ट्र के साहित्य की उन्नति भी होती है। इस प्रकार, साहित्य की अवनति उस जाति के पतन का अटल और अटूट प्रमाण है। भारत के इतिहास को लीजिए। महाभारत, रामायण तथा उपनिषद् अवश्य ही ऐसे समय में लिखे गए थे, जब यह देश बहुत उन्नत था। यह कल्पना असंभव नहीं तो दुष्कर अवश्य है कि ऐसे ग्रंथ किसी असभ्य, बर्बर जाति के आचार्यों द्वारा लिखे गए हों। जब बौद्धों का राज्य भारत के एक छोर से दूसरे छोर तक फैल गया और उनका प्रभुत्व तथा गौरव भारतवर्ष के बाहर भी फैल गया, तो पाली साहित्य की उन्नति भी उस साम्राज्य की उन्नति के साथ–साथ बढ़ती गई।

(1) जाति अथवा राष्ट्र की उन्नति किस प्रकार संभव है?
(क) साहित्यिक उन्नति द्वारा
(ख) एकांकी विकास द्वारा
(ग) सर्वाधिक प्रचार–प्रसार द्वारा
(घ) उच्च विचारों द्वारा

(2) राष्ट्रीयता में स्थिरता तथा शक्ति का समावेश होता है–
(क) एकता की व्यापकता से
(ख) साहित्य की उदारता से
(ग) विचारों की भिन्नता से
(घ) मौलिक स्वतंत्रता से

(3) किसी जाति द्वारा विशाल रूप ग्रहण करने के लिए क्या आवश्यक है?
(क) जाति विशेषज्ञ का लोगों से संपर्क बनाना
(ख) राष्ट्र निर्माण में सहयोगी होना
(ग) भावों और विचारों का श्रेष्ठ होना
(घ) भावों की एकता होना

(4) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : साहित्य मनुष्य जाति के विकसित होने का मुख्य साधन है।

**कारण** (R) : साहित्य के माध्यम से ही मनुष्य अपने भावों व विचारों को अभिव्यक्त कर पाता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।
(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।

(5) राष्ट्रीयता और जातीयता के अवयवों में सबसे महत्त्वपूर्ण अवयव किसे माना जाता है?
(क) विचारों को
(ख) एकता को
(ग) साहित्य को
(घ) भाषा को

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) 'यह वही कुत्ता है, जिसे नूह ने दुत्कार दिया था। 'रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) क्रिया पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(2) 'तुम कितने घोंघा हो कि मुझे देखकर भी सबक नहीं लेते।' वाक्य में सर्वनाम पदबंध है
(क) तुम कितने घोंघा हो कि मुझे (ख) घोंघा हो कि
(ग) सबक नहीं लेते (घ) देखकर भी

(3) 'खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर रात–भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(4) 'वहाँ जाते ही मैं सब कुछ भूल जाता।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(5) क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटिए
(क) उससे कुछ बोलते ही नहीं बन रहा था (ख) तताँरा ने विवशता में आग्रह किया
(ग) मैं तो खेलते–कूदते दरजे में अव्वल आ गया (घ) कहा गया है कि वह केवल मानव जाति के ही राजा नहीं थे

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) 'जो गरीबों का शोषण करते हैं, वे गरीबों का दुःख क्या समझेंगे।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) आज्ञार्थक वाक्य

(2) 'एक जमाना था कि लोग आठवाँ दरजा पास करके नायब तहसीलदार हो जाते थे।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) आज्ञार्थक वाक्य

(3) 'वामीरो के रुदन स्वर को सुनकर उसकी माँ वहाँ पहुँची और दोनों को देखकर आग बबूला हो उठी।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) सामान्य वाक्य

(4) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | वे दोनों रोज उसी जगह पहुँच जाते और मूर्तिवत एक–दूसरे को निर्निमेष ताकते रहते। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | जब वे दोनों रोज उस जगह पहुँचते, तो मूर्तिवत एक–दूसरे को निर्निमेष ताकते रहते। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | वे दोनों रोज उसी जगह पहुँचकर मूर्तिवत एक–दूसरे को निर्निमेष ताकते रहते। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii (ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii (घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य है

(क) सुलेमान ने उनकी बातें सुनीं और थोड़ी दूर पर रुक गए

(ख) जैसे ही सुलेमान ने उनकी बातें सुनी, वे थोड़ी दूर पर रुक गए

(ग) सुलेमान उनकी बातें सुनकर थोड़ी दूर पर रुक गए

(घ) सुलेमान ने उनकी बातों को सुना तथा थोड़ी दूर पर रुक गए

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'ग्रामगत' शब्द में कौन–सा समास है?

(क) तत्पुरुष समास

(ख) अव्ययीभाव समास

(ग) द्विगु समास

(घ) द्वंद्व समास

(2) 'महादेव' समस्तपद का विग्रह होगा

(क) महान और देव

(ख) महान है जो देव

(ग) देव के लिए महान

(घ) देव रूपी महात्मा

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| (i) | कानों–कान | (i) | अव्ययीभाव समास |
| (ii) | अंधकूप | (ii) | बहुव्रीहि समास |
| (iii) | जलधारा | (iii) | कर्मधारय समास |
| (iv) | चारपाई | (iv) | द्विगु समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(क) केवल (i)

(ख) (ii) और (iii)

(ग) (i) और (iv)

(घ) (iii) और (iv)

(4) 'लंबोदर' शब्द के लिए सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए

(क) लंबा तथा उदर – द्वंद्व समास

(ख) लंबा उदर है जो – कर्मधारय समास

(ग) लंबा है उदर जिसका अर्थात् गणेश – बहुव्रीहि समास

(घ) लंबाई के लिए उदर – तत्पुरुष समास

(5) 'बेलगाम' समस्तपद का विग्रह और समास होगा

(क) बिना लगाम के – अव्ययीभाव समास

(ख) जिसके लगाम न हो – कर्मधारय समास

(ग) बे लगाम है जो – द्वंद्व समास

(घ) लगाम के बिना – तत्पुरुष समास

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए

(क) बाग–बाग होना – बिल्कुल ठीक हिसाब

(ख) आँखें फेरना – धोखा देना

(ग) दाँत खट्टे करना – हराना

(घ) आँखों में धूल झोंकना – खूब तंग करना

(2) संसार में उन्हीं लोगों के .................. जो अपने देश पर कुर्बान होते हैं। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए

(क) दिल बड़े हैं

(ख) झंड़े गड़े हैं

(ग) सफेद झूठ है

(घ) पापड़ बेलने हैं

(3) 'साहसपूर्णक मुकाबला करना' अर्थ के लिए सही मुहावरा है

(क) लोहा लेना

(ख) विष उगलना

(ग) लाल–पीला होना

(घ) चकमा देना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) विभीषण ने राम को रावण के सभी रहस्य बताकर .................. कार्य किया। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए
(क) विष घोलने का
(ख) सिर खपाने का
(ग) मक्खी मारने का
(घ) हाथ पीले करने का

(5) 'कठोर परिश्रम करना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(क) थाह लेना
(ख) दिन–रात एक करना
(ग) जान हथेली पर रखना
(घ) जड़ जमाना

(6) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?
एक ही सवाल को चार बार समझाने पर भी जब मनोज न समझ सका तो राजेंद्र ने कहा यह तो मूर्ख है।
(क) अंधे की लकड़ी
(ख) अक्ल का दुश्मन
(ग) कुत्ते की दुम
(घ) तेली का बैल

**7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

ऐसी बाँणी बोलिए, मन का आपा खोई।
अपना तन सीतल करै, औरन कौ सुख होई।।

(1) प्रस्तुत पंक्तियों के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है?
(क) पुस्तकीय ज्ञान को त्यागने का
(ख) स्वयं का आत्मज्ञान करने का
(ग) ईश्वर को समझ पाने का
(घ) अहंकार और कटु वचन त्यागने का

(2) 'अपना तन सीतल करे' पंक्ति का क्या आशय है?
(क) अपने ऊपर ठंडा जल डालना
(ख) अपने मन को शांत और प्रसन्नचित्त रखना
(ग) दूसरों के कटु वचन सुनकर शांत बने रहना
(घ) कष्टों में भी मुस्कुराते रहना

(3) 'मन का आपा खोई' से क्या तात्पर्य है?
(क) अपनत्व खोना
(ख) साधना करना
(ग) अहंकार खोना
(घ) लीन होना

(4) मीठे वचनों का व्यक्ति पर क्या प्रभाव पड़ता है?
(क) मन शांत और प्रसन्न हो जाता है
(ख) सुनने वालों को सुख का अनुभव होता है
(ग) (क) और (ख) दोनों
(घ) सुनाने वाले को कष्ट का अनुभव होता है

(5) निम्नलिखित में से कौन–सा कथन पद्यांश से मेल खाता हुआ नहीं है?
(क) देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए
(ख) वाणी की मधुरता और मृदुता जीवन में आत्मिक शांति और सुख प्रदान करती है
(ग) मधुर वाणी सुनने वाले को सुख प्रदान करती है
(घ) प्रेम, करुणा, स्नेह की बोली से ही अहंकार को खोना संभव है

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) ब्रिटिश सेना ने तोप का प्रयोग क्यों किया?
(क) भारतीय देश भक्तों का दमन करने के लिये
(ख) अपनी हकूमत चलाने के लिये
(ग) खुद को शक्तिशाली बनाने के लिये
(घ) बातचीत बंद करने के लिए

(2) गोपियाँ श्रीकृष्ण की मुरली संकेत देने के बाद भी क्यों नहीं लौटातीं?
(क) बतरस के लालच के कारण
(ख) प्रेम के कारण
(ग) खेलने के लिए
(घ) मुरली से ईर्ष्या के कारण

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **($1 \times 5 = 5$)**

दुनिया कैसे वजूद में आई? पहले क्या थी? किस बिंदु से इसकी यात्रा शुरू हुई? इन प्रश्नों के उत्तर विज्ञान अपनी तरह से देता है, धार्मिक ग्रंथ अपनी–अपनी तरह से। संसार की रचना भले ही कैसे हुई हो, लेकिन धरती किसी एक की नहीं है। पंछी, मानव, पशु, नदी, पर्वत, समंदर आदि की इसमें बराबर की हिस्सेदारी है। यह और बात है कि इस हिस्सेदारी से मानव जाति ने अपनी बुद्धि से बड़ी–बड़ी दीवारें खड़ी कर दी हैं। पहले पूरा संसार एक परिवार के समान था अब टुकड़ों में बँटकर एक–दूसरे से दूर हो चुका है। पहले बड़े–बड़े दालानों– आँगनों में सब मिल–जुलकर रहते थे, अब छोटे–छोटे डिब्बे जैसे घरों में जीवन सिमटने लगा है। मानव का धरती पर अधिकार जमाने के कारण संसार छोटे–छोटे टुकड़ों में बँट गया है। बढ़ती हुई आबादी ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है।

(1) ''मानव के धरती पर अधिकार जमाने के कारण संसार छोटे–छोटे टुकड़ों में बँट गया है।'' लेखक द्वारा ऐसा कहा जाना क्या दर्शाता है?
(क) मानव का अन्य प्राणियों और प्रकृति के प्रति उसका स्वार्थभाव
(ख) मानव का अन्य प्राणियों और प्रकृति के प्रति उसका मैत्रीभाव
(ग) मानव का अन्य प्राणियों और प्रकृति के प्रति उसका व्यक्तित्व
(घ) मानव का अन्य प्राणियों और प्रकृति के प्रति उसका कर्तव्यबोध

(2) लेखक के अनुसार, धरती किसी एक की नहीं हैं। इसके कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) धरती पर केवल मनुष्य का अधिकार है
(ii) सभी जीव एक समान नहीं है
(iii) धर्म ग्रंथ में इस बात का वर्णन किया गया है
(iv) धरती पर प्रत्येक जीव का समान अधिकार है
(क) केवल (i) (ख) (i) और (ii)
(ग) (i), (ii) और (iii) (घ) केवल (iv)

(3) ''पहले बड़े–बड़े दालानों–आँगनों में सब मिल–जुलकर रहते थे, अब छोटे–छोटे डिब्बों जैसे घरों में जीवन सिमटने लगा है।'' कथन के माध्यम से ज्ञात होता है कि मानव है–
(क) कर्त्तव्यनिष्ठ, परिश्रमी, आध्यात्मिक (ख) समाज–सुधारक, कर्मयोगी, संवेदनशील
(ग) आदर्शवादी, स्वार्थी, दृढ़निश्चयी (घ) स्वार्थी, मौकापरस्त, असंवेदनशील

(4) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन** (A) : आज संसार टुकड़ों में बँटकर रह गया है
**कारण** (R) : मानव की आँखों पर स्वार्थ तथा आधुनिकता का पर्दा पड़ चुका है
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(5) लेखक का 'आबदियों के समंदर को पीछे सरकाने' से क्या अभिप्राय है?
(क) समंदर को सुखाकर उसकी धरती का उपयोग करना (ख) समंदर के पानी का स्तर कम करना
(ग) मनुष्य द्वारा समंदर में घर बनाया जाना (घ) इनमें से कोई नहीं

10. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **($1 \times 2 = 2$)**

(1) निम्नलिखित में से कौन–से वाक्य 'डायरी का एक पन्ना' पाठ से प्राप्त प्रेरणा को दर्शाते हैं?
(i) हमें अपनी स्वतंत्रता की रक्षा करनी चाहिए
(ii) संगठित होकर काम करने से कोई काम असाध्य नहीं रह जाता है
(iii) हमें प्रत्येक जीव के प्रति सहानुभूति रखनी चाहिए
(iv) कथनी और करनी का अंतर हमारी स्थिति को हास्यास्पद बना सकता है
(क) केवल (i) (ख) (i) और (ii)
(ग) (i), (ii) और (iii) (घ) (ii), (iii) और (iv)

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(2) 'तीसरी कसम' फिल्म को खरीदने के लिए कोई वितरक न मिलने का क्या कारण था?
(क) फिल्म नीरस और ऊबाऊ थी
(ख) फिल्म में कोई बड़ा कलाकार काम नहीं कर रहा था
(ग) वितरक इस फिल्म की संवेदना को नहीं समझ पाए थे
(घ) इस फिल्म में कोई गीत नहीं था

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) आपने पाठ्यक्रम में लोककथा पर आधारित एक कहानी पढ़ी है। यह प्रेम और प्रेम के प्रति समाज के नजरिए की कहानी है। इस पाठ से प्राप्त सीख का वर्णन कीजिए।

(2) ''सभी क्रियाएँ इतनी गरिमापूर्ण ढंग से कीं कि उसकी हर भंगिमा से लगता था मानो जयजयवंती से सुर गूँज रहे हों।'' आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़े गए पाठ में लेखक को किन क्रियाओं में एक गरिमापूर्ण प्रवृत्ति नजर आती है? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(3) इस वर्ष आपने पाठ्यक्रम में एक पाठ पढ़ा है, जो हमें जीवन में सफलता प्राप्ति के लिए आत्मविश्वास को बनाए रखने का संदेश देता है। कथन का मूल्यांकन करते हुए अपने विचार लिखिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) एक सैनिक का अपने देश या राष्ट्र के लिए परम कर्तव्य क्या माना गया है? 'कर चले हम फिदा' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(2) 'मनुष्यता' कविता में उदार व्यक्ति की क्या पहचान बताई गई है और उसके लिए क्या भाव व्यक्त किए गए हैं? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

(3) आपके पाठ्यक्रम की किस कविता में कवि अपने बल पर अपने दुःखों से छुटकारा पाना चाहता है? इस कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) 'टोपी शुक्ला' पाठ के माध्यम से लेखक राही मासूम रजा ने पाठकों को क्या संदेश देना चाहा है? प्रस्तुत पाठ में मानवीय संबंधों की किस सच्चाई को उजागर किया गया है?

(2) परिवार के लोगों के किस प्रकार के व्यवहार से आहत होकर हरिहर काका को अपने प्रिय स्थान (घर) को छोड़कर ठाकुरबारी जैसी संस्था में रहना पड़ा? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(3) 'सपनों के–से दिन' पाठ में वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में स्वीकृत मान्यताओं और पाठ में वर्णित युक्तियों के संबंध में अपने विचार जीवन मूल्यों की दृष्टि से व्यक्त कीजिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **टेलीविजन समाचार**

- समाचार का स्वरूप
- महत्त्व और गुण–दोष
- निष्कर्ष

(2) **श्रम का महत्त्व**

- तात्पर्य
- सफलता का सोपान
- भविष्य का निर्माण

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(3) **नन्हें कंधों पर बढ़ता बस्ते का बोझ**
- शिक्षा का स्वरूप
- गृह कार्य और कक्षा कार्य
- माता पिता का योगदान
- समाधान

15. (1) बस में यात्रा करते समय आपका मोबाइल फोन गुम हो गया। अपने क्षेत्र के पुलिस अधिकारी को इसकी सूचना देते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) स्वास्थ्य विभाग के निदेशक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए कि शहर में बीमारियाँ बढ़ रही हैं लेकिन चिकित्सा सुविधाओं की बहुत कमी है।

16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए– $(4 \times 1 = 4)$

(1) आपके विद्यालय में निःशुल्क 'दंत चिकित्सा शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। सूचना पट्ट पर विद्यालय के सचिव की ओर से लगभग 60 शब्दों में सूचना जारी करें।

**अथवा**

(2) आप अपने विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं। विद्यालय में होने वाली 'वाद–विवाद प्रतियोगिता' में भाग लेने के लिए आमंत्रण हेतु लगभग 60 शब्दों में एक सूचना जारी करें।

17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए– $(3 \times 1 = 3)$

(1) इस बरसात में आपने कुछ पौध तैयार की हैं। जिन्हें आप निःशुल्क वितरित करना चाहते हैं। सोसायटी सचिव की तरफ से लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) रोशनी मोमबत्ती बनाने वाली कंपनी के लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

18. (1) 'एकता में शक्ति' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) आपने यात्रा के दौरान एक उपरगामी पुल को जर्जर हालत में देखा है। वह पुल कभी भी किसी दुर्घटना का कारण बन सकता है। आपने वहाँ रुककर अपने मोबाइल से उसका चित्र भी लिया है। उस चित्र सहित लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पुल की मरम्मत के संदर्भ में एक ई–मेल लिखिए। (शब्द–सीमा : लगभग 100 शब्द)

□□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**
- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App
Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**
**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 21

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

आज के समाज में शिक्षा का महत्त्व काफी बढ़ चुका हैं। शिक्षा के उपयोग तो अनेक है परंतु उसे नई दिशा देने की आवश्यकता है। शिक्षा इस प्रकार की होनी चाहिए कि एक व्यक्ति अपने परिवेश से परिचित हो सके। शिक्षा हम सभी के उज्जवल भविष्य के लिए एक बहुत ही आवश्यक साधन है। यदि हम समाज में सामाजिक परिवर्तन लाना चाहते हैं, तो शिक्षा उसका एक आवश्यक स्रोत है, क्योंकि इसके बिना किसी भी स्तर पर कोई सामाजिक परिवर्तन नहीं लाया जा सकता। सामाजिक क्षेत्रों में बहुत–से सुधार करने का प्रयत्न किया गया, परंतु लोगों में शिक्षा की कमी देखी गई है, जिसके परिणामस्वरूप व्यावहारिक रूप में सुधार प्रभावहीन रह जाते हैं। हमने बाल विवाह, बाल श्रम, दहेज प्रथा तथा अन्य सामाजिक बुराइयों के लिए बहुत–से कानून बनाए, परंतु विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित अशिक्षा ने इन सुधारात्मक कानूनी उपायों को लगभग नकार दिया है, इसलिए शिक्षा के द्वारा इन बुराइयों को मिटाने का प्रयत्न करना चाहिए, जिससे सामाजिक परिवर्तन को तीव्रता प्रदान की जा सके। देश में पिछड़ी तथा अनुसूचित जातियों का उत्थान, राष्ट्रीय तथा भावात्मक एकता, भाषा सुधार तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया आदि सभी का चलन बहुत धीमा है, इसलिए शिक्षा के द्वारा इनकी सफलता के लिए उचित उपाय प्रदान करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

परिवर्तन लाने का सबसे प्रभावी तरीका शिक्षा है। इसके द्वारा लोगों के दृष्टिकोण, व्यवहार रीतियों, जीवन नीतियों तथा मूल्यों में परिवर्तन लाने और उनमें प्रगति करने के लिए इच्छा जागृत की जा सकती है। शिक्षा आधुनिक ज्ञान में वृद्धि करने में भी सहायक हो सकती है।

(1) 'इसके द्वारा लोगों के दृष्टिकोण, व्यवहार रीतियों, जीवन नीतियों तथा मूल्यों में परिवर्तन लाने और उनमें प्रगति करने के लिए इच्छा जागृत की जा सकती है।'
उपर्युक्त पंक्ति के माध्यम से लेखक लोगों को क्या प्रेरणा दे रहे हैं?
(क) झूठ नहीं बोलने की (ख) आडंबरों का त्याग करने की
(ग) बाल विवाह जैसी बुराइयों को समाप्त करने की (घ) शिक्षित करने की

(2) गद्यांश के अनुसार, निम्न में से किसका चलन बहुत धीमा है?
(क) पिछड़ी तथा अनुसूचित जातियों के उत्थान का (ख) राष्ट्रीय तथा भावात्मक एकता का
(ग) भाषा सुधार तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया का (घ) उपर्युक्त सभी

(3) निम्नलिखित में कौन–सा शब्द गद्यांश में दिए गए 'उत्थान' शब्द के सही अर्थ को दर्शाता है
(क) अभ्युदय (ख) अवनति
(ग) अपक्षय (घ) अवनयन

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : शिक्षा सामाजिक परिवर्तन लाने में सक्षम है

**कारण** (R) : शिक्षा केवल प्राचीन ज्ञान में वृद्धि करने में सहायक है

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता है

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(5) निम्नलिखित में से किस कथन को गद्यांश की सीख के आधार पर कहा जा सकता है?

(क) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत

(ख) मेहनत से कल्पना साकार होती है

(ग) शिक्षा सामाजिक बुराइयों को मिटाने का साधन है

(घ) शिक्षा आस्तिक से नास्तिक बनने का माध्यम है

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

परिवर्तन संसार का नियम है और ये परिवर्तन सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही रूपों में हो सकता है। परिवार, क्षेत्र, समाज, देश और दुनिया में होने वाले किसी भी प्रकार के सकारात्मक बदलाव जो मानव जीवन को बेहतरी की ओर ले जाते हैं वास्तव में वही विकास है। विकास का उद्देश्य लोगों का आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक उत्थान है। विश्व में विकास के संबंध में अलग–अलग विचार हैं। विकास के पश्चिम अथवा यूरोप केंद्रित विचार में स्वतंत्रता को अत्यधिक महत्त्व दिया जाता है, जिसका संबंध आधुनिकीकरण, अवकाश, सुविधा व समृद्धि से जुड़ा है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में औद्योगीकरण, कंप्यूटरीकरण, उत्कृष्ट परिवहन व्यवस्था, स्वास्थ्य व शिक्षा की उपलब्धता, वैयक्तिक सुरक्षा इत्यादि को विकास का पर्याय माना जाता है, परंतु यह विकास का एकतरफा प्रतीक है। मानव विकास एक व्यापक संकल्पना है, जिसमें मानव के लिए स्वस्थ भौतिक पर्यावरण की उपलब्धता के साथ आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक स्वतंत्रता भी समाहित हैं। इसका लक्ष्य लोगों के उपलब्ध विकल्पों में विस्तार करते हुए शिक्षा व स्वास्थ्य तक मानव की पहुँच सुनिश्चित करना है, ताकि सशक्तीकरण को सार्वभौमिक बनाया जा सके। साक्षरता मानव के लिए अनिवार्य है, क्योंकि यह ज्ञान व मुक्ति का मार्ग है, परंतु इसके साथ समाज व पर्यावरण के बारे में भी व्यक्ति को ज्ञान होना चाहिए, क्योंकि ज्ञान ही मुक्ति का मूलाधार है। विकास ने मनुष्य के जीवन में कई परिवर्तन लाए हैं। मानव विकास का एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य सभी मनुष्यों तक विकास के समान लाभ का वितरण करना है, परंतु भेदभाव, मानवाधिकारों का हनन तथा विस्थापन की समस्याओं ने मानव को विकास के वास्तविक लाभ से दूर कर दिया है।

(1) पश्चिम अथवा यूरोप केंद्रित विचार में 'विकास' से तात्पर्य है

(क) आधुनिकीकरण, अवकाश, सुविधा व समृद्धि

(ख) सांस्कृतिक विकास, सुख–सुविधाएँ व वैयक्तिक सुरक्षा

(ग) विचारों की आजादी, रोजगार, सिनेमा का उद्धार

(घ) राष्ट्रीय सद्भाव, पर्यावरण सुरक्षा, नारी सशक्तीकरण

(2) प्रस्तुत गद्यांश हमें क्या संदेश देता है

(क) विकास का उद्देश्य केवल लोगों का सांस्कृतिक उत्थान होना चाहिए

(ख) भारत में विकास के समान लाभ का वितरण हो रहा है

(ग) मानव विकास ऐसा हो कि सभी मनुष्यों में विकास के लाभ का समान वितरण हो

(घ) मानव विकास एक संकुचित संकल्पना है

(3) मानव के लिए साक्षरता क्यों अनिवार्य है?

(क) सार्वभौमिकता के लिए

(ख) ज्ञान और मुक्ति के लिए

(ग) विस्थापन के लिए

(घ) स्वतंत्रता के लिए

(4) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : साक्षरता मानव के लिए अनिवार्य है।

**कारण** (R) : विकास ने मनुष्य के जीवन में कई परिवर्तन लाए हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता है

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) मानव विकास का महत्त्वपूर्ण उद्देश्य किसे माना गया है?
(क) शिक्षा का व्यापक प्रसार करना
(ख) सभी मनुष्यों तक विकास के समान लाभ का वितरण करना
(ग) सामाजिक स्वतंत्रता प्रदान करना
(घ) आर्थिक रूप से मजबूत बनाना

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'वक्त मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह भागा–भागा वहाँ पहुँच जाता।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रिया पदबंध

(2) 'मैदान की वह सुखद हरियाली मुझे अज्ञात और अनिवार्य रूप से खींच ले जाती।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रिया पदबंध

(3) 'इस भवन की बुनियाद खूब मजबूत डालना चाहते थे।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रिया विशेषण पदबंध

(4) क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटिए
(क) मैं यह लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगा
(ख) तुम्हें देखकर मेरी चेतना लुप्त हो गई थी
(ग) मैंने इस विचार को दिल से बलपूर्वक निकाल डाला।
(घ) कोई अजनबी युवक उसे निःशब्द ताके जा रहा था

(5) 'दरिया पर जाओ, तो उसे सलाम किया करो।' इस वाक्य में सर्वनाम पदबंध है
(क) दरिया पर
(ख) किया करो
(ग) दरिया पर जाओ तो उसे
(घ) सलाम

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'वामीरो की प्रतीक्षा में एक–एक पल पहाड़ की तरह भारी था।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है
(क) सरल वाक्य
(ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) सामान्य वाक्य

(2) 'जो जितना बड़ा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है
(क) सरल वाक्य
(ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) विधानवाचक वाक्य

(3) 'अधिक पढ़ने पर अधिक लाभ होगा।' का मिश्र वाक्य बनेगा
(क) अधिक पढ़ोगे, तो अधिक लाभ होगा
(ख) जो अधिक पढ़ेगा उसे अधिक लाभ होगा
(ग) अधिक पढ़ो, क्योंकि इससे अधिक लाभ होगा
(घ) अधिक पढ़ने से लाभ होता है

(4) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| (1) | भाई साहब ने अपने दरजे की पढ़ाई का जो भयंकर चित्र खींचा था, उसने मुझे भयभीत कर दिया। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | भाई साहब ने अपने दरजे की पढ़ाई का चित्र खींचकर मुझे भयभीत कर दिया। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | भाई साहब ने अपने दरजे की पढ़ाई का भयंकर चित्र खींचा और उसने मुझे भयभीत कर दिया। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य है
(क) अपराध तो मैंने किया, लताड़ कौन सहे?
(ख) इस तरह अंग्रेजी पढ़ोगे, तो जिंदगी भर पढ़ते रहोगे
(ग) भाई साहब उपदेश देने की कला में निपुण थे
(घ) अगर तुम्हें इस तरह उम्र गँवानी है, तो घर चले जाओ

**5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) 'प्रधानाध्यापक' शब्द में कौन–सा समास है?
(क) द्वंद्व समास
(ख) द्विगु समास
(ग) कर्मधारय समास
(घ) बहुव्रीहि समास

(2) 'भयभीत' शब्द के सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए
(क) भय के कारण भीत – बहुव्रीहि समास
(ख) भय और भीत – द्वंद्व समास
(ग) भय हेतु भीत – अव्ययीभाव समास
(घ) भय से भीत – तत्पुरुष समास

(3) 'मनगढ़ंत' समस्त पद का विग्रह है
(क) मन से गढ़ा हुआ
(ख) मन के द्वारा गढ़ा हुआ
(ग) मन और गढ़ंत
(घ) मन है जिसका गढ़ा हुआ

(4) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | स्त्रीरत्न | (i) | कर्मधारय समास |
| (ii) | पुण्यदान | (ii) | अव्ययीभाव समास |
| (iii) | सुख–दुःख | (iii) | द्वंद्व समास |
| (iv) | चक्रपाणि | (iv) | द्विगु समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं?
(क) (i) और (ii)
(ख) (ii) और (iii)
(ग) (i) और (iii)
(घ) (iii) और (iv)

(5) 'कुसुमायुध' शब्द के सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए
(क) कुसुम और आयुध – द्वंद्व समास
(ख) कुसुम है आयुध जिसका अर्थात् कामदेव – बहुव्रीहि समास
(ग) कुसुम के समान आयुध – कर्मधारय समास
(घ) कुसुम के लिए आयुध – तत्पुरुष समास

**6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) पुलिस की आहट सुनते ही चोर ................ बन जाते हैं। सटीक मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए
(क) भेड़िया धसान
(ख) भीगी बिल्ली
(ग) दल–बदलू
(घ) गोबर गणेश

(2) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए
(क) दाल न गलना – बेइज्जती करना
(ख) हथेली पर सरसों उगाना – असंभव काम करना
(ग) सिर उठाना – बहुत तेज दौड़ना
(घ) चार चाँद लगाना – घमंड करना

(3) साइकिल की सवारी करना आजकल के युवाओं के लिए ............. है। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए
(क) शान में बट्टा लगना
(ख) सिर झुकाना
(ग) यम की यातना करना
(घ) मैदान मारना

(4) 'बहुत तंग करना' अर्थ के लिए सही मुहावरा है
(क) टाँग अड़ाना
(ख) झंडा गाड़ना
(ग) नाकों चने चबवाना
(घ) धाक जमाना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) 'बिना सोचे समझे दूसरों की बातों में आना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(क) भीगी बिल्ली बन जाना
(ख) बाल–बाल बचना
(ग) कान का कच्चा होना
(घ) रफूचक्कर होना

(6) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?
तुम किसे डरा रहे हो? मैं तुम्हारी व्यर्थ की धमकी से डरकर भागने वाला नहीं हूँ।
(क) खून का प्यासा
(ख) गीदड़ भभकी
(ग) औंधी खोपड़ी
(घ) बेपेंदी का लोटा

**7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

जिंदा रहने के मौसम बहुत है मगर
जान देने की रुत रोज आती नहीं
हुस्न और इश्क दोनों को रुस्वा करे
वो जवानी जो खूँ में नहाती नहीं
आज धरती बनी है दुलहन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों

(1) 'दुल्हन' किसे कहा गया है?
(क) धरती को
(ख) आकाश को
(ग) देशभक्त को
(घ) दुश्मन सैनिक को

(2) किसके लिए जान देने की रुत रोज नहीं आती?
(क) मित्र के लिए
(ख) धर्म के लिए
(ग) देश के लिए
(घ) प्रेम के लिए

(3) निम्नलिखित में से कौन–सा कथन पद्यांश से मेल खाता हुआ है?
(क) देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए
(ख) देश के लिए बलिदान करने का अवसर कभी–कभी आता है
(ग) यह धरती दुल्हन की तरह है, इसकी लाज रखना सैनिकों का कर्तव्य है
(घ) हमें अपने जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए

(4) बलिदान न देने वाला यौवन किन्हें बदनाम करता है?
(क) आलस और मेहनत को
(ख) दुष्टता और सज्जनता को
(ग) पुरुष और नारी को
(घ) सुंदरता और प्रेम को

(5) पद्यांश में कैसी जवानी को व्यर्थ माना गया है?
(क) जो दूसरों को न सताए
(ख) जो जबरदस्ती किसी का धन न छीने
(ग) जो देश के लिए खून न बहाए
(घ) जो अपनी बहादुरी दूसरों को न दिखाए

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) तोप ने किन सूरमाओं के धज्जे उड़ा दिए थे?
(क) जो देश पर हमला करने आए थे
(ख) जो देश के शत्रु थे
(ग) जिन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता संघर्ष में भाग लिया था
(घ) इनमें से कोई नहीं

(2) 'निंदक नेड़ा राखिए' का भाव है
(क) निंदक को दूर रखना चाहिए
(ख) निंदक को अपने निकट रखना चाहिए
(ग) निंदक पर विश्वास नहीं करना चाहिए
(घ) निंदक से सतर्क रहना चाहिए

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

**9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **(1 × 5 = 5)**

किस्सा क्या हुआ था उसको उसके पद से हटाने के बाद हमने वजीर अली को बनारस पहुँचा दिया और तीन लाख रुपया सालाना वजीफा मुकर्रर कर दिया। कुछ महीने बाद गवर्नर जनरल ने से कलकत्ता (कोलकाता) तलब किया। वजीर अली कंपनी के वकील के पास गया, जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कलकत्ता में क्यूँ तलब करता है। वकील ने शिकायत की भी परवाह नहीं की उलटा उसे बुरा–भला सुना दिया। वजीर अली के तो दिल में यूँ भी अंग्रेजों के खिलाफ नफरत कूट–कूटकर भरी है, उसने खंजर से वकील का काम तमाम कर दिया।

(1) ''वजीर अली के तो दिल में यूँ भी अंग्रेजों के खिलाफ नफरत कूट–कूटकर भरी है।''
उपर्युक्त कथन दर्शाता है

(क) वजीर अली का अभिमान
(ख) वजीर अली का अपनत्व
(ग) वजीर अली का कर्तव्यबोध
(घ) वजीर अली की देशभक्ति

(2) ''वजीर अली कंपनी के वकील के पास गया, जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कलकत्ता में क्यूँ तलब करता है?''
उपर्युक्त कथन के माध्यम से वजीर अली के व्यक्तित्व की कौन–सी विशेषता ज्ञात होती है?

(क) लाचार
(ख) दार्शनिक
(ग) स्वाभिमानी
(घ) देशभक्त

(3) पद से हटाए जाने के बदले में वजीर अली को क्या दिया गया? दिए गए कथनों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(i) सरकारी पद पर नौकरी दी गई थी
(ii) तीन लाख रुपये सालाना दिया गया था
(iii) एक महल और दो रानियाँ दी गई थीं
(iv) सौ बीघा कृषि योग्य भूमि और आधुनिक उपकरण

(क) केवल (i)
(ख) (i) और (iii)
(ग) केवल (ii)
(घ) केवल (iv)

(4) ''उसे उसके पद से हटाने के बाद हमने वजीर अली को बनारस पहुँचा दिया'' इस पंक्ति में 'हमने' शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है?

(क) अंग्रेज
(ख) वकील
(ग) वजीर अली
(घ) सआदत अली

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकलपों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : वजीर अली ने कंपनी के वकील की हत्या कर दी।
**कारण** (R) : वजीर अली अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना चाहता था

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **(1 × 2 = 2)**

(1) राजकपूर की किस बात पर शैलेंद्र का चेहरा मुरझा गया?

(क) जब उन्होंने पारिश्रमिक माँगा
(ख) जब उन्होंने गायन छोड़ दिया
(ग) जब उन्होंने उनसे हट जाने को कहा
(घ) जब उन्होंने फिल्म करने से मना कर दिया

(2) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर बताइए कि 26 जनवरी 1931 के दिन का इतिहास में क्या महत्त्व है?

(i) इस दिन को देशवासियों ने पहले स्वतंत्रता दिवस के रुप में मनाया था
(ii) इस दिन को देशवासियों ने दूसरे स्वतंत्रता दिवस के रुप में मनाया था

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(iii) इस दिन सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत हुई

(iv) इस दिन भारत का संविधान लागू हुआ था

**विकल्प–**

(क) केवल (i)
(ख) (i) और (ii)
(ग) केवल (ii)
(घ) केवल (iv)

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) आपने पाठ्यक्रम में एक पाठ पढ़ा है, जो हमें अत्यधिक व्यस्त जीवनशैली और उसके दुष्परिणामों से अवगत कराता है और यह संदेश देता है कि अधिक तनाव मनुष्य को पागल बना देता है। कथन का मूल्यांकन करते हुए अपने विचार लिखिए।

(2) भाई साहब की नयी युक्ति क्या थी और लेखक उसके सामने नत–मस्तक क्यों हो गया?

(3) शेख अयाज के पिता ने ऐसा क्यों कहा कि ''मैंने एक घरवाले को बेघर कर दिया है। उस बेघर के कुएँ पर उसके घर छोड़ने जा रहा हूँ। 'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

12. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) पाठ्यक्रम की कविता 'पद' के पहले पद में मीरा ने हरि से अपनी पीड़ा हरने की विनती किस प्रकार की है?

(2) पाठ्यक्रम की किस कविता में पावस ऋतु में प्रकृति में होने वाले परिवर्तनों के बारे में बताया गया है? ये परिवर्तन कौन–कौन–से हैं? अपने शब्दों में उत्तर दीजिए।

(3) आपके पाठ्यक्रम की किस कविता में कवि को ईश्वर के अतिरिक्त अपनी बुद्धि और कौशल पर विश्वास है और क्यों? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

13. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) ठाकुरबारी से घर वापस लौटने पर हरिहर काका के मन में महंत जी के प्रति आदर और श्रद्धा का भाव क्यों बढ़ गया? 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर बताइए।

(2) लेखक के अधिकांश मित्र राजस्थान हरियाणा के मूल निवासी थे, जो व्यापार के उद्देश्य से परिवार के साथ यहाँ रहते थे। उनकी बोली कम समझ में आती थी।
'सपनों के–से दिन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि जहाँ आत्मीयता व अपनेपन की भावना प्रबल होती है, वहाँ भिन्न भाषा जैसी समस्याएँ बाधक नहीं बन पातीं।

(3) ''टोपी और इफ़्फ़न की दादी अलग–अलग मजहब और जाति के थे पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बँधे थे।'' 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर अपने विचार लिखिए।

14. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **व्यायाम का महत्त्व**
- व्यायाम का अर्थ और प्रकार
- व्यायाम न करने से आलस का बढ़ना
- स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम
- नियमित समय पर व्यायाम करना

(2) **शिक्षा का महत्त्व**
- शिक्षा का अर्थ और प्रकार
- शिक्षा रहित जीवन व्यर्थ
- शिक्षा से मानवीय मूल्यों का विकास
- शिक्षा : विकास का अचूक मंत्र

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(3) **पक्षी : हमारे मित्र**

- पक्षियों का स्वाधीन जीवन
- पक्षी : मनुष्य के मित्र
- मनुष्यों का पक्षियों के प्रति व्यवहार
- पक्षियों का जीवन खतरे में

15. (1) **नगर विकास प्राधिकरण के सचिव को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर अनुरोध कीजिए कि आपके चंदनपुर मोहल्ले की सड़कों में अनगिनत गड्ढे हैं, बरसात आने से पहले उन सड़कों की दशा में आवश्यक सुधार किया जाए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **वाहन खड़े करने की भूमिगत व्यवस्था की माँग करते हुए दैनिक समाचार-पत्र 'हिंदुस्तान' के संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

16. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $(4 \times 1 = 4)$

(1) आप केंद्रीय विद्यालय आर.के. पुरम के छात्र हैं। स्कूल में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के लिए विभिन्न विद्यालयों के छात्रों को आमंत्रित करते हुए लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए।

**अथवा**

(2) प्रधानाचार्य की ओर से अपने विद्यालय में हो रही नुक्कड़ नाटिका प्रतियोगिता की सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए।

17. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए–** $(3 \times 1 = 3)$

(1) अधिगम कोचिंग सेंटर हेतु लगभग 40 शब्दों का विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) आपका फियो कार का शोरूम है। अक्षय तृतीया के अवसर पर कार की खरीद पर ऑफर के लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

18. (1) **'मेरे बचपन की साहसिक घटना' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **आपके बिजली के बिल में अधिक राशि आई है, जो पिछले महीनों से बहुत अधिक है। इसके लिए कार्यपालक अभियंता को बिजली के बिल संबंधी शिकायत करने के लिए लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।**

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**

- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App

Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 22

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

राष्ट्रगान, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रभाषा किसी भी स्वतंत्र देश के लिए आवश्यक होते हैं। इन्हीं के माध्यम से कोई राष्ट्र विश्व के अन्य राष्ट्रों के मध्य अपनी विशिष्ट पहचान बनाता है। राष्ट्रभाषा पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करती है। इसी के माध्यम से जनता अपने कष्टों को शासन तक पहुँचाती है और शासन भी अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं को जनसामान्य तक पहुँचाता है। इस प्रकार राष्ट्रभाषा शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करती है। किसी राष्ट्र में अनेक भाषाएँ बोली व समझी जाती हैं। उनमें सर्वाधिक लोगों द्वारा व्यवहार में लाई जाने वाली भाषा को ही राष्ट्रभाषा बनाया जाता है। इसी आधार पर हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में मान्यता दी गई। देश के स्वतंत्र होने पर जब राष्ट्रभाषा का प्रश्न उपस्थित हुआ, तो अंग्रेजी जानने वालों ने जी–जान से प्रयास किया कि अंग्रेजों के समय से चली आ रही अंग्रेजी को भारत की राष्ट्रभाषा के रूप में कायम रखा जाए, किंतु संविधान निर्माताओं ने सर्वसम्मति से हिंदी को राजभाषा घोषित किया। इनमें संघ का यह कर्तव्य रहा कि वह हिंदी भाषा का प्रसार बढ़ाएँ, उसका विकास करें, जिससे वह भारत की संस्कृति के सभी तत्त्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके ओर उसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना हिंदुस्थायी में और आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं में प्रयुक्त रूप, शैली और पदों को आत्मसात् कर अन्य भाषाओं के शब्द ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करे।

(1) गद्यांश के अनुसार, किसी भी स्वतंत्र देश के लिए क्या आवश्यक है?
(क) राष्ट्रगान (ख)राष्ट्रभाषा
(ग) राष्ट्रध्वज (घ) ये सभी

(2) निम्नलिखित में से किस कथन को गद्यांश की सीख के आधार पर कहा जा सकता है?
(क) मेहनत से कल्पना साकार होती है (ख) राष्ट्रभाषा राष्ट्र की पहचान होती है
(ग) आवश्यकता आविष्कार की जननी है (घ) राष्ट्रगान का प्रसार नितांत आवश्यक है

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : राष्ट्रभाषा शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करती है

**कारण** (R) : राष्ट्रभाषा के माध्यम से जनता अपने कष्टों को शासन तक और शासन अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) राष्ट्रभाषा के रूप में किस भाषा को मान्यता दी जाती है?
(क) राष्ट्र के अल्पसंख्यक लोगों द्वारा व्यवहार में लाई जाने वाली
(ख) राष्ट्र के सर्वाधिक लोगों द्वारा व्यवहार में लाई जाने वाली
(ग) राष्ट्र के निम्न वर्ग द्वारा व्यवहार में लाई जाने वाली
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(5) संविधान निर्माताओं ने सर्व सम्मति से किसे राजभाषा घोषित किया?
(क) अंग्रेजी को
(ख) हिंदी को
(ग) (क) और (ख) दोनों
(घ) इनमें से कोई नहीं

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

वास्तव में 'सत्संगति' शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है– 'सत्' और 'संगति' अर्थात् अच्छी संगति। अच्छी संगति से मनुष्य की वाणी अत्यधिक प्रभावित होती है। विधाता की ओर से मनुष्य को प्रदान की गई सबसे अनमोल निधि है उसकी वाणी। वाणी के कारण ही पंडित और मूर्ख, साधु और दुष्ट, सज्जन और दुर्जन की पहचान होती है। वाणी द्वारा हम न केवल अपने मन की अतल गहराईयों के विभिन्न भावों को व्यक्त करते हैं, बल्कि अपने परिवेश को संबोधित करके अपनी इच्छाओं को क्रियान्वित भी करते हैं। संगति का प्रभाव व्यक्ति के मस्तिष्क एवं व्यवहार पर अधिक इसलिए पड़ता है, क्योंकि व्यक्ति की यह स्वभाविक प्रवृत्ति की भावनाएँ, चिंतन, भाषा आदि इतनी अधिक प्रभावित होती हैं कि उसे सामाजिक प्राणी कहा जाता है। समाजीकृत होकर ही वह विवेकशील एवं चिंतनशील बन पाता है। यदि समाजीकरण का व्यक्ति के लिए इतना अधिक महत्त्व है, तो स्वाभाविक है कि उसके लिए वह परिवेश, जिसमें वह लोगों के साथ अंतः क्रिया करता है, भी महत्त्वपूर्ण होगा अर्थात् वह किन लोगों के बीच विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को क्रियान्वित करता है, इसका व्यक्ति पर अत्यधिक प्रभाव पड़ता है।

(1) गद्यांश के अनुसार, विधाता की ओर से मनुष्य को प्रदान की गई सबसे अनमोल निधि किसे माना गया है?
(क) परिवेश को
(ख) भावनाओं को
(ग) संगति को
(घ) वाणी को

(2) वाणी के द्वारा मनुष्य कौन–सा कार्य करता है?
(क) विभिन्न भावों को व्यक्त करता है
(ख) अपने परिवेश को संबोधित करता है
(ग) अपनी इच्छाओं को क्रियान्वित करता है
(घ) उपर्युक्त सभी

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए
**कथन** (A) : अच्छी संगति का प्रभाव मनुष्य के मस्तिष्क पर तो पड़ता है लेकिन उसके व्यवहार पर नहीं।
**कारण** (R) : अच्छी संगति से मनुष्य की वाणी प्रभावित नहीं होती है।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है
(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं
(घ) कथन (A) सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) समाजीकरण मनुष्य के लिए महत्त्वपूर्ण क्यों है?
(क) व्यक्ति इसके माध्यम से विवेकशील एवं चिंतनशील बनता है
(ख) इससे व्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन होता है
(ग) इससे व्यक्ति की इच्छाओं की समाप्ति होती है
(घ) इससे व्यक्ति अमानवीय कार्य करने लगता है

(5) मनुष्य अपनी इच्छाओं को किस प्रकार अभिव्यक्त कर सकता है?
(क) समाज द्वारा
(ख) भावों द्वारा
(ग) वाणी द्वारा
(घ) चिंतन द्वारा

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'लकीर की सीध में धरती फटती ही जा रही थी।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(2) 'अब यहाँ समंदर के किनारे लंबी–चौड़ी बस्ती बन गई है।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(3) 'तीसरी कसम की पटकथा मूल कहानी के लेखक फणीश्वरनाथ रेणु ने स्वयं तैयार की थी।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया विशेषण पदबंध

(4) सर्वनाम पदबंध का उदाहरण छाँटिए
(क) व्यर्थ में किसी बात को ठूँस दिया जाए (ख) भाई साहब का रौद्र रूप देखकर प्राण सूख जाते
(ग) वह इसलिए कि आप सारी उम्र रोते रहे (घ) दोनों कबूतर रातभर खामोश और उदास बैठे रहते हैं

(5) 'खेलकूद का कोई अवसर हाथ से न जाने देता।' इस वाक्य में संज्ञा पदबंध है
(क) खेलकूद का कोई अवसर (ख) हाथ से
(ग) न जाने देता (घ) खेलकूद का कोई

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'उन्होंने ऐसी फिल्म बनाई थी जिसे सच्चा कवि–हृदय ही बना सकता था।' रचना के आधार पर वाक्य भेद होगा–
(क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य

(2) 'भाई साहब फेल हो गए, मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य

(3) 'वह लगातार समुद्र की सतह की तरफ फिसल रहा था।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) आज्ञार्थक वाक्य

(4) 'बगल के कमरे में जाकर कुछ बर्तन लाकर तौलिए से साफ किए।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा
(क) बगल के कमरे में जाकर कुछ बर्तन लाया और तौलिए से उन्हें साफ किया
(ख) बगल के कमरे में जाकर कुछ बर्तन तौलिए से साफ किए
(ग) जब बगल के कमरे में जाकर कुछ बर्तन लाया तब तौलिए से बर्तन साफ किए
(घ) जैसे ही बगल के कमरे में गया वैसे ही कुछ बर्तन तौलिए से साफ किए

(5) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | ग्वालियर में हमारा एक मकान था और उस मकान के दालान में दो रोशनदान थे। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | जब पास होने पर यह तिरस्कार हो रहा है, तो फेल हो जाने पर तो शायद प्राण ही ले लिए जाएँ। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | बारूदों की विनाशलीलाओं ने वातावरण को सताना शुरू कर दिया। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii (ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii (घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) 'शूलपाणि' शब्द में कौन–सा समास है?
(क) अव्ययीभाव समास (ख) द्वंद्व समास
(ग) कर्मधारय समास (घ) बहुव्रीहि समास

(2) 'जलधारा' शब्द के सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए
(क) धारा है जो जल में – कर्मधारय समास (ख) जल की धारा – तत्पुरुष समास
(ग) जल में धारा – तत्पुरुष समास (घ) जल और धारा – द्वंद्व समास

(3) 'चरणकमल' समस्त पद का विग्रह होगा
(क) चरण और कमल (ख) चरण में कमल है जिसके
(ग) कमल के समान चरण (घ) कमलयुक्त चरण

(4) 'नवरत्न' शब्द के सही समास विग्रह और समास का चयन कीजिए
(क) नौ रत्नों को धारण करने वाला है जो – बहुव्रीहि समास (ख) नौ रत्न है जिसके पास – बहुव्रीहि समास
(ग) नौ रत्नों का समूह – द्विगु समास (घ) नया है जो रत्न – कर्मधारय समास

(5) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | भयभीत | (i) | कर्मधारय समास |
| (ii) | वीणापाणि | (ii) | बहुव्रीहि समास |
| (iii) | यथासमय | (iii) | अवययीभाव समास |
| (iv) | महायुद्ध | (iv) | द्वंद्व समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं?
(क) (i) और (ii) (ख) (ii) और (iii)
(ग) (i) और (iv) (घ) (iii) और (iv)

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) पाखंडी बाबा लोगों का काम सीधे–सादे लोगों को .............. है। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए
(क) चित्त पर चढ़ाना (ख) घड़ों पानी भराना
(ग) चंगुल में फँसाना (घ) गाल फुलाना

(2) भारतीय सेना पाकिस्तानी सेना पर .............. और उसका विनाश कर दिया। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए
(क) टूट पड़ी (ख) फूट पड़ी
(ग) लूट पड़ी (घ) हार पड़ी

(3) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए
(क) दंग रह जाना – संदेह होना (ख) तीन तेरह होना – बोलते रहना
(ग) पाँव तले जमीन खिसकना – घबरा जाना (घ) अंगूठा दिखाना – कुछ समझ में न आना

(4) 'स्वार्थ सिद्ध करना' अर्थ के लिए सही मुहावरा है
(क) गागर में सागर भरना (ख) अपना उल्लू सीधा करना
(ग) खिचड़ी पकाना (घ) अपने मुँह मियाँ मिट्ठु बनना

(5) 'आय से अधिक व्यय करना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(क) तिल का ताड़ बनाना (ख) जोड़–तोड़ करना
(ग) दिन–रात एक करना (घ) चादर से बाहर पाँव पसारना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(6) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?
जगन्नाथ तो सिद्धांतहीन व्यक्ति है, उसे जिसकी तरफ से पैसे मिलेंगे वह उसके पक्ष में ही गवाही देगा।
(क) चिकना घड़ा (ख) थाली का बैंगन
(ग) कुत्ते की दुम (घ) तेली का बैल

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए
विपत्ति, विघ्न जो पड़ें, उन्हें ढकेलते हुए।
घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी।
तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(1) 'सतर्क पंथ' से आशय है
(क) सावधानीपूर्वक आगे बढ़ना (ख) अच्छा तर्क प्रस्तुत करना
(ग) एक साथ तर्क देना (घ) बिना तर्क किए रहना

(2) प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने क्या प्रेरणा दी है?
(क) संघर्षों से मुख मोड़ने की (ख) संघर्षपूर्ण जीवन व्यतीत न करने की
(ग) लक्ष्य पथ की ओर आगे बढ़ते रहने की (घ) भेदभाव सहन करने की

(3) जीवन में विपत्ति या विघ्न आने पर क्या करना चाहिए?
(क) ईश्वर का स्मरण करना चाहिए (ख) सहर्ष खेलना चाहिए
(ग) बाधा को दूर करना चाहिए (घ) डटकर मुकाबला करना चाहिए

(4) निम्नलिखित में से कौन–सा कथन पद्यांश से मेल खाता हुआ नहीं है?
(क) अपने हित को सर्वोपरि रखना चाहिए (ख) विघ्न–बाधाओं से घबराना नहीं चाहिए
(ग) सचेत होकर आगे बढ़ना चाहिए (घ) द्वेष भाव बढ़ना नहीं चाहिए

(5) 'तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे' से क्या तात्पर्य है?
(क) ईश्वर पर विश्वास रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए (ख) सोच–समझकर आगे बढ़ना चाहिए
(ग) चिंता मुक्त होकर आगे बढ़ना चाहिए (घ) दूसरों का कल्याण करते हुए आगे बढ़ना चाहिए

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) 'चाकर रहस्यूँ, बाग लगास्यूँ नित उठ दरसण पास्यूँ' का आशय है
(क) आपकी दासी बनकर मैं रोज आपके दर्शन पाऊँगी
(ख) आपकी भक्ति पाकर मैं बाग लगाऊँगी और आपके दर्शन करूँगी
(ग) आपके पास रहकर मैं आपकी सेवा करूँगी और आपके दर्शन पाऊँगी
(घ) आपकी दासी बनकर, बाग लगाऊँगी और रोज आपके दर्शन करूँगी

(2) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में धरती पर अंबर टूट पड़ा सा क्यों जान पड़ता है?
(क) पर्वतों के उड़ जाने के कारण (ख) बादलों के बरसने के कारण
(ग) आकाश के गिर जाने के कारण (घ) तालाब में दिखाई देने के कारण

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

मेरे और भाई साहब के बीच में अब केवल एक दरजे का अंतर और रह गया। मेरे मन में एक कुटिल भावना उदय हुई कि कहीं भाई साहब एक साल और फेल हो जाएँ, तो मैं उनके बराबर हो जाऊँ, फिर वह किस आधार पर मेरी फजीहत कर सकेंगे, लेकिन मैंने इस विचार को दिल से बलपूर्वक निकाल डाला। आखिर वह मुझे मेरे हित के विचार से ही तो डाँटते हैं। मुझे इस वक्त अप्रिय लगता है अवश्य, मगर यह शायद उनके उपदेशों का सही असर है कि मैं दनादन पास हो जाता हूँ और इतने अच्छे नंबरों से।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(1) 'कुटिल भावना' से क्या अभिप्राय है?
(क) मन में कपट और द्वेष रखने का भाव
(ख) दूसरे की प्रशंसा का भाव
(ग) आदर और सम्मान की पृष्ठभूमि
(घ) अकारण दुःखी होने का भाव

(2) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन** (A) : अंत में लेखक को बड़े भाई साहब का डाँटना उचित प्रतीत होता है।
**कारण** (R) : लेखक ने सोचा कि बड़े भाई साहब लेखक को उसके हित के लिए ही डाँटते है।
कूट
(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है
(ख) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है
(ग) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है
(घ) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या है

(3) 'मेरे मन में एक कुटिल भावना उदय हुई कि कहीं भाई साहब एक साल और फेल हो जाएँ, तो मैं उनके बराबर हो जाऊँगा और फिर वह किस आधार पर मेरी फजीहत कर सकेंगे।'
उपर्युक्त पंक्ति में लेखक की कुटिल भावना क्या है?
(क) बड़े भाई की इज्जत न करने की
(ख) बड़े भाई की शिकायत करने की
(ग) बड़े भाई साहब के एक बार और फेल हो जाने की
(घ) इनमें से कोई नहीं

(4) छोटे भाई के मन में आए विचार को बलपूर्वक निकालने के कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) बड़े भाई के प्रति प्रेम
(ii) बड़े भाई के प्रति सम्मान
(iii) बड़े भाई के प्रति आत्मीयता
(iv) बड़े भाई के प्रति घृणा
(क) केवल (i)
(ख) (i), (ii) और (iv)
(ग) (ii) और (iii)
(घ) (i), (ii) और (iii)

(5) बड़े भाई साहब के उपदेशों का असर छोटे भाई को किस रूप में दिखाई देता है?
(क) लगातार पास होने में
(ख) लगातार पढ़ने में
(ग) लगातार खेलने में
(घ) इनमें से कोई नहीं

10. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) राजकपूर ने 'मेरा नाम जोकर' के निर्माण के समय किस बात की कल्पना भी नहीं की थी?
(क) इसमें अभिनेताओं को बदलना होगा
(ख) इसे पूरा होने में छः वर्ष का वक्त लगेगा
(ग) इसमें काफी कंप्यूटर तकनीक का प्रयोग करना होगा
(घ) यह 'शोले' फिल्म से भी ज्यादा सफल होगी

(2) निम्नलिखित में से कौन–सा/से वाक्य 'तताँरा–वामीरो कथा' पाठ से प्राप्त प्रेरणा को दर्शाता/दर्शाते है/हैं?
(i) रूढ़ियाँ जब बंधन लगने लगे तब उनका टूट जाना ही अच्छा है।
(ii) प्रेम को बाँटने वाली भावना विनाश का कारण बन सकती है।
(iii) मनुष्य को भविष्य की चिंता छोड़कर वर्तमान में जीना चाहिए।
(iv) पुराने रीति–रिवाजों और मान्यताओं में समय के साथ–साथ बदलाव करते रहना चाहिए।
**विकल्प–**
(क) केवल (i)
(ख) (i), (ii) और (iv)
(ग) (ii) और (iii)
(घ) (i), (ii) और (iii)

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़े गए 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ में बढ़ती आबादी का पर्यावरण पर क्या कुप्रभाव बताया गया है? अपने शब्दों में विस्तार से लिखिए।

(2) 'सत्य केवल वर्तमान है, उसी में जीना चाहिए।' आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़े गए पाठ में लेखक ने ऐसा क्यों कहा होगा? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(3) 'कारतूस' पाठ में वजीर अली ने अंग्रेजों के अत्याचारों का साहसपूर्वक सामना किया। इस पाठ से प्राप्त सीख का वर्णन कीजिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) आपके पाठयक्रम में किस कविता में बताया गया है कि सैनिकों के लड़ने के लिए परिस्थितियाँ प्रतिकूल थीं और कैसे? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

(2) 'तोप' कविता के आधार पर तोप की विशेषताओं को उजागर करते हुए इससे मिलने वाली सीख का उल्लेख कीजिए।

(3) आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़ी गई कविता के आधार पर बताइए कि अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए आप प्रार्थना के अतिरिक्त क्या–क्या प्रयास करते हैं?

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) "हरिहर काका संयुक्त परिवार के मूल्यों के प्रति एक समर्पित व प्रेरक मानव थे।" 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(2) विभाजन के इतने दुःखद परिणामों के बाद भी आज भौगोलिक और धार्मिक विवाद बढ़ते जा रहे हैं, इन्हें रोकने के लिए युवा शक्ति की क्या भूमिका होनी चाहिए? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(3) नई श्रेणी में जाने और नई कॉपियों और पुरानी किताबों से आती विशेष गंध से लेखक का बालमन क्यों उदास हो उठता था? 'सपनों के–से दिन' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **मेट्रो रेल**
- भूमिका
- लोकप्रियता
- लाभ एवं सुविधाएँ
- परिवहन का सफल साधन

(2) **पुस्तकालय का महत्त्व**
- पुस्तकालय का अर्थ व महत्त्व
- पुस्तकालय का वर्णन
- पुस्तकालय के नियमों का पालन
- पुस्तकालयों का अधिकाधिक प्रयोग

(3) **भारतीय किसान**
- किसान का जीवन
- किसान की दशा
- दशा–सुधार के प्रयत्न
- शिक्षा व ज्ञान का प्रसार

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions

SOLUTIONS

15. (1) बिजली के खराब मीटर की शिकायत करते हुए बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को लगभग 100 शब्दों में शिकायती पत्र लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) बीमारी के कारण नवीं कक्षा की परीक्षा देने में असमर्थ छात्र की ओर से प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए– $(4 \times 1 = 4)$

(1) नाटक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यालय के सभी सदनों के इच्छुक छात्रों को आमंत्रित करते हुए छात्र सचिव की ओर से लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए।

**अथवा**

(2) गुमशुदा बच्चे की तलाश के लिए सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए।

17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए– $(3 \times 1 = 3)$

(1) किसी विद्यालय की उपलब्धियों का एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

(2) किसी हर्बल क्रीम के बारे में एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

18. (1) 'बृद्धि' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) आपका टेलीफोन एक सप्ताह से खराब पड़ा है। इससे संबंधित शिकायत करने हेतु भारत संचार निगम लिमिटेड को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**

- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App

Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 23

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

15 अगस्त, 1947 को ब्रिटिश शासन से मुक्त होकर हम एक स्वतंत्र राष्ट्र की स्थिति प्राप्त कर चुके है, राष्ट्र की अनिवार्य विशेषताओं में दो हमारे पास है, भौगोलिक अखंडता और सांस्कृतिक एकता। परंतु अब तक हम उस वाणी को प्राप्त नहीं कर सके हैं, जिसमें एक स्वतंत्र राष्ट्र दूसरे राष्ट्रों को अपना परिचय देता हैं। बहुभाषा–भाषी देश तो और भी अनेक है, परंतु उनकी अविच्छिन्न स्वतंत्रता की तुलना में भारत विषम पराधीनता को झेलता रहा है। हमारी परतंत्रता भी आँधी–तूफान के समान नही आई। वह तो रोग के कीटाणु लाने वाले मंद समीर के समान साँस में समाकर शरीर में व्याप्त हो गई है। हमें यह ऐतिहासिक सत्य भी विस्मृत हो गया कि कोई विजेता विजित देश पर राजनीतिक प्रभुत्व पाकर ही संतुष्ट नहीं होता, क्योंकि सांस्कृतिक प्रभुत्व के बिना राजनीतिक विजय न पूर्ण हैं, न स्थायी। घटनाएँ संस्कारों में चीर जीवन पाती हैं और संस्कार के अक्षय वाहक शिक्षा, साहित्य, कला आदि हैं। दीर्घकाल से विदेशी भाषा हमारे विचार–विनिमय और शिक्षा का माध्यम ही नहीं रही। वह हमारे विद्वान और सुसंस्कृत होने का प्रमाण भी मानी जाती रही हैं। ऐसी स्थिति में यदि हममें से अनेक उसके प्रभाव में जीवित रहने की कल्पना से सिहर उठते है, तो आश्चर्य की बात नहीं। पर रोग की स्थिति को स्थायी मानकर तो चिकित्सा संभव नहीं होती। राष्ट्र–जीवन की पूर्णता के लिए अनेक मनोजगत् को मुक्त करना होगा और यह कार्य विशेष प्रयत्नसाध्य है, क्योंकि शरीर को बाँधने वाली शृंखला से आत्मा को जकड़ने वाली शृंखला अधिक दृढ़ होती हैं।

(1) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : विदेशी शिक्षा हमारे विचार विनिमय का साधन रही हैं।

**कारण** (R) : हमारे पास दूसरे राष्ट्रों को अपना परिचय देने की शक्ति हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R), कथन (A) की गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) सही है तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(2) सांस्कृतिक प्रभुत्व के बिना राजनीतिक विजय न पूर्ण है, न स्थायी। पंक्ति के माध्यम से लेखक एक राष्ट्र की .............. को अनिवार्य तत्त्व बता रहे हैं।

(क) सांस्कृतिक एकता (ख) राजनीतिक एकता

(ग) भौगोलिक अखंडता (घ) सांस्कृतिक और राजनीतिक एकता

(3) कोई राष्ट्र राजनीतिक प्रभुत्व पाकर भी संतुष्ट नहीं होता है, क्योंकि

(क) समाज में वह अधिक पाना चाहता था

(ख) सांस्कृतिक प्रभुत्व के बिना राजनीतिक विजय पूर्ण और स्थायी नहीं होती

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(ग) दीर्घकाल से गुलामी झेलकर राजनीति में पूर्ण विजय प्राप्त नहीं होती
(घ) केवल राजनीतिक सफलता से आर्थिक स्वतंत्रता नहीं मिलती

(4) हमारे राष्ट्र में राष्ट्रभाषा के प्रतिष्ठित न हो सकने का मुख्य कारण क्या था?
(क) दीर्घकालिक पराधीनता
(ख) अन्य भाषाओं को महत्त्व देना
(ग) भौगोलिक अखंडता को अधिक महत्त्व देना
(घ) विषय की गंभीरता को न समझना

(5) राष्ट्र जीवन की पूर्णता के लिए क्या आवश्यक है?
(क) विदेशी भाषा की मानसिकता से मुक्ति
(ख) मानसिक और आध्यात्मिक श्रृंखला से मुक्ति
(ग) सांस्कृतिक चेतना का पुनर्जीवन
(घ) विशिष्ट कार्यो में लोगों की नियुक्ति

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

आज के समय में हमारे देश को न सिर्फ विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है बल्कि इसके साथ ही इसे विश्व के सबसे सफल लोकतंत्रों में से एक लोकतंत्र के रूप में भी जाना जाता है। कहा जाता है कि हमारा लोकतंत्र यदि कहीं कमजोर है, तो उसकी एक बड़ी वजह हमारे राजनीतिक दल हैं। वे प्रायः अव्यवस्थित हैं, अमर्यादित हैं और अधिकांशतः निष्ठा और कर्मठता से संपन्न नहीं हैं। हमारी राजनीति का स्तर प्रत्येक दृष्टि से गिरता जा रहा है। लगता है उसमें सुयोग्य और सच्चरित्र लोगों के लिए कोई स्थान नहीं है। लोकतंत्र के मूल में लोकनिष्ठा होनी चाहिए, लोकमंगल की भावना और लोकानुभूति होनी चाहिए और लोकसंपर्क होना चाहिए। हमारे लोकतंत्र में इन आधारभूत तत्त्वों की कमी होने लगी है, इसलिए लोकतंत्र कमजोर दिखाई पड़ता है। हम प्रायः सोचते हैं कि हमारा देश–प्रेम कहाँ चला गया देश के लिए कुछ करने, मर–मिटने की भावना कहाँ चली गई? क्या राजनीतिज्ञ, क्या अफसर, अधिकांश यही सोचते हैं कि वे किस तरह से स्थिति का लाभ उठाएँ, किस तरह एक–दूसरे का इस्तेमाल करें। आम आदमी स्वयं को लाचार पाता है और ऐसी स्थिति में उसकी लोकतांत्रिक आस्थाएँ डगमगाने लगती हैं।

लोकतंत्र की सफलता के लिए हमें समर्थ और सक्षम नेतृत्व चाहिए। एक नई दृष्टि, एक नई प्रेरणा, एक नई संवेदना, एक नया आत्मविश्वास, एक नया संकल्प और समर्पण आवश्यक है। लोकतंत्र की सफलता के लिए हम सब अपने आप से पूछें कि हम देश के लिए, लोकतंत्र के लिए क्या कर सकते हैं? और हम सिर्फ पूछकर ही न रह जाएँ, बल्कि संगठित होकर समझदारी विवेक और संतुलन से लोकतंत्र को सफल ओर सार्थक बनाने में लग जाएँ।

(1) निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन सही नहीं है?
(क) लोकतंत्र के मूल में लोकमंगल की भावना होनी चाहिए
(ख) लोकतंत्र के मूल में स्वार्थपरता होनी चाहिए
(ग) लोकतंत्र की सफलता के लिए सफल व सक्षम नेतृत्व अनिवार्य है
(घ) हमारे लोकतंत्र में आम आदमी स्वयं को लाचार पाता है

(2) लोकतंत्र का मूल तत्त्व नहीं है
(क) लोक–मंगल के प्रति उपेक्षा
(ख) लोक–निष्ठा की अपेक्षा
(ग) लोक–संपर्क की इच्छा
(घ) लोक के सुख–दुःख की अनुभूति

(3) आम आदमी की लोकतांत्रिक आस्थाएँ डगमगाती हैं
(क) लोकतंत्र की गिरती मर्यादाओं के समक्ष विवशता देखकर
(ख) नेताओं और अफसरों का उपयोग होते देखकर
(ग) भाई–भतीजावाद और पक्षपात देखकर
(घ) केवल धनार्जन को ही जीवन का लक्ष्य पाकर

(4) गद्यांश के अनुसार, लोकतंत्र के मूल में क्या होना चाहिए?
(क) लोकनिष्ठा
(ख) लोकमंगल की भावना
(ग) लोकानुभूति और लोकसंपर्क
(घ) उपर्युक्त सभी

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : हमारे लोकतंत्र के कमजोर होने का प्रमुख कारण हमारे राजनीतिक दल हैं।
**कारण** (R) : राजनीतिक दल प्रायः अव्यवस्थित, अमर्यादित और अधिकांशतः निष्ठा और कर्मठता से विहीन हैं।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R), कथन (A) की गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) सही है तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) 'बड़े भाई साहब लेखक की निडरता को भाप चुके थे।' वाक्य में रेखांकित पदबंध है
(क) क्रिया–विशेषण पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध
(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

(2) 'बाहर से आए मनुष्यों में कुछ शरारती तत्त्व भी हैं।' वाक्य में रेखांकित पदबंध है
(क) विशेषण पदबंध (ख) क्रिया–विशेषण पदबंध
(ग) संज्ञा पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(3) तताँरा को मानो कुछ होश आया। वाक्य में क्रिया पदबंध है
(क) तताँरा (ख) होश आया
(ग) मानो (घ) कुछ

(4) 'वृजलाल गोयनका वंदे मातरम् बोलते हुए मोनुमेंट की ओर भागे।' वाक्य में रेखांकित पदबंध है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया–विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(5) क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटिए
(क) बड़ी देर से अपने को सँभालकर निखिल बोला। (ख) गीतकार गीत गा रहा है
(ग) वह सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता था (घ) उन्होंने 'तीसरी कसम' का निर्माण किया था

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) 'जब व्यावहारिकता का बखान होने लगता है तब 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे–धीरे पीछे हटने लगते हैं।' रचना की दृष्टि से वाक्य भेद है–
(क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य (घ) इनमें से कोई नहीं

(2) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| (1) | परिश्रमी मनुष्य के लिए इस संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं है। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | जो व्यक्ति परिश्रमी है, उसके लिए इस संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं है। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं, क्योंकि मनुष्य परिश्रमी है। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii (ख) 1-i, 2-iii, 3-ii
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii (घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(3) 'गरीबों का शोषण करने वाले, गरीबों का दुःख क्या समझेंगे?' इसका मिश्र वाक्य होगा
(क) जो गरीबों का शोषण करते हैं, वे गरीबों का दुःख क्या समझेंगे
(ख) गरीबों का शोषण करने वाले उनका दुःख नहीं समझते हैं
(ग) गरीबों का दुःख नहीं समझ सकते, क्योंकि वे उनका शोषण करते हैं
(घ) शोषण करने वाले गरीबों का दुःख क्या समझेंगे

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(4) 'ज्यों ही मैं विद्यालय के द्वार पर पहुँचा, त्यों ही द्वार बंद हो गया।' रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद है
(क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य (घ) आज्ञार्थक वाक्य

(5) 'उसने मेहनत नहीं की, इसलिए वह रह गया।' रचना के आधार पर वाक्य का भेद है?
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) सामान्य वाक्य (घ) मिश्रित वाक्य

**5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'विरहसागर' शब्द में कौन–सा समास है?
(क) अव्ययीभाव समास (ख) तत्पुरुष समास
(ग) द्विगु समास (घ) कर्मधारय समास

(2) 'शास्त्रज्ञ' शब्द के सही समास–विग्रह का चयन कीजिए
(क) शास्त्र और यज्ञ – द्वंद्व समास (ख) शास्त्र का ज्ञाता है जो – कर्मधारय समास
(ग) शास्त्र के लिए यज्ञ – तत्पुरुष समास (घ) शास्त्र में यज्ञ – तत्पुरुष समास

(3) 'कीर्तिलता' समस्त पद का विग्रह है
(क) कीर्ति रूपी लता (ख) कीर्ति और लता
(ग) कीर्ति है जिस लता की वह (घ) कीर्ति के लिए लता

(4) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | पुरुषोत्तम | (i) | अव्ययीभाव समास |
| (ii) | गृहागत | (ii) | तत्पुरुष समास |
| (iii) | वचनामृत | (iii) | बहुव्रीहि समास |
| (iv) | चार दीवार | (iv) | द्विगु समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन से सही सुमेलित हैं?
(क) केवल (i) (ख) (iii) और (iv)
(ग) (ii) और (iv) (घ) (i) और (iii)

(5) 'चरणकमल' शब्द के लिए सही समास विग्रह और समास का चयन कीजिए।
(क) कमल के समान चरण – कर्मधारय समास (ख) कमल के लिए चरण – तत्पुरुष समास
(ग) कमल और चरण – द्वंद्व समास (घ) कमल है जो चरण – बहुव्रीहि समास

**6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) भक्त कवि गोस्वामी तुलसीदास कृत 'रामचरितमानस' जनता के लिए .............. के समान है। उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) गढ़ जीतना (ख) गले का हार होना
(ग) घास छीलना (घ) चाँद पर थूकना

(2) दसवीं कक्षा की परीक्षा पास करना केशव के लिए छोटी–मोटी बात है। रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा उचित रहेगा?
(क) सिर फिरना (ख) हँसी–खेल होना
(ग) हावी होना (घ) लगती बात

(3) 'बेकार की वस्तु' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(क) बे–सिर पैर की बातें (ख) दूध की मक्खी
(ग) तराजू पर तौलना (घ) फूटी आँख न सुहाना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(4) मेहनती व्यक्ति का मेरे काम में .............. ही मेरी सफलता का कारण है। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए।
(क) टाँग अड़ाना
(ख) हाथ डालना
(ग) मुँह फुलाना
(घ) नाक सिकोड़ना

(5) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए
(क) राई का पहाड़ बनाना – बड़ी बात होना
(ख) ओले पड़ना – बारिश होना
(ग) उँगली पर नचाना – नाच नचाना
(घ) टका सा जवाब देना – साफ इंकार कर देना

(6) 'मक्खी मारना' मुहावरे का सही अर्थ है
(क) व्यर्थ में समय नष्ट करना
(ख) समय बचाना
(ग) मक्खी मारने में रुचि
(घ) परेशान होना

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

उड़ गया, अचानक लो, भूधर
फड़का अपार पारद के पर!
रव–शेष रह गए हैं निर्झर!
है टूट पड़ा भू पर अंबर!
–यों जलद–यान में विचर–विचर
था इंद्र खेलता इंद्रजाल।

(1) निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन पद्यांश से मेल खाता हुआ है?
(क) पूरा पर्वत आकाश में उड़ रहा है
(ख) वर्षा ऋतु का वर्णन है
(ग) पर्वत पर अद्भुत दृश्य दिखाई दे रहे हैं
(घ) उपर्युक्त सभी

(2) पर्वत, झरने, शाल के वृक्ष आदि के दिखाई न देने का क्या कारण है?
(क) मूसलाधार वर्षा का होना
(ख) घना अँधकार छा जाना
(ग) चारों ओर धुआँ ही धुआँ होना
(घ) उपर्युक्त सभी

(3) पद्यांश में तालाब के जल से उठने वाले धुएँ को किसके समान बताया गया है?
(क) सफेद हँस के
(ख) अग्नि के
(ग) (क) और (ख) दोनों
(घ) गहन अँधकार के

(4) 'रव–शेष रह गए हैं निर्झर' पंक्ति से आशय है
(क) अंधकार छा जाने के कारण कुछ नहीं दिखाई देता, केवल झरनों की आवाज ही सुनाई देती है
(ख) प्रकृति की सुंदरता का चित्रण झरनों के दृश्यों के माध्यम से किया गया है
(ग) झरने बहुत सुंदर दिखाई दे रहे हैं
(घ) अंधकार में झरनों का दृश्य मनोरम दिखाई देता है

(5) प्रस्तुत पद्यांश में किस ऋतु की सुंदरता का वर्णन किया गया है?
(क) वर्षा ऋतु
(ख) ग्रीष्म ऋतु
(ग) शरद ऋतु
(घ) बसंत ऋतु

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) मीरा श्रीकृष्ण के सानिध्य में क्यों रहना चाहती है?
(क) हमेशा दर्शन होने के कारण
(ख) श्रीकृष्ण से प्रेम के कारण
(ग) भक्ति का साम्राज्य बढ़ाने के कारण
(घ) उपर्युक्त सभी

(2) कबीर के अनुसार सच्चा भक्त है
(क) ईश्वर के प्रेम का अनुभव करने वाला
(ख) कर्तव्य का पालन करने वाला
(ग) पूजा–पाठ करने वाला
(घ) (क) और (ख) दोनों

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

वे दिन में कई–कई बार आते–जाते हैं और क्यों न आएँ–जाएँ आखिर उनका भी घर है, लेकिन उनके आने–जाने से हमें परेशानी भी होती है। वे कभी किसी चीज को गिराकर तोड़ देते हैं। कभी मेरी लाइब्रेरी में घुसकर कबीर या मिर्जा गालिब को सताने लगते हैं। इस रोज–रोज की परेशानी से तंग आकर मेरी पत्नी ने उस जगह जहाँ उनका आशियाना था, एक जाली लगा दी है, उनके बच्चों को दूसरी जगह कर दिया है। उनके आने की खिड़की को भी बंद किया जाने लगा है। खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर रात–भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।

(1) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकलपों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : दोनों कबूतर रात–भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।

**कारण** (R) : कबूतरों ने लेखक की लाइब्रेरी में घुसकर कबीर या मिर्जा गालिब की किताबों को खराब कर दिया।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता

(2) कबूतर लेखक के घर में दिन में कई बार आते–जाते रहते थे। इसके कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(i) लेखक से घनिष्ठ प्रेम के कारण

(ii) अपने अंडों के कारण

(iii) लेखक की माता के स्नेह के कारण

(iv) अपने अधिकार के कारण

(क) केवल (i) (ख) (i) और (iv)

(ग) केवल (iii) (घ) केवल (ii)

(3) लेखक व उनकी पत्नी को कबूतरों का आना–जाना अच्छा क्यों नहीं लगता था?

(क) कबूतर उनका नुकसान करते थे (ख) कबूतर के प्रति उनमें घृणा भाव था

(ग) वे कबूतर से डरते थे (घ) इनमें से कोई नहीं

(4) कबूतरों के आने से लेखक को क्या नुकसान झेलना पड़ा?

(क) पुस्तकालय की किताबें गंदी हो गई (ख) चीजें गिरकर टूट गईं

(ग) (क) और (ख) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

(5) लेखक व उसकी पत्नी द्वारा कबूतरों के आशियानों पर जाली लगा दी गई व उनके बच्चों को दूसरी जगह कर दिया गया। उनके द्वारा किया गया कृत्य अन्य प्राणियों के प्रति दर्शाता है उनकी/उनका

(क) भेदभाव (ख) ममता

(ग) प्रेम (घ) निर्ममता

10. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) 'बड़े भाई साहब' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक को बड़े भाई साहब से डाँट क्यों सुननी पड़ती है?

(i) पढ़ाई लिखाई न करने के कारण

(ii) छोटा भाई होने के कारण

(iii) बड़े भाई साहब के खुद पढ़ाई में कमजोर होने के कारण

(iv) बड़े भाई साहब के कठोर व्यवहार के कारण

**विकल्प–**

(क) केवल (i) (ख) (i) और (ii)

(ग) केवल (iii) (घ) केवल (iv)

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(2) गिन्नी का सोना अधिक क्यों चमकता है?
(क) क्योंकि वह शुद्ध सोना होता है
(ख) क्योंकि उसमें थोड़ा सा तांबा मिलाया
(ग) क्योंकि उसमें थोड़ा सा पीतल मिला हुआ होता है
(घ) क्योंकि उसमें थोड़ी सी चांदी मिलाई जाती है

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) आपके द्वारा पाठ्यक्रम में पढ़े गए 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर वृजलाल गोयनका का संघर्ष अपने शब्दों में लिखिए।

(2) ततँारा खूब परिश्रम करने के बाद समुद्र के किनारे टहलने के लिए निकल पड़ा। वह समुद्री बालू पर बैठकर सूरज की अंतिम रंग–बिरंगी किरणों को निहारता है व प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेता है। 'ततँारा–वामीरो कथा' पाठ के आधार पर समुद्र के किनारे के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(3) लेखक ने शैलेंद्र को गीतकार न कहकर कवि क्यों कहा है? स्पष्ट कीजिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) कवि मैथिलीशरण गुप्त ने मनुष्य को धन के उन्माद में अहंकारी न होने की प्रेरणा क्यों दी है?

(2) आपके द्वारा इस वर्ष पाठ्यक्रम में पढ़ी गई 'कर चले हम फिदा' कविता में हिमालय पर्वत को किसके प्रतीक के रूप में बताया गया है? 'सर पर कफन बाँधना' किस ओर संकेत करता है? स्पष्ट कीजिए।

(3) 'तोप' कविता में कवि ने किस तोप का वर्णन किया है? अपने शब्दों मे लिखिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) भाइयों की किन बातों से हरिहर काका का दिल पसीज गया और वे ठाकुरबारी से घर लौट आए?

(2) 'बाल शिक्षा' विद्यार्थियों को जीवन में महत्त्वपूर्ण होती हे, क्योंकि यह बाल केंद्रित होती है और इसमें अनुशासन लचीला होता है। कथन के आधार पर बताइए कि विद्यार्थियों में जीवन मूल्यों के विकास हेतु शिक्षा व्यवस्था में किस प्रकार के सुधार की आवश्यकता है। 'सपनों के–से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए।

(3) 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि ''इफ़्फ़न को अपनी दादी से विशेष लगाव था।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **सड़कों पर जमा भीड़**
- सड़कें नगर की धमनियाँ हैं
- भीड़ जमा होने के कारण
- लोगों का असंयमित व्यवहार
- पुलिस की समस्या
- लोगों में जल्दबाजी की प्रवृत्ति

(2) **विद्यालय में आयोजित वन–महोत्सव**
- वन–महोत्सव का अर्थ
- विद्यालय में वन महोत्सव का आयोजन
- कार्यक्रम का वर्णन
- वन–संरक्षण की प्रतिज्ञा

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(3) **प्रदूषण**
- अर्थ और विकराल स्वरूप
- प्रदूषण के प्रकार
- प्रदूषण से होने वाली हानियाँ
- प्रदूषण दूर करने के उपाय

15. (1) **छात्रावास के रसोईघर की नियमित सफाई कराने की व्यवस्था करने के लिए छात्रावास के संचालक महोदय को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को लगभग 100 शब्दों में एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।**

16. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-** $(4 \times 1 = 4)$

(1) विद्यालय का नया साइकिल स्टैंड दिनांक 01 जुलाई, 20xx से खुल जाएगा। विद्यालय की व्यवस्था कमेटी के अध्यक्ष की ओर से केवल साइकिल स्टैंड में ही साइकिलों को रखने की आवश्यक सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

(2) सोसायटी को स्वच्छ रखने हेतु लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए।

17. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-** $(3 \times 1 = 3)$

(1) सरकार की निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा योजना के लिए लगभग 40 शब्दों का विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) कपड़ों का नया ब्राण्ड 'मेडोना' बाजार में आया है। उसके लिए लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

18. (1) **'बिना सोचे-समझे कोई काम नहीं करना चाहिए' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **आप अपना बैंक खाता दूसरी शाखा में ट्रांसफर कराना चाहते हैं, इस संदर्भ में बैंक प्रबंधक को 100 शब्दों का ई-मेल लिखिए।**

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**
- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App
Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**
**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 24

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

सरकार इस बात को समझती है कि लोग गरीबी की वजह से शिक्षा को अपना नहीं पा रहे, किंतु शिक्षा को छोड़ देना इसका समाधान नहीं है, क्योंकि एक शिक्षित व्यक्ति ही आने वाले भविष्य का सही निर्माण कर सकता है। इस वजह से शिक्षा का अधिकार देने के लिए 'शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009' बनाया गया। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 भारतीय इतिहास में परिवर्तनगामी चेतना का वाहक है। इसके लागू होने से शिक्षा एक सामाजिक क्रांति के रूप में उभरकर सामने आई है। 16 फरवरी, 2010 को जारी अधिसूचना के आधार पर 1 अप्रैल, 2010 से यह भारतवर्ष के अंदर प्रभावशील है। इसके अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है कि 6 से 14 वर्ष की अवस्था के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध करवाई जाए। इसमें किसी भी प्रकार की असमानता का भाव दिग्दर्शित नहीं होता है। इसके अंतर्गत देश के अंदर सबको शिक्षा और इसकी अनिवार्यता पर विशेष बल प्रदान किया गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन, शत–प्रतिशत उपस्थिति व प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कराने की संवैधानिक अनिवार्यता राज्य सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। इसमें जो भी संभव हो सकेगा, आर्थिक व राजनीतिक स्तर पर केंद्र सरकार, राज्य सरकार को मदद मुहैया कराएगी, जिसकी रूपरेखा राज्य सरकार को प्रारंभ में ही प्रस्तुत करनी चाहिए।

इसके अंतर्गत बच्चों को शारीरिक दंड देने की कुप्रथा एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करना प्रतिबंधित है। समस्त बच्चों के लिए उनके निर्धारित पड़ोस में शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी बनती है। इस तरह से सामाजिक परिवर्तन के रूप में 'शिक्षा का अधिकार' कुशलतापूर्वक अपनी सहभागिता अभिव्यक्त कर रहा है।

(1) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : गरीबी की वजह से लोग शिक्षा को अपना नहीं पा रहे, किंतु गरीबी की वजह से शिक्षा को छोड़ देना सही नहीं है।

**कारण** (R) : एक शिक्षित व्यक्ति ही आने वाले भविष्य का सही निर्माण कर सकता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(2) किस कारण से शिक्षा एक सामाजिक क्रांति के रूप में उभरकर सामने आई है?

(क) जागरूक जनता के कारण

(ख) समाज की विचारधारा के कारण

(ग) संविधान के नियमों के कारण

(घ) शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 लागू होने के कारण

(3) 'शत–प्रतिशत नामांकन और शत–प्रतिशत उपस्थिति' से तात्पर्य है

(क) विद्यालय में सभी बच्चों का नाम लिखा जाना

(ख) सभी बच्चों का विद्यालय में पूर्ण रूप से उपस्थित होकर शिक्षा ग्रहण करना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(ग) (क) और (ख) दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं

(4) निम्नलिखित में से कौन–सी शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की विशेषता है?

(क) 6–14 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना

(ख) बच्चों को शारीरिक दंड और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने पर प्रतिबंध लगाना

(ग) बच्चों की प्राथमिक शिक्षा पूर्ण कराना

(घ) उपर्युक्त सभी

(5) केंद्रीय सरकार का क्या कर्तव्य है?

(क) आर्थिक व राजनीतिक स्तर पर राज्य सरकार को सहायता उपलब्ध कराए

(ख) राज्य में विद्यालय खुलवाए

(ग) राज्य के विकास में सहयोग दे

(घ) उपर्युक्त सभी

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

आज की नारी संचार प्रौद्योगिकी, वायुसेना, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, विज्ञान वगैरह के क्षेत्र में न जाने किन–किन भूमिकाओं में कामयाबी के शिखर छू रही है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं, जहाँ आज की महिलाओं ने अपनी छाप न छोड़ी हो। कह सकते हैं कि आधी नहीं, पूरी दुनिया उनकी है। सारा आकाश उनका है। पर क्या सही मायनों में इस आजादी की आँच हमारे सुदूर, गाँवों, कस्बों या दूरदराज के छोटे–छोटे कस्बों में भी उतनी ही धमक से पहुँच पा रही है? क्या एक आजाद, स्वायत्त मनुष्य की तरह अपना फैसला स्वयं लेकर मजबूती से आगे बढ़ने की हिम्मत है उसमें? बेशक समाज बदल रहा है मगर यथार्थ की परतें कितनी बहुआयामी और जटिल हैं, जिन्हें भेदकर अंदरूनी सच्चाई तक पहुँच पाना आसान नहीं। आज के इस रंगीन समय में नई बढ़ती चुनौतियों से टकराती स्त्री की क्रांतिकारी आवाजें हम सबको सुनाई दे रही हैं। मगर यही कमाऊ स्त्री जब समान अधिकार और परिवार में लोकतंत्र की अनिवार्यता पर बहस करती या सही मायनों में लोकतंत्र लाना चाहती है तो वहाँ इसकी राह में तमाम धर्म, भारतीय संस्कृति, समर्पण, सहनशीलता, नैतिकता जैसे सामंती मूल्यों की पगबाधाएँ खड़ी की जाती हैं। नारी की सच्ची स्वाधीनता का अहसास तभी हो पाएगा जब वह आजाद मनुष्य की तरह भीतरी आजादी को महसूस करने की स्थिति में होगी।

(1) आजादी की गर्माहट सुदूर गाँवों तक क्यों नहीं पहुँची है?

(क) ग्रामीण नारी के लिए उत्थान योजनाएँ नहीं बनाई गई हैं

(ख) आजादी का फल गाँवों तक पहुँचना कठिन है

(ग) स्त्री आजाद पुरुष की तरह अपनी राह पर बढ़ने की हिम्मत नहीं रखती है

(घ) महिलाएँ एक स्वतंत्र मनुष्य की तरह अपना निर्णय ले सकती हैं

(2) शिक्षित महिला भी समान अधिकार की बात तो करती है, लेकिन अपने परिवार के आगे घुटने टेक देती है, क्योंकि

(क) वह बेहद कमजोर है

(ख) वह परिवार की आवश्यकता को समझती है

(ग) वह परिवार में लोकतंत्र की अनिवार्यता पर बहस करना चाहती है

(घ) उसे परिवार की स्थिरता के लिए समर्पण भाव अपनाना पड़ता है

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : आज की नारी शिक्षित है।

**कारण** (R) : नारी सच्चे रूप में स्वाधीन है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) आज के इस रंगीन समाज में चुनौतियों से टकराती स्त्री की क्रांतिकारी आवाजें हम सबको सुनाई दे रही हैं। इस पंक्ति के माध्यम से लेखिका ............. जैसी चुनौतियों की ओर संकेत कर रही हैं।

(क) समान अधिकार (ख) लोकतंत्र

(ग) आजादी (घ) ये सभी

(5) कमाऊ स्त्री जब समान अधिकार और परिवार में लोकतंत्र की अनिवार्यता पर बहस करती है या सही मायनों में लोकतंत्र लाना चाहती है तो उसकी राह में कौन–सी बाधा खड़ी कर दी जाती है?

(क) धर्म और भारतीय संस्कृति (ख) नैतिकता

(ग) समर्पण और सहनशीलता (घ) उपर्युक्त सभी

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) क्रिया विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटिए

(क) विरोध करने वाले व्यक्तियों में कोई नहीं बोला (ख) बच्चे बगीचे में खेल रहे हैं

(ग) उसने ततँारा को तरह–तरह से अपमानित किया (घ) मुझे छत से चाँद दिखाई दे रहा है

(2) 'शैलेंद्र गीतकार नहीं, अपितु कवि थे।' रेखांकित पदबंध का भेद है

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(3) 'हरिहर काका का जीवन शांतिपूर्वक चलता रहा।' रेखांकित पदबंध का भेद है

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया विशेषण पदबंध

(4) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में कवि ने पर्वत के रूप–स्वरूप का बड़ा ही मनोहारी चित्रण किया है।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है

(क) चित्रण (ख) बड़ा ही

(ग) मनोहारी (घ) कविता

(5) ततँारा बहुत बलशाली भी था। रेखांकित पदबंध का भेद है

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | जब लिटिल अंदमान और कार–निकोबार आपस में जुड़े हुए थे तब वहाँ एक सुंदर सा गाँव था। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | एक शाम ततँारा दिनभर के अथक परिश्रम के बाद समुद्र किनारे टहलने निकल पड़ा। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | एकाएक एक ऊँची लहर उठी और उसे भिगो गई। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**

(क) 1-iii, 2-i, 3-ii (ख) 1-ii, 2-iii, 3-i

(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii (घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(2) 'जिस रास्ते से मनुष्य जाते थे उसी रास्ते में उत्साह और नवीनता मालूम होती थी।' रचना की दृष्टि से वाक्य भेद है–

(क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(3) निम्नलिखित में सरल वाक्य है
(क) वामीरो घर पहुँचकर भीतर ही भीतर कुछ बेचैनी महसूस करने लगी।
(ख) वामीरो जब घर पहुँची तब भीतर ही भीतर कुछ बेचैनी महसूस करने लगी।
(ग) वामीरो घर पहुँची और वह भीतर ही भीतर कुछ बेचैनी महसूस करने लगी।
(घ) वामीरो घर तो पहुँच गई किंतु भीतर ही भीतर कुछ बेचैनी महसूस करने लगी।

(4) 'दो सौ आदमियों का जुलूस लाल बाजार गया और वहाँ पर गिरफ्तार हो गया।' रचना के आधार पर वाक्य भेद होगा
(क) मिश्र वाक्य
(ख) सरल वाक्य
(ग) निषेधात्मक वाक्य
(घ) संयुक्त वाक्य

(5) 'यदि बड़े भाई साहब सोच–समझकर अध्ययन करते, तो अवश्य सफल होते।' वाक्य रचना की दृष्टि से है
(क) मिश्र वाक्य
(ख) सरल वाक्य
(ग) निषेधात्मक वाक्य
(घ) संयुक्त वाक्य

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'धर्मविमुख' शब्द में कौन–सा समास है?
(क) बहुव्रीहि समास
(ख) कर्मधारय समास
(ग) तत्पुरुष समास
(घ) द्वंद्व समास

(2) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| (i) | परमानंद | (i) | तत्पुरुष समास |
| (ii) | त्रिफला | (ii) | द्विगु समास |
| (iii) | सत्याग्रह | (iii) | तत्पुरुष समास |
| (iv) | घुड़सवार | (iv) | अव्ययीभाव समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन से सही सुमेलित हैं
(क) (i) और (ii)
(ख) केवल (i)
(ग) (ii) और (iii)
(घ) (i) और (iv)

(3) 'युधिष्ठिर' समस्त पद का विग्रह होगा
(क) युद्ध में स्थिर
(ख) युद्ध के लिए स्थिर
(ग) स्थिर है जो युद्ध
(घ) युद्ध को स्थिर

(4) 'महोत्सव' शब्द के सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए
(क) महा और उत्सव – द्वंद्व समास
(ख) महान है जो उत्सव – तत्पुरुष समास
(ग) महान है जो उत्सव – कर्मधारय समास
(घ) महा और उत्सव – अव्ययीभाव समास

(5) 'सिंह रूपी नर' का समस्त पद है
(क) सिंहनर
(ख) नरसिंहा
(ग) नरसिंह
(घ) सिंहानर

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) दीपावली जैसे पवित्र त्योहार पर लोगों का शराब पीकर त्योहार को खराब करना अर्थात् ............... है। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए
(क) रंग लगाना
(ख) रंग में भंग होना
(ग) रंग बदलना
(घ) रंगा सियार होना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(2) 'कोई असर न होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(क) गुड़ गोबर करना
(ख) कान पर जूँ न रेंगना
(ग) काला अक्षर भैंस बराबर
(घ) झाड़ू फेरना

(3) जेल के चारों ओर ऐसी व्यवस्था की गई है कि परिंदा भी ............... सके। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक विकल्प से कीजिए
(क) फूँक मार
(ख) गोली मार
(ग) बाएँ हाथ का खेल
(घ) पर न मार

(4) परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए ............. पड़ता है। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए
(क) दिमाग दिखाना
(ख) दिन–रात एक करना
(ग) तेवर चढ़ाना
(घ) नाच नचाना

(5) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए
(क) गाढ़ी कमाई– मेहनत से की गई कमाई
(ख) पास फटकना– नजदीक ना आना
(ग) हाथ–पाँव मारना– गुस्सा करना
(घ) ज्ञान छाँटना– ज्ञान देना

(6) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा।
तुम हमेशा रमेश से <u>लड़ने को तैयार</u> रहते हो।
(क) तीर मारना
(ख) तलवार खींचना
(ग) दाँत पीसना
(घ) टूट पड़ना

**7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

मोर मुगट पीतांबर सौहे, गल वैजंती माला।
बिंदरावन में धेनु चरावे, मोहन मुरली वाला।
ऊँचा–ऊँचा महल बणावं बिच बिच राखूँ बारी।
साँवरिया रा दरसण पास्यूँ, पहर कुसुंबी साड़ी।
आधी रात प्रभु दरसण, दीज्यो जमनाजी रे तीरां।
मीराँ रा प्रभु गिरधर नागर, हिवड़ो घणो अधीराँ।।

(1) निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन पद्यांश से मेल खाता हुआ नहीं है?
(क) श्रीकृष्ण ने गले में वैजंती माला पहनी है
(ख) श्रीकृष्ण के माथे पर मोर पंखों से बना सुंदर मुकुट सुशोभित है
(ग) उनके शरीर पर पीले वस्त्र शोभा पा रहे हैं
(घ) वृंदावन में श्रीकृष्ण का भव्य और ऊँचा महल है

(2) श्रीकृष्ण ने गले में क्या पहना हुआ है?
(क) वैजंती माला
(ख) फूलों की माला
(ग) सोने का हार
(घ) मोतियों की माला

(3) मीरा श्रीकृष्ण को आधी रात को यमुना के किनारे दर्शन के लिए बुलाती है। इससे ज्ञात होता है कि मीरा का मन श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए ............. है।
(क) व्याकुल
(ख) प्रसन्न
(ग) दुःखी
(घ) इनमें से कोई नहीं

(4) श्रीकृष्ण के महल के बीच में मीरा क्या बनवाना चाहती है?
(क) स्वयं के लिए घर
(ख) सुंदर फूलों से सजी फुलवारी
(ग) भव्य मंदिर
(घ) गाय के लिए गौशाला

(5) मीरा श्रीकृष्ण से क्या निवेदन कर रही है?
(क) उसके दुःख हरने का
(ख) भक्तों पर कृपा बनाए रखने का
(ग) आधी रात में मिलने आने का
(घ) स्वयं के लिए महल बनवाने का

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**
**SOLUTIONS**

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) कबीर के अनुसार, लोगों को अहंकार व कटु वचन त्यागकर मीठे वचन क्यों बोलने चाहिए?

(क) मन शीतल व शांत होता है (ख) सुनने वाले को दुःख मिलता है

(ग) बोलने का अभ्यास होता है (घ) वाणी मधुर होती है

(2) 'मनुष्यता' पाठ के अनुसार, सरस्वती किन उदार व्यक्तियों को गुणगान करती है

(क) जो देश की रक्षा के निमित्त अपने प्राणों का बलिदान देते हैं (ख) जो इस अनंत संसार के साथ अखंड आत्मीयता रखता है

(ग) जिसमें परमार्थ के स्थान पर स्वार्थ भाव है (घ) इनमें से कोई नहीं

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

बाहर बेढब–सा एक मिट्टी का बरतन था। उसमें पानी भरा हुआ था। हमने अपने हाथ–पाँव उस पानी से धोए। तौलिए से पोंछे और अंदर गए। अंदर 'चाजीन' बैठा था। हमें देखकर वह खड़ा हुआ। कमर झुकाकर उसने हमें प्रणाम किया। दो...झो...(आइए, तशरीफ लाइए) कहकर स्वागत किया। बैठने की जगह हमें दिखाई। अँगीठी सुलगाई। उस पर चायदानी रखी। बगल के कमरे में जाकर कुछ बरतन ले आया। तौलिए से बरतन साफ किए। सभी क्रियाएँ इतनी गरिमापूर्ण ढंग से की कि उसकी हर भंगिमा से लगता था मानो जयजयवंती के सुर गूँज रहे हों। वहाँ का वातावरण इतना शांत था कि चायदानी के पानी का खदबदाना भी सुनाई दे रहा था।

(1) चाजीन के द्वारा गरिमापूर्ण ढंग से की गई क्रियाओं पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(i) अतिथियों का स्वागत

(ii) अँगीठी सुलगाना

(iii) चाय के बर्तन लाना

(iv) नृत्य पेश करना

(क) केवल (i) (ख) (i) और (ii)

(ग) (iii) और (iv) (घ) (i), (ii) और (iii)

(2) पर्णकुटी के बाहर मिट्टी का बर्तन रखने का क्या उद्देश्य था?

(क) चाय के बर्तन धोए जाने के लिए

(ख) प्रत्येक व्यक्ति पानी से हाथ–मुँह धोकर कुटिया के अंदर प्रवेश करे

(ग) किसी को भी पानी की कमी न हो

(घ) पानी का महत्त्व बताने के लिए

(3) चाजीन ने लेखक का स्वागत गरिमापूर्ण ढंग से किस प्रकार किया?

(क) खड़े होकर (ख) झुककर प्रणाम करके

(ग) 'दो–झो' कहकर (घ) उपर्युक्त सभी

(4) "उसकी हर भंगिमा से लगता था मानो जयजयवंती के सुर गूँज रहे हों" पंक्ति में 'उसकी' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(क) लेखक के मित्र के लिए (ख) स्वयं लेखक के लिए

(ग) चाजीन के लिए (घ) वहाँ उपस्थित अन्य व्यक्ति के लिए

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकलपों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : चाजीन ने सभी क्रियाएँ गरिमापूर्ण ढंग से की थीं।

**कारण** (R) : यह जापानियों की झेन–परंपरा की देन है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) निम्नलिखित में से कौन–से वाक्य तताँरा व वामीरो का एक–दूसरे के प्रति प्रेम दर्शाते हैं?

(i) समुद्र के किनारे रोज दोनों का छिप–छिपकर मिलना

(ii) ततँारा द्वारा वामीरो का अपमान सहन न करना

(iii) ततँारा व वामीरो का अलग–अलग रहना

(iv) वामीरो का खाना–पीना छोड़ना

**विकल्प–**

(क) केवल (i)

(ख) (i) और (iii)

(ग) (i) और (iv)

(घ) (ii) और (iii)

(2) लेखक के बड़े भाई साहब सफल खिलाड़ी किसे मानते हैं?

(क) जो तेज निशाना साधे

(ख) जिसका कोई निशाना खाली ना जाए

(ग) जो कभी–कभी खेलें

(घ) जिसका निशाना कभी–कभी खाली चला जाए

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के आधार पर बताइए कि राजकपूर ने अपने मित्र शैलेंद्र की फिल्म निर्माण में किस प्रकार सहायता की?

(2) 'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर सुलेमान के व्यक्तित्व की विशेषता लिखिए।

(3) वजीर अली के जीवन का एक ही लक्ष्य था– अंग्रेजों को देश से बाहर निकालना। इस दिशा में वजीर अली द्वारा किए गए प्रयासों को अपने शब्दों में लिखिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) मनुष्य को किस बात का अभिमान नहीं करना चाहिए? 'मनुष्यता' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(2) मीरा के 'पद' पाठ में मीरा श्रीकृष्ण को अपना आराध्य मानकर उन्हें पुकारती है, उनसे मनुहार करती है, लाड़ भी लड़ाती है तथा अवसर आने पर उलाहना देने से भी नहीं चूकती।
इन सब क्रियाओं के माध्यम से मीरा की विरह वेदना अपने शब्दों में लिखिए।

(3) तोप कविता से मनुष्य को क्या सीख लेनी चाहिए? वर्तमान समय के आधार पर बताइए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) हरिहर काका द्वारा घर छोड़कर ठाकुरबारी चले जाने पर घर के सदस्यों पर क्या प्रभाव हुआ? उनकी ठाकुरबारी से घर वापसी किस प्रकार हुई? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर वर्णन कीजिए।

(2) हेडमास्टर साहब लेखक को हर वर्ष किसी धनी लड़के की पुस्तकें दिलवा देते थे। उन दिनों नई किताबें भी बहुत ही कम कीमत में आ जाती थीं, परंतु मध्यमवर्गीय परिवार के लिए एक रुपये की भी बहुत कीमत थी। हेडमास्टर शर्मा जी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के किन सिद्धांतों के पक्षधर थे? स्पष्ट कीजिए।

(3) मुन्नी बाबू टोपी का भाई था। जब माँ द्वारा टोपी की पिटाई की जा रही थी, तो वह कुछ नहीं बोला और यह नजारा चुपचाप देखता रहा। टोपी ने मुन्नी बाबू के बारे में कौन–सा रहस्य छिपाकर रखा था और क्यों? विस्तार से समझाइए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** **$(5 \times 1 = 5)$**

(1) **व्यायाम और खेल**

- स्वास्थ्य का जीवन में महत्त्व
- खेल
- मनोरंजन का साधन
- व्यायाम और खेल के लिए आवश्यक नियम

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(2) बदलती जीवन शैली : गिरता स्वास्थ्य
- जीवन शैली में बदलाव
- स्वास्थ्य पर प्रभाव
- सुधारने के उपाय

(3) वर्षा ऋतु
- अवधि व प्रभाव
- लाभ और हानि
- इससे जुड़ी स्मृतियाँ

15. (1) अपने क्षेत्र में पेय जल की समस्या का उल्लेख करते हुए दिल्ली जल बोर्ड के प्रबंधक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) अपने सहपाठी के साथ किए जाने वाले दुर्व्यवहार के लिए क्षमा माँगते हुए कक्षाध्यापक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए– $(4 \times 1 = 4)$

(1) आपके विद्यालय में 'रक्तदान शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्या की ओर से लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए।

**अथवा**

(2) बैंक की नई शाखा से संबंधित सुझाव आमंत्रित करते हुए बैंक के शाखा प्रबंधक की ओर से लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए।

17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए– $(3 \times 1 = 3)$

(1) नहाने के साबुन का लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) 25 वर्षीय सुन्दर, सुशील, 5 फीट 2 इंच वधू हेतु वर चाहिए। इस हेतु लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

18. (1) 'आत्म–अनुशासन ही सर्वोत्तम अनुशासन' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) आपने बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता खुलवाया है, लेकिन आपको अभी तक चैक बुक नहीं मिली। इसके लिए शिकायत करते हुए बैंक प्रबंधक को चैक बुक भिजवाने के लिए लगभग 100 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**
- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App

Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 25

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

संस्कृति का निर्माण, सभ्यता के बढ़ते चरणों के साथ, सदियों में होता है। संस्कृति के निर्माण में एक सीमा तक देश और जाति का योगदान रहता है। संस्कृति के मूल उपादान तो प्रायः सभी सुसंस्कृत और सभ्य देशों के एक सीमा तक समान रहते हैं, किंतु बाह्य उपादानों में अंतर अवश्य आता है। राष्ट्रीय या जातीय संस्कृति का सबसे बड़ा योगदान यही है कि वह हमें अपने राष्ट्र को परंपरा से संपृक्त बनाती है, अपनी रीति–नीति की संपदा से विच्छिन्न नहीं होने देती। आज के युग में राष्ट्रीय एवं जातीय संस्कृतियों के मिलन के अवसर अति सुलभ हो गए हैं, संस्कृतियों का पारस्परिक संघर्ष भी शुरू हो गया है।

कुछ ऐसे विदेशी प्रभाव हमारे देश पर पड़ रहे हैं, जिनके आतंक ने हमें स्वयं अपनी संस्कृति के प्रति संशयालु बना दिया है। हमारी आस्था डिगने लगी है। यह हमारी वैचारिक दुर्बलता का फल है। अपनी संस्कृति को छोड़, विदेशी संस्कृति के विवेकहीन अनुकरण से हमारे राष्ट्रीय गौरव को जो ठेस पहुँच रही है, वह किसी राष्ट्रप्रेमी जागरूक व्यक्ति से छिपी नहीं है। भारतीय संस्कृति में त्याग और ग्रहण की अद्भुत क्षमता रही है। अतः आज के वैज्ञानिक युग में हम किसी भी विदेशी संस्कृति के जीवन तत्त्वों को ग्रहण करने में पीछे नहीं रहना चाहेंगे, किंतु अपनी सांस्कृतिक निधि की उपेक्षा करके नहीं। यह परावलंबन राष्ट्र की गरिमा के अनुरूप नहीं है। यह स्मरण रखना चाहिए कि सूर्य की आलोकप्रदायिनी किरणों से पौधे को चाहे जितनी जीवनीशक्ति मिले, किंतु अपनी जमीन और अपनी जड़ों के बिना कोई पौधा जीवित नहीं रह सकता। अविवेकी अनुकरण, अज्ञान का ही पर्याय है।

(1) राष्ट्रीय या जातीय संस्कृति का सबसे बड़ा योगदान है
- (क) वह हमें अपने अतीत से जोड़े रखती है
- (ख) वह हमें अपने राष्ट्र की परंपरा और रीति–नीति का केवल बोध कराती है
- (ग) वह हमें अपने कर्तव्य से जोड़े रखती है
- (घ) वह हमें अपने राष्ट्र की परंपरा और रीति–नीति से जोड़े रखती है

(2) प्रस्तुत गद्यांश से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?
- (क) अपनी संस्कृति में पूर्ण विश्वास करने की
- (ख) अपनी जमीन व जड़ों से जुड़े रहने की
- (ग) (क) और (ख) दोनों
- (घ) विवेकहीन अनुकरण करने की

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : हम विदेशी संस्कृति के महत्त्वपूर्ण तत्त्वों को ग्रहण कर सकते हैं।

**कारण** (R) : भारतीय संस्कृति में त्याग और ग्रहण की अद्भुत क्षमता रही है।

- (क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
- (ख) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है

(4) आधुनिक युग में संस्कृतियों में परस्पर संघर्ष प्रारंभ होने का प्रमुख कारण क्या है?

(क) विरोधी संस्कृतियाँ एक–दूसरे के निकट आई हैं

(ख) विरोधी संस्कृतियों ने सीमाओं का अतिक्रमण प्रारंभ कर दिया है

(ग) भिन्न संस्कृतियों के निकट आने के कारण

(घ) कुछ संस्कृतियाँ संघर्ष की भावना से ग्रस्त रहती हैं

(5) प्रस्तुत गद्यांश में किसे अज्ञान का पर्याय बताया गया है?

(क) त्याग और ग्रहण की क्षमता

(ख) अविवेकी अनुकरण

(ग) संस्कृति के मूल उपादान

(घ) संस्कृतियों के पारस्परिक संघर्ष

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

विश्व में प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी देश या राज्य का नागरिक होता है। नागरिक के कर्तव्य और अधिकारों की समष्टि को नागरिकता कहा जाता है। नागरिकता ऐसी विशेषता है, जिसके अभाव में मनुष्य न तो समाज का आवश्यक अंग बन पाता है और न राज्य का। इसके बिना मनुष्य का जीवन एक प्रकार से या तो पशुवत् हो जाता है या महान विरागी संन्यासी के समान, जिसका सांसारिकता से कोई संबंध नहीं होता। अतः नागरिकता हर मनुष्य को नागरिक बनाने के लिए आवश्यक है। सदाचार का अर्थ है– सत्+आचार = सात्विक व्यवहार। किंतु साधारण अर्थ में इसका प्रयोग उन सभी व्यवहारों और कार्यों के लिए होता है, जो समाज द्वारा ग्राह्य हों और अच्छी सामाजिक क्रियाओं को नियंत्रित करता रहता है। इसकी आवश्यकता होती है, समाज के व्यवस्थित तथा मर्यादित रखने के लिए। झूठ न बोलना, चोरी न करना, किसी को अनावश्यक ढंग से न सताना, अनुचित रीति से कामाचार न करना आदि सदाचार माने जाते हैं। इन सब कार्यों का त्याग इसलिए आवश्यक होता है कि इनसे समाज में अव्यवस्था उत्पन्न होती है तथा समाज का ढ़ाँचा लड़खड़ा जाता है। समाज उन्हीं गुणों का आदर–सम्मान करता है, जो सामाजिक विधियों को दृढ़ बनाने में तथा बहुजन–हिताय और बहुजन–सुखाय कार्यों में सहायक होते हैं।

(1) प्रस्तुत गद्यांश में 'सांसारिकता' से क्या अभिप्राय है?

(क) सांसारिक जीवन से विरक्ति का भाव

(ख) सांसारिक भोग–विलास के साधन

(ग) सांसारिक कर्तव्यों और अधिकारों का निर्वहन

(घ) सांसारिक जीवन से मोह

(2) निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन सही नहीं है?

(क) सदाचार से समाज मर्यादित तथा व्यवस्थित रहता है

(ख) नागरिकता व सदाचार एक–दूसरे से संबंधित हैं

(ग) सदाचार के लिए किसी त्याग की आवश्यकता नहीं होती

(घ) नागरिकता के अभाव में मनुष्य समाज व राज्य का आवश्यक अंग नहीं बन पाता है

(3) समाज उन्हीं गुणों का आदर सम्मान करता है, जो बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय कार्यों में सहायक होते हैं। इस पंक्ति के माध्यम से लेखक मनुष्य को प्रेरणा दे रहा है

(क) परोपकारी बनने की

(ख) सदाचारी बनने की

(ग) (क) और (ख) दोनों

(घ) स्वार्थी बनने की

(4) प्रस्तुत गद्यांश हमें समाज में किस तरह का व्यवहार करने की सीख देता है?

(क) मर्यादित आचरण करने की

(ख) अनुचित रीति से कामाचार न करने की

(ग) सात्विक व्यवहार करने की

(घ) उपर्युक्त सभी

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : झूठ न बोलना, चोरी न करना, किसी को अनावश्यक ढंग से न सताना, अनुचित रीति से कामाचार न करना आदि कार्य त्याज्य हैं।

**कारण** (R) : इनसे समाज में अव्यवस्था उत्पन्न होती है तथा समाज का ढ़ाँचा लड़खड़ा जाता है।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है

**3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'मीराबाई तड़पते हुए श्रीकृष्ण की प्रतीक्षा करती हैं।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) क्रिया पदबंध (ख) क्रिया–विशेषण पदबंध
(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) संज्ञा पदबंध

(2) 'यह वही कुत्ता है, जिसे नूह ने दुत्कार दिया था।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(3) कबीरदास जी के अनुसार कस्तूरी नामक सुगंधित पदार्थ हिरण की नाभि में ही होता है। रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

(4) 'मीराबाई श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य पर अत्यंत मोहित है।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है
(क) मीराबाई (ख) श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य
(ग) अत्यंत (घ) मोहित

(5) क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटिए
(क) बड़े भाई साहब उपदेश देने की कला में निपुण थे
(ख) बृजलाल गोयनका ने 200 आदमियों के साथ जुलूस निकाला
(ग) सुभाष बाबू बड़े जोर से वंदेमातरम बोलते थे
(घ) कलाकार का कर्तव्य दर्शकों की रुचि में सुधार करना है

**4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'एक सिपाही ने आकर कर्नल को बताया है कि दूर से धूल उड़ती हुई दिखाई दे रही है।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा
(क) सिपाही ने आकर कर्नल को बताया दूर से धूल उड़ती दिखाई दे रही है
(ख) सिपाही आता है और कर्नल को बताता है कि दूर से धूल उड़ती दिखाई दे रही है
(ग) सिपाही आता है, इसलिए कर्नल को बताता है कि दूर से धूल उड़ती दिखाई दे रही है
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(2) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| (1) | वज़ीर अली के जन्म को सआदत अली ने अपनी मौत माना। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | वज़ीर अली का जन्म हुआ और सआदत अली ने इसे अपनी मौत माना। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | जब वज़ीर अली का जन्म हुआ तब सआदत अली ने उसे अपनी मौत माना। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-i, 2-ii, 3-iii (ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii (घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(3) 'अब तक हरिहर काका सब कुछ समझ चुके थे।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) 'रीति के अनुसार, दोनों को एक ही गाँव का होना आवश्यक था।' दिए गए वाक्य का मिश्र वाक्य होगा
(क) रीति के अनुसार, दोनों एक ही गाँव से थे।
(ख) रीति के अनुसार, यह आवश्यक था कि दोनों एक ही गाँव के हों।
(ग) यह रीति थी, इसलिए दोनों एक गाँव से थे।
(घ) इनमें से कोई नहीं

(5) निम्न में से संयुक्त वाक्य है
(क) तताँरा ने विवश होकर आग्रह किया।
(ख) ग्वालियर में जहाँ हमारा मकान था, वहाँ उस मकान के दालान में दो रोशनदान थे
(ग) खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले कभी नहीं की गई थी
(घ) वे हरदम किताबें खोलते हैं और अध्ययन करते रहते हैं

**5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'भाग्यहीन' शब्द में कौन–सा समास है?
(क) बहुव्रीहि समास (ख) द्विगु समास
(ग) तत्पुरुष समास (घ) कर्मधारय समास

(2) 'राजदरबार' समस्त पद का विग्रह होगा
(क) राजा और दरबार (ख) राजा के लिए दरबार
(ग) राजा से दरबार (घ) राजा का दरबार

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | कलानिपुण | (i) | तत्पुरुष समास |
| (ii) | नवरत्न | (ii) | बहुव्रीहि समास |
| (iii) | कालीमिर्च | (iii) | कर्मधारय समास |
| (iv) | बेकाम | (iv) | तत्पुरुष समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–सा युग्म सुमेलित है।
(क) (i) और (ii) (ख) (ii) और (iii)
(ग) (i) और (iii) (घ) (i), (ii) और (iv)

(4) 'लालमणि' शब्द के सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए
(क) लाल है जो मणि– कर्मधारय समास (ख) मणियों में लाल– तत्पुरुष समास
(ग) मणियों का लाल– तत्पुरुष समास (घ) लाल मणि का समाहार– द्विगु समास

(5) 'धर्मवीर' शब्द के लिए सही समास विग्रह और समास का चयन कीजिए
(क) धर्म का वीर– अव्ययीभाव समास (ख) धर्म और वीर– द्वंद्व समास
(ग) धर्म में वीर– तत्पुरुष समास (घ) धर्म के लिए वीर– बहुव्रीहि समास

**6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) जब से सुनील ने नया व्यापार शुरू किया है तब से .............. पड़ गया है उसे तो किसी से बात करने की भी फुरसत नहीं। उपयुक्त विकल्प से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए
(क) नाक–भौं चढ़ाने में (ख) थाह लेने में
(ग) दुम दबाकर भागने में (घ) निन्यानवे के फेर में

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(2) मालिक और नौकर एक–दूसरे की ............। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए
(क) नस–नस पहचानते हैं
(ख) चुगली करते हैं
(ग) पीठ थपथपाते हैं
(घ) वारी जाते हैं

(3) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए
(क) कमर कसना– बहुत सोचना
(ख) आकाश–पाताल एक करना– खोजना
(ग) कलम तोड़ना– चीजें तोड़ना
(घ) आँख भरकर देखना– मन भर देखना

(4) 'मुसीबत से निकलने पर निश्चिंत होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है–
(क) जान के लाले पड़ना
(ख) जड़ जमना
(ग) जान में जान आना
(घ) जामे से बाहर होना

(5) 'उलझ जाना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(क) चक्कर काटना
(ख) चक्कर खा जाना
(ग) सुध–बुध खोना
(घ) हिम्मत टूटना

(6) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?
गोपालदास हमेशा गरीबों की <u>इज्जत उतारता</u> रहता है।
(क) नाक कटना
(ख) नाक काटना
(ग) पछाड़ देना
(घ) नाक में दम करना

**7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

'मनुष्य मात्र बंधु है' यही बड़ा विवेक है,
पुराणपुरुष स्वयंभू पिता प्रसिद्ध एक है।
फलानुसार कर्म के अवश्य बाह्य भेद हैं,
परंतु अंतरैक्य में प्रमाणभूत वेद है।
अनर्थ है कि बंधु ही न बंधु की व्यथा हरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(1) निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन पद्यांश से मेल खाता हुआ है?
(क) जिसने जैसे कर्म किए, उसे वैसा ही जन्म मिला
(ख) सच्चा मनुष्य वही है, जो अन्य मनुष्यों के लिए जीता व मरता है
(ग) (क) और (ख) दोनों
(घ) इनमें से कोई नहीं

(2) पद्यांश के अनुसार, प्रत्येक मनुष्य अपना बंधु कैसे है?
(क) एक राष्ट्र में जन्म लेने के कारण
(ख) एक प्रांत में जन्म लेने के कारण
(ग) एक जैसा भोजन खाने के कारण
(घ) एक परमेश्वर की संतान होने के कारण

(3) मनुष्य–मनुष्य में बाहरी अंतर दिखाई देता है
(क) विचारों से अलग होने के कारण
(ख) रंग–रूप में अंतर होने के कारण
(ग) कर्म के अनुसार फल भोगने के कारण
(घ) विभिन्न जातियों में जन्म लेने के कारण

(4) प्रस्तुत पद्यांश के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है?
(क) पर के प्रति अनय का भाव
(ख) आपसी भाई–चारे का भाव
(ग) ईश्वर के प्रति कृतज्ञता का भाव
(घ) पर के प्रति अपनत्व का भाव

(5) संसार में सबसे बड़ा अनर्थ क्या है?
(क) जब व्यक्ति दीन–दुखियों की सहायता करता है
(ख) जब कोई व्यक्ति अपने ही बंधु के दुखों को दूर नहीं करता
(ग) जब कोई व्यक्ति अपने ही बंधु के दुख हरता है
(घ) जब कोई मनुष्य केवल अपने लिए ही जीता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) 'तरने की शक्ति हो अनामय' पंक्ति का भाव है
(क) ईश्वर मनुष्य को क्षमा करे
(ख) ईश्वर मनुष्य को सांत्वना दे
(ग) भवसागर से पार करने को ईश्वर मनुष्य के अंदर शक्ति संचारित करे
(घ) ईश्वर मनुष्य की सहायता करे

(2) पर्वत के हृदय से उठ कर वृक्ष आसमान की ओर देख रहे हैं, क्योंकि
(क) वे आसमान को निहार रहे हैं। (ख) उनको ऊपर देखना अच्छा लगता है।
(ग) वे भी आसमान की तरह ऊँचा उठना चाहते हैं। (घ) वे सीधे खड़े हैं।

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

ग्वालियर में हमारा एक मकान था, उस मकान के दालान में दो रोशनदान थे। उसमें कबूतर के एक जोड़े ने घोंसला बना लिया था। एक बार बिल्ली ने उचककर दो में से एक अंडा तोड़ दिया। मेरी माँ ने देखा तो उसे दुःख हुआ। उसने स्टूल पर चढ़कर दूसरे अंडे को बचाने की कोशिश की। लेकिन इस कोशिश में दूसरा अंडा उसी के हाथ से गिरकर टूट गया। कबूतर परेशानी में इधर–उधर फड़फड़ा रहे थे। उनकी आँखों में दुःख देखकर मेरी माँ की आँखों में आँसू आ गए। इस गुनाह को खुदा से मुआफ कराने के लिए उसने पूरे दिन रोजा रखा। दिन–भर कुछ खाया–पिया नहीं। सिर्फ रोती रही और बार–बार नमाज पढ़–पढ़कर खुदा से इस गलती को मुआफ करने की दुआ माँगती रही।

(1) लेखक की माँ द्वारा कबूतर के अंडे तोड़ने पर रोजा रखना पशु–पक्षियों के प्रति उनकी किस भावना को उजागर करता है?
(क) आत्मीयता (ख) दयालुता
(ग) (क) और (ख) दोनों (घ) धार्मिकता

(2) रोजे के दौरान लेखक की माँ क्या करती रही?
(क) खाती–पीती रही (ख) सिर्फ रोती रही
(ग) दान करती रही (घ) घर का काम करती रही

(3) लेखक की माँ से कबूतर का अंडा टूट जाने पर उनकी मनःस्थिति कैसी थी?
(क) वह मन–ही–मन अत्यंत दुःखी थी (ख) वह सहज एवं गंभीर थी
(ग) वह धार्मिक मान्यताओं के प्रति उदासीन थी (घ) वह अत्यंत खुश थी

(4) प्रस्तुत गद्यांश हमें क्या संदेश देता है?
दिए गए कथनों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना चाहिए
(ii) हमें पशु–पक्षियों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करना चाहिए
(iii) हमें धर्म के प्रति उदासीन रहना चाहिए
(iv) हमें रोजा रखना चाहिए
(क) (i) और (iii) (ख) (i) और (ii)
(ग) (ii) और (iii) (घ) (ii) और (iv)

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए
**कथन** (A) : कबूतर परेशानी में इधर–उधर फड़फड़ा रहे थे।
**कारण** (R) : उनके दोनों अंडों को बिल्ली ने तोड़ दिया था।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं
(ख) कथन (A) व कारण (R) दोनों गलत हैं
(ग) कथन (A) सही है तथा कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) शैलेंद्र ने अपनी फिल्म 'तीसरी कसम' को मसालेदार नहीं बनाया, क्योंकि
(क) मसालेदार फिल्मों में उनकी कोई रुचि नहीं थी
(ख) उन्होंने अपने कवि हृदय और साहित्यिक संस्कारों को ध्यान में रखा
(ग) उनके पास मसालेदार फिल्म बनाने जितना धन नहीं था
(घ) वे यह तकनीक नहीं जानते थे

(2) 'झेन की देन' पाठ में लेखक जापानी लोगों के बारे में क्या कहता है?
(i) जापानी लोगों को मानसिक बीमारियाँ अधिक है
(ii) जापानी लोग गतिवान है
(iii) जापानी लोग स्मार्ट है
(iv) जापानी लोगों को शारीरिक बीमारियाँ अधिक है

**विकल्प–**
(क) केवल (i) (ख) (i) और (ii)
(ग) केवल (iii) (घ) केवल (iv)

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) वामीरों की माँ ने क्या देखकर तताँरा का अपमान किया तथा क्या उनके द्वारा किया गया यह बर्ताव ठीक था? अपने शब्दों में उत्तर दीजिए।

(2) आपके द्वारा पाठ्यक्रम में पढ़े गए 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के माध्यम से हमने गुलाम भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले सुभाषचंद्र बोस के संघर्ष को जाना। देश की स्वतंत्रता के लिए इनके द्वारा किए गए संघर्ष को अपने शब्दों में लिखिए।

(3) लेखक बड़े भाई साहब की किस बात से सहमत हैं? 'बड़े भाई साहब' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) 'द्रौपदी री लाज राखी बूढ़तो गजरात, राख्यो, भगत कारण रूप नरहरि'। प्रस्तुत पंक्तियों में मीरा किन उदाहरणों के माध्यम से श्रीकृष्ण से प्रार्थना कर रही है?

(2) 'आत्मत्राण' कविता का कवि ईश्वर को सर्वोच्च सत्ता मानते हुए भी उनसे किसी प्रकार की सहायता की अपेक्षा नहीं करता। क्यों? लिखिए।

(3) 'कर चले हम फ़िदा' कविता का प्रतिपाद्य लगभग 100 शब्दों में लिखिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) हेडमास्टर साहब लेखक को प्रत्येक वर्ष किसी धनी लड़के की पुस्तकें दिलवा देते थे, यद्यपि लेखक मध्यमवर्गीय था, पर उसके लिए एक रुपये की कीमत भी बहुत थी। 'सपनों के–से दिन' पाठ के आधार पर बताइए कि आप किस प्रकार गरीब व मध्यम वर्गीय बच्चों की अध्ययन में सहायता कर सकते हैं?

(2) 'अम्मी शब्द सुनकर टोपी के घरवालों की प्रतिक्रिया संकीर्ण मानसिकता की द्योतक है।'' 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर उक्त कथन के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(3) महंत द्वारा हरिहर काका का अपहरण किया जाना, महंत के चरित्र की सच्चाई को सामने लाता है। ठाकुरबारी जैसी संस्थाओं से कैसे बचा जा सकता है? विचार व्यक्त कीजिए।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **विद्यार्थियों में बढ़ती अनुशासनहीनता**
- अनुशासनहीनता के बुरे परिणाम
- अनुशासनहीनता के कारण होने वाली परेशानी
- देश के विकास के लिए विद्यार्थियों के आचरण पर ध्यान आवश्यक

(2) **वृक्षों का महत्त्व**
- मानव जीवन और वृक्ष
- वृक्षों का वैज्ञानिक महत्त्व
- वर्षा कराने में वृक्षों का योगदान

(3) **परिश्रम का महत्त्व**
- श्रम का महत्त्व
- सफलता के लिए परिश्रम आवश्यक है
- परिश्रम ही मूलमंत्र है

**15. (1) अपने प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक प्रार्थना-पत्र लिखिए, जिसमें फीस में छूट देने के लिए निवेदन किया गया हो।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) मनीऑर्डर खो जाने की शिकायत करते हुए रोहिणी, नई दिल्ली के डाकपाल को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।**

**16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-** $(4 \times 1 = 4)$

(1) विद्यालय में हो रही कविता प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कक्षा नौ से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों को आमंत्रित करते हुए लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए।

**अथवा**

(2) विद्यालय परिसन में आपकी घड़ी कहीं गिर गई है। घड़ी खोने से संबंधित लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए।

**17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-** $(3 \times 1 = 3)$

(1) किसी शैक्षणिक संस्थान में उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) होली के प्राकृतिक रंगों के लिए लगभग 40 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**18. (1) 'अहंकार' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) आप गांगुली क्रिकेट क्लब के प्रबंधक हैं। आपने प्रिया गेम्स एंड स्पोर्ट्स, बी संत नगर, रतलाम को बॉल और बैट्स का ऑर्डर भेजा था। पंद्रह दिन बाद भी सामान न प्राप्त होने पर फर्म को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।**

□□□□□□□

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 26

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

अगर कोई यह जानता है कि मुझे यह कार्य करने से नुकसान होगा। वह उस कार्य को फिर भी कर लेता है और अपना बड़ा नुकसान कर लेता है। ऐसे लोगों के लिए ही कहा जाता है कि वे अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं। आज कुछ छात्र अपने पैरों पर स्वयं कुल्हाड़ी मार रहे हैं। अपने पैरो पर कुल्हाड़ी मारने से तात्पर्य उन छात्रों से है, जो अपना समय, अपने माता–पिता का पैसा और ज्ञान प्राप्त करने का स्वर्णिम अवसर खो रहे हैं। ऐसे छात्र जो समय, धन और अवसर, तीनों चीज़ों से हाथ धो रहे हैं। वस्तुतः वे अपने जीवन में दुःखी रहने का ही प्रबंध कर रहे हैं, क्योंकि इन तीनों चीज़ों का सदुपयोग ही मनुष्य को सुख प्रदान करता है। आप जिस कार्य को पूरी ईमानदारी तथा लगन से प्रारंभ करते हैं, उसमें आपको छोटी या बड़ी सफलता अवश्य मिलती है और जब सफलता मिलनी प्रारंभ होती है, तो रुचि बढ़ने लगती है, लेकिन जब हम किसी कार्य को बिना मन के भाव से करते हैं, तो हमें असफलता का ही सामना करना पड़ता है, जिससे अरुचि उत्पन्न होती है। किसी भी छात्र से यह उम्मीद की जाती है कि वह अपने तन, मन और बुद्धि को श्रेष्ठ बनाए और इसके लिए आवश्यक है कि उसकी अध्ययन तथा खेल दोनों में ही रुचि हो, लेकिन जिन विद्यार्थियों की अध्ययन तथा खेल दोनों में ही अरुचि है, वे अपने पैरों पर कुल्हाड़ी ही मार रहे हैं। खेल या अध्ययन किसी में भी रुचि न होना विद्यार्थी के उदासीन पक्ष को उजागर करता है। जीवन में इस प्रकार का व्यवहार रखकर आगे नहीं बढ़ा जा सकता, इसलिए विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपनी रुचियों को विकसित करे और जीवन में आगे बढ़े।

(1) अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने से लेखक का आशय उन छात्रों से है जो

(क) अपना समय बर्बाद करते हैं
(ख) अपने माता–पिता का पैसा बर्बाद करते हैं
(ग) ज्ञान प्राप्त करने का स्वर्णिम अवसर खो रहे हैं
(घ) उपर्युक्त सभी

(2) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : विद्यार्थी को अपनी रुचियों को विकसित करना चाहिए और जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

**कारण** (R) : खेल, अध्ययन आदि के प्रति उदासीन व्यवहार रखकर जीवन में आगे नहीं बढ़ा जा सकता है।

(क) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ग) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
(घ) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(3) लेखक के अनुसार, किसी कार्य के प्रति हमारी रुचि का विकास कब होने लगता है?
(क) जब अन्य को असफलता मिलती है
(ख) जब सफलता मिलनी प्रारंभ होती है
(ग) जब कार्य करने के विषय में सोचते हैं
(घ) जब असफलता हाथ लगती है

(4) किसी भी छात्र से क्या अपेक्षा की जाती है?
(क) वह अपने तन, मन और बुद्धि को श्रेष्ठ बनाए
(ख) वह समाज के लिए कार्य करे
(ग) वह परीक्षा उत्तीर्ण करे
(घ) वह अपने विद्यालय का नाम रोशन करे

(5) विद्यार्थियों की अध्ययन तथा खेल दोनों में ही अरूचि का क्या परिणाम होता है?
(क) वे निराशापूर्ण जीवन जीते हैं
(ख) उनका विकास अवरूद्ध हो जाता है
(ग) उनका उदासीन पक्ष उजागर होता है
(घ) उपर्युक्त सभी

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

आज शिक्षा के क्षेत्र में इंटरनेट का महत्त्व बहुत अधिक बढ़ गया है। इंटरनेट ने शिक्षा को इतना आसान बना दिया है कि कोई भी, किसी प्रकार की समस्या क्यों न हो, पल भर की प्रतीक्षा किए बिना ही उसका उत्तर हमें मिल जाता है। पुस्तकालयों में बैठकर घंटों माथापच्ची नहीं करनी पड़ती। विद्यालयों में स्मार्ट क्लासों का प्रचलन बढ़ रहा है, जिसमें नेट के माध्यम से छात्रों को अत्याधुनिक ज्ञान प्रदान किया जाता है। इतना ही नहीं विद्यार्थी अपने घरों में रहकर विदेशी विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से कम खर्च में पढ़ सकते हैं और किसी भी प्रकार की समस्या का हल निकाल सकते हैं। परीक्षाओं एवं प्रतियोगिताओं की तैयारी में भी इंटरनेट का सहारा लेकर छात्र सफलता की नई ऊँचाइयाँ छू रहे हैं। आज भारतीय युवाओं की सफलता, शिक्षा और तकनीकी शिक्षण में इंटरनेट का बहुत बड़ा हाथ है। गाँव और छोटे शहरों में रहने वाले लोग इसके माध्यम से विश्वस्तरीय ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं और परिश्रम रूपी घोड़े की लगाम पकड़कर विकास की नई–नई ऊँचाइयों को छू रहे हैं। सच ही कहा है– शिक्षा में कमाल, इंटरनेट का धमाल। इंटरनेट मानवजाति के भूत, भविष्य और वर्तमान की गाथा भी सुनाने में सक्षम है। आप इतिहास के पन्नों को पलट सकते हैं, भविष्य का अनुमान लगा सकते हैं और वर्तमान में क्या घट रहा है, यह भी देख और पढ़ सकते हैं किसी भी रचनाकार की कृति को पढ़ सकते हैं, नई–नई खोजें कर सकते हैं, विचारों का आदान–प्रदान कर सकते हैं, भौगोलिक परिवर्तनों से रू–ब–रू हो सकते हैं; प्राकृतिक आपदाओं के विषयों में भविष्यवाणी कर सकते हैं और यहाँ तक कि अपने आचरण को शिष्ट एवं अनुशासित रखने के लिए सामाजिक एवं नैतिक शिक्षा पा सकते हैं।

(1) इंटरनेट ने मानव जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया है?
(क) मानव जीवन को अत्यंत सहज बना दिया है
(ख) मानव जीवन को अत्यंत उलझा दिया है
(ग) मानव का विकास अवरुद्ध किया है
(घ) संबंधों में बदलाव ला दिया है

(2) इंटरनेट के माध्यम से हम घर बैठे कौन–सी सुविधा प्राप्त कर सकते हैं?
(क) वर्तमान में घटित होने वाली घटना की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं
(ख) इतिहास की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं
(ग) भविष्य का अनुमान लगा सकते हैं
(घ) उपर्युक्त सभी

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : वर्तमान में इंटरनेट के माध्यम से आप इतिहास के पन्नों को पलट सकते हैं तथा भविष्य का अनुमान लगा सकते हैं।
**कारण** (R) : इंटरनेट मानवजाति के भूत, भविष्य और वर्तमान की गाथा सुनाने में सक्षम है।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R), कथन (A) की गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) सही है तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) विविध प्रकार की समस्याओं का समाधान किसके माध्यम से किया जा सकता है?
(क) शिक्षा के माध्यम से
(ख) इंटरनेट के माध्यम से
(ग) इतिहास के माध्यम से
(घ) नवीन सोच के माध्यम से

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) आचरण को शिष्ट एवं अनुशासित रखने के लिए आवश्यकता है
(क) तकनीकी शिक्षा की
(ख) सामाजिक एवं नैतिक शिक्षा की
(ग) इंटरनेट की
(घ) मानवता की

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'दादी ने टोपी की डंडे से खूब पिटाई की।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया विशेषण पदबंध
(घ) विशेषण पदबंध

(2) 'हरिहर काका निःसंतान होने के कारण कथावाचक को प्यार करते थे।' इस वाक्य में संज्ञा पदबंध है
(क) हरिहर काका
(ख) निःसंतान होने के कारण
(ग) प्यार करते थे
(घ) इनमें से कोई नहीं

(3) क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटिए
(क) मैं यह लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगता।
(ख) ग्वालियर से मुंबई की दूरी ने संसार को काफी कुछ बदल दिया है।
(ग) धरती किसी एक की नहीं है
(घ) शिल्पकार शैलेंद्र ने 'तीसरी कसम' फिल्म में अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ अभिनय किया था

(4) 'बड़े भाई साहब बहुत दुःखी थे।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध
(घ) इनमें से कोई नहीं

(5) 'यह काम तो हमेशा आदर्शवादी लोगों ने ही किया है।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) विशेषण पदबंध
(ख) संज्ञा पदबंध
(ग) सर्वनाम पदबंध
(घ) विशेषण पदबंध

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| (1) | माँ दूसरे अंडे को बचाने का प्रयास करने लगी और माँ से दूसरा अंडा भी गिर गया। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | माँ दूसरे अंडे को बचाने का प्रयास करने लगी, तभी माँ से वह अंडा भी गिर गया। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | दूसरे अंडे को बचाने का प्रयास करते वक्त माँ से वह दूसरा अंडा भी गिर गया। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(2) 'बृजलाल गोयनका वंदे मातरम् बोलते हुए मोनुमेंट की ओर भागे।' इस वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा
(क) बृजलाल गोयनका ने वंदे मातरम् बोला, इसलिए वे मोनुमेंट की ओर भागे।
(ख) बृजलाल गोयनका ने वंदे मातरम् बोला और मोनुमेंट की ओर भागे।
(ग) जैसे ही बृजलाल गोयनका ने वंदे मातरम् बोला, वैसे ही वे भागे।
(घ) बृजलाल गोयनका मोनुमेंट की ओर भागे, क्योंकि उन्होंने वंदे मातरम् बोला।

(3) 'हेडमास्टर साहब की डिग्री यहाँ बेकार हो गई।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है
(क) सरल वाक्य
(ख) संयुक्त वाक्य
(ग) विशेष वाक्य
(घ) मिश्र वाक्य

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) 'हरिहर काका जब घर छोड़कर गए, तो उनके भाइयों को पता नहीं चला।' वाक्य रचना की दृष्टि से है
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) आज्ञार्थक वाक्य

(5) निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य है
(क) चाजीन ने सभी क्रियाएँ गरिमापूर्ण ढंग से कीं। (ख) पहले जहाँ समंदर था, अब वहाँ बस्तियाँ बन गई हैं।
(ग) राजकपूर एक अच्छे और सच्चे मित्र थे। (घ) जो बच्चा मेहनत करता है, वह अवश्य सफल होता है।

**5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'चरणकमल' शब्द में कौन–सा समास है?
(क) कर्मधारय समास (ख) अव्ययीभाव समास
(ग) तत्पुरुष समास (घ) बहुव्रीहि समास

(2) 'जीवन साथी' शब्द के लिए सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए
(क) जीवन और साथी– द्वंद्व समास (ख) जीवन के लिए साथी– कर्मधारय समास
(ग) जीवन का साथी– तत्पुरुष समास (घ) जीवन में साथी– अव्ययी भाव समास

(3) 'नवनिधि' शब्द के सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए
(क) नौ निधियों का समाहार– द्विगु समास (ख) नौ निधियों वाला है जो– कर्मधारय समास
(ग) नवीन और निधि– द्वंद्व समास (घ) नव के लिए निधि– तत्पुरुष समास

(4) 'सप्ताह' समस्तपद का विग्रह है
(क) सात सप्ताह (ख) सात दिनों का समाहार
(ग) सप्त है जो दिन (घ) दिनों में सात

(5) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

| | **समस्तपद** | **समास** |
|---|---|---|
| 1. | पंजाब | द्विगु समास |
| 2. | लाल बाजार | तत्पुरुष समास |
| 3. | यथाविधि | अव्ययीभाव समास |
| 4. | मृगलोचन | द्वंद्व समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–सा/से युग्म सुमेलित है/हैं?
(क) 1 और 2 (ख) 2 और 4
(ग) 1 और 3 (घ) केवल 4

**6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) राम अपनी दादी के लिए ............. के समान है। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए
(क) अक्ल के अंधे (ख) अंधे की लाठी
(ग) एक पंथ दो काज (घ) उगते सूरज

(2) मुहावरों और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए
(क) हाथ डालना– मिल जाना (ख) दो नावों पर सवार होना– किधर का भी न रहना
(ग) नींद हराम होना– पराजित होना (घ) लगती बात– व्यर्थ की बात

(3) माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करना .............. के समान है। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए
(क) बाएँ हाथ का खेल (ख) आठ–आठ आँसू रोना
(ग) लोहे के चने चबाना (घ) आधी जान सूखना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(4) ऐसे छोटे–मोटे काम तो ............. भी कर लिया करते हैं। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए
(क) कूप मंडूक
(ख) अक्ल के अंधे
(ग) आस्तीन का साँप
(घ) ऐरे–गैरे नत्थू–खैरे

(5) 'बुरी तरह परास्त करना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(क) धूल फाँकना
(ख) धाक जमाना
(ग) धूल फाँकना नाक काटना
(घ) धज्जियाँ उड़ाना

(6) सैनिक देश की रक्षा के लिए प्राणों की परवाह नहीं करते।
रेखांकित अंश के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(क) जान हथेली पर रखना
(ख) प्राण काँपना
(ग) दम में दम आना
(घ) बलिदान देना

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

अनंत अंतरिक्ष में अनंत देव हैं खड़े,
समक्ष ही स्वबाहु जो बढा रहे बड़े–बड़े।
परस्परावलंब से उठो तथा बढ़ो सभी,
अभी अमर्त्य–अंक में अपंक हो चढ़ो सभी।
रहो न यों कि एक से न काम और का सरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(1) 'परस्परावलंब' से क्या अभिप्राय है?
(क) एक–दूसरे से छल–कपट करना
(ख) एक–दूसरे से शत्रुता करना
(ग) एक–दूसरे का सहयोग लेना
(घ) दूसरे से स्वार्थ सिद्ध करना

(2) अंतरिक्ष में खड़े देव अपनी बाहु को क्यों बढ़ा रहे हैं?
(क) मदद के लिए
(ख) स्वस्थता के लिए
(ग) मार्गदर्शन के लिए
(घ) समृद्धि के लिए

(3) निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन पद्यांश से मेल खाता हुआ है?
(क) असंख्य देवता आकाश में परोपकारी मनुष्यों के स्वागतार्थ खड़े हैं।
(ख) कवि यहाँ कलंकरहित जीवन जीने की प्रेरणा दे रहा है।
(ग) (क) और (ख) दोनों
(घ) इनमें से कोई नहीं

(4) कवि मनुष्य को किस प्रकार रहने की सलाह देता है?
(क) प्रतिशोध की भावना से
(ख) हिंसा की भावना से
(ग) सहयोग की भावना से
(घ) पराधीनता की भावना से

(5) प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने क्या संदेश दिया है?
(क) जीवन की सार्थकता स्वार्थ सिद्धि में है
(ख) जीवन की सार्थकता देवों के व्यवहार में है
(ग) जीवन की सार्थकता कुटिल व्यवहार में है
(घ) जीवन की सार्थकता परोपकार में है

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) 'ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोई।' पंक्ति का भाव है
(क) हमें अहंकार त्यागकर मीठे वचन बोलने चाहिए
(ख) हमें अपनी वाणी से दूसरों को प्रसन्न करना चाहिए
(ग) हमें मधुर व्यवहार करना चाहिए
(घ) उपर्युक्त सभी

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(2) 'कर चले हम फिदा' गीत में धरती को दुल्हन कहा गया है, क्योंकि
(क) यह नववधू की तरह दिखती है
(ख) इसकी सुरक्षा का दायित्व देश के प्रत्येक नवयुवक पर है
(ग) धरती ने लाल रंग के वस्त्र धारण किए हैं
(घ) धरती माँ से सब प्रेम करते हैं

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **(1 × 5 = 5)**

''इस तरह अंग्रेज़ी पढ़ोगे, तो जिंदगी–भर पढ़ेते रहोगे और एक हर्फ न आएगा। अंग्रेज़ी पढ़ना कोई हँसी–खेल नहीं है कि जो चाहे, पढ़ ले, नहीं ऐरा–गैरा नत्थू–खैरा सभी अंग्रेजी के विद्वान हो जाते। यहाँ रात–दिन आँखें फोड़नी पड़ती हैं और खून जलाना पड़ता है, तब कहीं यह विद्या आती है और आती क्या है, हाँ कहने को आ जाती है। बड़े–बड़े विद्वान भी शुद्ध अंग्रेज़ी नहीं लिख सकते, बोलना तो दूर रहा और मैं कहता हूँ, तुम कितने घोंघा हो कि मुझे देखकर भी सबक नहीं लेते। मैं कितनी मेहनत करता हूँ, यह तुम अपनी आँखों से देखते हो, अगर नहीं देखते, तो यह तुम्हारी आँखों का कसूर है, तुम्हारी बुद्धि का कसूर है। इतने मेले–तमाशे होते हैं, मुझे तुमने कभी देखने जाते देखा है? रोज ही क्रिकेट और हॉकी मैच होते हैं। मैं पास नहीं फटकता। हमेशा पढ़ता रहता हूँ। उस पर भी एक–एक दरजे में दो–दो, तीन–तीन साल पड़ा रहता हूँ, फिर भी तुम कैसे आशा करते हो कि तुम यों खेलकूद में वक्त गँवाकर पास हो जाओगे? मुझे तो दो–तीन साल ही लगते हैं, तुम उम्र–भर इसी दरजे में पड़े सड़ते रहोगे? अगर तुम्हें इस तरह उम्र गँवानी है, तो बेहतर है, घर चले जाओ और मजे से गुल्ली–डंडा खेलो। दादा की गाढ़ी कमाई के रुपये क्यों बर्बाद करते हो?''

(1) ''बड़े भाई साहब बहुत मेहनत करते हैं, हमेशा पढ़ते रहते हैं, कभी मेले–तमाशे देखने नहीं जाते हैं व कभी खेलते भी नहीं हैं।'' उपर्युक्त कथन के माध्यम से ज्ञात होता है कि
दिए गए कथनों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) बड़े भाई साहब खेलकूद को व्यर्थ समझते हैं
(ii) बड़े भाई साहब पाठ को समझे बिना व अर्थ जाने बिना रटते रहते हैं
(iii) बड़े भाई साहब व्यावहारिक ज्ञान को महत्त्वपूर्ण नहीं समझते
(iv) बड़े भाई साहब उपदेश देने की कला में निपुण थे
(क) केवल (i) (ख) (i) और (ii)
(ग) (i), (ii) और (iii) (घ) (i), (iii) और (iv)

(2) 'तुम कितने घोंघा हो कि मुझे देखकर भी सबक नहीं लेते' पंक्ति में 'घोंघा' से क्या अभिप्राय है?
(क) मूर्ख (ख) समुद्री जीव
(ग) जंगली जीव (घ) सिद्धांतवादी

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकलपों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए
**कथन** (A) : कोई भी ऐरा–गैरा नत्थू–खैरा अंग्रेजी पढ़ व लिख सकता है।
**कारण** (R) : बड़े भाई साहब अंग्रेजी के बड़े विद्वान थे।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं। (ख) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।
(ग) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है। (घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।

(4) छोटे भाई को घर लौटने का परामर्श दिया जा रहा था, क्योंकि
(क) वह पढ़ने की अपेक्षा खेलकूद में समय बर्बाद करता है (ख) उसे खेलना पसंद नहीं है
(ग) वह मेहनत नहीं करता है (घ) वह बड़े भाई जितना समझदार नहीं है

(5) बड़े भाई को किस कारण लगता है कि छोटा भाई दादा की सारी कमाई बर्बाद कर रहा है?
(क) स्वयं को अधिक बुद्धिमान समझने के कारण (ख) बड़े भाई को सम्मान न देने के कारण
(ग) खेलकूद में अधिक रुचि होने के कारण (घ) अध्यापकों का आदर न करने के कारण

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**
**SOLUTIONS**

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के अनुसार कलकत्ता के मैदान में आदमियों की भीड़ क्यों होने लगी थी?

(क) सभा में भाग लेने हेतु
(ख) पुलिस के आदेश का पालन करने हेतु
(ग) मैदान में मेला देखने हेतु
(घ) मैदान में घूमने हेतु

(2) निम्नलिखित में से कौन–सा/से वाक्य 'तीसरी कसम' फिल्म की विशेषता से संबंधित है/हैं?

(i) इसका निर्माण प्रसिद्ध कवि शैलेंद्र ने किया था।
(ii) इस फिल्म को मात्र एक पुरस्कार मिला था।
(iii) इस फिल्म के नायक राजकपूर व नायिका वहीदा रहमान थीं।
(iv) इस फिल्म को कोई खरीदार नहीं मिल रहा था।

**विकल्प–**

(क) केवल (i)
(ख) (i) और (ii)
(ग) (i), (ii) और (iii)
(घ) (i), (iii) और (iv)

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) 'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि बढ़ती हुई आबादी का पशु–पक्षियों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है?

(2) 'गिन्नी का सोना' पाठ के लेखक के अनुसार सत्य केवल वर्तमान है, उसी में जीना चाहिए। लेखक ने ऐसा क्यों कहा है? स्पष्ट कीजिए।

(3) 'कारतूस' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि वज़ीर अली एक नीतिकुशल योद्धा था।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) कवयित्री मीराबाई ने गिरधर किसे और क्यों कहा है?

(2) पर्वतीय प्रदेश में वर्षा के सौन्दर्य का वर्णन 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर अपने शब्दों में कीजिए।

(3) '1857 की तोप' से कवि का संकेत किस घटना की ओर है?

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) हरिहर काका ने सम्पत्ति से संबंधित क्या निर्णय लिया और क्यों?

(2) हेडमास्टर शर्मा जी का छात्रों के साथ कैसा व्यवहार था? 'सपनों के–से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए।

(3) इफ़्फ़न को 'टोपी शुक्ला' कहानी का महत्त्वपूर्ण पात्र कैसे माना जा सकता है?

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **जनतंत्र प्रणाली**

- अर्थ चुनाव और वोट
- सबकी सहमति का नेता
- प्रणाली का दोष

(2) **सच्चा मित्र**

- सच्चे मित्र की पहचान
- मित्रता का महत्त्व
- सच्ची मित्रता के लिए स्वयं क्या करें?
- मित्रता : जीवन के लिए वरदान

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(3) सफलता हेतु संघर्ष
- अर्थ
- उद्देश्य
- मानसिक सोच
- सफलता की कुंजी

15. (1) जुर्माना माफी के लिए प्रधानाचार्या जी को लगभग 100 शब्दों में एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$

अथवा

(2) किसी कंपनी में क्लर्क के रिक्त पद के लिए लगभग 100 शब्दों में आवेदन-पत्र लिखिए।

16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए- $(4 \times 1 = 4)$

(1) आप क.ख.ग. विद्यालय की हिंदी की अध्यापिका/अध्यापक हैं। विद्यालय पत्रिका के लिए छात्रों से रचनाएँ मँगवाने हेतु लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए।

अथवा

(2) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'स्वच्छ भारत' शीर्षक पर स्लोगन/नारा आमंत्रित किए जाने हेतु लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए।

17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए- $(3 \times 1 = 3)$

(1) शैंपू बनाने वाली कंपनी के मालिक ने विज्ञापन बनाने को दिया है। आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

अथवा

(2) आप किसी कम्पनी के मैनेजर हैं। आपको अपनी कम्पनी के लिए प्रतिनिधि की आवश्यकता है। इसके लिए लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए।

18. (1) 'परोपकार का फल' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$

अथवा

(2) आपके घर के आस-पास कल कारखानों एवं यातायात का दबाव बढ़ रहा है, जिससे ध्वनि प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो रही है। अतः आप नगर योजना अधिकारी को ध्वनि प्रदूषण की समस्या से अवगत कराने के लिए लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**
- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App

Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 27

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

हिन्दी कहानी व उपन्यास के क्षेत्र को 'प्रेमचंद युग' दिखाने वाले मुंशी प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई, 1880 को बनारस में हुआ था। मुंशी प्रेमचंद का जीवन बचपन से ही अनुशासित था। वे सवेरे ही उठ जाते थे और नित्यकर्म से निवृत्त होकर एक घंटे घूमने जाते थे। वे अकसर स्कूल के अहाते में ही घूम लेते थे। लौटकर वे घर के ज़रूरी काम निपटाते थें। वे अधिकांश काम स्वयं करते थे। नौकर से अधिक काम लेना उन्हें पसंद न था। अपना बिस्तर स्वयं उठाते, अपनी धोती स्वयं धोते। वे अपनी आदत नहीं बिगाड़ना चाहते थें। उन्हें वह समय सदा याद रहता था कि कभी वे स्वयं पाँच रुपये के नौकर थे। उनका मानना था कि जिस आदमी के हाथ में काम करने के घट्टे न पड़े हो, उसे खाना खाने का अधिकार नहीं हैं। उन्हें काम करनें में रत्ती भर भी शर्म महसूस नहीं होती थी। वे बकरी के सामने पत्ती तोड़कर ड़ाल देते थे और गाय की सानी भी कर देते थे। कमरे–बरामदे में झाडू लगा देना, पत्नी के बीमार होने पर चूल्हा जला देना, बच्चों को तैयार कर दूध पिला देना आदि काम वे प्रायः कर लेते थें। स्वयं हल्का–सा नाश्ता करके लिखने बैठ जाते थे। लिखने के लिए उन्हे प्रातःकाल पसंद था। स्कूल का समय होने तक वे लिखते रहते, फिर कपड़े बदलकर ठीक समय पर स्कूल जा पहुँचते। वे समय के बहुत पाबंद थे। वे छात्रों के सामने अच्छा उदाहरण रखना चाहते थे। समय बर्बाद करना वे बहुत बड़ा गुनाह मानते थे। उनका विचार था कि समय की पाबंदी के बिना कोई जाति तरक्की नहीं कर सकती।

(1) मुंशी प्रेमचंद को नौकर से काम लेना क्यों पसंद नहीं था?
(क) वे अत्यंत गरीब थे
(ख) वे अपना काम स्वयं करना पसंद करते थे
(ग) नौकर अधिक पैसे लेता था
(घ) वे समय के पाबंद थे

(2) मुंशी प्रेमचंद सबसे बड़ा गुनाह किसे मानते थे?
(क) किसी के सामने झुकना
(ख) समय को नष्ट करना
(ग) घर के काम करना
(घ) नौकर से काम लेना

(3) मुंशी प्रेमचंद द्वारा अपना काम स्वयं करना किस बात का द्योतक है?
(क) वे अपनी आदत नहीं बिगाड़ना चाहते थे
(ख) वे किसी का अहसान नहीं लेना चाहते थे
(ग) वे किसी से काम करवाने में शर्म महसूस करते थे
(घ) वे अत्यंत स्वाभिमानी थे

(4) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : मुंशी प्रेमचंद समय के बहुत पाबंद थे।
**कारण** (R) : समय बर्बाद करना वे बहुत बड़ा गुनाह मानते थे।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो गलत हैं
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है
(ग) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है
(घ) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है

(5) प्रस्तुत गद्यांश में मुंशी प्रेमचंद के व्यक्तित्व की किस विशेषता पर प्रकाश डाला गया है?
(क) आत्मनिर्भरता (ख) समय का पाबंद
(ग) मेहनती (घ) उपर्युक्त सभी

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

आज का समय मानव के लिए तकनीकी और विज्ञान का समय है। हमने विज्ञान और तकनीकी के सहारे अपने भौतिक जीवन को काफी आसान बना लिया है। इलेक्ट्रॉनिक क्रांति ने हमारे जीवन को सुख–सुविधाओं से परिपूर्ण कर दिया है। विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक आविष्कारों के माध्यम से संचार–तंत्र को विस्तार एवं व्यावसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने के साथ–साथ रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। कंप्यूटर, रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशन, सेलुलर फोन, वॉशिंग मशीन,कैमरा आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण ने मानव सभ्यता को नया आयाम दिया है, पर आज बड़ी संख्या में खराब होने वाली इन्हीं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के अंबार ने ई–कचरे के रूप में एक नई पर्यावरणीय समस्या को जन्म दिया है। ई–कचरे से तात्पर्य उन बेकार पड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से है, जो अपने मूल उपयोग के उद्देश्य के लिए उपयुक्त नहीं रह जाते। ई–कचरे को ई–अपशिष्ट भी कहा जाता है। काफी मात्रा में भारी धातुएँ एवं अन्य प्रदूषित पदार्थों के विद्यमान रहने के कारण ई–अपशिष्ट के रूप में बेकार पड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अन्य व्यर्थ घरेलू उपकरणों की अपेक्षा मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए कहीं अधिक नुकसानदेह होते हैं। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में उपयोग आने वाले अधिकतर अवयवों में बायोडिग्रेडेबल होने की विशेषता नहीं पाई जाती है और न ही इसमें मिट्टी में घुल–मिल जाने का गुण होता है। भारत सहित अन्य एशियाई देशों में पश्चिमी देशों की तुलना में ई–कचरे के निस्तारण में काफी कम खर्च आता है। भारत में ई–कचरे का निपटान प्रायः अनौपचारिक पुनर्चक्रण केंद्रों में होता है, जहाँ पुनः उपयोग हेतु इन्हें अलग–अलग किया जाता है, फिर मूल्यवान धातुओं को चुनकर साफ करने के पश्चात् इन्हें अकुशल व विषाक्त उत्पाद व्यवस्था में नष्ट करने की प्रक्रिया से गुजारते हैं। ई–कचरे की समस्या को कम करने एवं इसके दुष्प्रभाव से बचने हेतु ग्रीन पीसी की अवधारणा पर बल दिया जाना चाहिए। ऐसे उत्पादित कंप्यूटरों में बिजली खपत कम होगी, साथ ही ये पर्यावरण को उतना नुकसान भी नहीं करते। देश में ई–कचरे को कम करने के लिए कानून बनाने की आवश्यकता है। यदि सरकार और जनता दोनों जागरूक हो जाएँ, तो भविष्य में ई–कचरे की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

(1) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए
**कथन** (A) : इलेक्ट्रॉनिक साधन किसी भी रूप में पर्यावरण के लिए हानिकारक नहीं है।
**कारण** (R) : भारत में ई–कचरे का निपटान प्रायः औपचारिक पुनर्चक्रण केंद्रों में होता है।
(क) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ग) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
(घ) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(2) इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में कौन–सा गुण नहीं होता है?
(क) मनोरंजन का (ख) मिट्टी में घुल जाने का
(ग) सुख–सुविधाएँ प्रदान करने का (घ) इनमें से कोई नहीं

(3) 'ई–कचरे' को कम करने के लिए क्या आवश्यक है?
(क) इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कम खपत (ख) कानून निर्माण
(ग) जैविकीकरण (घ) पुनर्चक्रण केंद्रों की संख्या बढ़ाना

(4) हमारे देश में ई–कचरे का निपटान कहाँ किया जाता है?
(क) पुनरावर्तन उद्योगों में (ख) औपचारिक पुनर्चक्रण केंद्रों में
(ग) अनौपचारिक पुनर्चक्रण केंद्रों में (घ) पुनरावर्तन क्षेत्रों में

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(5) 'ई–कचरे' के दुष्प्रभाव से बचाव हेतु किसकी अवधारणा पर बल दिया जाना चाहिए?
(क) सतत विकास की (ख) हरित कृषि की
(ग) ग्रीन पीसी की (घ) इनमें से कोई नहीं

**3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'वह तलवार को अपनी तरफ खींचते–खींचते दूर तक पहुँच गया।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया–विशेषण पदबंध

(2) 'स्काउटिंग का अभ्यास करने के लिए बच्चे हाथ में नीली–पीली झंडियाँ लाए थे।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है
(क) स्काउटिंग का अभ्यास (ख) नीली–पीली
(ग) बच्चे (घ) झंडियाँ

(3) क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटिए
(क) कर्नल की पूरी फौज धीरे–धीरे वज़ीर अली का पीछा कर रही थी।
(ख) वामीरों पर तताँरा का प्रभाव जम चुका था।
(ग) बड़े भाई साहब अधिकांश समय पढ़ते रहते थे।
(घ) वजीर अली की गिरफ्तारी बहुत मुश्किल है

(4) 'जानकी देवी के साथ वहाँ गए, बहुत लोगों को चोट लगी हुई थी।' रेखांकित पदबंध का भेद है–
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(5) 'दादी ने टोपी की डंडे से खूब पिटाई की।' रेखांकित पदबंध का भेद है–
(क) क्रिया पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध
(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया विशेषण पदबंध

**4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'हरिहर काका निःसंतान होने के कारण कथावाचक को प्यार करते थे।' दिए गए वाक्य का मिश्र वाक्य होगा
(क) हरिहर काका निःसंतान थे और कथावाचक को प्यार करते थे
(ख) हरिहर काका कथावाचक को निःसंतान होने के कारण प्यार करते थे
(ग) हरिहर काका निःसंतान थे, इसलिए कथावाचक को प्यार करते थे
(घ) हरिहर काका निःसंतान होने के कारण कथावाचक से प्यार करते थे

(2) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | लेखक जल्दी–जल्दी कार्य करता और ओमा को याद करता। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | जब लेखक जल्दी–जल्दी कार्य करने की योजना बनाते, तब उन्हें ओमा की याद आती। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | लेखक को जल्दी–जल्दी कार्य करने पर ओमा की याद आती। | (iii) | मिश्र वाक्य |

विकल्प
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii (ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii (घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(3) 'टोपी और इफ्फन की दादी अलग–अलग मज़हब और जाति के थे।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्रित वाक्य (घ) सामान्य वाक्य

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(4) निम्न में से संयुक्त वाक्य है
(क) पारंपरिक पोशाक के साथ वह अपनी कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता
(ख) बड़े भाई साहब ने भी उसी उम्र में पढ़ना शुरू किया था, जब मैंने शुरू किया था
(ग) लोग वक्त मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह भागा–भागा वहाँ पहुँच जाता
(घ) असल में नवाब आसिफ़उद्दौला के यहाँ लड़के की कोई उम्मीद नहीं थी

(5) 'वीमारो कुछ सचेत होने पर घर की ओर दौड़ी।' रचना के आधार पर वाक्य का भेद होगा
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) सामान्य वाक्य

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'विचारमग्न' शब्द में कौन–सा समास है?
(क) बहुव्रीहि समास (ख) तत्पुरूष समास
(ग) द्वंद्व समास (घ) द्विगु समास

(2) 'असत्य' शब्द का समास विग्रह एवं भेद होगा
(क) अ और सत्य – द्वंद्व समास (ख) जो सत्य नहीं – कर्मधारय समास
(ग) न सत्य – तत्पुरूष समास (घ) एक सत्य – द्विगु समास

(3) 'पूजास्थल' शब्द के सही समास विग्रह का चयन कीजिए
(क) पूजा के लिए स्थल– तत्पुरुष समास (ख) पूजा का स्थल– कर्मधारय समास
(ग) स्थल पर पूजा– द्विगु समास (घ) पूजा और स्थल– द्वंद्व समास

(4) 'तिरंगा' समस्त पद का विग्रह होगा
(क) तीन रंगो का समाहार (ख) तीन हैं जों रंग
(ग) रंगो का समूह (घ) रंगो में तीन

(5) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

| | **समस्त पद** | **समास** |
|---|---|---|
| 1. | आत्मविश्वास | तत्पुरूष समास |
| 2. | शुभागमन | अव्ययीभाव समास |
| 3. | करकमल | तत्पुरूष समास |
| 4. | गिरिधर | बहुव्रीहि समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं?
(क) 1 और 2 (ख) 1 और 4
(ग) 1, 2, और 4 (घ) 2 और 3

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) वर्तमान व्यवस्था के विरोध में मीडिया में ..............। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए
(क) आसमान सिर पर उठाने लगा है (ख) आवाज़ उठने लगी है
(ग) उल्टी गंगा बहने लगी है (घ) उन्नीस–बीस होने लगा है

(2) क्रांतिकारियों ने भारत को आज़ाद कराने के लिए .............. लिया था। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक हमारे मुहावरे से कीजिए
(क) अन्न–जल उठना (ख) गड़े मुर्दे उखाड़ना
(ग) बीड़ा उठाना (घ) आसमान सिर पर उठाना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(3) 'इज्जत खराब करना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(क) इज्जत में बट्टा लगाना
(ख) पगड़ी रखना
(ग) दम भरना
(घ) दंग रह जाना

(4) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए
(क) होश उड़ जाना–खो जाना
(ख) यमपुर पहुँचाना–एक स्थान पर पहुँचाना
(ग) बाट जोहना–इंतजार करना
(घ) पापड़ बेलना– कार्य करना

(5) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा
'बडे भाई साहब को आगे बढ़ने का <u>कोई उपाय नहीं मिल रहा</u> था।'
(क) राह न सूझना
(ख) सुराग न मिलना
(ग) हिम्मत टूटना
(घ) सिरफिरना

(6) 'खरी–खोटी सुनाना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(क) आपा खोना
(ख) आड़े हाथों लेना
(ग) हावी होना
(घ) दो–से चार बनाना

**7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

गिरि का गौरव गाकर झर–झर
मद में नस–नस उत्तेजित कर
मोती की लड़ियों–से सुंदर
झरते हैं झाग भरे निर्झर!
गिरिवर के उर से उठ–उठ कर
उच्चाकाँक्षाओं से तरुवर
हैं झाँक रहे नीरव नभ पर
अनिमेष, अटल, कुछ चिंतापर।

(1) झरने की आवाज सुनकर कवि की नस–नस में जोश भर जाता है। इससे ज्ञात होता है कि कवि .............. है।
(क) उदासीन
(ख) उत्साही
(ग) उमंग से भरपूर
(घ) (ख) और (ग) दोनों

(2) पर्वतो से बहने वाले झरनों की आवाज सुनकर कवि को कैसा लगता है?
(क) मानों वे पर्वतों का गुणगान कर रहे हों
(ख) मानो वे अपनी सुंदरता का गुणगान कर रहे हों
(ग) मानो वे संसार में सबसे अधिक शक्तिशाली हों
(घ) मानों उनके समान कोई दूसरा न हो

(3) निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन पद्यांश से मेल खाता हुआ है?
(क) झरने देवताओं का गुणगान कर रहे हैं
(ख) शाल के विशाल वृक्ष भयभीत हैं
(ग) विशाल वृक्ष आकाश का रहस्य जानना चाहते हैं
(घ) पर्वत पर अद्भुत दृश्य दिखाई दे रहे हैं

(4) झरनों की आवाज का कवि पर क्या प्रभाव पड़ता है
(क) वे कवि को नीरस बनाते हैं
(ख) वे कवि में नया जोश भरते हैं
(ग) वे कवि का मार्ग अवरुद्ध करते हैं
(घ) वे कवि को निराशा प्रदान करते हैं

(5) पेड़ शांत आकाश को किस प्रकार निहार रहे हैं?
(क) ऊँचा उठकर
(ख) बिना पलक झपकाए
(ग) प्रसन्न भाव से
(घ) निराशापूर्ण भाव से

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**
SOLUTIONS

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) 'जब मैं था तब हरि नहीं' पंक्ति का भाव है
(क) जब मैं जीवित था तब भगवान नहीं थे
(ख) जब मुझमें अहंकार भरा था, तब ईश्वर मुझे नहीं मिल पा रहे थे
(ग) जब मैं होता हूँ, तब भगवान नहीं होते
(घ) जब मैं मंदिर दर्शन करने गया, तो वहाँ भगवान नहीं थे

(2) राजा उशीनर ने अपने शरीर का मांस दान कर दिया, क्योंकि
(क) वे अपने वचन की रक्षा करना चाहते थे
(ख) वे एक पक्षी के प्राण बचाना चाहते थे
(ग) वे भूखे को भोजन खिलाना चाहते थे
(घ) वे देवताओं की जीत व रक्षा करना चाहते थे

**9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

अब भाई साहब बहुत कुछ नरम पड़ गए थे। कई बार मुझे डाँटने का अवसर पाकर भी उन्होनें धीरज से काम लिया। शायद वह खुद समझने लगे थे कि मुझे डाँटने का अधिकार उन्हें नहीं रहा, या रहा भी, तो बहुत कम। मेरी स्वच्छंदता भी बढ़ी। मैं उनकी सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा। मुझे कुछ ऐसी धारणा हुई कि मैं पास ही हो जाऊँगा, पढ़ूँ या न पढ़ूँ, मेरी तकदीर बलवान है, इसलिए भाई साहब के डर से जो थोड़ा–बहुत पढ़ लिया करता था, वह भी बंद हुआ। मुझे कनकौए उड़ाने का नया शौक पैदा हो गया था और सारा समय पतंगबाजी की ही भेंट होता था, फिर भी मैं भाई साहब का अदब करता था और उनकी नज़र बचाकर कनकौए उड़ाता था। माँझा देना, कनने बाँधना, पतंग टूर्नामेंट की तैयारियाँ आदि समस्याएँ सब गुप्त रूप से हल की जाती थीं। मैं भाई साहब को यह संदेह न करने देना चाहता था कि उनका सम्मान और लिहाज मेरी नज़रो में कम हो गया है।

(1) बड़े भाई साहब के व्यवहार में लेखक को नरमी कब दिखाई देने लगी?
(क) जब वे अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो गए
(ख) जब वे परीक्षा में फेल हो गए
(ग) जब छोटे भाई ने उनसे बात करना बंद कर लिया
(घ) जब उन्हें लगा कि वे जरूरत से ज्यादा डाँटते हैं

(2) मेरी स्वच्छंदता बढ़ी। मैं उनकी सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा और मुझे धारणा हुई कि मैं पढ़ूँ या ना पढ़ूँ, पास हो ही जाऊँगा। पंक्ति के माध्यम से बताइए कि छोटा भाई किस प्रकार बड़े भाई साहब की सहिष्णुता का लाभ उठाने लगा?
दिए गए कथनों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) छोटा भाई सारे दिन पतंगबाजी करने लगा
(ii) छोटे भाई ने पढ़ाई करना बिल्कुल छोड़ दिया
(iii) छोटा भाई पतंग टूर्नामेंट की तैयारी करने लगा
(iv) छोटा भाई परीक्षा की तैयारी करने लगा
(क) केवल (i)
(ख) (i), (ii), और (iii)
(ग) (i) और (ii)
(घ) (iii) और (iv)

(3) लेखक बड़े भाई के डर से क्या किया करता था?
(क) और अधिक खेलता था
(ख) मित्रों से नहीं मिलता था
(ग) थोड़ा–बहुत पढ़ता था
(घ) नवीन योजना बनाता था

(4) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकलपों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए
**कथन** (A) : बड़े भाई साहब का व्यवहार लेखक के प्रति कुछ नरम हो गया।
**कारण** (R) : बड़े भाई साहब फिर से फेल हो गए और छोटे भाई से केवल एक कक्षा आगे रह गए।
(क) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है
(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही हैं
(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है
(घ) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**
SOLUTIONS

(5) लेखक बड़े भाई साहब को किस बात का संदेह नहीं होने देना चाहता है?
(क) अनुभव के कारण उनकी बात को जानने का
(ख) उनका सम्मान लेखक की नज़रों में कम हो गया है
(ग) उनकी पढ़ाई की पुस्तकें उसने फाड़ दी है
(घ) उनकी शिकायत दादा जी से कर दी है

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) 'तीसरी कसम' फिल्म की सबसे महत्त्वपूर्ण और बडी खूबी थी
(क) इसमें दिखाया दुःख स्वाभाविक था, नाटकीय नहीं
(ख) इसमें सुख की परिभाषा अत्यंत सरल थी
(ग) इसका संगीत अत्यंत मधुर था
(घ) इसमें करुणा के साथ जूझने का संकेत था

(2) निम्नलिखित में से कौन–सा/से तथ्य लिटिल अंडमान के विषय में सत्य है/हैं?
(i) यह अंडमान द्वीपसमूह का अंतिम द्वीपसमूह है
(ii) पहले यह निकोबार द्वीपसमूह से मिला हुआ था
(iii) इसकी लंबाई सर्वाधिक है
(iv) यह वर्तमान में समाप्त हो चुका है

**कूट**
(क) केवल (i)
(ख) (i), (ii), और (iii)
(ग) (i) और (ii)
(घ) (iii) और (iv)

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ देश की युवा पीढ़ी को किस प्रकार प्रभावित करता है?

(2) जापान में चाय पिलाने की विधि को क्या कहते हैं? उसकी क्या विशेषता है? सविस्तार समझाइए।

(3) सवार के जाने के बाद कर्नल के आश्चर्यचकित होने के क्या कारण थे? 'कारतूस' पाठ के आधार पर लिखिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) गजराज की सहायता कृष्ण ने कैसे और क्यों की? 'पद' के आधार पर बतलाइए।

(2) विरासत में मिली चीजों की बड़ी सँभाल क्यों होती है? 'तोप' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(3) क्या 'आत्मत्राण' कविता की यह प्रार्थना आपको अन्य प्रार्थना गीतों से अलग लगती है? यदि हाँ, तो कैसे?

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) 'हरिहर काका' की अपने परिवार के सदस्यों से मोहभंग की शुरुआत किस प्रकार हुई? आप हरिहर काका के इस मोहभंग को उचित मानते हैं अथवा अनुचित? 'हरिहर काका' पाठ के आधार अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(2) लेखक के अनुसार उन्हें स्कूल खुशी से भागे जाने की जगह न लगने पर भी कब और क्यों उन्हें स्कूल जाना अच्छा लगने लगा? 'सपनों के–से दिन' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(3) 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर बताइए कि इफ़्फ़न की दादी मिली–जुली संस्कृति में विश्वास क्यों रखती थीं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **संतोष धन**
- संतोष का अर्थ
- महत्त्व
- इसे अपनाना आवश्यक क्यों?
- संतोष में ही सुख का वास

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(2) **साहस ही सफलता है**
- अर्थ
- सफलता से तुलना
- मानव की उपलब्धियाँ इसी की देन
- साहस जैसे गुण को अपनाने का आह्वान

(3) **पराधीनता : एक अभिशाप**
- अर्थ
- पराधीनता : एक अभिशाप कैसे?
- स्वाधीन जीवन का महत्त्व
- स्वाधीनता में ही सच्चा सुख

15. (1) **मनीऑर्डर देर से मिलने पर डाक प्रबंधक को लगभग 100 शब्दों में एक शिकायती पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **तेजी से बढ़ते डेंगू रोग पर चिंता व्यक्त करते हुए अपने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

16. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $(4 \times 1 = 4)$

(1) विद्यालय की ओर से आयोजित पुस्तक–प्रदर्शनी के संबंध में प्रधानाचार्य की ओर से जारी लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए।

**अथवा**

(2) हास्य कवि सम्मेलन हेतु अध्यक्ष की ओर से कादंबरी अपार्टमेंट के निवासियों के लिए लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए।

17. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए–** $(3 \times 1 = 3)$

(1) आप एक अच्छे चित्रकार हैं। अपने चित्रों की प्रदर्शनी के लिए लगभग 40 शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) रिलैक्सो चप्पल का लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

18. (1) **'बुद्धिमानी' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **आप नवीन शुक्ला हैं। आपका लैंड लाइन फोन खराब हो गया है। भारत संचार निगम को खराब फोन की मरम्मत के लिए शिकायत करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।**

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**
- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App
Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 28

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

हिन्दी कवियों में भक्ति शिरोमणि तुलसीदास का स्थान सर्वोपरि है। तुलसी जैसा कवि काव्य की विशुद्ध, मनोमयी, कल्पना–प्रवण तथा श्रृंगारात्मक भावभूमियों के प्रति उत्साही नहीं हो सकता। उनका संत–हृदय परम कारूणिक राम के प्रति ही उन्मुख हो सकता है, जो जीवन के धर्ममय सौंदर्य, मर्यादापूर्ण, शील और आत्मिक शौर्य के प्रतीक हैं। विजय–रथ के रूपक में उन्होंने संत जीवन की रूपरेखा उभारी है और अपनी रामकथा को इसी संतत्व की चरितार्थता बना दिया है। उनका काव्य भारतीय जीवन की सबसे बड़ी आकांक्षा मर्यादित जीवन–चर्या अथवा 'संत–जीवन' को वाणी देता है। धर्ममय जीवन की आकांक्षा भारतीय संस्कृति का वैशिष्टय है। तुलसी के काव्य में धर्म का अनाविल, अनावरण और अक्षुण्ण रूप ही प्रकट हुआ है। मध्य युग की आध्यात्मिका का प्रतिनिधित्व करते हुए भी उनका काव्य भारतीय आत्मा के चिरंतन सौंदर्य का प्रतिनिधि है, जो सत्य, तप, करूणा और मैत्री में ही आरोहण के देवधर्मी मूल्यों को अनावृत करता है। उनके काव्य में हमें श्रेष्ठ कवित्व ही नहीं मिलता, उसके आधार पर हम संत–कवित्व की रूपरेखा भी निर्धारित कर सकते हैं। भक्ति उनके जीवन की आंतरिक भाव–साधना है। इस भाव–साधना की वाणी की अप्रतिम क्षमता देकर उन्होंने निष्कंप दीपशिखा की भाँति अपनी काव्य–कला को निःसंग और निर्वैयक्तिक दीप्ति से भरा है।

(1) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : तुलसी मनोमयी, कल्पना–प्रवण तथा श्रृंगारात्मक कवियों में अग्रणी हैं।

**कारण** (R) : तुलसी जी ने विजय–रथ के रूपक में गृहस्थ जीवन की रूपरेखा उभारी है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(2) तुलसी जी में किसके प्रति उत्साह नहीं है?

(क) संत कवि के प्रणयन के प्रति
(ख) धर्ममय जीवन जीने के प्रति
(ग) विशुद्ध एवं कल्पनामय काव्य प्रणयन के प्रति
(घ) भक्ति–भाव को अभिव्यक्त करने के प्रति

(3) तुलसी जी के राम किसके प्रतीक हैं?

(क) धर्म, करूणा और शील
(ख) मर्यादा, भक्ति और सौंदर्य
(ग) करूणा, शील और संतत्व
(घ) शील, शौर्य और सौंदर्य

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) तुलसी जी के काव्य में भारतीय जीवन की कौन–सी सबसे बड़ी अभिलाषा व्यक्त हुई है?
(क) राम के प्रति उन्मुखता की
(ख) राम–रावण कथा की
(ग) संतों की–सी दिनचर्या की
(घ) मर्यादित शृंगारिकता की

(5) तुलसी जी के काव्य में धर्म का कैसा रूप प्रकट हुआ है?
(क) अक्षुण्ण
(ख) अनावरण
(ग) अनाविल
(घ) ये सभी

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

नम्रता स्वतंत्रता की जननी मानी जाती है। सामान्यतः भ्रमवश लोग अहंकार को उसकी जननी मानते हैं। वास्तव में वह विमाता है। मर्यादापूर्वक जीवन व्यतीत करने के लिए आत्मनिर्भरता आवश्यक है। आत्ममर्यादा हेतु आवश्यक है कि हम बड़ों से सम्मानपूर्वक तथा छोटों और बराबर वालों के साथ कोमलता का व्यवहार करें। युवाओं को याद रखना चाहिए कि उनका ज्ञान कम है। वे अपने लक्ष्य से पीछे हैं तथा उनकी आकांक्षाएँ उनकी योग्यता से अधिक हैं। सभी लोग युवाओं से कुशल आचरण और विनम्रता की उम्मीद करते हैं। नम्रता का अर्थ दूसरों का मुँह ताकना नहीं है। इससे तो प्रज्ञा मंद पड़ जाती है, संकल्प क्षीण होता है, विकास रुक जाता है तथा निर्णय क्षमता नहीं आती। मनुष्य को अपना भाग्यविधाता स्वयं होना चाहिए। हमेशा याद रखो, अपने फैसले तुम्हें स्वयं ही करने होंगे। विश्वासपात्र मित्र भी तुम्हारी जिम्मेदारी नहीं ले सकता। हमें अनुभवी लोगों के अनुभवों से लाभ उठाना चाहिए, लेकिन हमारे निर्णयों तथा विचारों से ही हमारी रक्षा व हमारा पतन होगा। हमें नजरें तो नीचे रखनी हैं, लेकिन सामने का रास्ता भी देखना है। हमारा व्यवहार कोमल तथा लक्ष्य उच्च होना चाहिए। हमारी प्रवृत्ति ऐसी होनी चाहिए कि संक्रमणकाल में भी हम स्वयं को साधारण रख पाएँ। वही मनुष्य कर्मक्षेत्र में श्रेष्ठ और उत्तम रहते हैं, जिनमें बुद्धि, चतुराई तथा दृढ़ निश्चय होता है।

(1) गद्यांश में मूलतः स्वतंत्रता की जननी किसे माना गया है?
(क) आत्मनिर्भरता को
(ख) मर्यादा को
(ग) आकांक्षा को
(घ) नम्रता को

(2) 'अपना भाग्य विधाता होना' से क्या तात्पर्य है?
(क) संकल्पवान होना
(ख) स्वयं अपना निर्णय लेना
(ग) स्वयं को विधाता मानना
(घ) भाग्य पर विश्वास करना

(3) गद्यांश के अनुसार, युवाओं को क्या याद रखना चाहिए?
(क) उनका ज्ञान कम है
(ख) वे अपने लक्ष्य से पीछे हैं
(ग) उनकी आकांक्षाएँ उनकी योग्यता से अधिक हैं
(घ) उपर्युक्त सभी

(4) प्रस्तुत गद्यांश हमें क्या संदेश देता है?
(क) हमें अपने आचरण को विशिष्ट बनाने की आवश्यकता है
(ख) मनुष्य को आत्मनिर्भर बनना चाहिए
(ग) वही मनुष्य कर्मक्षेत्र में श्रेष्ठ और उत्तम रहते हैं, जिनमें बृद्धि, चतुराई तथा दृढ़ निश्चय होता है।
(घ) स्वतंत्रता और अहंकार एक–दूसरे के पूरक हैं

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : मनुष्य को अपना भाग्यविधाता स्वयं होना चाहिए।
**कारण** (R) : दूसरों के भरोसे रहकर मनुष्य का संकल्प क्षीण होता है।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'टोपी ने उस दिन प्रण लिया कि वह अब ऐसे किसी लड़के से दोस्ती नहीं करेगा।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

(2) 'शुद्ध सोने में ताँबा मिलाने पर गिन्नी का सोना बनता हैं।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है
(क) शुद्ध (ख) ताँबा
(ग) गिन्नी का सोना (घ) बनता है

(3) क्रिया–विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटिए।
(क) तताँरा एक नेक व मददगार व्यक्ति था
(ख) उनकी आवाज सुनकर नस–नस में जोश भर जाता है
(ग) वह तलवार को अपनी तरफ खींचते–खींचते दूर तक पहुँच गया
(घ) महात्मा बुद्ध का तत्कालीन समाज उनका विरोधी था

(4) 'विरासत में मिली चीजों को सँभालकर रखा जाता है।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(5) 'पूरी लगन से काम करने वाला मैं असफल नहीं हो सकता।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) सर्वनाम पदबंध (ख) क्रिया पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) संज्ञा पदबंध

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'रीति के अनुसार, दोनों को एक ही गाँव का होना आवश्यक था।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा
(क) रीति के अनुसार, दोनों एक ही गाँव से थे।
(ख) रीति के अनुसार, यह आवश्यक था कि दोनों एक ही गाँव के हों।
(ग) यह रीति थी, इसलिए दोनों एक गाँव से थे।
(घ) इनमें से कोई नहीं

(2) 'कलकत्तावासियों के लिए 26 जनवरी, 1931 का दिन महत्त्वपूर्ण था।' रचना के आधार पर वाक्य का भेद है
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्रित वाक्य (घ) सामान्य वाक्य

(3) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | वह युवती वामीरो थी, जो 'लपाती' गाँव की रहने वाली थी। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | वह युवती वामीरो लपाती गाँव में रहती थी। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | वह युवती वामीरो थी और लपाती गाँव में रहती थी। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii (ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii (घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(4) निम्न में से संयुक्त वाक्य है
(क) वह घुड़सवार एक जाँबाज सिपाही था। (ख) दरिया पर जाओ, तो उसे सलाम करो।
(ग) ये वजीर अली आदमी है या भूत। (घ) राजकपूर एक संवेदनशील कलाकार थे।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) 'हरिहर काका जब घर छोड़कर गए तो, उनके भाईयों को पता नहीं चला।' रचना के आधार पर वाक्य का भेद है
(क) आज्ञार्थक वाक्य
(ख) सरल वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य
(घ) मिश्र वाक्य

**5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'दोपहर' शब्द में कौन–सा समास है?
(क) द्वंद्व समास
(ख) कर्मधारय समास
(ग) द्विगु समास
(घ) तत्पुरूष समास

(2) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

| | समस्त पद | समास |
|---|---|---|
| 1. | राहखर्च | तत्पुरूष समास |
| 2. | परमानंद | कर्मधारय समास |
| 3. | पंचानन | बहुव्रीहि समास |
| 4. | प्रतिक्षण | अव्ययीभाव समास |

उपर्युक्त में से कौन–सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?
(क) 1 और 2
(ख) केवल 3
(ग) 2 और 4
(घ) ये सभी

(3) 'महाविद्यालय' शब्द के सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए।
(क) महान है जो विद्यालय–कर्मधारय समास
(ख) महान् और विद्यालय–द्वंद्व समास
(ग) विद्यालय में महान्–तत्पुरूष समास
(घ) बड़ा है, जो विद्यालय–कर्मधारय समास

(4) 'एकदंत' समस्तपद का विग्रह और समास होगा
(क) एक है दाँत, जिसका अर्थात् गणेश–बहुव्रीहि समास
(ख) दाँतों में एक है जो–अव्ययीभाव समास
(ग) एक दाँत का समाहार–द्विगु समास
(घ) एक दाँत ही है जो–कर्मधारय समास

(5) 'तिरंगा' समस्तपद का विग्रह होगा
(क) तीन रंगों वाला
(ख) तीन है रंग जिनके
(ग) तीन रंगों का समाहार
(घ) तीन रंगों वाला है जो

**6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) दसवीं की परीक्षा में अनुतीर्ण होने पर पिताजी उस पर ....................। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) बरस पड़े
(ख) जान के लाले पड़े
(ग) रो पड़े
(घ) टूट पड़े

(2) कमजोर आदमी शक्तिशाली आदमी की हर कड़वी बात को .................... जाता है। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक विकल्प से कीजिए।
(क) तेली के बैल की तरह हो
(ख) जहर के घूँट की तरह पी
(ग) चूना लगाने की तरह
(घ) मधुर रस की तरह पी

(3) 'बीती बातों पर विवाद खड़ा करना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा चुनिए
(क) चिराग तले अँधेरा
(ख) चूड़ियाँ पहनना
(ग) नाक में नकेल डालना
(घ) गड़े मुर्दे उखाड़ना

(4) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए।
(क) आँखें उठाना–गुस्सा करना
(ख) गिरह बाँधना–मन में बैठा लेना
(ग) दूध की मक्खी–खाने में मिलावट
(घ) शब्द चाटना–धोखा देना

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions
SOLUTIONS

(5) 'अवसर का लाभ उठाना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(क) बहती गंगा में हाथ धोना
(ख) मुट्ठी गर्म करना
(ग) भांडा फोड़ना
(घ) पाँचों उँगलियाँ घी में होना

(6) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?
समीर हमेशा <u>जानबूझकर मुसीबत मोल</u> लेता है।
(क) औंधे मुँह गिरना
(ख) ओखली में सिर देना
(ग) एडी–चोटी का जोर लगाना
(घ) जान हथेली पर रखना

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

स्याम म्हाँने चाकर राखो जी,
गिरधारी लाला म्हाँने चाकर राखो जी।
चाकर रहस्यूँ बाग लगास्यूँ नित उठ दरसण पास्यूँ,
बिंदरावन री कुंज गली में, गोंविद लीला गास्यूँ।
चाकरी में दरसण पास्यूँ, तीनूं बाताँ सरसी।

(1) मीरा श्रीकृष्ण की सेवा क्यों करना चाहती है?
(क) धन लाभ के लिए
(ख) दर्शन करने के लिए
(ग) यशस्वी बनने के लिए
(घ) अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए

(2) मीरा श्रीकृष्ण से क्या प्रार्थना कर रही है?
(क) मेरे कष्ट हर लो
(ख) मुझे अपनी दासी बना लो
(ग) मेरे जीवन को सुखों से भर दो
(घ) मेरा संसार में नाम कर दो

(3) निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन मीरा के भक्ति–भाव की विशेषता बताता है?
(क) मीरा श्रीकृष्ण के यहाँ सेविका बनकर रहना चाहती है।
(ख) श्रीकृष्ण के नाम स्मरण से मीरा को जेब खर्च प्राप्त हो जाएगा।
(ग) मीरा श्रीकृष्ण के कभी दर्शन नहीं करना चाहती है।
(घ) मीरा एक अत्यंत सुंदर सेविका है।

(4) श्रीकृष्ण के नाम स्मरण से मीरा को कौन–सा लाभ प्राप्त होगा?
(क) यश प्राप्त करने का
(ख) श्रीकृष्ण के दर्शन करने का
(ग) (क) और (ख) दोनों
(घ) इनमें से कोई नहीं

(5) प्रस्तुत पद्यांश के माध्यम से ज्ञात होता है कि मीरा श्रीकृष्ण की अनन्य ............ थी।
(क) भक्त
(ख) सेविका
(ग) प्रेमिका
(घ) ये सभी

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) कबीरदास जी के अनुसार निंदक व्यक्तियों को सदैव अपने पास रखना चाहिए, क्योंकि
(क) उनसे हमें प्रसन्नता मिलती है
(ख) वे हमारे मित्र होते हैं
(ग) वे हमारे स्वभाव को स्वच्छ एवं पवित्र बना देते हैं
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(2) 'गिरिवर के डर से उठ–उठकर उच्चाकांक्षाओं से तरूवर।' पंक्ति का भाव है
(क) पहाड़ों पर ऊँचे–ऊँचे पेड़ खड़े हैं
(ख) पहाड़ों के ऊँचे–ऊँचे पेड़ वर्षा की प्रतीक्षा कर रहे हैं
(ग) पहाड़ों पर उगे विशाल वृक्षों के मन में ऊँची–ऊँची आकांक्षाएँ छिपी हैं
(घ) ये आकाश के रहस्यों को जानना चाहते हैं

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**
**SOLUTIONS**

**9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

मैं तुमसे पाँच साल बड़ा हूँ और हमेशा रहूँगा। मुझे दुनिया का और जिंदगी का जो तजुरबा है, तुम उसकी बराबरी नहीं कर सकते, चाहे तुम एम. ए. और डी. फिल् और डी. लिट् ही क्यों न हो जाओ। समझ किताबें पढ़ने से नहीं आती, दुनिया देखने से आती है। हमारी अम्मा ने कोई दरजा नहीं पास किया और दादा भी शायद पाँचवीं–छठी जमात के आगे नहीं गए, लेकिन हम दोनों चाहें सारी दुनिया की विद्या पढ़ लें, अम्मा और दादा को हमें समझाने और सुधारने का अधिकार हमेशा रहेगा। केवल इसलिए नहीं कि वे हमारे जन्मदाता हैं, बल्कि इसलिए कि उन्हें दुनिया का हमसे ज्यादा तजुरबा है और रहेगा। अमेरिका में किस तरह की राज–व्यवस्था है और आठवें हेनरी ने कितने ब्याह किए और आकाश में कितने नक्षत्र हैं, यह बातें चाहे उन्हें न मालूम हों, लेकिन हजारों ऐसी बातें हैं, जिनका ज्ञान उन्हें हमसे और तुमसे ज्यादा है।

(1) बड़े भाई साहब ने छोटे भाई पर रोब जमाने के लिए किस बात की दुहाई दी?

(क) अपनी पढ़ाई की
(ख) अपने अनुभवों व आयु की
(ग) चित्र बनाने की कला की
(घ) इनमें से कोई नहीं

(2) "मैं तुमसे पाँच साल बड़ा हूँ और हमेशा रहूँगा। मुझे दुनिया का और जिंदगी का जो तजुरबा है, तुम उसकी बराबरी नहीं कर सकते ..." कथन के माध्यम से ज्ञात होता है कि

दिए गए कथनों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(i) छोटा भाई अपने भाई साहब का आदर करता है
(ii) भाई साहब को जिंदगी का अच्छा अनुभव है
(iii) भाई साहब के भीतर भी एक छोटा बच्चा है
(iv) भाई साहब छोटे भाई का भला चाहते हैं

(क) केवल (ii)
(ख) (i) और (iii)
(ग) (iii) और (iv)
(घ) (i) और (iv)

(3) बड़े भाई के अनुसार, दुनिया की समझ किससे आती है?

(क) किताबें पढ़ने से
(ख) उच्च शिक्षा प्राप्त करने से
(ग) अनुभव से
(घ) इनमें से कोई नहीं

(4) "हमारी अम्मा ने कोई दरजा पास नहीं किया और दादा भी शायद पाँचवीं–छठी जमात के आगे नहीं गए, लेकिन हम दोनों चाहे सारी दुनिया की विद्या पढ़ ले, अम्मा और दादा को हमें समझाने और सुधारने का अधिकार हमेशा रहेगा।" यह कथन दर्शाता है, अपने अम्मा–दादा के प्रति भाई साहब का

(क) अभिमान
(ख) अपनत्व
(ग) प्रेम
(घ) आदर

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : किताबी ज्ञान के साथ–साथ जिंदगी के अनुभव भी महत्त्वपूर्ण होते हैं।

**कारण** (R) : जीवन की समझ ज्ञान के साथ–साथ अनुभव और व्यावहारिकता से आती है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) 26 जनवरी, 1931 के दिन कलकत्ता में झंडा फहराने की क्या तैयारी हो रही थी?

(क) मकान सजाए जा रहे थे
(ख) पुलिस पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी
(ग) कलकत्ते के प्रत्येक भाग में झंडे लगाए गए थे
(घ) उपर्युक्त सभी

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(2) निम्नलिखित में से कौन–से कथन 'तताँरा–वामीरो की कथा' के प्रभाव को दर्शाते हैं?
(i) ततांँरा ने तलवार से जो कार–निकोबार के टुकड़े किए थे, उसका दूसरा हिस्सा लिटिल अंडमान है।
(ii) ततांँरा–वामीरो के बलिदान के पश्चात् लोग दूसरे गाँवों में भी वैवाहिक संबंध बनाने लगे हैं।
(iii) वर्तमान में उनकी प्रेम–कथा घर–घर में सुनाई जाती है।
(iv) ततांँरा से प्रभावित होकर लोग देशभक्ति करने लगे हैं।

**कूट**

(क) (ii) और (iv) (ख) (i), (ii) और (iii)
(ग) (iii) और (iv) (घ) (i), (iii) और (iv)

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) 'तीसरी कसम' फिल्म को 'सैल्यूलाइड पर लिखी कविता' क्यों कहा गया है?

(2) ''जो जितना बड़ा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है।'' 'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर इसका आशय स्पष्ट कीजिए।

(3) कर्नल को वजीर अली के अफसाने सुनकर रॉबिनहुड के कारनामे क्यों याद आ गए?

12. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) कंपनी बाग में रखी तोप क्या सीख देती है?

(2) 'कर चले हम फ़िदा' कविता में किस प्रकार की मृत्यु को अच्छा कहा गया है और क्यों? इससे कवि क्या संदेश देना चाहता है?

(3) अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए आप प्रार्थना के अतिरिक्त और क्या–क्या प्रयास करते हैं? लिखिए।

13. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) ठाकुरबारी के साधु–संतों का कौन–सा आचरण लेखक के मन में उनके प्रति घृणा उत्पन्न कर रहा था?

(2) "कोई भी भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं बनती।" 'सपनों के–से दिन' पाठ के किस अंश से यह सिद्ध होता है?

(3) इफ़्फ़न की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थीं?

14. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **परंपराएँ : संस्कृति की वाहक**
- परंपराओं का महत्त्व
- परंपराओं का विभाजन
- संस्कृति की निर्मात्री

(2) **टी.वी. रियल्टी शो का समाज पर प्रभाव**
- अर्थ
- रियल्टी शो का आकर्षण
- इसका प्रभाव

(3) **वृक्षारोपण का महत्त्व**
- वृक्षारोपण का अर्थ
- वृक्षों की अंधाधुंध कटाई के प्रभाव
- वृक्षारोपण क्यों हमारा दायित्व

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

15. (1) अपने क्षेत्र में बिजली की अनियमित्ताओं की शिकायत करते हुए क्षेत्रीय विद्युत अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) जल बोर्ड के अध्यक्ष को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर अपने क्षेत्र में नियमित रूप से जल आपूर्ति की व्यवस्था हेतु निवेदन कीजिए।

16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए– $(4 \times 1 = 4)$

(1) विद्यालय की सांस्कृतिक संस्था 'रंगमंच' की सचिव लतिका की ओर से 'स्वरपरीक्षा' के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को यथासमय उपस्थित रहने की सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

(2) भारतीय विकास परिषद् की ओर से स्कूल में आयोजित 'अंतर्विद्यालयी विज्ञान प्रश्नोंत्तर प्रतियोगिता' के लिए लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए।

17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए– $(3 \times 1 = 3)$

(1) 'सोलर कुकर' बनाने वाली एक कम्पनी के लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) 'हस्त शिल्प केंद्र' के लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए जिसके माध्यम से ग्रामीण शिल्पकारों को आमंत्रित करना है।

18. (1) 'मारने वाले से बड़ा बचाने वाला' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) अपने क्षेत्र में एक पार्क विकसित करने के लिए सभी कॉलोनीवासियों की ओर से नगर निगम अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**
- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App

Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 29

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

एक निश्चित उद्देश्य की पूर्ति के लिए आयोजित विचारों का आदान–प्रदान ही साक्षात्कार है। साक्षात्कार चयन का प्रमुख साधन है। साक्षात्कार की तकनीक में साक्षात्कार लेने वाला तथा आवेदक आमने–सामने बैठकर मौखिक विचार–विमर्श करते हैं। साक्षात्कार की सफलता बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करती है कि आपकी अभिव्यक्ति की क्षमता कैसी है। यदि आप अपनी बात स्पष्ट रूप से प्रभावशाली तरीके से रख पा रहे है, तो निश्चित रूप से उसका बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसलिए विद्यार्थियों को प्रयास करना चाहिए कि वे अपनी बोलने की शक्ति को बढ़ाएँ। अच्छे शब्दों का चुनाव करें। घटिया एवं द्विअर्थी शब्दों के प्रयोग से बचना चाहिए। इसी प्रकार आपके वाक्य जटिल न होकर सरल और सुबोध हों। कठिन शब्दों एवं जटिल वाक्यों का प्रयोग आपकी भाषा को कृत्रिम बना देता है। इसके अतिरिक्त बोर्ड के समक्ष व्यवहार अत्यंत संतुलित और सौम्य होना चाहिए अर्थात् आपके बोलचाल के लहजे में सौम्यता होनी चाहिए। यदि आप सदस्य की किसी बात से सहमत नहीं है, तो पूरी विनम्रता के साथ उसका खंड़न करें। यदि आप ऐसे अवसरों पर उग्रता अपनाते हैं, तो वह आपके असंतुलित व्यक्तित्व का परिचायक होगा। यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर दे पाने की स्थिति में नहीं हैं, तो उसके लिए अफसोस व्यक्त करने में संकोच नहीं करना चाहिए। सदस्य इस बात को समझते हैं कि जरूरी नहीं कि आप सभी प्रश्नों के उत्तर दे सकें। गलत उत्तर देकर सदस्यों को मूर्ख बनाने का प्रयत्न कदापि न करें। इसी तरह साफ एवं स्पष्ट उत्तर न देने पर आप स्वयं फँस सकते हैं, क्योंकि ऐसी स्थिति में सदस्य आपसे उस उत्तर का स्पष्टीकरण माँगेंगे और आप अनावश्यक उलझते चले जाएँगे। इसलिए कम बोलना साक्षात्कार की एक आदर्श नीति मानी जाती है। जो जितना अधिक बोलेगा, उसके पकड़ में आने की आशंका उतनी ही अधिक होगी।

(1) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : किसी भी साक्षात्कार की सफलता अभिव्यक्ति की क्षमता पर निर्भर करती है।

**कारण** (R) : अपनी बात स्पष्ट और प्रभावशाली तरीके से रख पाने का बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है।

(ख) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही हैं

(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(घ) कथन (A) सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(2) साक्षात्कार की सफलता के लिए किस प्रकार की भाषा का अभ्यास आवश्यक माना गया है?

(क) प्रभावशाली वक्तव्य की भाषा का (ख) क्लिष्ट एवं साहित्यिक भाषा का

(ग) स्पष्ट एवं सरल सुबोध भाषा का (घ) कृत्रिम भावाभिव्यक्ति की भाषा का

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions

SOLUTIONS

(3) बोर्ड की बात पर असहमत होकर अपनाना किस बात का परिचायक है।
(क) असंतुलित व्यक्तित्व का
(ख) असंतुलित व्यवहार का
(ग) परिवार द्वारा दिए गए आदर्श का
(घ) समाज द्वारा सीखे गए आचरण का

(4) साक्षात्कार की आदर्श नीति क्या है?
(क) सरल सुबोध भाषा का प्रयोग
(ख) कथन का स्पष्टीकरण करना
(ग) प्रश्न के उत्तर की जानकारी होना
(घ) ज्यादा न बोलना

(5) अपनी बात को स्पष्ट एवं प्रभावशाली तरीके से रखने के लिए क्या करना चाहिए?
(क) अपनी बोलने की शक्ति बढ़ानी चाहिए
(ख) अच्छे शब्दों का चुनाव करना चाहिए
(ग) घटिया या द्विअर्थी शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए
(घ) उपर्युक्त सभी

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि कर्म करो और फल की चिंता मत करो। यह कहना तो सरल हैं पर पालन करना उतना सरल नहीं। कर्म के मार्ग पर आनंदपूर्वक चलता हुआ उत्साही मनुष्य यदि अंतिम फल तक न भी पहुँचे तो भी उसकी दशा कर्म न करने वाले की अपेक्षा अधिकतर अवस्थाओं में अच्छी रहेगी, क्योंकि एक तो कर्म करते हुए उसका जो जीवन बीता वह संतोष या आनंद में बीता, उसके उपरांत फल की अप्राप्ति पर भी उसे यह पछतावा न रहा कि मैंने प्रयत्न नहीं किया। फल पहले से कोई बना–बनाया पदार्थ नहीं होता। अनुकूल प्रयत्न–कर्म के अनुसार, उसके एक–एक अंग की योजना होती है। किसी मनुष्य के घर का कोई प्राणी बीमार है। वह वैद्यों के यहाँ से तब तक औषधि ला–लाकर रोगी को देता जाता है, जब तक उसके चित्त में संतोष रहता है, प्रत्येक नए उपचार के साथ जो आनंद का उन्मेष होता रहता हैं, यह उसे कदापि प्राप्त न होता, यदि वह रोता हुआ बैठा रहता। प्रयत्न की अवस्था में उसके जीवन का जितना अंश संतोष, आशा और उत्साह में बीता, अप्रयत्न की दशा में उतना ही अंश केवल शोक और दुःख में कटता। इसके अतिरिक्त रोगी के न अच्छे होने की दशा में भी वह आत्मग्लानि के उस कठोर दुःख से बचा रहेगा, जो उसे जीवनभर यह सोच–समझकर होता कि मैंने पूरा प्रयत्न नहीं किया।

कर्म में आनंद अनुभव करने वालों का नाम ही कर्मण्य है। धर्म और उदारता के उच्च कर्मो के विधान में ही एक ऐसा दिव्य आनंद भरा रहता हैं कि कर्ता को वे कर्म ही फल–स्वरूप लगते हैं। अत्याचार का दमन और शमन करते हुए कर्म करने से चित्त में जो तुष्टि होती है, वही लोकोपकारी कर्मवीर का सच्चा सुख है।

(1) गद्यांश के अनुसार, कर्म करने वाले को फल न मिलने पर भी पछतावा क्यों नहीं होता है?
(क) अंतिम फल पहुँच से दूर होता है
(ख) प्रयत्न न करने का भी पश्चाताप नहीं होता
(ग) वह आनंदपूर्वक काम करता रहता है
(घ) उसका जीवन संतुष्ट रूप से बीतता है

(2) निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन सही है?
(क) कर्म करने वाले व्यक्ति का जीवन संतोष में बीतता हैं
(ख) कर्म का फल प्राप्त करने वाले की अपेक्षा अकर्मण्य की स्थिति अधिक अच्छी होती हैं
(ग) कर्म का फल मनुष्य के जीवन में पहले से ही निश्चित होता है
(घ) कर्म करना मनुष्य के वश की बात नहीं है

(3) घर के बीमार सदस्य का उदाहरण क्यों दिया गया हैं?
(क) पारिवारिक कष्ट बताने के लिए
(ख) नया उपचार बताने के लिए
(ग) शोक और दुःख की अवस्था के लिए
(घ) सेवा के संतोष के लिए

(4) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : कर्म करने वाला मनुष्य यदि अंतिम फल तक न भी पहुँचे तो भी उसकी स्थिति कर्म न करने वाले की अपेक्षा अच्छी ही रहती है।

**कारण** (R) : कर्म करने वाले व्यक्ति का जीवन संतोष में बीतता हैं और फल की अप्राप्ति पर भी उसे यह पछतावा नहीं रहता कि मैनें प्रयत्न नहीं किया।

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है।

(ख) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही हैं

(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(घ) कथन (A) सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(5) 'कर्म में आनंद अनुभव करने वालों का नाम ही कर्मण्य है' इस पंक्ति के माध्यम से लेखक मनुष्य को क्या करने हेतु प्रेरित कर रहे हैं?

(क) कर्म करने हेतु

(ख) फल की इच्छा करने हेतु

(ग) अकर्मण्य बने रहने हेतु

(घ) प्रतीक्षा करने हेतु

**3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) 'तताँरा नामक एक युवक को वामीरो से प्रेम हो गया।' रेखांकित पदबंध का भेद है

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध

(घ) क्रिया पदबंध

(2) 'तीसरी कसम' फिल्म का निर्माण शैलेंद्र द्वारा किया गया था।' वाक्य में क्रिया पदबंध है

(क) फिल्म का निर्माण

(ख) तीसरी कसम

(ग) द्वारा

(घ) किया गया था

(3) विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटिए

(क) वह मनुष्यों के साथ पशु–पक्षियों की भाषा भी समझता था

(ख) घर में कबूतरों ने घोंसला बना लिया था

(ग) दिमाग की रफ्तार धीरे–धीरे धीमी पडने लगी

(घ) 'वजीर अली' एक जाँबाज सिपाही था

(4) 'ततँरा को देखते ही वह फूटकर रोने लगी।' रेखांकित पदबंध का भेद है

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) क्रिया पदबंध

(ग) क्रिया–विशेषण पदबंध

(घ) सर्वनाम पदबंध

(5) 'फैलते हुए प्रदूषण ने मनुष्य के जीवन में अनेक प्रकार की समस्याएँ पैदा कर दीं।' रेखांकित पदबंध का भेद है

(क) सर्वनाम पदबंध

(ख) संज्ञा पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध

(घ) क्रिया पदबंध

**4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(1) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| (1) | जब दुःशासन ने भरी सभा में द्रौपदी का चीरहरण किया था, तब आपने ही चीर को बढ़ाया था। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | दुःशासन द्वारा भरी सभा में द्रौपदी का चीरहरण करने पर आपने चीर बढ़ाया था। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | दुःशासन ने भरी सभा में चीरहरण किया और आपने चीर बढ़ाया था। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**

(क) 1-iii, 2-i, 3-ii

(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i

(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii

(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(2) 'हमारी मृत्यु लोक–कल्याण के हितार्थ होनी चाहिए।' रचना के आधार पर वाक्य का भेद है

(क) सरल वाक्य

(ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य

(घ) सामान्य वाक्य

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(3) 'मेहनत न करने के कारण वह रह गया।' दिए गए वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा
(क) उसने मेहनत नहीं की और वह रह गया
(ख) उसने मेहनत नहीं की, इसलिए वह रह गया
(ग) वह रह गया, क्योंकि उसने मेहनत नहीं की
(घ) उसने मेहनत भी नहीं की और रह भी गया

(4) निम्नलिखित वाक्यों मे संयुक्त वाक्य है
(क) लेखक अव्वल दरजे में पास हुआ था
(ख) सुभाष बाबू को पकड़ा और लॉकअप में भेज दिया
(ग) शैलेंद्र गीतकार ही नहीं, अपितु कवि भी थे
(घ) जैसे ही सूरज ढ़लता माँ पेड़ से पत्ता तोड़ने के लिए मना करती

(5) 'माँ दूसरे अंड़े को बचाने का प्रयास करने लगी, तभी माँ से वह अंड़ा भी गिर गिया।' रचना के आधार पर वाक्य का भेद है
(क) विधानवाचक वाक्य
(ख) मिश्र वाक्य
(ग) सरल वाक्य
(घ) संयुक्त वाक्य

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'कापुरुष' शब्द में कौन–सा समास है?
(क) द्विगु समास
(ख) तत्पुरूष समास
(ग) द्वंद्व समास
(घ) कर्मधारय समास

(2) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

| | **समस्त पद** | **समास** |
|---|---|---|
| 1. | देहलता | कर्मधारय समास |
| 2. | धर्मविमुख | तत्पुरूष समास |
| 3. | रातों–रात | बहुव्रीहि समास |
| 4. | गंगातट | अव्ययीभाव समास |

(क) 1 और 3
(ख) 3 और 4
(ग) केवल 2
(घ) 1 और 2

(3) 'विकारग्रस्त' शब्द के सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए
(क) विकार में ग्रस्त है जो – कर्मधारय समास
(ख) विकार से ग्रस्त – तत्पुरूष समास
(ग) ग्रस्त है जो विका – कर्मधारय समास
(घ) विकार और ग्रस्त – द्वंद्व समास

(4) 'शासनपद्धति' समस्तपद का विग्रह होगा
(क) शासन का पद्धति
(ख) शासन पर पद्धति
(ग) शासन की पद्धति
(घ) शासन से पद्धति

(5) 'ध्यानमग्न' का समास–विग्रह एवं भेद होगा
(क) ध्यान में हैं जो मग्न – कर्मधारय समास
(ख) ध्यान और मग्न – द्वंद्व समास
(ग) ध्यान में मग्न – तत्पुरूष समास
(घ) ध्यान के लिए मग्न – अव्ययीभाव समास

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए
(क) आग लगाना – जलाना
(ख) अंग–अंग ढ़ीला होना – बहुत थक जाना
(ग) आँखें चुराना – चोरी करना
(घ) कान काटना – कंजूस होना

(2) शहर की ऊँची–ऊँची इमारते देखकर गाँव का युवक .............. । उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए
(क) इधर–उधर की हाँकने लगा
(ख) एड़ियाँ घिसने लगा
(ग) चक्कर खा गया
(घ) आग बबूला हो गया

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(3) मनपसंद खिलौना न मिलने पर बालक का .............. । रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए
(क) चेहरा मुरझा गया (ख) आँख का काँटा हो गया
(ग) चेहरा खिल उठा (घ) उल्टी माला फेरने लगा

(4) पुलिस ने सारा दोष निरीह पीड़ित के .............. । रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुंहावरे से कीजिए
(क) मोहर लगा दिया (ख) आँखों से गिरा दिया
(ग) ड़ंका बजा दिया (घ) मत्थे मढ़ दिया

(5) 'लाभ–ही–लाभ होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(क) कंचन बरसना (ख) धन मिलना
(ग) भाग्य चमकना (घ) इनमें से कोई नहीं

(6) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित होगा?
रमेश प्रत्येक बात को <u>सही–गलत का निर्णय करके</u> बताता है।
(क) तूती बोलना (ख) तराजू पर तौलना
(ग) लगती बात (घ) दिमाग होना

**7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

कर चले हम फिदा जानो–तन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों
साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई
फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया
कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं
सर हिमालय का हमने न झुकने दिया
मरते–मरते रहा बाँकपन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों।

(1) 'मरते–मरते रहा बाँकपन साथियों' से तात्पर्य है
(क) अंतिम साँस तक साहस से शत्रुओं का सामना किया (ख) मरते–मरते मार्ग से विचलित हो गए
(ग) शरीर मे बाँकापन आ गया (घ) इनमें से कोई नही

(2) सैनिकों ने साँसे रुकने और नब्ज़ जमने पर भी क्या नहीं रोका?
(क) गीत गाना (ख) अपने कदम आगे बढ़ाना
(ग) दुश्मनों को खोजना (घ) युद्ध करना

(3) युद्ध भूमि में सैनिकों का सिर कट जाने पर भी उन्हें किस बात का गर्व है?
(क) हिमालय पर्वत के सिर को झुकने नहीं दिया
(ख) देश के मान–सम्मान को ठेस नहीं लगने दी
(ग) मरते समय भी मन में बलिदान व संघर्ष का जोश बना रहा
(घ) उपर्युक्त सभी

(4) मरते समय सैनिकों के मन में क्या बना रहा?
(क) भय और आतंक का भाव (ख) बलिदान और संघर्ष का जोश
(ग) राष्ट्र के गुलाम होने का विचार (घ) अन्य साथियों से बिछुड़ने का दुःख

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए
1. कवि ने देशहित के लिए बलिदान की भावना को महत्त्व दिया है
2. देश की रक्षा का भार अन्य साथियों को सौंप रहे हैं

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

3. बलिदान के पथ पर हमें विजय अवश्य प्राप्त होगी
4. जवानी में सौंदर्य, प्रेम और जोश चरमोत्कर्ष पर होता है

उपर्युक्त में सें कौन–सा/से कथन सही है/हैं?

(क) 1 और 4 (ख) 1, 2, और 3

(ग) 1 और 2 (घ) 3 और 4

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) आपके द्वारा पाठ्यक्रम में पढ़ी गई 'आत्मत्राण' कविता में कवि रोग रहित रहने की बात क्यों करता हैं?

(क) शक्ति को बनाए रखने के लिए (ख) भवसागर को पार करने के लिए

(ग) (क) और (ख) दोनों (घ) जीवन की रक्षा करने के लिए

(2) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए

(i) कबीर के अनुसार जिसने परमात्मा को जान लिया वही सच्चा ज्ञानी है
(ii) कबीर ईश्वर को संसार में ढूँढ़ते रहते हैं
(iii) कबीर संसार की नश्वरता को देखकर रोते हैं
(iv) कबीरदास अहंकार व कटु वचन त्यागने का संदेश देते हैं

उपर्युक्त में से कौन–सा/से कथन सहीं है/हैं?

(क) (i) और (ii) (ख) केवल (iii)

(ग) (ii), (iii), और (iv) (घ) (i), (iii), और (iv)

**9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

ग्वालियर से बंबई की दूरी ने संसार को काफी कुछ बदल दिया है। वर्सोवा में जहाँ आज मेरा घर हैं, पहले यहाँ दूर तक जंगल था। पेड़ थे परिंदे थे, और दूसरे जानवर थे। अब यहाँ समंदर के किनारे लंबी–चौड़ी बस्ती बन गई है। बस्ती ने न जाने कितने परिंदों–चरिंदों से उनका घर छीन लिया है। इनमें से कुछ शहर छोड़कर चले गए हैं। जो नहीं जा सके हैं, उन्होनें यहाँ–वहाँ डेरा डाल लिया है। इनमें से दो कबूतरों ने मेरे फ्लैट के एक मचान में घोंसला बना लिया है।

(1) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन** (A) : ग्वालियर से बंबई की दूरी ने संसार में कोई परिवर्तन होने से रोका है।

**कारण** (R) : परिंदों–चरिंदों ने बस्ती वालों से उनका घर छीन लिया है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है

(ग) कथन (A) सही है तथा कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) गलत है तथा किंतु कारण (R) सही है

(2) ग्वालियर से बंबई की दूरी ने संसार को कैसे बदल दिया हैं?

(क) बस्तियाँ बसाकर (ख) पशु–पक्षियों को रहने की जगह देकर

(ग) प्रकृति की दया पर पलना (घ) अस्थिर रहना

(3) लेखक का घर किस क्षेत्र में था?

(क) ग्वालियर (ख) दिल्ली

(ग) जंगल (घ) बंबई

(4) गद्यांश के अनुसार 'डेरा डालने' से क्या अभिप्राय हैं?

(क) अस्थायी घरों का निर्माण (ख) एक जगह से दूसरी जगह जाना

(ग) प्रकृति की दया पर पलना (घ) अस्थिर रहना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) वर्सोवा में जहाँ आज लेखक का घर हैं, पहले वहाँ क्या हुआ करता था?
दिए गए कथनों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) दूर तक जंगल हुआ करता था
(ii) लंबी–चौड़ी बस्ती हुआ करती थी
(iii) पेड़, परिंदे और दूसरे जानवर हुआ करते थे
(iv) दो कबूतरों का घोंसला हुआ करता था
(क) (i) और (ii) (ख) (i) और (iii)
(ग) (i), (ii), और (iii) (घ) (ii) और (iv)

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **$(1 \times 2 = 2)$**

(1) निम्नलिखित में से कौन–से कथन 'कलकत्ता के राष्ट्रीय ध्वजारोहण' में स्त्रियों की भागीदारी को दर्शाते हैं?
(i) स्त्रियों ने मोनूमेंट की सीढ़ियों पर चढ़कर झंडा फहरा दिया
(ii) गुजराती सेविका संघ की लड़कियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया
(iii) स्त्रियों ने भी जुलूस निकाला
(iv) स्त्रियाँ लाल बाजार तक आगे बढ़ गई
**कूट**
(क) (i) और (ii) (ख) (ii) और (iv)
(ग) (i), (ii), और (iii) (घ) ये सभी

(2) कवि शैलेंद्र के जीवन की पहली और अंतिम फिल्म का नाम बताइए
(क) मेरा नाम जोकर (ख) आवारा
(ग) संगम (घ) तीसरी कसम

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) 'बड़े भाई साहब' पाठ के माध्यम से आपने शिक्षा पद्धति के उन दोषों के बारे में जाना, जो बच्चों को किताबी कीड़ा बनाते हैं और जीवन के व्यावहारिक ज्ञान से अलग रखते हैं। इस पाठ से प्राप्त प्रेरणा का वर्णन कीजिए।

(2) अंडमान निकोबार द्वीप दो भागों में कैसे बँट गया?

(3) सवार द्वारा 'तन्हाई! तन्हाई!' कहने के पीछे उसका क्या उद्देश्य छिपा था?

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) मीराबाई किसकी चाकरी करना चाहती हैं और क्यों?

(2) मैथिलीशरण गुप्त ने गर्वरहित जीवन बिताने के लिए क्या तर्क दिए हैं? 'मनुष्यता' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।

(3) पर्वत अपना प्रतिबिंब तालाब में क्यों देख रहा है? 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** **$(3 \times 2 = 6)$**

(1) हरिहर काका को पुलिस सुरक्षा क्यों प्रदान की गई?

(2) हेडमास्टर शर्मा जी ने पी.टी. साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया?

(3) 'अम्मी' शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई?

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** **$(5 \times 1 = 5)$**

(1) **भारतीय किसान के कष्ट**
- अन्नदाता की कठिनाइयाँ
- कठोर दिनचर्या
- सुधार के उपाय

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(2) **स्वच्छता आंदोलन**
- क्यों
- बदलाव
- हमारा दायित्व

(3) **मन के हारे हार है मन के जीते जीत**
- निराशा अभिशाप
- दृष्टिकोण परिवर्तन
- सकारात्मक सोच

15. (1) **कक्षा में अनजाने में हो गए अभद्र व्यवहार के लिए कक्षाध्यापक से क्षमा-याचना करते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **विद्यालय के गेट पर मध्यावकाश के समय ठेले और रेहड़ी वालों द्वारा जंक फूड बेचे जाने की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर उन्हें रोकने का अनुरोध कीजिए।**

16. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-** $(4 \times 1 = 4)$

(1) आप हिंदी छात्र परिषद के सचिव हैं। आगामी सांस्कृतिक संध्या के बारे में अनुभागीय दीवार पट्टिका के लिए लगभग 60 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अध्यक्ष की ओर से फिल्म प्रदर्शन की सूचना लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए।

17. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-** $(3 \times 1 = 3)$

(1) गर्मियों की छुट्टियों में आपने नृत्य संस्थान खोला है। उससे संबंधित लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) स्कूल के हल्के व मजबूत बस्तों की कम्पनी के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

18. (1) **'ईमानदारी' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **आपके विद्यालय का नया सत्र आरंभ हो गया है लेकिन बाजार में अभी तक आपकी हिंदी की पाठ्यपुस्तक उपलब्ध नहीं है। इस संदर्भ में एनसीईआरटी के व्यापार प्रबंधक को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।**

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**
- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App

Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 30

## कक्षा–10 परीक्षा 2023–24

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

दुनिया में हर कोई अपने जीवन में सफल होने का प्रयास करता है। जीवन में सफल वही होता है, जो उपयुक्त चुनाव करना जानता है। चुनाव करने में तनिक भी भूल–चूक हुई, तो हानि सुनिश्चित होती है। किसी भी क्षेत्र में चुनाव करने से पूर्व अनेक चिंतन योग्य विषय होते हैं, जिनको नजरअंदाज करने से संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया नष्ट व अर्थहीन हो जाती है, जिससे परिश्रम का कोई फल प्राप्त नहीं होता, हालाँकि कुछ चुनाव हमारे वश में नहीं होते; जैसे– माता–पिता का, जन्म–मृत्यु का आदि, किंतु कुछ चुनाव हमारे वंश में होते हैं, जिन पर हमारी सफलता–असफलता निर्भर करती है; जैसे– अच्छी–बुरी संगति का चुनाव, आलस्य और परिश्रम का चुनाव आदि। 'संगति का चुनाव' इन सब चुनावों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होता है, क्योंकि इस चुनाव पर हमारा आचरण, कर्म, विचार, भाषा, स्तर, मनुष्यता और हमारी सफलता–असफलता निर्भर करती है। मनुष्य का चित्त बुराइयों और बुरे लोगों की ओर जल्दी आकृष्ट होता है। जिस तरह पानी सदा नीचे की ओर जाता है, उसी तरह मनुष्य का मन भी बुराइयों की ओर शीघ्र भागता है। जिस प्रकार ऊँचाई तक जाने में कष्ट उठाना पड़ता है, उसी प्रकार अच्छाई की ओर जाने में परिश्रम करना पड़ता है। हम विवेक से काम लेकर अच्छे और बुरे का चुनाव कर सकते हैं और इसी विवेक के आधार पर जीवन में सफलता पा सकते हैं।

(1) 'कुछ चुनाव हमारे वश में होते हैं, जिन पर हमारी सफलता–असफलता निर्भर करती है।' पंक्ति के माध्यम से लेखक प्रेरणा दे रहे हैं

(क) आलस्य के चुनाव की (ख) अच्छी संगति के चुनाव की

(ग) माता–पिता के चुनाव की (घ) जन्म–मृत्यु के चुनाव की

(2) निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन सही है?

(क) विवेक से काम लेकर अच्छे और बुरे का चुनाव किया जा सकता है

(ख) मनुष्य का मन अच्छाइयों की ओर शीघ्र भागता है

(ग) माता–पिता का चुनाव, जन्म–मृत्यु का चुनाव हमारे वश में होते हैं

(घ) इनमें से कोई नहीं

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन (A)** : संगति का चुनाव सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होता है।

**कारण (R)** : संगति के चुनाव पर हमारा आचरण, कर्म, विचार, भाषा, स्तर, मनुष्यता और हमारी सफलता–असफलता निर्भर करती है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो गलत हैं

(ख) कथन (A) गलत हैं लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(4) मानव मन की तुलना किससे की गई है?
(क) बुराइयों से
(ख) पानी से
(ग) परिश्रम से
(घ) इनमें से कोई नहीं

(5) निम्नलिखित में से किस कथन को गद्यांश की सीख के आधार पर कहा जा सकता है?
(क) करत–करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान
(ख) परिश्रम करते रहो, फल की इच्छा मत करो
(ग) विवेक के आधार पर जीवन में सफलता पाई जा सकती है
(घ) आवश्यकता आविष्कार की जननी है

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

वर्तमान साम्प्रदायिक संकीर्णता के विषम वातावरण में संत साहित्य की उपादेयता बहुत है। संतों में शिरोमणि कबीर दास भारतीय धर्म निरपेक्षता के आधार पुरुष है। आज से लगभग छः सौ साल पूर्व संत कबीर ने सांप्रदायिकता की जिस समस्या की ओर ध्यान दिलाया था, वह आज भी प्रसुप्त ज्वालामुखी की भाँति भयंकर बनकर देश के वातावरण को विदग्ध करती रहती है। देश का यह बड़ा दुर्भाग्य है कि यहाँ जाति, धर्म, भाषागत, ईर्ष्या, द्वेष, वैर–विरोध की भावना समय–असमय भयंकर ज्वालामुखी के रूप में भड़क उठती है। दस–बीस हताहत होते हैं, लाखों–करोड़ों की संपत्ति नष्ट हो जाती है। भय, त्रास और अशांति का प्रकोप होता है। विकास की गति अवरूद्ध हो जाती है। कबीर हिंदू–मुसलमान में, जाति–जाति में शारीरिक दृष्टि से कोई भेद नहीं मानते। भेद केवल विचारों और भावों का है। इन विचारों और भावों के भेद को बल धार्मिक कट्टरता और सांप्रदायिकता से मिलता है। हृदय की चरमानुभूति की दशा में राम और रहीम में कोई अंतर नहीं। अंतर केवल माध्यमों में है, जिनके द्वारा वहाँ तक पहुँचने का प्रयत्न किया जाता है। इसलिए कबीर साहब ने उन माध्यमों–पूजा, नमाज, व्रत, रोजा आदि के दिखावे का विरोध किया। समाज में एकरूपता तभी संभव है, जब जाति, वर्ण, वर्ग भेद न्यून–से–न्यून हो। संतों ने मंदिर–मस्जिद, जाति–पाँति के भेद में विश्वास नहीं रखा। सदाचार ही संतों के लिए महत्त्वपूर्ण है। कबीर ने समाज में व्याप्त बाह्यडंबरों का कड़ा विरोध किया और समाज में एकता, समानता तथा धर्मनिरपेक्षता की भावनाओं का प्रचार–प्रसार किया। उन्होंने सामाजिक व्यवस्था को विकृत करने वाली रूढ़ियों, पाखण्ड, रीति–रिवाजों और मिथ्याचार के विरूद्ध जनता में विद्रोह की भावना पैदा कर दी।

(1) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–
**कथन (A)** : कबीर के अनुसार, हिंदू–मुसलमान में, जाति–जाति में शारीरिक दृष्टि से भेद हैं।
**कारण (R)** : भेद केवल विचारों और भावों का ही नहीं है।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत हैं लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(2) निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन सही नहीं है?
(क) संतों के अनुसार राम और रहीम एक हैं।
(ख) हिंदू–मुसलमान में शारीरिक के साथ–साथ मानसिक रूप से भी अंतर होता है।
(ग) वर्तमान में सांप्रदायिकता की समस्या दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।
(घ) कबीर ने समाज में एकता, समानता, धर्मनिरपेक्षता को महत्त्व दिया।

(3) गद्यांश में किस समस्या को ज्वालामुखी कहा गया है?
(क) अनेकता की समस्या को
(ख) सांप्रदायिकता की समस्या को
(ग) शारीरिक विकलांगता की समस्या को
(घ) बेरोजगारी की समस्या को

(4) मनुष्य के विचारों और भावों के भेद के परिणामस्वरूप किसे बल मिलता है?
(क) भाषागत विभिन्नता को
(ख) ईर्ष्या–द्वेष की भावना को
(ग) धार्मिक सद्भावना को
(घ) धार्मिक कट्टरता को

(5) समाज में व्याप्त जाति–वर्ण से संबंधित भेदभाव कम होने पर क्या संभव है?
(क) संतों और सूफियों की एकता
(ख) धर्मनिरपेक्षता
(ग) एकरूपता
(घ) सांप्रदायिकता

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।' रेखाकित पदबंध का भेद है
(क) विशेषण पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रिया–विशेषण पदबंध

(2) 'कबीर ने ईश्वर का निवास सृष्टि के कण–कण में बताया है।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) सर्वनाम पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रिया–विशेषण पदबंध

(3) 'परमदानी राजा रंतिदेव ने एक भूखे व्यक्ति को अपनी भोजन की थाली दे दी थी।' वाक्य में विशेषण पदबंध है
(क) व्यक्ति (ख) भोजन
(ग) परमदानी (घ) राजा रंतिदेव

(4) क्रिया–विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटिए
(क) कवि वर्षा ऋतु का अत्यंत वर्णन करता है। (ख) साथियों इस देश की रक्षा अब तुम करना।
(ग) बड़े भाई साहब ने दिन–रात एक करके पढ़ाई की। (घ) पुलिस कमिश्नर का नोटिस निकल चुका था।

(5) 'अंडमान द्वीपसमूह का अंतिम दक्षिणी द्वीप है लिटिल अंडमान।' रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया–विशेषण पदबंध

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| (1) | यदि स्कूल का समय निकट न होता तो बड़े भाई साहब की उपदेशमाला समाप्त न होती। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | स्कूल का समय निकट न होने पर भाई साहब की उपदेशमाला समाप्त न होती। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | स्कूल का समय निकट न होता और भाई साहब की उपदेशमाला समाप्त न होती। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii (ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii (घ) 1-iii, 2-ii, 3-i

(2) 'हरिहर काका का जीवन शांतिपूर्वक चलता रहा।' रचना के आधार पर वाक्य का भेद है
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) सामान्य वाक्य

(3) निम्न में से मिश्र वाक्य है
(क) यदि बड़े भाई सोच–समझकर अध्ययन करते, तो अवश्य सफल होते।
(ख) पेड़ों को रास्ते से हटाना शुरू कर दिया है।
(ग) लोग टोलियाँ बनाकर मैदान में घूमने लगे।
(घ) मैं मंदिर भी जाऊँगा और भजन भी सुनूँगा।

(4) 'कबीर जी ने सरल और सधुक्कड़ी भाषा का प्रयोग किया है।' रचना के आधार पर वाक्य का भेद है
(क) मिश्र वाक्य (ख) विधानवाचक वाक्य
(ग) सरल वाक्य (घ) संयुक्त वाक्य

Click the Following Button to See the Free MS/Solutions
SOLUTIONS

(5) 'मेरे दरजे में आओगे, तो दाँतों पसीना आ जाएगा।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा

(क) जैसे ही मेरे दरजे मे आओगे, दाँतों पसीना आ जाएगा
(ख) मेरे दरजे में आते ही दाँतों पसीना आ जाएगा
(ग) मेरे दरजे में आओगे और दाँतों पसीना आ जाएगा
(घ) मेरे दरजे में आना, दाँतों पसीना आ जाएगा

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'कनकलता' शब्द में कौन–सा समास है?

(क) तत्पुरूष समास
(ख) अव्ययीभाव समास
(ग) कर्मधारय समास
(घ) द्विगु समास

(2) 'देश–विदेश' समस्तपद का विग्रह होगा

(क) देश अथवा विदेश
(ख) देश और विदेश
(ग) देशरूपी विदेश
(घ) देश है जो विदेश

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

| | **समस्त पद** | **समास** |
|---|---|---|
| 1. | बुद्धिहीन | तत्पुरूष समास |
| 2. | यज्ञशाला | अव्ययीभाव समास |
| 3. | स्त्रीरत्न | बहुव्रीहि समास |
| 4. | वचनामृत | कर्मधारय समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं?

(क) 1 और 2
(ख) 2 और 3
(ग) 3 और 4
(घ) 1 और 4

(4) 'चौराहा' शब्द का सही समास–विग्रह और भेद क्या होगा?

(क) चार राहों वाला – द्वंद्व समास
(ख) चार राहों का समाहार – द्विगु समास
(ग) चार हैं जो राहें – कर्मधारय समास
(घ) राहों में चार हैं जो – तत्पुरूष समास

(5) 'देशोद्धार' शब्द के लिए सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए

(क) देश का उद्धार – तत्पुरूष समास
(ख) देश के लिए उद्धार – बहुव्रीहि समास
(ग) देश में उद्धार – कर्मधारय समास
(घ) देश और उद्धार – द्वंद्व समास

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) शहीद भगत सिंह में देशभक्ति की भावना ............... थी। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए

(क) जान से प्यारी
(ख) कूट–कूटकर भरी
(ग) ईंट से ईंट बजाना
(घ) गीदड़ भभकी

(2) मुठभेड़ में सेना के जवानों ने आतंकवादियों का ............... दिया। रिक्त स्थान की पूर्ति सठीक मुहावरे से कीजिए

(क) आड़े हाथों लेना
(ख) तिल का पहाड़ बनाना
(ग) तीन–पाँच करना
(घ) काम तमाम करना

(3) 'आश्चर्यचकित होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा चुनिए

(क) नाको चने चबाना
(ख) पीठ में छुरा घोंपना
(ग) हक्का–बक्का रह जाना
(घ) दुम दबाकर भागना

(4) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयोग करना उचित होगा?
पिछले कई वर्षों से कंपनी बहुत ऊँचाई पर पहुँच रही है।

(क) रंग दिखाना
(ख) गाढ़ी कमाई
(ग) सातवें आसमान पर होना
(घ) किस्मत चमकना

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

(5) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए
(क) गीदड़ भभकी – खतरनाक धमकी
(ख) कब्र में पैर लटकना – मृत्यु के समीप होना
(ग) झाडू फेरना – सफाई करना
(घ) ढेर करना – इकट्ठा करना

(6) 'भयंकर शत्रु' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(क) अज्ञातशत्रु
(ख) खून का प्यासा
(ग) काम तमाम करना
(घ) इनमें से कोई नहीं

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

रहो न भूल के कभी मदांध तुच्छ वित्त में,
सनाथ जान आपको करो न गर्व चित्त में।
अनाथ कौन है यहाँ? त्रिलोकनाथ साथ हैं,
दयालु दीनबंधु के बड़े विशाल हाथ हैं।
अतीव भाग्यहीन है अधीर भाव जो करें,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(1) प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने क्या प्रेरणा दी है?
(क) ईश्वर का स्मरण करने की
(ख) धन के उन्माद में अहंकारी न होने की
(ग) संघर्षों से न घबराने की
(घ) अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाने की

(2) पद्यांश के अनुसार, हमें किस बात पर गर्व नहीं करना चाहिए?
(क) हम धनी हैं
(ख) हम सनाथ हैं
(ग) हम अपने आपमें पूर्ण हैं
(घ) हम उन्नति के लिए सक्षम हैं

(3) निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन सही है?
(क) कवि के अनुसार, धन प्राप्ति मनुष्य की सबसे बड़ी उपलब्धि है।
(ख) इस संसार में ईश्वर केवल उसका है जो भक्ति करता है।
(ग) पद्यांश में सहज, सरल एवं भावानुकूल भाषा का प्रयोग किया गया है।
(घ) अपने मन में अधीरता रखने वाला मनुष्य सौभाग्यशाली है।

(4) कवि ने अति भाग्यहीन किसे कहा है?
(क) जो डरता है
(ख) जो मदांध है
(ग) जो धैर्य नहीं रखता
(घ) जो उच्चता का भाव रखता है

(5) पद्यांश के आधार पर बताइए कि यहाँ कोई अनाथ क्यों नहीं है?
(क) क्योंकि समाज सबका ध्यान रखता है
(ख) क्योंकि सबको परिवार का सहारा है
(ग) क्योंकि ईश्वर सबके साथ है
(घ) क्योंकि हमे अपने परिश्रम पर विश्वास है

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) पर्वतों पर बहने वाले झरनों की झर–झर की आवाज से कवि कैसे प्रेरित होता है?
(क) कवि की नस–नस में जोश भर जाता है
(ख) मन उत्साह एवं उमंग से भर जाता है
(ग) (क) और (ख) दोनों
(घ) अत्यंत मधुर आवाज लगती है

(2) मीराबाई ने कृष्ण मिलन के लिए किस स्थान को चुना?
(क) वृंदावन को
(ख) यमुना नदी के किनारे को
(ग) गंगा नदी के किनारे को
(घ) ब्रज को

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**

**9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

मेरी माँ कहती थी, सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते मत तोड़ो, पेड़ रोएँगे। दीया–बत्ती के वक्त फूलों को मत तोड़ो, फूल बद्दुआ देते हैं। ..... दरिया पर जाओ तो उसे सलाम किया करो, वह खुश होता है। कबूतरों को मत सताया करो, वे हजरत मुहम्मद को अज़ीज़ हैं। उन्होंने उन्हें अपनी मजार के नीले गुंबद पर घोंसले बनाने की इजाजत दे रखी है। मुर्गे को परेशान नहीं किया करो, वह मुल्ला जी से पहले मोहल्ले में अजान देकर सबको सवेरे जगाता है।

सबकी पूजा एक–सी, अलग–अलग है रीत।
मस्जिद जाए मौलवी, कोयल गाए गीत।।

(1) गुंबद से क्या तात्पर्य है?
(क) इमारत का अर्द्ध–गोलाकार शिखर
(ख) लोगों का समूह
(ग) पक्षियों के रहने का स्थान
(घ) नदियों की समतल भूमि

(2) माँ ने शाम के समय पेड़ों से पत्ते न तोड़ने के पीछे क्या तर्क दिया?
(क) उस समय पेड़ सोते हैं
(ख) उस समय पेड़ दूसरी दुनिया में होते हैं
(ग) ऐसा करने से पेड़ रोते हैं
(घ) उस समय पेड़ ध्यान लगाते हैं

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकलपों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए
**कथन** (A) : लेखक की माँ कबूतरों को सताने से, मुर्गे को परेशान करने से मना करती है।
**कारण** (R) : लेखक की माँ के मन में पशु–पक्षियों के प्रति प्रेम भरा था।
(क) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(घ) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता है।

(4) माँ के अनुसार, दीया–बत्ती के समय फूल तोड़ने से क्या होता है?
(क) फूल मुरझा जाते हैं
(ख) फूल बद्दुआ देते हैं
(ग) फूल अपने आप गिर जाते हैं
(घ) फूलों की सुगंध समाप्त हो जाती है

(5) ''दरिया पर जाओ, तो उसे सलाम करो, वह खुश होता है, कबूतरों को मत सताया करो, वे हजरत मुहम्मद को अज़ीज हैं। दीया–बत्ती के वक्त फूलों को तोड़ने से वे बद्दुआ देते हैं।''
उपर्युक्त पंक्तियों के माध्यम से क्या ज्ञात होता है?
दिए गए कथनों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–
(i) लेखिका की माँ प्रकृति से अत्यंत प्रेम करती हैं
(ii) लेखिका की माँ प्राणी मात्र के प्रति दया–भाव रखती है
(iii) लेखिका की माँ पशु–पक्षियों की रक्षा करना अपना कर्त्तव्य मानती हैं
(iv) लेखिका की माँ एक अंधविश्वासी महिला है
(क) (i) और (ii)
(ख) (ii) और (iv)
(ग) (i), (ii) और (iii)
(घ) केवल (iv)

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) लेखक बड़े भाई साहब की किस बात से पूर्णतः सहमत हैं?
(क) बड़े भाई साहब को अनुभव अधिक होने से उनमें समझ अधिक है
(ख) बड़े भाई साहब अध्ययन में होशियार हैं
(ग) बड़े भाई साहब लेखक से बहुत प्यार करते हैं
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(2) निम्नलिखित में से कौन–सा/से कथन कलकत्ता के राष्ट्रीय ध्वजारोहण के विषय में सत्य है/हैं?
(i) यह 26 जनवरी, 1931 को मनाया जा रहा था।
(ii) कलकत्ता में वहाँ के लोगों द्वारा ही इसका संपूर्ण प्रबंध किया गया था।
(iii) यह छोटे रूप में मनाया जा रहा था।
(iv) इसके प्रचार में ही केवल दो हजार रूपये खर्च किए थे।

**विकल्प–**

(क) (i) और (ii)
(ख) (ii) और (iv)
(ग) (i), (ii) और (iv)
(घ) केवल (ii)

## खंड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) 'तीसरी कसम' की मूल कहानी के लेखक फणीश्वरनाथ रेणु जी हैं जिन्होंने कहानी का रेशा–रेशा, उसकी छोटी–से छोटी बारीकियों को फिल्म में पूरा उतारा है– इस पर टिप्पणी कीजिए।

(2) व्यवहारवादी लोग समाज के पतन का कारण कैसे बनते हैं? 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर बताइए।

(3) सआदत अली अंग्रेजों का हिमायती क्यों था? 'कारतूस' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) 'तोप' कविता से तोप के विषय में क्या जानकारी मिलती है?

(2) 'कर चले हम फिदा' कविता में ज़मीन में खून की रेखा खींचने का क्या तात्पर्य है और 'रावण' शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया गया है?

(3) लाखों ग्रंथ पढ़ने के बाद भी कबीर की दृष्टि में लोग पंडित क्यों नहीं बन पाते हैं?

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) हरिहर काका को जबरन उठा ले जाने वाले कौन थे? उन्होंने उनके साथ कैसा बर्ताव किया?

(2) नयी श्रेणी में जाने और नयी कॉपियों और पुरानी किताबों से आती विशेष गंध से लेखक का बालमन क्यों उदास हो उठता था?

(3) "टोपी और इफ़्फ़न की दादी अलग–अलग मजहब और जाति के थे पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बंधे थे।" इस कथन के आलोक में अपने विचार लिखिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **जी.एस.टी : एक देश, एक कर**
- अर्थ
- क्यों जरूरी
- फायदे
- वास्तविक परेशानियाँ

(2) **युवा–पीढ़ी के कर्तव्य**
- युवा: देश का भविष्य
- युवाओं के कर्तव्य
- कुछ भी करने का जज्बा

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

SOLUTIONS

(3) **विद्यार्थी और अनुशासन**
- विद्यार्थी का कर्तव्य
- अनुशासन के लाभ
- विद्यार्थी जीवन में इसका महत्व

15. (1) **पेयजल की समस्या की ओर सरकार का ध्यान दिलाने के लिए किसी समाचार-पत्र के संपादक के नाम लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **कुछ समय पूर्व आपने एक टेलीविजन खरीदा है, जो अनेक कारणों से आपके लिए एक समस्या बना हुआ है। अपनी समस्या की जानकारी देते हुए विक्रेता के नाम लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।**

16. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-** $(4 \times 1 = 4)$

(1) अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से प्रतिभा-खोज प्रतियोगिता हेतु नामांकन की एक सूचना लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनसाधारण के लिए चुनाव के दिन सवेतन अवकाश देने की सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए।

17. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-** $(3 \times 1 = 3)$

(1) बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खिलौने बनाने वाली एक कम्पनी खिलता बचपन के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) आपके विद्यालय में 'पहरेदार संस्था' की ओर से शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। संस्था की ओर से विद्यार्थियों से जल का दुरुपयोग रोकने का आग्रह करते हुए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए।

18. (1) **'स्वावलम्बन' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

(2) **हिंदी शैक्षिक भ्रमण के रूप में इस बार आपकी कक्षा किसी गाँव में एक सप्ताह तक प्रौढ़ शिक्षा का कार्यक्रम करने की इच्छा रखती है। इसके लिए अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।**

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**
- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App

Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Click the Following Button to See the Free MS/Solutions**

**SOLUTIONS**